सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

बुधवार, 04 फरवरी, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 34, पेज 16, 3.50 रुपये
www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com




## सेंसेक्स ने लगायी 2073 अंकों की छलांग

भारत-अमेरिका के बीच व्यापार समझौते पर सहमति के चलते सेंसेक्स 2,072.67 अंक की बढ़त के साथ 83,739.13 अंक पर बंद हुआ } 14


## भारत-अमेरिका समझौते से विकास को मिलेगी नयी ऊंचाई

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को ऐतिहासिक करार देते हुए कहा कि यह दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को नयी ऊंचाइयों पर ले जायेगा। } 16

# भारत-अमेरिका आर्थिक साझेदारी से उत्तर प्रदेश को मिलेगी नयी उड़ान

**विशेष संवाददाता**

लखनऊ। भारत और अमेरिका के बीच हाल ही में संपन्न हुई आर्थिक साझेदारी और अमेरिकी टैरिफ में की गई कटौती ने उत्तर प्रदेश की औद्योगिक और आर्थिक संभावनाओं को नई दिशा दे दी है। अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों और आर्थिक विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिका ने भारतीय उत्पादों पर लागू टैरिफ को पहले के लगभग 50 प्रतिशत स्तर से घटाकर औसतन 18 प्रतिशत कर दिया है। यह निर्णय भारत-अमेरिका व्यापार संबंधों में एक निर्णायक मोड़ माना जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसे भारत की बढ़ती वैश्विक स्वीकार्यता और आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था की



बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा कि यह समझौता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्णायक और दृढ़ नेतृत्व का परिणाम है, जिसमें भारत ने अपनी नीतियों पर अडिग रहते हुए वैश्विक शक्तियों के साथ समानता के आधार पर संवाद किया। मुख्यमंत्री ...शेष पृष्ठ 14 पर

# भारत-अमेरिका ट्रेड डील में दिखा पीएम मोदी का दबदबा

## ट्रंप ने टैरिफ 50% से घटकर 18% पर किया, भारतीय विनिर्माताओं, निर्यातकों व उद्यमियों को मिलेगी राहत

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को राजग संसदीय दल की बैठक में कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौता एक बड़ा फैसला है जो हर देशवासी के लिए लाभदायक होगा। बैठक में शामिल सांसदों ने यह जानकारी दी।

प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के संसदीय दल की बैठक में सदस्यों को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि उनकी सरकार हमेशा राष्ट्र के हित में काम करती है। राजग के घटक दलों के सदस्यों ने यूरोपीय संघ और अमेरिका के साथ व्यापार समझौतों के लिए प्रधानमंत्री को बधाई भी दी और कहा कि इससे भारतीय विनिर्माताओं, निर्यातकों और उद्यमियों को मजबूती मिलेगी। बैठक में शामिल सांसदों के अनुसार प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौता एक बड़ा फैसला है और देश में सभी को इससे लाभ मिलेगा। भारत और अमेरिका एक व्यापार समझौते पर सहमत हुए है जिसके तहत वाशिंगटन भारतीय उत्पादों पर शुल्क को कुल 50 प्रतिशत से कम करके 18 प्रतिशत करेगा। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि पूरे देश में इस समझौते को लेकर उत्साह है।

उन्होंने कहा सांसदों में इस बात को लेकर उत्साह है कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में नौ व्यापार समझौते पूरे हुए हैं। कुल 39 देशों के साथ व्यापार समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए हैं। यह ऐतिहासिक है। ये सभी 39 देश विकसित देश हैं...यह ऐतिहासिक है।



देश में बहुत अच्छा माहौल है। शिवसेना सांसद मिलिंद देवड़ा ने कहा, 'प्रधानमंत्री मोदी ने सभी सांसदों को समझाया कि सरकार भारत के पक्ष में काम करती है, चाहे वह व्यापार समझौता हो या बजट। उन्होंने कहा भारत और अमेरिका तथा भारत-यूरोप के बीच व्यापार ...शेष पृष्ठ 14 पर

### भारत की वृद्धि को मिलेगी गति : उद्योग जगत

नयी दिल्ली। भारतीय उद्योग जगत के दिग्गजों ने मंगलवार को कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौता भारत की वृद्धि महत्वाकांक्षाओं को गति प्रदान देगा। उन्होंने साथ ही कहा कि इससे देश को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी विनिर्माण एवं नवाचार केंद्र बनाने में मदद मिलेगी। भारती एंटरप्राइजेज के संस्थापक एवं चेयरमैन सुनील मित्तल से लेकर आदित्य बिड़ला समूह के कुमार मंगलम बिड़ला और महिंद्रा समूह के अनीश शाह तक भारतीय उद्योग जगत के दिग्गजों ने द्विपक्षीय व्यापार और निवेश परिदृश्य को बदलने की इसकी क्षमता को रेखांकित करते हुए इस ऐतिहासिक समझौते पर प्रतिक्रिया व्यक्त की। दोनों देशों के बीच हुए इस व्यापार समझौते पर प्रतिक्रिया देते हुए महिंद्रा ग्रुप के सीईओ और प्रबंध निदेशक अनीश शाह ने इसे द्विपक्षीय व्यापार और निवेश संबंधों को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था के मजबूत वृद्धि पथ पर होने के साथ, यह सौदा भारत की वृद्धि महत्वाकांक्षाओं को सार्थक गति प्रदान करता है। भारती एंटरप्राइजेज के संस्थापक ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### चांदी में 24,000 का आया उछाल

नयी दिल्ली। मजबूत वैश्विक संकेतों और कमजोर डॉलर के बीच चांदी और सोने की कीमतों में तीन दिन की तेज गिरावट का माहौल मंगलवार को खत्म हो गया और राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में इनमें मजबूत उछाल आया। इस दौरान चांदी 24,000 रुपये बढ़कर 2.84 लाख रुपये प्रति किलोग्राम हो गई तथा सोना 1.57 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम की ऊंचाई पर जा पहुंचा। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमतें 24,000 रुपये, या 9.23 प्रतिशत बढ़कर 2,84,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) हो गईं। सोमवार को यह 52,000 रुपये की गिरावट के बाद 2,60,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। यह उछाल तीन दिन की तेज गिरावट के बाद आया, जिसमें चांदी की कीमतें 1,44,500 रुपये, या लगभग 36 प्रतिशत गिरकर 4,04,500 रुपये प्रति किलोग्राम से नीचे आ गईं - जो 29 जनवरी को दर्ज किया गया इसका आज तक का सबसे ऊंचा स्तर था।

### बहराइच : दरोगा समेत दो पुलिसकर्मी निलंबित

बहराइच। जिले में एक किसान से 30 हजार रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में एक उप निरीक्षक (दरोगा) समेत दो पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी एक बयान में कहा गया है कि मोतीपुर थाना क्षेत्र के तहत मटेही कला निवासी निजामुद्दीन ने देवीपाटन मंडल के महानिरीक्षक (आईजी) कार्यालय में भ्रष्टाचार निरोधक प्रकोष्ठ में शिकायत दर्ज कराई थी। बयान के अनुसार, किसान ने शिकायत में आरोप लगाया कि उसके मकान के बरामदे में गड्ढा बना हुआ था और उसकी बेटी की शादी थी इसलिए गड्ढे को भरने के लिए बीती सात जनवरी को वह ठेला गाड़ी में मिट्टी भरकर ला रहे थे।

# निवेशकों के लिए भरोसे की गारंटी बना यूपी : योगी

## मुख्यमंत्री ने वैश्विक निवेशकों एवं उद्यमियों के महासंगम उत्तर प्रदेश फार्मा कॉन्क्लेव 1.0 का किया शुभारंभ



**विशेष संवाददाता**

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को गोमती नगर स्थित एक होटल में आयोजित वैश्विक निवेशकों एवं उद्यमियों के महासंगम उत्तर प्रदेश फार्मा कॉन्क्लेव 1.0 का शुभारंभ करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश आज केवल एक राज्य नहीं, बल्कि निवेशकों के लिए भरोसे की गारंटी बन चुका है।

प्रदेश सरकार हर निवेशक को ट्रिपल-एस यानी सेफ्टी, स्टेबिलिटी और स्पीड की पूर्ण गारंटी देती है और उत्तर प्रदेश आज ट्रस्ट, ट्रांसफॉर्मेशन और टाइमली डिलीवरी का रोल मॉडल बनकर उभरा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में रूल ऑफ लॉ पूरी मजबूती से लागू है। कानून से खिलवाड़ करने की छूट किसी को नहीं है। यदि कोई कानून को आंख दिखाने की कोशिश करता है, तो कानून अपने दायरे में लाकर उसे उसकी ही भाषा में जवाब देता है। यह नया उत्तर प्रदेश है, जहां व्यवस्था कमजोर नहीं, बल्कि निर्णायक है। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में 2017 से पहले की स्थिति का उल्लेख करते हुए कहा कि उस दौर में उत्तर प्रदेश असुरक्षा, अराजकता और अविश्वास का पर्याय बन चुका था। वर्ष 2012 से 2017 के बीच प्रदेश में 900 से अधिक दंगे हुए। शायद ही कोई शहर रहा हो, जहां कर्फ्यू न लगा हो। उद्योग, व्यापार और चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े लोगों को गुंडा टैक्स देना पड़ता था। सुरक्षा के अभाव में पहले से स्थापित उद्योग भी प्रदेश छोड़ने पर मजबूर थे, युवा वर्ग पलायन कर रहा था। जिस धरती पर बचपन बीता हो, उसे छोड़ना किसी के लिए भी पीड़ादायक होता है, लेकिन असुरक्षा के चलते मजबूरी थी। यह केवल किसी एक उद्यमी की पीड़ा नहीं थी, बल्कि हर व्यापारी, हर निवेशक और हर नागरिक की व्यथा थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें यह दायित्व सौंपा, तो सबसे बड़ी चुनौती कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करना ...शेष पृष्ठ 14 पर

### भारत किसी के आगे नहीं झुकेगा : सीएम

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश फार्मा कॉन्क्लेव 1.0 में कहा कि हम प्रधानमंत्री जी व अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आभारी हैं, जिन्होंने रोलबैक करते हुए भारत के टैरिफ को कम किया है और भारत को एक विश्वसनीय सहयोगी के रूप में माना है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि भारत अपनी नीतियों पर अडिग था, और इसका परिणाम है सत्यमेव जयते। यह पहले भी हुआ है और आगे भी होगा। मुख्यमंत्री ...शेष पृष्ठ 14 पर

### फार्मा में वैश्विक मैन्युफैक्चरिंग हब बनेगा यूपी : नड्डा

नई दिल्ली। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने अपने वीडियो संदेश में कहा कि उत्तर प्रदेश फार्मा और हेल्थकेयर सेक्टर में भारत की वैश्विक नेतृत्व क्षमता को मजबूत करने वाला प्रमुख राज्य बनकर उभर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश जिस उद्यमिता और नवाचार आधारित अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहा है, उसमें उत्तर प्रदेश की भूमिका निर्णायक है। ललितपुर में विकसित हो रहा बल्क ड्रग फार्मा पार्क, यमुना एक्सप्रेसवे क्षेत्र में मेडिकल डिवाइस पार्क और राज्य की फार्मास्यूटिकल नीति-2023, उत्तर प्रदेश को विश्वसनीय मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में स्थापित कर रहे हैं। जेपी नड्डा ने कहा कि बेहतर कनेक्टिविटी, मजबूत इन्फ्रास्ट्रक्चर, कुशल मानव संसाधन और निवेशकों के लिए अनुकूल वातावरण के कारण यूपी ...शेष पृष्ठ 14 पर



# घाटी में मुठभेड़, जैश का आतंकी ढेर

## 2-3 आतंकवादियों के छिपे होने की सूचना, तलाशी अभियान जारी

**एजेंसी**

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले के मजलता इलाके में सुरक्षाबलों और जैश के आतंकियों के बीच मुठभेड़ जारी है। सेना को 2-3 आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिली थी, जिसके बाद पूरे इलाके को घेर लिया गया है। इस दौरान एनकाउंटर में एक आतंकी को ढेर कर दिया गया। सुरक्षा बल आतंकियों को पकड़ने के लिए सघन तलाशी अभियान चला रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, चिगला बलोता क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिलने के बाद सुरक्षाबलों ने इलाके की घेराबंदी कर तलाशी अभियान तेज कर दिया। पूरे क्षेत्र में अतिरिक्त जवानों की तैनाती की गई है और सर्च ऑपरेशन अब भी जारी है। मुठभेड़ के बाद इलाके में सतर्कता और बढ़ा दी गई है। सेना के व्हाइट नाइट कॉर्प्स ने अपने ऑफिशियल एक्स हैंडल पर इस ऑपरेशन की जानकारी देते हुए लिखा, एक इंटेलिजेंस आधारित जॉइंट ऑपरेशन में भारतीय सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ की टुकड़ियों ने आज शाम करीब 4 बजे बसंतगढ़ के सामान्य इलाके में आतंकवादियों से संपर्क स्थापित किया है। इस दौरान घेराबंदी कर गोलीबारी की गई।



### मणिपुर के डिप्टी सीएम होंगे वाई खेमचंद सिंह

नयी दिल्ली। मणिपुर में वाई. खेमचंद सिंह को मंगलवार को भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया। इसके साथ ही, पूर्वोत्तर राज्य में उनके नेतृत्व में सरकार गठन का मार्ग प्रशस्त हो गया है। सूत्रों के अनुसार, कुकी समुदाय से आने वाली महिला नेता और पूर्व मंत्री नेमचा किपगेन के नयी सरकार बनने के बाद उपमुख्यमंत्री बनने की संभावना है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सभी घटक दलों के विधायकों की बैठक मंगलवार रात को होगी, जिसमें सिंह और किपगेन के नामों का अनुमोदन किये जाने की उम्मीद है। सूत्रों ने बताया कि पूर्व मंत्री सिंह को यहां पार्टी मुख्यालय में हुई भाजपा विधायकों की बैठक में विधायक दल का नेता चुना गया। भाजपा के दो विधायकों, जो अस्वस्थ हैं, को छोड़कर पार्टी के सभी विधायक बैठक में उपस्थित थे।

# उत्तराखंड में निवेश योजनाओं ने पकड़ी रफ्तार

## सीएम धामी की अध्यक्षता में निवेश परियोजनाओं की प्रगति पर उच्चस्तरीय मंथन

**प्रमुख संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड में निवेश को कागजी समझौतों से आगे बढ़ाकर धरातल पर उतारने की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के तहत प्राप्त निवेश प्रस्तावों की विभागवार प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को क्रियान्वयन में और गति लाने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार, समिट के माध्यम से राज्य को कुल 3.57 लाख करोड़ रुपये के 1,779 निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए थे। इनमें से अब तक 1.06 लाख करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाएं राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यान्वयन की



अवस्था में पहुंच चुकी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह स्थिति राज्य की निवेश नीति, प्रशासनिक तत्परता और निवेशकों के भरोसे को स्पष्ट रूप से दशार्ती है। मुख्यमंत्री धामी ने निर्देश दिए कि निवेश परियोजनाओं से जुड़े मामलों में किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब न हो। उन्होंने कहा कि सभी विभाग निवेशकों के लिए सिंगल-पॉइंट संपर्क व्यवस्था सुनिश्चित करें और प्रत्येक परियोजना की नियमित समीक्षा ...शेष पृष्ठ 14 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 23.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 12.00 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


- जीएसटी संग्रह बढ़कर 1.74 लाख करोड़ पर (पृष्ठ-02)
- गेहूं की बुवाई पूरी, फसल की स्थिति बेहतर (पृष्ठ-02)
- देश के विनिर्माण क्षेत्र में हुआ सुधार : पीएमआई (पृष्ठ-14)
- रुपया 42 पैसे चढ़कर 91.51 प्रति डॉलर पर (पृष्ठ-14)
- बिहार में ऋण-जमा अनुपात बढ़कर 56.54 प्रतिशत पर (पृष्ठ-14)


**विशेष खबर** भारत की मिसाइलों को मिलेगी नयी ताकत, डीआरडीओ ने कर दिया बड़ा कारनामा

# भारत ने एसएफडीआर तकनीक का किया सफल परीक्षण

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने मंगलवार को ठोस ईंधन डक्टेड रैमजेट (एसएफडीआर) प्रौद्योगिकी का सफल परीक्षण किया। इस उपलब्धि के साथ ही भारत उन चुनिंदा देशों की श्रेणी में शामिल हो गया है, जिनके पास यह अत्याधुनिक तकनीक है। यह प्रौद्योगिकी लंबी दूरी की हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलों के विकास में सहायक होगी और शत्रु पर रणनीतिक बढ़त प्रदान करेगी।

रक्षा मंत्रालय ने बताया कि यह परीक्षण ओडिशा अपतटीय क्षेत्र स्थित चांदीपुर के एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर) में किया गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एसएफडीआर प्रौद्योगिकी के सफल परीक्षण के लिए डीआरडीओ और उद्योग जगत की सराहना की। मंत्रालय ने एक बयान में कहा इस सफल प्रदर्शन ने भारत को उन चुनिंदा देशों की श्रेणी में शामिल कर दिया है जिनके पास यह प्रौद्योगिकी है, जो लंबी दूरी की हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलों को विकसित करने में सक्षम बनाती है, जिससे प्रतिद्वंद्वियों पर सामरिक बढ़त हासिल होती है। इसमें कहा गया कि नोजल-लेस बूस्टर, एसएफडीआर मोटर और ईंधन प्रवाह नियंत्रक सहित सभी उप-प्रणालियों ने वांछित मैक संख्या तक प्रारंभिक रूप से ग्राउंड बूस्टर मोटर द्वारा संचालित किए जाने के बाद अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन किया। बयान के अनुसार, बंगाल की खाड़ी के तट पर आईटीआर, चांदीपुर द्वारा तैनात कई ट्रैकिंग उपकरणों द्वारा प्राप्त उड़ान डेटा से प्रणाली के प्रदर्शन की पुष्टि हुई है। इस परीक्षण की निगरानी डीआरडीओ की विभिन्न प्रयोगशालाओं के वरिष्ठ वैज्ञानिकों द्वारा की गई, जिनमें रक्षा अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला, उच्च ऊर्जा सामग्री अनुसंधान प्रयोगशाला, अनुसंधान केंद्र इमारत और आईटीआर शामिल हैं।



- यह तकनीक लंबी दूरी की एयर-टू-एयर मिसाइलों के विकास में सक्षम बनाती है।
- पारंपरिक प्रणालियों की तुलना में उड़ान के दौरान बेहतर थ्रस्ट प्रदान करती है।
- नोजल-लेस बूस्टर व डक्टेड रामजेट मोटर का संयोजन उच्च गति पर प्रभावी प्रदर्शन करता है।
- फ्यूल फ्लो कंट्रोलर के जरिए ईंधन आपूर्ति को नियंत्रित किया जाता है, जिससे दक्षता बढ़ती है।

# बुलडोजर की कार्रवाई पर इलाहाबाद हाईकोर्ट सख्त

**जिला संवाददाता**

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश में ध्वस्तीकरण कार्रवाई को गंभीरता से लेते हुए इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने कहा है कि उच्चतम न्यायालय के नवंबर, 2024 के बुलडोजर न्याय को अस्वीकार्य बताने वाले निर्णय के बावजूद प्रदेश में ढांचों के खिलाफ दंडात्मक ध्वस्तीकरण जारी है। अदालत ने प्रदेश के हमीरपुर जिले में उस शख्स के रिश्तेदारों की याचिका पर यह टिप्पणी की है जिसके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पोक्सो) एवं धर्मांतरण रोधी कानून के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। याचिका में वादियों की संपत्तियों पर बुलडोजर कार्रवाई की आशंका जाहिर करते हुए अदालत से संरक्षण की गुहार लगाई गई है। न्यायमूर्ति अतुल श्रीधरन और न्यायमूर्ति सिद्धार्थ नंदन की पीठ ने राज्य सरकार से सवाल किया कि क्या किसी अपराध के घटित होने के तुरंत बाद किसी संरचना को ध्वस्त करना, कार्यकारी विवेकाधिकार का एक दिखावटी प्रयोग है। अदालत ने कहा कि उसके सामने ऐसे कई मामले आए हैं जिनमें अपराध घटित होने के तुरंत बाद संपत्ति के कब्जेदारों को ध्वस्तीकरण के नोटिस जारी किए गए और इसके बाद, वैधानिक आवश्यकताएं दिखावटी रूप से पूरी कर आवास स्थलों को ध्वस्त कर दिया गया।

- वादी ने सम्पत्ति ध्वस्तीकरण पर रोक की लगायी थी अर्जी

# सतर्कता और समयबद्ध तैयारी से होगा सफल बाढ़ प्रबंधन : सीएम

विशेष संवाददाता (vol)

- प्रदेश की 8 मुख्य नदी बेसिन से प्रभावित जिलों के लिए व्यापक मॉनसून-प्रबंधन प्लान तैयार
- 11 जिलों के 19 अति संवेदनशील और 12 जिलों के 18 संवेदनशील तटबंधों पर विशेष फोकस



**लखनऊ।** प्रदेश में संभावित बाढ़ और अतिवृष्टि की चुनौतियों को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को व्यापक तैयारी और प्रभावी समन्वय पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जितनी बेहतर तैयारी होगी, उतनी ही तेजी और सफलता से चुनौती का समाधान किया जा सकेगा। मुख्यमंत्री ने बाढ़/अतिवृष्टि पूर्व प्रबंधन की विस्तृत समीक्षा करते हुए सभी तटबंधों, ड्रेनों और संवेदनशील स्थानों की समयबद्ध मरम्मत, सुदृढ़ीकरण और निगरानी को अनिवार्य बताया। उन्होंने निर्देश दिया कि सतर्कता, समन्वय और तय समयसीमा में काम पूरा करना ही सुरक्षित बाढ़ प्रबंधन की मूल कुंजी है।

बैठक में प्रमुख सचिव सिंचाई एवं जल संसाधन ने बताया कि उत्तर प्रदेश में गंगा, सरयू (घाघरा) राप्ती, रामगंगा, गंडक, यमुना, गोमती और सोन नदी बेसिन के आस-पास के जनपद बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में आते हैं। नदी-पट्टी और वर्षा पैटर्न का विश्लेषण करते हुए इस वर्ष 12 जनपदों में 18 तटबंधों को संवेदनशील चिह्नित किया गया है, जिनकी कुल लंबाई 241.58 किमी है। 11 जनपद के 19 तटबंधों को अति संवेदनशील चिन्हित किया गया है, जिनकी कुल लंबाई 464.92 किमी है। इन सभी स्थानों पर अग्रिम सुरक्षा कार्य प्राथमिकता पर चल रहे हैं। बैठक में बताया गया कि ग्रामीण इलाकों में जल-निकासी को सुचारु रखने के लिए बड़े पैमाने पर ड्रेनों की सफाई और ड्रेजिंग कराई जा रही है। विभाग के अधीन कुल 10,727 ड्रेन हैं, जिनकी संयुक्त लंबाई 60,047 किमी है। कई महत्वपूर्ण रूटों की सफाई पूरी हो चुकी है और शेष कार्य तय समय में पूरे किए जा रहे हैं। अधिकारियों ने यह भी बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए अनुमोदित ड्रेजिंग परियोजनाएं जनपदवार लागू की जा रही हैं, जिससे नदी प्रवाह सुधरेगा और तटीय इलाकों में जलभराव कम होगा। इसके साथ ही वर्ष 2026 की संभावित बाढ़ स्थिति को ध्यान में रखते हुए नई सुरक्षा परियोजनाएं भी प्रस्तावित की गई हैं, जिनके परीक्षण और अनुमोदन की प्रक्रिया जारी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी तटबंधों और बैराजों पर रियल-टाइम मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। उन्होंने ड्रोन-मैपिंग, वाटर लेवल सेंसर और स्थानीय प्रशासन के साथ समन्वय को और मजबूत बनाने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जहां कहीं नदी के मेन स्ट्रीम में सिल्ट की अधिकता हो, नदी उथली हो, वहां ड्रेजिंग को प्राथमिकता दी जाए और नदी को चैनलाइज किया जाए। यदि ड्रेजिंग से समाधान होना संभव न हो, तब ही तटबंध अथवा कटान निरोधी अन्य उपायों को अपनाया जाये।

# रेड टेप से रेड कार्पेट तक, फार्मा कॉन्क्लेव में यूपी मॉडल की गूंज

## फार्मा कॉन्क्लेव में निवेशकों ने यूपी को माना देश का उभरता फार्मा

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश फार्मा कॉन्क्लेव 1.0 में देश और दुनिया की दिग्गज फार्मा कंपनियों के चेयरमैन व शीर्ष नेतृत्व ने खुलकर राज्य की बदलती तस्वीर, मजबूत शासन व्यवस्था और निवेश के अनुकूल माहौल की सराहना की। कॉन्क्लेव के दौरान उद्योग जगत के दिग्गजों ने एक स्वर में कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने बुनियादी और संरचनात्मक बदलाव किए हैं, जो न केवल राज्य बल्कि पूरे देश को दिशा देने वाले साबित हो रहे हैं।

राज्यसभा सदस्य एवं रामकी ग्रुप के चेयरमैन अयोध्या रामी रेड्डी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व को देश और समाज के लिए उत्कृष्ट कमिटमेंट करार दिया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में जो बुनियादी परिवर्तन देखने को मिले हैं, वे अभूतपूर्व हैं। उत्तर प्रदेश जो है और जो होने जा रहा है, सबका रोडमैप योगी जी ने स्पष्ट कर दिया है। यह न केवल राज्य, बल्कि देश को भी नई दिशा दिखाएगा। उन्होंने कहा कि पिछले 40 वर्षों में उन्होंने यूपी में ऐसा सकारात्मक माहौल पहले कभी नहीं देखा। उन्होंने यूपी की कानून-व्यवस्था, अकाउंटेबिलिटी और इंटीग्रिटी को दीर्घकालिक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि एक अच्छा नेता किस तरह पूरे सिस्टम को बदल सकता है, उत्तर प्रदेश इसका जीवंत उदाहरण है। निवेशकों के लिए सुरक्षित माहौल व पारदर्शी प्रशासन आज यूपी की पहचान है। टोरेंट ग्रुप के वाइस चेयरमैन जीनल मेहता ने कहा कि पिछले 9 वर्षों में उत्तर प्रदेश में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। हमने यूपी के 20 जिलों में काम किया है, लेकिन कहीं भी लॉ एंड ऑर्डर की समस्या या रेड टेप का सामना नहीं करना पड़ा। यूपी आज निवेशकों को रेड टेप नहीं, रेड कार्पेट ट्रीटमेंट दे रहा है। यह सब योगी जी के नेतृत्व में संभव हुआ है।

**कभी छोड़ना पड़ा था प्रदेश, अब लौटने का समय: रमेश जुनेजा...** मैनकाइंड फार्मा के चेयरमैन रमेश जुनेजा ने यूपी के पुराने दौर की कड़वी यादें साझा कीं। उन्होंने कहा कि 1995 में कंपनी शुरू की थी, तब माहौल ठीक नहीं था। 2001 में मेरे भाई का बेटा किडनैप हो गया, जिसके बाद हमने तय किया कि प्रदेश छोड़कर दिल्ली में रहना चाहिए, लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आने के बाद यूपी में वह सुबह आई है। आज देर रात भी प्रदेश में लोग खुद को सुरक्षित महसूस करते हैं, यही वजह है कि निवेशक यहां आ रहे हैं और लगातार निवेश कर रहे हैं। उनकी कंपनी उत्तर प्रदेश में हरसंभव सहयोग के लिए तैयार है।

**वैश्विक फार्मा लीडर्स की यूपी में रुचि: सतीश रेड्डी ...** डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज के चेयरमैन सतीश रेड्डी ने कहा कि फार्मा सेक्टर में भारत की भूमिका वैश्विक स्तर पर मजबूत हुई है, जिसका उदाहरण कोविड काल में देखने को मिला।

**इन्फ्रास्ट्रक्चर और मैनपावर यूपी की ताकत: पंकज पटेल...** जाइडस लाइफ साइंसेज के चेयरमैन पद्मभूषण पंकज रमनभाई पटेल ने कहा कि किसी भी इंडस्ट्री को भूमि, बिजली, पानी और प्रशिक्षित मैनपावर की जरूरत होती है और ये सभी संसाधन उत्तर प्रदेश में भरपूर उपलब्ध हैं। यही वजह है कि फार्मा और हेल्थकेयर सेक्टर के लिए यूपी एक आदर्श राज्य के रूप में उभर रहा है।

**देश का सबसे सुरक्षित स्थान है यूपी: दिलीप सांघवी ...** पद्मश्री से सम्मानित और सन फार्मास्यूटिकल के चेयरमैन दिलीप सांघवी ने कहा कि आज सन फार्मा देश की सबसे बड़ी और दुनिया की चौथी सबसे बड़ी फार्मा कंपनी है। उत्तर प्रदेश ऐसा प्रदेश है, जहां पर हम अपनी मैन्युफैक्चरिंग यूनिट लगाना चाहते हैं। कुछ वर्षों में यहां पर लॉ एंड ऑर्डर की जो स्थिति में सुधार हुआ है, वो इसे देश का सबसे सुरक्षित स्थान बनाता है।

# स्वर्णिम इतिहास का साक्षी है बलरामपुर चिकित्सालय

## डिप्टी सीएम ने डायलिसिस यूनिट, सोलर पैनल एवं नवीन लिफ्ट का किया लोकार्पण



**लखनऊ।** बलरामपुर चिकित्सालय स्वर्णिम इतिहास का साक्षी है। यह चिकित्सालय 157 वर्षों के इतिहास को खुद में समेटे हुए है। यहां अभी का अत्याधुनिक तरीके से उपचार होता है। यह कहना है प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक का। उन्होंने बलरामपुर चिकित्सालय परिसर में डायलिसिस यूनिट, सोलर पैनल एवं वार्ड 11 में नवीन लिफ्ट का लोकार्पण भी किया।

मंगलवार को बलरामपुर चिकित्सालय के 157वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि यह चिकित्सालय न केवल उत्तम चिकित्सा सेवाएं प्रदान करता है, बल्कि नर्सिंग और अन्य चिकित्सा पाठ्यक्रमों के लिए भी एक प्रमुख व उत्कृष्ट केंद्र के रूप में चिकित्सा शिक्षा प्रदान करता है। चिकित्सालय ने काफी उतार-चढ़ाव देखे हैं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि यहां पूर्व प्रधानमंत्री, अटल बिहारी वाजपेयी, पूर्व मुख्यमंत्री रामप्रकाश गुप्ता सहित तमाम हस्तियों का इलाज हुआ है। यहां के चिकित्सक 157 वर्षों के स्वर्णिम इतिहास को आगे बढ़ाने का काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं को लगातार अपग्रेड किया जा रहा है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि चिकित्सालय में टीम भावना के साथ काम होता है। यहां चिकित्सक हर मरीज को अपने परिवार का हिस्सा मान कर कार्य करते हैं। इस अवसर पर राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, महानिदेशक, परिवार कल्याण डॉ. पवन कुमार अरुण, महानिदेशक, प्रशिक्षण डॉ. एचडी अग्रवाल, निदेशक, बलरामपुर चिकित्सालय डॉ. कविता आर्य, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, लखनऊ डॉ. एनबी सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, बलरामपुर चिकित्सालय डॉ. हिमांशु चतुर्वेदी, चिकित्सा अधीक्षक, बलरामपुर चिकित्सालय डॉ. देवाशीष शुक्ला, निदेशक, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविल अस्पताल डॉ. कजली गुप्ता, मेडिकल सुपरिटेंडेंट, लोकबंधु श्रीराज नारायण संयुक्त चिकित्सालय डॉ. एएस त्रिपाठी एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# सामूहिक विवाह कार्यक्रम में गड़बड़ी पर मंत्री असीम अरुण सख्त

**लखनऊ।** मुरादाबाद में 5 दिसंबर 2025 को आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में सामने आई अनियमितताओं को लेकर समाज कल्याण मंत्री राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने सख्त रुख अपनाया है। मामले को गंभीरता से लेते उन्होंने जांच के आदेश दिए हैं। इसके लिए तीन सदस्यीय जांच समिति का गठित की गई है, जो मौके पर जाकर जांच करेगी और 12 फरवरी तक अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

शिकायतों में सामने आया है कि सामूहिक विवाह कार्यक्रम के दौरान कई पात्र जोड़ों को निर्धारित विवाह उपहार सामग्री उपलब्ध नहीं कराई गई। वहीं जिन जोड़ों को सामग्री वितरित की गई, उसकी गुणवत्ता मानकों के अनुरूप नहीं पाई गई। इसके साथ ही यह भी सामने आया है कि निर्धारित अधिकतम सीमा के विपरीत 100 से अधिक जोड़ों के विवाह कराए गए।

राज्यमंत्री असीम अरुण ने कहा कि समाज कल्याण योजनाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनियमितता या भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। रिपोर्ट के आधार पर दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों और संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### इन बिंदुओं पर होगी जांच

1- सामूहिक विवाह कार्यक्रम में शासन द्वारा निर्धारित अधिकतम जोड़ों की संख्या का पालन किया गया या नहीं। 100 से अधिक जोड़ों के विवाह की अनुमति किस स्तर पर दी गई।

2-योजना का लाभ पाने वाले जोड़ों की पात्रता और अपात्र लाभार्थियों की स्थिति।

3-कार्यक्रम के आयोजन और व्यवस्थाओं में हुई लापरवाही, विवाह कार्यक्रम के आयोजन और व्यवस्थाओं में कहां-कहां लापरवाही हुई।

4-पात्र जोड़ों को विवाह के लिए तय उपहार सामग्री मिली या नहीं। जो उपहार सामग्री दी गई, उसकी गुणवत्ता ठीक थी या नहीं।

# अल्पसंख्यकों के वोट कटवाने की हो रही साजिश

## फार्म 7 की धांधली और लिखित शिकायतों के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा फार्म 7 के माध्यम से पीडीए विशेष रूप से अल्पसंख्यकों का वोट कटवाने की साजिश कर रही है। मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर धांधली की तैयारी कर रही है। फार्म 7 को लेकर पूरे प्रदेश और विधानसभाओं से शिकायत मिल रही है। सपा ने चुनाव आयोग को लिखित शिकायतें दी है। फार्म 7 की धांधली और लिखित शिकायतों के बाद अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में आयोजित मंगलवार को प्रेस कांफ्रेंस में अखिलेश यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री कार्यालय में तैनात एक आईएएस मंडल आयुक्तों, जिलाधिकारियों तथा अन्य अधिकारियों को फोन कर सपा के समर्थकों पीडीए, अल्पसंख्यकों का वोट काटने का दबाव बना रहा है। उन्होंने चुनाव आयोग से फार्म 7 के जरिए हो रही धांधली को रोकने की मांग करते हुए कहा कि डाउन लोडेड फार्म के सत्यापन की वैकल्पिक व्यवस्था हो। हर फार्म पर नम्बरिंग हो। कागजी फार्म 7 पर भारत निर्वाचन आयोग का होलोग्राम हो। फार्म 7 के अब तक जमा सारे फार्म निरस्त किये जाये। अब तक जमा किये गये फार्म 7 के हस्ताक्षरों की न्यायिक जांच हो। घपलेबाजी को पकड़ने के लिए आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस का सहारा लिया जाये। फार्म 7 जमा करते समय की सीसीटीवी फुटेज निकाली जाये। जो भी आरोपी पकड़ा जाये उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर राज्य के खिलाफ साजिश करने और 420 का मुकदमा चलाया जाय। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में वोट सबसे बड़ा अधिकार है। चुनाव आयोग से मांग है कि इस तरह की धांधली रोकें और दोषियों के खिलाफ एफआईआर कराये। अगर चुनाव आयोग धांधली नहीं रोक सकता, दोषियों पर कार्रवाई नहीं कर सकता है तो उसे अपनी बिल्डिंग पर भाजपा का झंडा लगा लेना चाहिए।

उन्होंने कहा कि सपा को विभिन्न माध्यमों से जानकारी मिल रही है कि साजिश के तहत भाजपा पूरे प्रदेश में एक करोड़ 99 हजार 710 वोट कटवाने का षडयंत्र कर रही है। भाजपा एसआईआर में पहले दिन से बेईमानी पर उतारू है। बछरावा विधानसभा क्षेत्र से 32 हजार से ज्यादा वोट काटने, अकबरपुर से आठ हजार से ज्यादा। गोण्डा की कर्नलगंज में 6321, रायबरेली के सरेनी में 3300 वोट काटने का लक्ष्य है। इसी तरह से हर विधानसभा क्षेत्र में लक्ष्य बनाकर पीडीए का वोट काटा जा रहा है।

# रेशम उद्योग से जुड़े लोगों को किया गया सम्मानित

## आईजीपी में सिल्क एक्सपो का मंत्री ने किया उद्घाटन, 06 तक चलेगी प्रदर्शनी

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में सिल्क उद्योग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आज लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में सिल्क एक्सपो-2026 का शुभारंभ हुआ। एक्सपो का उद्घाटन प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम तथा रेशम उद्योग मंत्री राकेश सचान ने किया। पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री नरेंद्र कश्यप भी इस अवसर पर मौजूद रहे। इस मौके पर रेशम मित्र-2025 पत्रिका के विमोचन के साथ ही उद्योग से जुड़े लोगों को सम्मानित भी किया गया। एक्सपो के आयोजन से सिल्क उत्पादकों व उद्यमियों को प्रोत्साहन मिलने के साथ ही प्रदेश में सिल्क उत्पादन तथा इससे जुड़े उद्योगों व व्यापार को भी बढ़ावा मिलेगा।

मंत्री राकेश सचान ने इस अवसर पर रेशम उत्पादकों व उद्यमियों को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री रेशम विकास योजना के तहत प्रदेश सरकार का लक्ष्य दस वर्षों में लगभग 13,500 उत्पादकों को लाभ पहुंचाना है। योजना के तहत अब तक 1630 लाभार्थियों को 32.49 करोड़ रुपये की अनुदान सहायता दी जा चुकी है, जिससे उत्पादन में अच्छी वृद्धि हुई है। इसके साथ ही 9,000 एकड़ में शहतूत पौधरोपण का कार्य जारी है, जिससे 360 मीट्रिक टन अतिरिक्त रेशम उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। प्रदेश में रेशम उद्योग उत्पादकों व बुनकरों को नियमित रोजगार के अवसर दे रहा है। मल्टी रीलिंग इकाइयों की स्थापना से प्रसंस्करण की सुविधाएं मजबूत हुई हैं।

रेशम मित्र पोर्टल के जरिए ऑनलाइन आवेदन, निगरानी और पारदर्शी क्रियान्वयन भी सुनिश्चित किया जा रहा है। इस अवसर पर उपस्थित पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि डबल इंजन सरकार के समर्थन से उत्तर प्रदेश में रेशम उद्योग ने अभूतपूर्व प्रगति की है। प्रदेश में रेशम उत्पादन 27 मीट्रिक टन से बढ़कर अब 450-500 मीट्रिक टन तक पहुंच गया है, जो आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के लक्ष्य को मजबूती दे रहा है। साथ ही प्रदेश गरीब और पिछड़े तबके के लोगों को आय और रोजगार के नये अवसर प्रदान कर रहा है। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान (आईजीपी) के मरकरी हॉल में आयोजित सिल्क एक्सपो के उद्घाटन अवसर पर प्रदेश के रेशम उद्योग से जुड़े 16 उत्पादकों, बुनकरों, उद्यमियों और अन्य योगदानकताओं को पं. दीन दयाल उपाध्याय रेशम रत्न सम्मान प्रदान किया गया। साथ ही रेशम निदेशालय की विभागीय उपलब्धियों पर आधारित रेशम मित्र-2025 पत्रिका का विमोचन भी किया गया। सिल्क एक्सपो, 06 फरवरी 2026 तक चलेगा, जहां देशभर के बुनकर और व्यापारी हाथ से बने रेशमी वस्त्र, साड़ियां, दुपट्टे और अन्य उत्पाद लेकर आए हैं। यह आयोजन प्रदेश के रेशम उद्योग को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान देने के साथ यूपी को रेशम उत्पादन व निर्यात का केंद्र बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है।

# केंद्रीय बजट से पूरा होगा आत्मनिर्भर भारत का लक्ष्य

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने मंगलवार को राजधानी लखनऊ स्थित पार्टी के प्रदेश मुख्यालय पर केंद्रीय बजट 2026-27 को लेकर आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि 01 फरवरी को प्रस्तुत किया गया केंद्रीय बजट केवल आंकड़ों का संकलन नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत-2047 और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने का एक सशक्त और दूरदर्शी विजन डॉक्यूमेंट है।

उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में मोदी सरकार ने आमजन की सुविधाओं, नवाचार, आर्थिक वृद्धि, रोजगार सृजन और समावेशी विकास पर निरंतर फोकस किया है। इसी सोच का स्पष्ट प्रतिबिंब बजट 2026-27 में देखने को मिलता है, जो किसान, युवा, महिला, उद्यमी और मध्यम वर्ग सहित सभी वर्गों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। उन्होंने बताया कि सरकार ने आधारभूत संरचना को अर्थव्यवस्था की रीढ़ मानते हुए इसके लिए अब तक का सबसे निरंतर और मजबूत निवेश किया है। वर्ष 2014-15 में जहां इन्फ्रा बजट मात्र 2 लाख करोड़ रुपये था, वहीं इसे चरणबद्ध रूप से बढ़ाकर अब 12.2 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया है, जो अपने आप में ऐतिहासिक उपलब्धि है।

उन्होंने कहा कि बजट में देश को सात नए हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर की सौगात दी गई है, जिनमें दिल्ली-वाराणसी एवं वाराणसी-सिलीगुड़ी कॉरिडोर विशेष रूप से उत्तर प्रदेश को लाभ पहुंचाएंगे। इन परियोजनाओं से नोएडा, आगरा, लखनऊ, प्रयागराज और वाराणसी जैसे प्रमुख शहरों को तेज-गति से जोड़ने में मदद मिलेगी, जिससे यात्रा समय घटेगा, पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और आर्थिक गतिविधियों में तेजी आएगी। इसके साथ ही पूर्व में डांकुनी से पश्चिम में सूरत तक डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के निर्माण का निर्णय लिया गया है, जिसका एक महत्वपूर्ण हिस्सा उत्तर प्रदेश में होगा। अगले पांच वर्षों में 20 नए वाटरवेज शुरू किए जाएंगे, जिससे लॉजिस्टिक्स अधिक किफायती होगी। इसी क्रम में वाराणसी में गंगा जलमार्ग पर जलयान मरम्मत एवं शिप-रिपेयर केंद्र विकसित किए जाने की घोषणा की गई है, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। पंकज चौधरी ने बताया कि पांच लाख से अधिक आबादी वाले टियर-2 एवं टियर-3 शहरों में सिटी इकोनॉमिक रीजन विकसित किए जाएंगे, जिन पर अगले पांच वर्षों में प्रति शहर 5000 करोड़ रुपये तक खर्च किए जाएंगे। पर्यटन क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाओं को देखते हुए पांच प्रमुख टूरिस्ट डेस्टिनेशन विकसित किए जाएंगे। उत्तर प्रदेश में सारनाथ एवं हस्तिनापुर जैसे ऐतिहासिक एवं पर्यावरणीय स्थलों को अनुभवात्मक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा, जिससे घरेलू और अंतरराष्ट्रीय पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

# अखबार बेचने वाला लड़का बना इंटरनेशनल यूथ आइकॉन

विशेष संवाददाता (vol)




- कभी मजबूर था, आज सीएम योगी की प्रेरणा से दिखा रहा लाखों युवाओं को रास्ता
- शिक्षा, स्कॉलरशिप, करियर व कांवड़ यात्रा ऐप बनाया

**लखनऊ।** कभी साइकिल पर अखबार बेचकर घर का खर्च चलाने वाला लड़का आज राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उत्तर प्रदेश और भारत का नाम रोशन कर रहा है। यूपी के बागपत जनपद के छोटे से गांव ट्यौढी का रहने वाला अमन कुमार संघर्ष, संकल्प और योगी सरकार के सहयोग से ऐसा उदाहरण बन चुका है, जो लाखों युवाओं को प्रेरणा दे रहा है।

बचपन में गरीबी और बाल मजदूरी की पीड़ा झेलने वाले अमन कुमार ने कभी नहीं सोचा था कि एक दिन उनकी पहचान इंटरनेशनल यूथ आइकॉन के रूप में होगी। अमन कहते हैं कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार की युवा केंद्रित नीतियों, डिजिटल पहल और जनभागीदारी आधारित योजनाओं ने उनके जैसे युवाओं को न केवल अवसर दिए, बल्कि आगे बढ़ने का भरोसा भी दिया। अमन कुमार यूपी सरकार के युवा कल्याण विभाग से संबद्ध उड़ान यूथ क्लब के अध्यक्ष हैं। उन्होंने बताया कि इसी सोच से 12वीं के बाद व्हाट्स-ऐप ग्रुप बनाया और उसे विस्तार देकर वेबसाइट प्रोजेक्ट कॉन्टेस्ट 360 तैयार किया। एक क्लिक पर शिक्षा, स्कॉलरशिप, करियर और सरकारी अवसरों की जानकारी देने वाली इस वेबसाइट को अब तक 84 लाख से अधिक युवा देख चुके हैं। कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सहूलियत के लिए अमन ने वर्ष 2022 में प्रशासन के साथ मिलकर कांवड़ यात्रा ऐप तैयार किया। यात्रा मार्ग, चिकित्सा सहायता, शिविर, आपात संपर्क और प्रशासनिक सहयोग जैसी सुविधाएं एक मंच पर उपलब्ध कराई गईं, जिसे साढ़े तीन लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने उपयोग किया। इसके बाद उन्होंने लोकसभा निर्वाचन में स्वीप बागपत ऐप बनाकर भारत निर्वाचन आयोग की सेवाएं सवा लाख मतदाताओं तक पहुंचाईं। बागपत की जिलाधिकारी अस्मिता लाल के मार्गदर्शन में अमन प्रशासन के कार्यों में योगदान दे रहे हैं। उन्होंने सूचना विभाग के सहयोग से सूचना सेतु ऐप तैयार कर एक क्लिक पर अधिकारियों और सरकारी योजनाओं से जोड़ने का मॉडल बनाया। यहीं नहीं, बागपत फॉर एनिमल्स ऐप के जरिए पशु कल्याण और ग्राम पंचायत फैजपुर निनाना की वेबसाइट बनाकर डिजिटल पंचायत की दिशा में भी अहम पहल की। अब वह अगले चरण में वेबसाइट और इनोवेशन के जरिए प्रदेशभर के युवाओं को जोड़ने की तैयारी कर रहे हैं। अमन के जुनून और नवाचार को राष्ट्रीय पहचान तब मिली, जब यूपी सरकार ने उन्हें स्वामी विवेकानंद यूथ अवॉर्ड से सम्मानित किया। आज अमन कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संस्थानों से जुड़े हैं। वह यूनेस्को ग्लोबल यूथ कम्युनिटी, यूनेस्को इन्क्लूसिव पॉलिसी लैब नेटवर्क, यूनेस्को मीडिया इन्फॉर्मेशन लिटरेसी एलायंस, यूनिसेफ नेशनल यू एंबेसडर, हंड्रेड फाउंडेशन, नेचर पॉजिटिव यूनिवर्सिटीज, क्लाइमेट कार्डिनल्स, यांगो जैसे संस्थानों से जुड़कर युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। वर्ष 2026 में आयोजित विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग में अमन को टीम यूपी का ग्रुप कैप्टन बनाया गया, जहां उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष राष्ट्रीय मंच पर युवाओं की अगुवाई की। इसके अलावा, नोबेल शांति पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी के साथ भी काम किया। अमन कुमार को वर्ष 2025 में देश के स्वयंसेवा क्षेत्र का प्रतिष्ठित आई वॉलंटियर अवॉर्ड मिला। इसके साथ ही यूनिसेफ इंडिया में इंडियाज मोस्ट वैल्यूएबल यू रिपोर्टर अवॉर्ड, यंग ट्रांसफॉर्मर्स अवॉर्ड, शिक्षा रत्न सम्मान सहित कई राष्ट्रीय उपलब्धियां उनके नाम हैं। भारत सरकार के माई भारत संस्थान ने उन्हें यूपी में यूथ मेंटर बनाया है।

# प्रदेश में पशुधन औषधि क्रेंद्र स्थापित होंगे

## पीपीपी मोड पर वेटनरी और पैरावेटनरी सेवाएं शुरू करायी जायेंगी

- चारा उगाने के लिए किसानों को चारे का बीज फ्री मिलेगा

**लखनऊ।** पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि देशी गाय का दूध अमृत है। गौपालक और किसान गायों के दूध देना बंद करने पर इधर-उधर न छोड़ें। राज्य सरकार की ओर से गायों के उन्नत नस्ल सुधार कार्यक्रमों को प्राथमिकता दी जा रही है। संक्रामक रोगों पर नियंत्रण के लिए वैक्सीन और औषधियों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। प्रदेश के सभी ब्लाकों पर पशुओं के लिए पशुधन औषधि केन्द्र खोले जायेंगे। इन औषधि केन्द्रों पर एथनोमेडिसिन की उपलब्धता भी सुनिश्चित कराई जायेगी। विधान भवन स्थित तिलक हाल में प्रेस वार्ता में कहा कि गोवंश व अन्य पशुओं के उपचार के लिए पीपीपी मोड पर वेटनरी और पैरावेटनरी सेवाएं शुरू कराई जायेंगी। पशुओं की जांच के लिए पैथालॉजी केन्द्र खोले जायेंगे। उन्होंने कहा कि किसानों की सुविधा के लिए नई चारा नीति लागू की गई है, इसके अंतर्गत किसानों को चारे का बीज फ्री दिया जायेगा।

श्री सिंह ने कहा उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था मुख्यतः कृषि एवं पशुपालन पर आधारित हैं। राज्य की लगभग 68 प्रतिशत जनसंख्या जीविकोपार्जन के लिए कृषि एवं पशुपालन कार्यों पर निर्भर है। पशुपालन विभाग पारम्परिक विकास के साथ-साथ विकसित उत्तर प्रदेश-समर्थ उत्तर प्रदेश 2047 की दीर्घकालिक संकल्पना को साकार करने की दिशा में प्रगति के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पशुधन क्षेत्र राज्य के प्राथमिक सकल घरेलू उत्पाद में महत्वपूर्ण योगदान देता है। प्रदेश में पशुजन्य पदार्थों का सकल मूल्यवर्धन वर्ष 2017-18 में 0.99 लाख करोड़ था, जो बढ़कर वर्ष 2024-25 में 1.72 लाख करोड़ रुपये हो गया है। श्री सिंह ने कहा कि 20वीं पशुगणना 2019 के अनुसार देश में उत्तर प्रदेश विशाल पशु सम्पदा से अच्छादित राज्य है, जिसमें 190.20 लाख गोवंश, 330.17 लाख महिषवंश, 9.85 लाख भेड़, 144.80 लाख बकरी एवं 4.09 सूकर हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश का देश के दुग्ध उत्पादन में 15.66 प्रतिशत का योगदान है तथा उत्पादन की दृष्टि से देश में प्रथम स्थान पर है। पशुधन मृत्यु दर को कम करने और उत्पादकता में सुधार करने के लिए पशु चिकित्सा सेवाओं और रोग निगरानी को और अधिक सशक्त बनाने के लिए प्रदेश में 520 मोबाईल वेटनरी यूनिट-टोल फ्री नं0-1962 के माध्यम से पशुपालको के द्वार पर सुविधा दी जा रही है, साथ ही पशुधन बीमा योजनाओं को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 439 वृहद गो सरंक्षण केंद्रो सहित कुल 7497 गो आश्रय स्थलों में 12,38,847 गोवंश वर्तमान में संरक्षित हैं। संरक्षित गोवंशों के भरण पोषण के लिए धनराशि 30 रुपये को बढ़ा कर 50 रुपये प्रतिपशु प्रतिदिन प्रतिगोवंश कर दिया गया हैं।

# पार्षदों व अफसरों की बैठक में नहीं निकला पानी व सीवर समस्याओं का हल

## महापौर ने सदन से बिना बताये जाने वाले जोनल अधिकारियों को लगायी फटकार, पार्षदों के 36 लिखित प्रश्नों व 46 मौखिक प्रश्नों के उत्तरों के बिना बैठक खत्म

विशेष संवाददाता (vol)





**लखनऊ।** जल निगम से जुड़े कार्यों, सीवर समस्याओं एवं जलकल विभाग से संबंधित मुद्दों को लेकर अफसरों की बुलाई गई बैठक बेनतीजा रही। साथ ही शहर में सरकारी भूमि पर हो रहे अवैध कब्जों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही की समीक्षा में कोई हल नहीं निकला। महापौर सुषमा खर्कवाल ने मंगलवार को पार्षदों और अधिकारियों के साथ में नगर निगम में बैठक की। इसमें 27 जनवरी को 63 पार्षदों की तरफ से उठाए गए मुद्दों पर अधिकारियों से जवाब मांगा गया। करीब एक घंटे चली बैठक में सिर्फ 50 ही पहुंचे थे। बैठक में सीवर और जल से संबंधित समस्याओं का कोई हल नहीं निकला। वहीं, आगामी वित्तीय वर्ष के बजट कार्यकारिणी की बैठक 10 से 15 फरवरी के बीच प्रस्तावित की गई है।

बैठक में सदन की बैठक से बिना महापौर को बताए सदन छोड़ने वाले जोनल अधिकारियों जोन 3 आकाश कुमार, जोन 5 विनीत कुमार सिंह, जोन-7 रामेश्वर प्रसाद और जोन-8 के जोनल अधिकारी विकास कुमार सिंह को महापौर ने जमकर फटकार लगाई। उन्होंने बैठक में नाराजगी जताते हुए कहा कि सदन की बैठक से आप लोग बिना बताए क्यों गए थे, किसने अनुमति दी थी। इस पर महापौर ने इन अधिकारियों का स्पष्टीकरण मांगा। हालांकि, बैठक के बाद महापौर इस पर कुछ भी बोलने से बचती हुई नजर आईं। 27 जनवरी 2026 को आयोजित सदन में पूछे गए प्रश्नों की समीक्षा की गई। बैठक में 36 लिखित प्रश्नों तथा 46 मौखिक प्रश्नों के उत्तरों को लेकर नगर निगम एवं जलकल अधिकारियों से जवाब तलब किए गए। सभी उत्तर लिखित रूप में तैयार कर कार्यकारिणी के समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

### जल निगम के इंजीनियरों को बैठक से बाहर किया

बैठक में जल निगम की समस्याओं से जुड़े हुए मामलों से संबंधित शिकायतों पर जवाब देने के लिए तीन अधिशासी अभियंता बैठक में पहुंचे। महापौर ने पूछा कि क्या आप लोग लखनऊ के स्तर पर समस्याओं का निस्तारण करने के लिए सक्षम अधिकारी हैं। इस पर अधिकारियों ने कहा कि उनके जोन शहर में बंटे हुए हैं। इस पर महापौर ने अधिशासी अभियंता मनोज कुमार सिंह, अतहर कादरी और दिव्याशूं सिंह को बैठक से बाहर कर दिया। इसके बाद नाराज महापौर सुषमा खर्कवाल ने जल निगम के बड़े अधिकारियों को फोन कर कहा कि आप लोगों को नगर निगम में सदन की बैठक के लिए बुलाया जाता है, लेकिन आप लोग आते नहीं हैं। इसकी शिकायत शासन के साथ में मंत्री से भी करेंगी। इसके बाद जलकल विभाग के कार्यवाहक मुख्य अभियंता शमीम अख्तर पहुंचे।

### गलत बोल पर अफसर से मंगवायी माफी

बैठक में पार्षदों की तरफ से उठाए गए सवालों पर जलकल विभाग के अधिकारी ने कहा कि आप लोग एक ऐसी बैठक करिए, जहां पर तरीके से मीटिंग हो पाए। इस पर पार्षद नाराज हो गए, जिसके बाद अधिकारी से माफी मंगवाई गई। उनसे तीन बार माफी मंगवाई गई। पार्षदों ने इस सदन की गरिमा से जोड़ दिया। हालांकि, बाद में मेयर और नगर आयुक्त ने कहा कि सदन की बैठक नहीं करने पर इससे जुड़ी चीजों के बारे में लोगों को पता नहीं होता है। इसलिए ऐसा बयान उनकी तरफ से दे दिया गया।

### सीवर चैंबरों पर सवाल, मांगी गयी रिपोर्ट

महापौर ने पतली गलियों में प्रत्येक घर के सामने बनाए गए सीवर चैंबरों पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि नियमों के अनुसार दो से तीन घरों के बीच एक चैंबर होना चाहिए, जबकि कई क्षेत्रों में हर मकान के सामने चैंबर बनाए गए हैं। जोन-5 के कुछ मोहल्लों में 40 मकानों पर 40 से अधिक चैंबर पाए गए हैं, जो अव्यवस्था का संकेत है। इसी प्रकार की स्थिति इंदिरा नगर और जानकीपुरम क्षेत्रों में भी देखी गई है। इस संबंध में विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। जल निगम के अधिकारियों को कहा गया कि नगर निगम, जलकल और जल निगम के अधिकारी समन्व्य बैठक करेंगे। जल निगम ने खुदाई का जो काम किया है, उस पर सड़क बनाने के बाद और नगर निगम के इंजीनियर की रिपोर्ट लगने के बाद ही जल निगम से जुड़े कामों को नगर निगम हैंडओवर लेगा।

### 15 फरवरी के बाद बिना आई कार्ड नहीं करेंगे वसूली

महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि 15 फरवरी के बाद से शहर में हाउस टैक्स वसूली करने वाले कर्मचारी नगर निगम के आई कार्ड में ही नजर आएंगे। इसके लिए नगर निगम की तरफ से आई कार्ड कर्मचारियों के लिए प्रिंट कराया जाएगा। इससे यह तय किया जा सकेगा कि कोई गलत व्यक्ति वसूली के नाम पर धोखाधड़ी न कर सके। अब नगर निगम की सभी संपत्तियों पर तारबाड़ी का काम किया जाएगा। अभी 20 संपत्तियों को इसके लिए शामिल किया गया है।

### पूरे शहर में अतिक्रमण के खिलाफ चलेगा अभियान

महापौर ने बैठक में कहा कि 20 दिसंबर को नगर आयुक्त के साथ में शहर में अतिक्रमण के खिलाफ लालबाग में कार्रवाई की गई थी, लेकिन इसके बाद भी अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई में लापरवाही की गई। कहा कि अब पूरे शहर में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा ताकि अतिक्रमण से शहर को मुक्ति दिलाई जा सके।

### सीवर समस्याओं को 24 घंटे में दूर करें

सीवर पर चर्चा के दौरान पार्षद अरुण राय, अनुराग मिश्रा अन्नू, ममता चौधरी, भृगु नाथ शुक्ला, मान सिंह यादव, शिवम उपाध्याय, रेखा सिंह, राम नरेश चौरसिया, गौरी सांवरिया सहित अन्य पार्षदों ने चोक सीवर लाइन, सीवर कनेक्टिविटी, टूटे ढक्कन एवं पेयजल से जुड़ी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। इस दौरान जीएम जलकल कुलदीप सिंह एवं सुएज इंडिया के प्रोजेक्ट हेड राजेश मठपाल को निर्देश दिए गए कि जलकल से संबंधित शिकायतों का निस्तारण 24 घंटे के भीतर सुनिश्चित किया जाए। साथ ही अनुबंध के अनुसार क्षेत्र में आवश्यक उपकरण तैनात करने के भी कड़े निर्देश दिए गए। बैठक में डूडा से जुड़ी शिकायतों तथा समाधान दिवस में प्राप्त मामलों की भी समीक्षा की गई। सभी जोनल अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए।

# बच्ची पर गाय ने किया हमला, नगर निगम ने तीन पशुपालकों के खिलाफ दी तहरीर

## मौके से 5 गाय और एक बछिया पकड़ी गयी, ऐशबाग कांजी हाउस में कराया गया संरक्षित

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** शहर में खुले में छोड़े गए पशुओं की समस्या एक बार फिर गंभीर रूप में सामने आई है। मंगलवार को चौपटिया क्षेत्र में गाय ने एक 12 साल की बच्ची को उठाकर पटक दिया। उसके बाद सींगों से उसपर हमला बोल दिया। इस दौरान बच्ची को बचाने आए लोगों को भी दौड़ा लिया। घटना में बच्ची काफी चोटिल हो गई। उसका इलाज चल रहा है। बचाने आये लोगों को भी चोटें आई हैं। बच्ची पर गाय के हमला किए जाने की घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसके बाद नगर निगम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित पशुपालकों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। नगर निगम ने पुलिस को तहरीर सौंपकर आरोपी पशुपालकों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

यह घटना चौपटिया क्षेत्र में कूड़ा घर के पास, थाना सहादतगंज क्षेत्र अंतर्गत हुई, जहां एक खुले में छोड़ी गई गाय ने सड़क पर मौजूद एक बच्ची पर हमला कर दिया। बच्ची की पहचान चौपटिया निवासी 12 साल की रिद्धिमा उर्फ चिंकी के रूप में हुई। उसके पिता शैलेंद्र मल्होत्रा ने बताया कि यहां छुट्टा जानवर घूमते रहते हैं। नगर निगम प्रशासन को इन पर कार्रवाई करनी चाहिए। बच्ची की नानी आशा रस्तोगी ने बताया कि 1 फरवरी को सुबह साढ़े ग्यारह बजे घटना हुई है। गाय बेकाबू हो गई थी। बच्ची को बुरी तरह से मारा। बच्ची के मुंह से खून निकल रहा था। उसका इलाज करा रहे हैं। कि किसी तरह से हमारी बच्ची बच गई। सड़क पर गोबर पड़ा रहता है। इसके कारण परेशानी होती है। छुट्टा जानवरों की कई बार नगर निगम से शिकायत की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद नगर निगम प्रशासन ने संज्ञान लिया। टीम ने कार्रवाई शुरू की तो लोगों ने विरोध करना शुरु कर दिया। मौके पर स्थानीय लोग इक्कठा हो गए। नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर नगर निगम के पशु कल्याण विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण एवं कार्रवाई की। जांच के दौरान नगर निगम की टीम ने मौके से कुल 5 गाय और 1 बछिया को पकड़कर ऐशबाग स्थित कांजी हाउस में सुरक्षित रूप से संरक्षित कराया। इस कार्रवाई में नगर निगम के प्रवर्तन दल के साथ जोन-6 के प्रभारी पशु कल्याण अधिकारी अवधेश कुमार, प्रभारी रामकुमार तथा कैटल कैचिंग दस्ते की टीम मौजूद रही। मौके पर की गई जांच और पड़ताल में हमलावर गायों के स्वामियों की पहचान की गई। जांच में सामने आया कि उक्त गायें मोहम्मद मुन्ना, मोहम्मद राजू और मोहम्मद छोटे भैया की थीं, जिन्होंने अपने मवेशियों को खुले में छोड़ रखा था। नगर निगम के अनुसार, इन्हीं पशुओं के कारण यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई। पशु कल्याण अधिकारी डॉ. अभिनव वर्मा ने बताया कि विभागीय जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि संबंधित पशुपालकों की ओर से अपने पशुओं को लापरवाहीपूर्वक खुले में छोड़ा गया था। सार्वजनिक स्थानों पर खुले में छोड़े गए पशुओं की ओर से लोगों को घायल करना पब्लिक न्यूसेन्स की श्रेणी में आता है। इसके साथ ही यह पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 का उल्लंघन भी है। बिना लाइसेंस पशुपालन करना भी कानूनन अपराध है। जांच रिपोर्ट के आधार पर तीनों पशुपालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की संस्तुति की गई है। नगर निगम ने थाना सहादतगंज के थानाध्यक्ष को तहरीर सौंपकर संबंधित पशुपालकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। नगर निगम अधिकारियों का कहना है कि शहर में पालतू पशुओं को खुले में छोड़ना गंभीर अपराध है। इससे न केवल आमजन की सुरक्षा को खतरा होता है, बल्कि यातायात व्यवस्था और स्वच्छता भी प्रभावित होती है। नगर निगम ने चेतावनी दी है कि भविष्य में भी यदि कोई पशुपालक अपने मवेशियों को खुले में छोड़ता पाया गया, तो उसके विरुद्ध इसी प्रकार की कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### बुल और बुलडोजर का जनता करेगी इलाज : अखिलेश

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने इस घटना का वीडियो एक्स पर पोस्ट किया। इसके माध्यम से सरकार को कठघरे में खड़ा किया है। उन्होंने लिखा है कि अगले चुनाव में जनता बुल और बुलडोजर दोनों का इलाज कर देगी। ये भाजपाई सत्ताधीश कभी अपनी सिक्योरिटी छोड़कर सड़क पर पैदल चलें तो यही सांड उन्हें हवा में उछाल देगा। 14 दिन में समस्या के समाधान का जुमला 14 साल में भी पूरा नहीं होगा। भाजपाई झूठ के सुपर स्टॉकिस्ट हैं। झूठ भाजपा की राजनीति की बुनियाद है। जिन्होंने अपना नागरिक धर्म निभाया और बच्ची को बचाया, वे सभी प्रशंसा के पात्र हैं। उन्होंने विशेष रूप से लिखा कि ये जेनरेटेड नहीं है।

# राजधानी समेत प्रदेश में हुई बारिश
## तेज हवा से ठंडा हुआ मौसम



**लखनऊ।** प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के असर से मंगलवार को बारिश हुई। वहीं लखनऊ में कुछ समय के लिए अंधेरा छा गया। सुबह रात जैसा माहौल हो गया था। राजधानी लखनऊ समेत कई जिलों में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चलीं, जिससे ठंडक बढ़ गई। उन्नाव, चित्रकूट, हरदोई और इटावा में कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि भी बताई जा रही है। मंगलवार तड़के बुंदेलखंड के हमीरपुर, महोबा, चित्रकूट, झांसी और ललितपुर में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। वहीं कानपुर, उन्नाव, लखनऊ, बाराबंकी, अयोध्या और रायबरेली में भी मध्यम बारिश हुई। राजधानी में 1090 चौराहे पर टीन शेड उड़कर सड़क पर आ गया। कई जगह पर पेड़ भी गिरने की खबर आ रही है।

मौसम विभाग ने बुधवार के लिए बुंदेलखंड और प्रयागराज मंडल सहित प्रदेश के 21 जिलों में घने कोहरे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। हालांकि बुधवार से प्रदेश में मौसम के शुष्क रहने का अनुमान जताया गया है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र, लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार बुधवार से पश्चिमी विक्षोभ का असर कमजोर पड़ जाएगा। इसके बाद प्रदेश में बारिश की संभावना कम रहेगी, लेकिन तराई क्षेत्रों में सुबह के समय कोहरा बना रह सकता है। निचले क्षोभमण्डल में पंजाब के आसपास संकेंद्रित पश्चिमी विक्षोभ एवं उत्प्रेरित चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से आ रही हवाओं की मध्य भारत पर बने प्रतिचक्रवाती हवाओं के साथ हो रहे समागम के परिणामस्वरूप सुबह प्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र में तेज झोंकेदार हवाओं के साथ बारिश हुई। प्रदेश के अधिकतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट के साथ प्रदेश के ज्यादातर भाग में सामान्य से नीचे पहुँच गया। राजधानी में भी बुधवार को सुबह मध्यम से घना कोहरा पड़ने की सम्भावना है।

# वेटलैंड में कैनवास पर दिखे प्रकृति के रंग

## बच्चों ने पंख फैलाते पक्षियों का किया दीदार, सीजी सिटी अर्बन वेटलैंड में मना प्रकृति का उत्सव

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सीजी सिटी अर्बन वेटलैंड में मंगलवार को पर्यावरण प्रेमियों का जमावड़ा लगा। जहां लोगों ने पंख फैलाते पक्षियों का दीदार किया, उनकी खूबसूरती को कैमरे में कैद किया। छात्र-छात्राओं ने कैनवास पर प्राकृति के रंग उकेर कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। मौका था लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा वेटलैंड-डे के उपलक्ष्य में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम का। जहां प्रकृति और लोगों के बीच अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 7:00 बजे बर्ड वॉचिंग से हुयी। जिसमें स्कूली बच्चों समेत बड़ी संख्या में लोगों ने पक्षियों को दूरबीन के जरिए नजदीक से देखा। इस दौरान पर्यावरण विशेषज्ञों ने उन्हें पक्षियों की प्रजातियों, उनके व्यवहार और वेटलैंड से उनके संबंध के बारे में रोचक एवं ज्ञानवर्धक जानकारी दी। इस मौके पर मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी ने सीजी सिटी अर्बन वेटलैंड की वॉल का अनावरण व नवनिर्मित सोवेनियर शॉप का उद्घाटन किया। उन्होंने एलडीए की ओर से विकसित किए गए वेटलैंड की सराहना करते हुए कहा कि सीजी सिटी अर्बन वेटलैंड शहरी विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन का उत्कृष्ट उदाहरण है। यह न केवल जैव विविधता को संरक्षण देता है, बल्कि भावी पीढ़ियों के लिए एक जीवंत प्राकृतिक धरोहर भी है। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि सोवेनियर शॉप के माध्यम से वेटलैंड संरक्षण से जुड़े उत्पादों को आम लोगों तक पहुंचाने और संरक्षण गतिविधियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है।

गोमती टास्क फोर्स के सदस्यों ने छात्र-छात्राओं के साथ मिलकर स्वच्छता अभियान चलाया। जिसके बाद पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने पक्षियों और प्रकृति की सुंदर आकृतियों को रंगों के माध्यम से जीवंत कर दिया। प्रतियोगिता में भाविका यादव ने प्रथम, लक्ष्मी वर्मा ने द्वितीय एवं जानवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके बाद एक्सटेम्पोर कम्पटीशन में पर्यावरण और वेटलैंड संरक्षण पर बच्चों ने अपने विचार प्रस्तुत किए। जिसमें प्रीति यादव ने प्रथम, सुहानी कुमारी ने द्वितीय एवं मानसी प्रजापति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में वेटलैंड संरक्षण, जैव विविधता और शहरी विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर पैनल डिस्कशन हुआ। जिसमें डीएफओ सितान्शु पाण्डेय, बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसायटी के पूर्व निदेशक डॉ. असद रहमानी, टीएसए के निदेशक डॉ. शैलेन्द्र सिंह, अम्बेडकर विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर राणा प्रताप सिंह, इंटीग्रल यूनिवर्सिटी के एमए खालिद, लखनऊ विश्वविद्यालय की डॉ0 अमिता कन्नौजिया व गोमती टास्क फोर्स के मेजर केएस नागी शामिल रहे। विशेषज्ञों ने लोगों को बताया कि वेटलैंड न केवल पक्षियों और जलीय जीवों का घर हैं बल्कि ये भूजल रिचार्ज, बाढ़ नियंत्रण और तापमान संतुलन में भी अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने नागरिकों से अपील की वे प्लास्टिक का प्रयोग कम करें, जल स्त्रोतों को दूषित न करें और स्थानीय जैव विविधता के संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाएं।

### अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गयी

**लखनऊ।** नगर निगम ने शहर में विभिन्न जोनों में अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। अभियान में जोन-2, जोन-3 और जोन-6 के अंतर्गत कई क्षेत्रों में अवैध रूप से किए गए अतिक्रमण हटाए गए, साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध चालान और जब्ती की कार्रवाई भी की गई। जोन-2 के अंतर्गत वार्ड चन्द्रभानु गुप्त मोती नगर क्षेत्र स्थित दूध मंडी रोड पर सघन अभियान चलाया गया। इस दौरान 12 दुकानों का निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान प्लास्टिक के प्रयोग और अतिक्रमण व गंदगी पाए जाने पर दो अलग-अलग मामलों में चालान किया गया। प्लास्टिक के प्रयोग पर 5,000 रुपये तथा अतिक्रमण व गंदगी के मामले में भी 5,000 रुपये का शमन शुल्क वसूला गया।

### परीक्षा नियंत्रक बने डॉ. देवाशीष शुक्ला

**लखनऊ।** बलरामपुर अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. देवाशीष शुक्ला को अटल बिहारी वाजपेई मेडिकल यूनिवर्सिटी का परीक्षा नियंत्रक नियुक्त किया गया है। मंगलवार को चिकित्सा शिक्षा विभाग के विशेष सचिव धीरेंद्र सिंह सचान की तरफ से आदेश जारी कर दिया गया है। डॉ. देवाशीष शुक्ला की प्रतिनियुक्ति तीन साल के लिए होगी। मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉक्टर देवाशीष शुक्ला अभी तक बलरामपुर अस्पताल में चिकित्सा अधीक्षक पद की जि मेदारी निभा रहे थे। वे मानसिक स्वास्थ्य विभाग के अध्यक्ष भी थे। शासन ने उनको अब अटल बिहारी वाजपेई मेडिकल यूनिवर्सिटी में परीक्षा नियंत्रक पद की नई जिम्मेदारी सौंपी है। इससे पहले वो लोहिया संस्थान में भी चिकित्सा अधीक्षक रह चुके हैं। इसके उपरान्त जुलाई 2023 में चक गंजरिया स्थित कल्याण सिंह कैंसर सुपर स्पेशियालिटी संस्थान में चिकित्सा अधीक्षक पद की जि मेदारी संभाली। डॉक्टर देवाशीष शुक्ला ने बताया कि अटल मेडिकल यूनिवर्सिटी से संबद्ध कॉलेजों में समय पर परीक्षा उसके परिणाम घोषित करना पहला लक्ष्य है। कुलपति मेजर जरनल डॉक्टर अमित देवगन के निर्देशन में संस्थान को आगे बढ़ाने की दिशा में कदम उठाए जाएंगे। प्रदेश के मेडिकल कॉलेज जो अभी यूनिवर्सिटी से संबद्ध नहीं हैं ,उन्हें मानक पर कसकर संबद्धता प्रदान की जाएगी। पारदर्शी तरीके से नर्सिंग व पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों में दाखिले की प्रक्रिया पूरी करना लक्ष्य है।

## ओरल कैंसर बना भारत में साइलेंट किलर

# तंबाकू सिर्फ आदत नहीं, जीन बदलने वाला जहर

**लखनऊ।** मुंह का एक छोटा–सा सफेद दाग, मामूली सा छाला या पान–गुटखे का हल्का निशान—अधिकांश लोग इन्हें सामान्य समझकर नजरअंदाज कर देते हैं। लेकिन यही लापरवाही आगे चलकर ओरल कैंसर जैसी गंभीर और जानलेवा बीमारी का कारण बन सकती है। भारत में यह बीमारी तेजी से एक ह्यसाइलेंट किलर के रूप में उभर रही है। तंबाकू को आमतौर पर एक बुरी आदत या नशा माना जाता है, लेकिन चिकित्सा विज्ञान इससे कहीं अधिक गंभीर सच्चाई सामने रखता है। तंबाकू न केवल शरीर की कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि यह कोशिकाओं के जीन तक को बदलने की क्षमता रखता है। इसका प्रभाव केवल तात्कालिक नहीं, बल्कि दीर्घकालिक और पीढ़ियों तक पड़ने वाला हो सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, हर वर्ष विश्व में लगभग एक करोड़ लोगों की मृत्यु कैंसर के कारण होती है, जिनमें बड़ी संख्या तंबाकू से जुड़े कैंसरों की है। वहीं भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद के आंकड़े बताते हैं कि भारत में पुरुषों में होने वाले कैंसरों में ओरल कैंसर शीर्ष कारणों में शामिल है। इंटरनेशनल एजेंसी फॉर रिसर्च ऑन कैंसर की रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया के हर तीन ओरल कैंसर मरीजों में से एक भारत से है, जो स्थिति की गंभीरता को दर्शाती है।

### गुटखाः सिगरेट से भी अधिक खतरनाक

अक्सर यह माना जाता है कि सिगरेट सबसे ज्यादा नुकसानदायक है, लेकिन सच यह है कि गुटखा, खैनी और अन्य स्मोकलेस तंबाकू उससे भी अधिक घातक हैं। जहां सिगरेट कुछ मिनटों में खत्म हो जाती है, वहीं गुटखा 20 से 30 मिनट तक मुंह में बना रहता है। इस दौरान कैंसरकारी रसायन लगातार मुंह की टिशू के संपर्क में रहते हैं। शोध बताते हैं कि स्मोकलेस तंबाकू उपयोग करने वालों में ओरल कैंसर का खतरा 6 से 8 गुना तक बढ़ जाता है।



### इन लक्षणों को कभी न करें नजर अंदाज

- दो हफ्ते से अधिक समय तक न भरने वाला छाला
- मुंह में सफेद या लाल दाग
- मुंह खोलने में कठिनाई

**14 दिन का नियम याद रखें—**
यदि दो सप्ताह में घाव ठीक न हो, तो तुरंत विशेषज्ञ से जांच कराएं।

### दर्द न होना सबसे बड़ा खतरा

- ओरल कैंसर की सबसे खतरनाक बात यह है कि इसके शुरूआती लक्षणों में दर्द नहीं होता। मरीज महीनों तक इसे सामान्य छाला या दाग समझकर अनदेखा करता रहता है। परिणामस्वरूप 60 से 70 प्रतिशत मामले अंतिम स्टेज में सामने आते हैं, जब इलाज जटिल और सीमित हो जाता है।

### जीन पर पड़ता है असर

- हाल के शोध बताते हैं कि तंबाकू जीन के ऑन-ऑफ पैटर्न को बदल देता है (एपिजेनेटिक डैमेज)। यह बदलाव अगली पीढ़ियों तक असर डाल सकता है, यानी आज की आदतें बच्चों के स्वास्थ्य को भी खतरे में डाल सकती हैं। यह तथ्य चिकित्सा विशेषज्ञों के लिए गहरी चिंता का विषय है।

### अच्छी खबर भी है

ओरल कैंसर सबसे अधिक रोके जाने योग्य कैंसरों में से एक है। तंबाकू छोड़ने से इसका जोखिम 70 से 80 प्रतिशत तक कम हो जाता है और यदि बीमारी शुरूआती अवस्था में पकड़ में आ जाए, तो 90 प्रतिशत से अधिक मरीज पूरी तरह स्वस्थ हो सकते हैं।

### संकल्प का दिन बने विश्व कैंसर दिवस

विश्व कैंसर दिवस केवल जागरूकता का दिन नहीं, बल्कि संकल्प लेने का अवसर होना चाहिए—तंबाकू से दूरी बनाने का, समय पर जांच कराने का और दूसरों को भी जागरूक करने का। आज लिया गया एक सही निर्णय, कल कई जिंदगियां बचा सकता है।

# आवास विकास ने फ्लैट बेचकर कमाये 1000 करोड़

## पहले आओ पहले पाओ योजना में 31 मार्च तक पंजीकरण की अंतिम तिथि

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद ने पहले आओ-पहले पाओ और छूट की योजना से रिक्त फ्लैटों को बेचकर 1000 करोड़ रुपये की कमाई की है। पहले यह फ्लैट बिक ही नहीं रहे थे। सात वर्षों में खंडहर हो रहे थे। भारी मांग को देखते हुए परिषद ने फ्लैटों के पंजीकरण की अंतिम तिथि 31 मार्च 2026 तक बढ़ा दी है। आंकड़ों के अनुसार 31 जनवरी 2026 तक वेबसाइट के माध्यम से 2070 फ्लैट बुक किए गए थे, जो कि 2,141 फ्लैट के पार पहुंच गई है। लखनऊ, गाजियाबाद, कानपुर, मेरठ, आगरा, सहारनपुर और मुरादाबाद जैसे प्रमुख शहरों में परिषद की आवासीय योजनाओं की ओर आवंटी आकर्षित हो रहे हैं। परिषद ने मध्यम वर्गीय परिवारों और सरकारी कर्मचारियों के लिए अपने फ्लैटों की बुकिंग पर सुविधाओं दी जा रही है। एकमुश्त भुगतान पर भी छूट दी जा रही है। फ्लैट की कुल कीमत का 60 दिनों के भीतर पूर्ण भुगतान करने पर 15 प्रतिशत की भारी छूट मिलेगी। वहीं 61 से 90 दिनों में भुगतान करने पर 10 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। इसके अतिरिक्त सामान्य आवेदक मात्र 50 प्रतिशत भुगतान करके अपने घर का कब्जा प्राप्त कर सकते हैं। सशस्त्र और अर्धसैनिक बलों के जवानों सेवारत व सेवानिवृत्त के लिए 60 दिनों के भीतर भुगतान करने पर 20 प्रतिशत तक की विशेष छूट का प्रावधान है। साथ ही वे मात्र 25 प्रतिशत भुगतान पर कब्जा ले सकते हैं। जो लोग एकमुश्त भुगतान नहीं कर सकते, उनके लिए एमसीएलआर 1 प्रतिशत की किफ ायती ब्याज दर पर किस्तों की सुविधा भी उपलब्ध है। आवास आयुक्त डॉ. बलकार सिंह ने कहा कि परिषद का मुख्य उद्देश्य आम आदमी को किफायती, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण आवास उपलब्ध कराना है। पहले आओ पहले पाओ योजना के माध्यम से मिली यह सफलता परिषद के निरंतर प्रयासों और पारदर्शिता का परिणाम है। खरीदार परिषद की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर यह ऑफ र अब केवल 31 मार्च तक ही वैध है।


महत्वपूर्ण नंबर
वुमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

फायर स्टेशन
हजरतगंज- कंट्रोल रूम 9454418642
गोमती नगर-9454418657

एम्बुलेंस
मेडिकल सेवा- 102, 108

मेट्रो

# ईंट से कूंचकर युवक की हत्या, मौके पर मिली खून से सनी ईंट



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में सन्तराम (40) की ईंट से कूंचकर हत्या कर दी गयी। उसके शव थाना क्षेत्र के मुल्ला खेड़ा गांव के पास सड़क किनारे मिलने से सनसनी फैल गयी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक की शिनाख्त कराने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि मंगलवार को प्रातः करीब 08:27 बजे ग्राम चौरासी के ग्राम प्रधान ने थाना सुशांत गोल्फ सिटी को सूचना दी कि ग्राम चौरासी के निवासी संतराम पुत्र दुलारे रावत का शव मुल्ला खेड़ा गांव की सरहद में सड़क किनारे पड़ा है।

सूचना प्राप्त होते ही प्रभारी निरीक्षक थाना सुशांत गोल्फ सिटी व उच्चाधिकारी गण मौके पर पहुंचे। घटनास्थल व शव के निरीक्षण के दौरान मृतक के शरीर पर स्पष्ट रूप से चोट के निशान पाए गए। साथ ही ईंट से प्रहार किए जाने के निशान भी मिले। पुलिस ने आलाकत्ल खून से सने ईंट को कब्जे में ले लिया। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है।

इस मामले में पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज चेक किये और फोरेंसिक टीम को भी बुलाया। सीसीटीवी फुटेज में मृतक साइकिल से शराब के ठेके की तरफ जाता हुआ दिखाई दिया है। घटनास्थल पर उपस्थित ग्रामीणों, ग्राम प्रधान एवं मृतक के परिजनों से पूछताछ करने पर पता चला है कि मृतक सन्तराम मजदूरी करता था। उसके परिवार में दो पुत्र व एक पुत्री हैं। मौके पर पहुंची फॉरेंसिक/फील्ड यूनिट ने भौतिक एवं तकनीकी साक्ष्यों का संकलन किया और शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्यवाही कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस उपायुक्त, दक्षिणी ने घटना के शीघ्र अनावरण के लिए विशेष टीमें गठित की हैं। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है।

**युवक ने फांसी लगाकर दी जानः** मोहनलालगंज क्षेत्र में युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस का कहना है कि मंगलवार को प्रातः लगभग 09 बजे थाना मोहनलालगंज को सूचना मिली थी कि गणेश खेड़ा मऊ मोहनलालगंज क्षेत्र में एक व्यक्ति ने आम के पेड़ की डाल में फंदा लगाकर पर फांसी लगा ली है।

सूचना प्राप्त होते ही उपनिरीक्षक थाना मोहनलालगंज पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। मौके पर पाया गया कि युवक का शव फंदे से लट का था। पूछताछ में पता चला कि मृतक का नाम सुभाष चंद्र पुत्र छोटेलाल (40) निवासी गणेश खेड़ा मऊ थाना मोहनलालगंज है। पुलिस ने स्थानीय लोगों के सहयोग से शव को पेड़ से उतरवाया। मृतक के भाई फूलचंद की उपस्थिति में शव को निजी साधन से सीएचसी मोहनलालगंज ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शत्त को पो स्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

**पेट्रोल लेने जा रहे युवक से मारपीट, जान से मारने की धमकीः** गोसाईगंज थाना क्षेत्र में मारपीट का एक मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुदीप निवासी शाहन खेड़ा गांव सोमवार शाम करीब 6:30 बजे पेट्रोल-डीजल लेने निकले थे। डीजल न मिलने पर वह खुजौली से पेट्रोल लेकर वापस आ रहे थे। इसी दौरान रास्ते में उनकी गाड़ी में एक युवक ने टक्कर मारकर उन्हें रोक लिया। आरोप है कि मौके पर मौजूद शिवम पुत्र गोकरन, निवासी ग्राम खुजौली ने अपने एक अज्ञात साथी के साथ मिलकर सुदीप के साथ गाली-गलौज की और लात-घूंसों व बेल्ट से जमकर पिटाई की। मारपीट में सुदीप को गंभीर चोटें आई हैं। आरोपियों ने जाते-जाते कार्रवाई करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। गोसाईगंज पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## संदिग्ध हालात में युवक की मौत

**लखनऊ।** गुडम्बा इलाके में मंगलवार को बेलहा गांव में रहने वाले पंकज (22) की संदिग्ध हालात में मौत हो गयी। बताया जा रहा है कि वह अपने मित्र के साथ बाजार से बक्सा खरीदने गया था, जहां उसने दोस्तों संग जमकर शराबी पी और अचेत हो गया। इस हालत में उसे अस्पताल में पहुंचाया गया, जहां डाक्टरों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

इन्दिरानगर के बादशाहनगर निवासी पंकज कुछ दिनों से बेलहा गांव में अपनी मौसी के घर रह रहा था। मामा मुखराम के अनुसार सोमवार को वह दोस्तों संग बक्सा खरीदने के लिए कहकर गया था। रास्ते में तीनों दोस्तों ने शराब पी। उसके बाद वह अचेत हो गया। साथ गए दोस्तों ने परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजन उसे अस्पताल ले गए, जहां जांच के बाद डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## सड़क पार कर रही छात्रा को ट्रैक्टर ने कुचला, मौत

लखनऊ। चिनहट थाना क्षेत्र में सड़क पार कर रही एक 8वीं की छात्रा को ट्रैक्टर ने कुचल दिया। इस दर्दनाक हादसे में छात्रा की मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इंस्पेक्टर चिनहट दिनेश चंद्र मिश्रा के अनुसार मूलरूप से आजमगढ़ मुखलिशपुर कप्तानगंज निवासी मनोज उपाध्याय अपने परिवार के साथ नौबस्ता कलॉ देवा रोड चिनहट में रहते हैं। चाचा अनूप ने बताया भाई मनोज टेल्को कंपनी में नट बोल्ट बनाने का काम करते हैं।

## 75 वर्षीय वृद्ध का कमरे में मिला शव

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** आलमबाग कोतवाली इलाके मे मंगलवार सुबह एक 75 वर्षीय वृद्ध का कमरे में मृत अवस्था मे शव मिलने से हड़कंप मच गया। भतीजे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। आलमबाग कार्यवाहक प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र नाथ भदौरिया ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित सुजानपुरा मोहल्ले मे रहने वाले 75 वर्षीय वृद्ध राम स्वरूप शुक्ला मृतक अविवाहित थे जो पिछले काफी समय से शुगर बिमारी से ग्रसित थे। मंगलवार सुबह करीब 10 बजे भतीजा करन शुक्ला अपने चाचा के घर पहुंचा तो उन्हें मृत अवस्था मे देख पुलिस को कन्ट्रोल नम्बर पर जानकारी दी। मृतक के भतीजे करन के अनुसार उसके मृतक चाचा राम स्वरूप शुक्ला के दो अन्य भाई विजय शुक्ला कृष्णा नगर के पंडित खेड़ा में और राकेश शुक्ला भोला खेड़ा में अपने परिवार संग रहते है जबकि एक और मृतक भाई का परिवार कृष्णा नगर के शुभम सिटी में रहता है। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर वृद्ध की मृत्यु का कारण स्पष्ट हो सकेगा। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है।

# वकील को पीटकर किया मरणासन्न, एफआईआर दर्ज

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** कृष्णा नगर कोतवाली इलाके में बीते रविवार एक फरवरी की रात्रि अपने वकील साथियो के साथ कार से घर लौट रहे एक अधिवक्ता की गाड़ी में पीछे से स्कूटी सवार ने टक्कर मार दिया और विवाद के बाद स्कूटी सवार अपने कई साथियों को कार व स्कुटीयो से बुला कार सवार अधिवक्ताओं पर हमलावर हो एक अधिवक्ता की बुरी तरह जमकर पिटाई करने के बाद अपनी गाड़ी में जबरन लाद मरणासन्न अवस्था में रेलवे लाइन के किनारे फेक फरार हो गए। वही पीडित अधिवक्ता के साथी वकील ने घायल अधिवक्ता को एक निजी अस्पताल में भर्ती करा आरोपित स्कूटी सवार के खिलाफ गाडी नम्बर के आधार पर लिखित शिकायत की है।

कृष्णा नगर कोतवाली इलाके स्थित आरडीपी सिटी नियर ट्रैफिक पार्क विजयनगर में रहने वाले दुर्गेश प्रजापति पुत्र दुध नाथ वर्मा की माने तो वह बीते एक फरवरी की रात्रि करीब 11 बजे अपने चैंबर से अपने साथी अधिवक्ता यश चौहान ,रौनक राम और गोलू के साथ घर जा रहे थे।

कृष्णा नगर थाना क्षेत्र स्थित कनौसी रेलवे क्रांसिग बंद थी जिसकारण वह लोग अपनी कार में बैठे थे उस दौरान सफेद रंग की एक स्कूटी संख्या यूपी 32 एचबी 8111 जिसपर दो लोग सवार थे। जिन्होंने पीछे से उनकी कार पर टक्कर मार दिया जिसपर वह लोग कार से बाहर निकल स्कूटी सवार से बात करने लगे तो वह विवाद पर उतारू हो गए और गाली गलौच करने लगे, आरोप है कि जब उनलोगों ने पुलिस कन्ट्रोल नम्बर पर फोन करने के लिए मोबाइल निकाला तो स्कूटी सवार मोबाइल फोन छीन लिया और फोन पर अपने तीन और साथियों को बुला मारपीट करने लगे इसी दौरान कार से कुछ और दबंग आ गए और लोहे कि राड, लाठी डण्डो से अधिवक्ता पर हमला कर दिया और उनके साथी आशियाना निवासी यश सिंह चौहान को जबरदस्ती गाड़ी में जबरन भर उनपर अपनी गाड़ी चढ़ाने का प्रयास करने के साथ उसके वकील साथी यश चौहान को गाड़ी में लाद लेकर चले गए।

पीड़ित के अनुसार वह लोग किसी तरह अपनी जान बचा कन्ट्रोल नंबर पर पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद मौके पर पुलिस पहुंची और रेलवे पटरी के किनारे घयाल हालत में पड़े मिले वकील साथी यश को इलाज के लिये नजदीकी लोकबन्धु अस्पताल में भर्ती कराया। जहाँ से प्रथमिक उपचार के बाद उन्होंने अपने वकील साथी को अपोलो हॉस्पिटल में भर्ती करा दिया है जहाँ उनका इलाज चल रहा है उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। साथी अधिवक्ता दुर्गेश प्रजापति का कहना था उन्होंने स्थानीय कृष्णा नगर थाने पर आरोपित स्कूटी सवार के खिलाफ गाड़ी नंबर आधार पर पुलिस से लिखित शिकायत की है।

कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पीके सिंह ने बताया कि पीडित अधिवक्ता के वकील साथी की शिकायत पर दबंगों के खिलाफ जानलेवा हमला समेत लूटपाट अपरहण समेत गम्भीर धाराओं में सोमवार को रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है। दबंगों की गिरफ्तारी के लिए चार टीमें तलाश की जा रही है।

# जाति-धर्म की राजनीति करने वाले दलों पर रोक का प्रावधान नहीं

## चुनाव आयोग को किसी दल का पंजीकरण रद करने का भी अधिकार नहीं

विधि संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने राजनीतिक दलों द्वारा जातीय रैली के के विरुद्ध दाखिल जनहित याचिका का निस्तारण करते हुए, स्पष्ट किया है कि वर्तमान कानून के तहत किसी व्यक्ति या राजनीतिक दल को केवल इस आधार पर चुनाव लड़ने से पूरी तरह प्रतिबंधित नहीं किया जा सकता कि वह जाति या धर्म के आधार पर मतदाताओं को प्रभावित कर रहा है। न्यायालय ने कहा है कि यह विषय विधायिका का है कि वह इस संबंध में कानून बनाए, चुनाव आयोग भी किसी भी राजनीतिक दल का पंजीकरण इस आधार पर समाप्त नहीं कर सकता।

यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय और न्यायमूर्ति एके चौधरी की खंडपीठ ने स्थानीय अधिवक्ता मोतीलाल यादव की ओर से वर्ष 2013 में दाखिल जनहित याचिका पर पारित किया। न्यायालय ने याचिका पर विस्तृत निर्णय पारित करते हुए कहा कि जन प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 8-ए ही एकमात्र प्रावधान है, जिसके तहत चुनावी कदाचार के मामलों में अयोग्य ठहराया जा सकता, वह भी तब जब संबंधित व्यक्ति को दोषसिद्ध करार दिया जा चुका हो। अदालत ने स्पष्ट किया कि किसी राजनीतिक दल या व्यक्ति पर पूर्व-प्रतिबंध लगाने का अधिकार वर्तमान में कानून में उपलब्ध नहीं है और यह विषय पूर्णतः विधायिका के क्षेत्राधिकार में आता है। न्यायालय ने सुप्रीम कोर्ट के पूर्व निर्णयों का हवाला देते हुए कहा कि चुनाव आयोग को भी किसी राजनीतिक दल का पंजीकरण समाप्त करने का अधिकार प्राप्त नहीं है, सिवाय उन सीमित परिस्थितियों के जो सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित की गई हैं। न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया कि किसी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल की मान्यता को चुनाव चिन्ह (आरक्षण एवं आवंटन) आदेश, 1968 के पैरा 16-ए के तहत निलंबित या वापस लिया जा सकता है। हालांकि, इस संबंध में भी नए या अतिरिक्त प्रावधान जोड़ने का अधिकार सिर्फ विधायिका को है, न कि न्यायालय को।

न्यायालय ने अपने निर्णय में एक व्यापक सामाजिक दृष्टिकोण अपनाते हुए कहा कि जाति और धर्म आधारित संकीर्ण सोच का स्थायी समाधान सिर्फ कानूनों के माध्यम से संभव नहीं है, इसके लिए परिवार और शिक्षा प्रणाली में सही मूल्यों का संचार आवश्यक है।

# दूध में मिलावट का खेल, केमिकल से बढ़ाया जा रहा फैट

- मिलावटी दूध से मलिहाबाद के बच्चों में खतरा बढ़ा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मलिहाबाद तहसील क्षेत्र में दूध में मिलावट का खेल तेजी से फैलता जा रहा है। गाढ़ा दूध और उबालने के बाद मोटी मलाई बनाने के लालच में दूध में केमिकल मिलाए जा रहे हैं, जो न सिर्फ नन्हे-मुन्ने बच्चों बल्कि आम लोगों की सेहत के लिए भी बेहद खतरनाक साबित हो सकते हैं।

सूत्रों के अनुसार गांवों से दूध एकत्र करने के बाद कुछ डेयरी संचालक मोटी कमाई के चक्कर में दूध में फैट बढ़ाने के लिए रासायनिक पदार्थों की मिलावट कर रहे हैं। मलिहाबाद और माल क्षेत्र के कई गांवों में संचालित दुग्ध डेयरियों में आसपास के पशुपालकों से दूध खरीदा जाता है। दूध खरीदते समय डेयरी पर ही फैट की जांच कर उसी के आधार पर कीमत तय की जाती है। पशुपालकों से दूध खरीदने के बाद डेयरी संचालक उसे बड़ी टंकियों या बर्तनों में एकत्र करते हैं। सूत्रों का दावा है कि देर शाम दूध को टैंकरों में भरते समय सिरिंज जैसी वस्तुओं के जरिए उसमें मिलावट की जाती है और फिर इसे गंतव्य स्थान तक भेज दिया जाता है।

हालांकि यह मिलावट फिलहाल सीमित मात्रा में बताई जा रही है, लेकिन जितनी भी मिलावट हो रही है, वह लोगों की सेहत से खिलवाड़ करने के लिए काफी है। ग्रामीणों का कहना है कि मिलावट किया गया यह दूध आगे किसी कंपनी को सप्लाई किया जाता है, जहां से तैयार दुग्ध उत्पाद बाजार में पहुंचते हैं और अनजाने में लोग उनका सेवन कर रहे हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि जिम्मेदार विभाग माल और मलिहाबाद क्षेत्र में संचालित दुग्ध डेयरियों से दूध उठाने वाले टैंकरों का औचक निरीक्षण कर जांच करें, ताकि इस मिलावटखोरी पर रोक लगाई जा सके।

# रैकी कर बंद घरों को बनाते थे निशाना, दो गिरफ्तार

- दो लाख 66 हजार के अलावा भारी मात्रा में सोने-चांदी के जेवरात बरामद

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** बंद घरों को निशाना बनाने वाले चोरों के गैंग को पूर्वी जोन की सर्विलांस व क्राइम की संयुक्त टीम ने चिनहट पुलिस के साथ मिलकर मंगलवार को भंडाफोड़ किया है। पुलिस की गिरफ्त में आए दोनों बदमाशों के कब्जे से पुलिस ने दो लाख 66 हजार रुपए की नकदी, गहने और वारदात में इस्तेमाल किए जाने वाली मोटरसाइकिल भी बरामद किया है। डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह ने बताया कि इंस्पेक्टर चिनहट दिनेश चंद्र मिश्रा और उनकी सर्विलांस व क्राइम की संयुक्त टीम ने देवा रोड स्थित राष्ट्रीय ग्राम उद्योग आश्रम इंटर कॉलेज के पास घेराबंदी कर इंदिरा नगर क्षेत्र स्थित जरहरा गांव निवासी राहुल गुप्ता व गोंडा जिले के कर्नलगंज थाना क्षेत्र स्थित बरईन पुरवा गांव निवासी राजू कश्यप को गिरफ्तार किया है।

पूछताछ में पकड़े गए बदमाशों ने बताया कि बीते दो फरवरी की रात हरदासी खेड़ा गांव निवासी सुरेंद्र कुमार के घर का मकान का ताला तोड़कर चोरी की। इसके अलावा आशियाना क्षेत्र के रूचि खंड निवासी शाहेदा हुसैन के घर का ताला तोड़कर 28 जनवरी को चोरी की, 24 जनवरी को बाबा कबाड़ी के सामने ताला बंद मकान में चोरी करना कबूल किया। इंस्पेक्टर चिनहट के मुताबिक गैंग के सरगना ने कबूला कि वह दिन में एक शख्स को बंद घरों को चिह्नित करने के लिए भेजता था। रात में मौका मिलते ही मौके पर पहुंच कर घटना को अंजाम देने के बाद भाग निकलते थे।

पूछताछ में आरोपितों ने पुलिस को बताया कि इससे पहले भी कई बार जेल जा चुके हैं और निकलने के बाद फिर योजना के तहत वारदात को अंजाम देने की बात स्वीकार किया है। पकड़े गए दोनों आरोपी शातिर किस्म के अपराधी हैं और इनके खिलाफ अलग-अलग धाराओं में कई मुकदमें दर्ज हैं। इनके पास से चोरी किए गए लाखों के जेवरात, घटना में इस्तेमाल मोटरसाइकिल व दो लाख 66 हजार रुपए की नकदी बरामद हुई है।

डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह ने इंस्पेक्टर चिनहट दिनेश चंद्र, उपनिरीक्षक दीपक कुमार पांडेय, हेड कांस्टेबल संदीप पाण्डेय, उपनिरीक्षक कपिल कुमार, कांस्टेबल शिवानंद खरवार, उपनिरीक्षक अभिषेक तिवारी, कांस्टेबल तरनजीत सिंह, कांस्टेबल अर्जुन चौरसिया, कांस्टेबल विमल चन्द, विकास राघव, कांस्टेबल अजय यादव व कांस्टेबल प्रदीप कुमार को शाबाशी दी।

## 5 लाख व मकान मांगने का लगाया आरोप

**लखनऊ।** कृष्णा नगर कोतवाली इलाके मे रहने वाली एक युवती ने युवक पर आर्यसमाज मंदिर में शादी रचा विदाई में 5 लाख रुपए व मकान मांगने का आरोप लगा पति व सास के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कराया है। कृष्णा नगर कोतवाली इलाके स्थित एलडीए कालोनी निवासी अनामिका राज पुत्री अभिषेक कुमार के अनुसार बीते 7 जुलाई को एएमसी अफिसस मेस, नजदीकी तोपखाना बाजार लखनऊ का निवासी विकास चौहान पु० राजेन्द्र कुमार से उनकी मुलाकात हुई थी और उन्होंने शादी का वादा किया था। आरोप है कि आरोपित विकास चौहान ने बीते 22 जुलाई 25 को उसे आर्य समाज मंदिर अलीगंज में बुला उससे शादी की थी,लेकिन शादी के बाद विदाई करवा कर ससुराल ले चलने के नाम पर पति विकास चौहान और उनकी माँ सुनीता चौहान ने उससे उसके पिता द्वारा मिले मकान को अपने नाम करवाने के साथ ही 5 लाख रुपये की मांग की और मकान और पैसे देने से मना करने पर पति विकास चौहान ने उसके पिता से मारपीट करने के साथ ही उसके साथ भी गाली-गलौज कर धमकी दे उससे सम्पर्क करना बंद करने के साथ ही उसके व उसके पिता के फोन नम्बर को ब्लॉक कर दिया है।

## छुट्टा गोवंश ने 14 वर्षीय किशोरी को कुचला

**लखनऊ।** चौक क्षेत्र के चौपटिया में छुट्टा गोवंश का आतक एक किशोरी की जान पर भारी पड़ते-पड़ते बचा। दो दिन पहले 14 वर्षीय बच्ची रिद्धिमा उर्फ चिकी को एक गाय ने दौड़ाकर हमला कर दिया। उसे बेरहमी से पैरों तले कुचलने लगी। गाय बच्ची को इस तरह रौंद रही थी कि जैसे उसकी जान लेकर ही छोड़ेगी। स्थानीय लोग उसे पत्थर मार रहे थे लेकिन वह नहीं हट रही थी। बढ़ी मुश्किल से गाय को लोग हटा पाए। घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। दोबारा किया हमला सीसीटीवी फुटेज में साफ देखा जा सकता है कि गाय दौड़ते हुए किशोरी को गिरा देती है और उसे लगातार कुचलने लगती है।

## खराब मौसम के कारण किया गया डायवर्ट

**लखनऊ।** बीती रात जम्मू कश्मीर के श्रीनगर से दिल्ली जा रही एयर इंडिया एक्सप्रेस की नान शेड्यूल घरेलू उड़ान को दिल्ली में मौसम खराब होने के कारण लखनऊ डायवर्ट किया गया। लखनऊ एयरपोर्ट पर यह विमान बीती रात करीब 12:45 बजे उतरा। एयरपोर्ट सूत्रों ने बताया कि बीती रात दिल्ली का मौसम अचानक खराब हो गया। जिससे वहां उड़ानों की लैंडिंग में दिक्कत आने लगी। जिसके कारण श्रीनगर से दिल्ली जा रही एयर इंडिया एक्सप्रेस की नान शेड्यूल उड़ान (आईएक्स 1029) को लखनऊ एयरपोर्ट के लिए डायवर्ट कर दिया गया।यह उड़ान लखनऊ एयरपोर्ट पर रात 12:40 बजे उतरी। विमान में 161 यात्री सवार थे। यह विमान मंगलवार दोपहर तक लखनऊ एयरपोर्ट पर खड़ा रहा।जब दिल्ली का मौसम सही हो गया, तब इस विमान को लखनऊ एयरपोर्ट से दोपहर करीब 1:30 बजे दिल्ली के लिए रवाना कर दिया गया। इससे भी विमान में सवार यात्रियों को काफी दिक्कत झेलनी पड़ी।

## एकेटीयू के 11 छात्रों का हुआ कैंपस प्लेसमेंट

**लखनऊ।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग की ओर से आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में बीटेक के 11 छात्रों का चयन सॉफ्टवेयर इंजीनियर इंटर्न के पद पर हुआ है। एडिको ग्रुप में चयनित इन छात्रों को कंपनी की ओर से दो महीने पेड ट्रेनी के तौर पर 20 हजार रुपए मिलेगा। इसके बाद आठ से दस लाख रुपए का पैकेज कंपनी परफॉर्मेंस के अनुसार देगी। इसके अलावा अन्य सुविधाएं भी मुहैया करायी जाएंगी। चयनित छात्रों को कुलपति प्रो जेपी पाण्डेय ने बधाई और शुभकामनाएं दी है। डीन ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट प्रो नीलम श्रीवास्तव के नेतृत्व में ड्राइव का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय की ओर से लगातार छात्रों को ट्रेनिंग कराने के साथ ही कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया जा रहा है। जिससे अधिक से अधिक छात्र रोजगार पा सकें।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे हाईस्कूल के अंकपत्र अनुक्रमांक-5181348 वर्ष 2003 में त्रुटिवश मेरी जन्मतिथि 11.06.1988 दर्ज है, जबकि मेरी सही जन्मतिथि 11.06.1986 है। **रजनेश कुमार यादव पुत्र श्री सत्यराम यादव नि.-ग्राम-नगला जसी, पोस्ट-सकरा, जिला-मैनपुरी।**

**सूचना**

सूचित हो कि मैंने एक कच्चा प्लाट मौजा-लडाकापुरवा जे.ए. परगना व जिला बांदा जिसका गाटा सं.-1203 में क्रय किया था जो उपनिबन्धक कार्यालय बांदा में दिनांक 28.03.2009 को पंजीकृत हुआ था जिसका जिल्द सं.-3093 पृष्ठ सं. 71 से 90 पर क्रमांक 1745 को विक्रेता श्रीमती कोयली पत्नी राम सेवक नि.मु.कालू कुआ शहर बांदा से क्रय किया था। वापसी में आते समय 27.01.26 को बांदा में कहीं खो गया है। इसकी ऑनलाइन शिकायत 02.02.26 को पुलिस में दर्ज कराई गयी है। **श्रीमती संगीता देवी पत्नी विरेन्द्र कुमार नि. ग्राम महोखर परगना व जिला बांदा।**

# करोड़ों की जमीन 22 लाख में बेची, आरोपित गिरफ्तार

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मोहनलालगंज पुलिस ने करोड़ों की जमीन को कौड़ियों के भाव बेचने वाले गिरोह के सरगना अमरीश तिवारी को गिरफ्तार किया है। वह ढाई साल से फरार था और उसके खिलाफ 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। अमरीश ने फर्जी दस्तावेज बनाकर 9 बीघा जमीन 22 लाख रुपये में बेची और फिर अपने परिवार के नाम 67 लाख रुपये में एग्रीमेंट कराया। इंस्पेक्टर मोहनलालगंज ब्रजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि गिरफ्तार अमरीश तिवारी मूलरूप से बाराबंकी के भिखारी खेड़ा का रहने वाला है। अमरीश उसके परिचित तीन से चार लोगों ने मिलकर यह षड़यंत्र रचा था। मुख्य भूमिका उसमें अमरीश की ही थी। इंस्पेक्टर के मुताबिक ठाकुरगंज में रहने वाली मंजू वर्मा व उनके जेठ राजकुमार वर्मा ने भदेसुवा गांव में 9 बीघा जमीन खरीदी थी।

अमरीश ने दोनों के नाम से फर्जी दस्तावेज बनवाए। उसने राजकुमार और मंजू के स्थान पर किसी अन्य महिला और पुरुष को खड़ा कर 29 सितम्बर 2023 को 22 लाख रुपये में नौ बीघा जमीन बेचने का जिक्र करते हुए उप निबंधक दफ्तर मोहनलालगंज में बैनामा कर दिया।

जालसाजों ने खरीदी जमीन 27 लाख रुपये में बेच दी। जमीन का बैनामा भी एक परिचित के नाम ही बैनामा किया था। उसके बाद उस जमीन का अपने ही परिवार के एक सदस्य व कंपनी संचालक के नाम अमरीश ने 67 लाख रुपये में एग्रीमेंट करा लिया था। बिक्री की धनराशि किसी को दी नहीं गई थी। दोनों लोगों ने पूरे मामले की शिकायत डीसीपी दक्षिणी से की। डीसीपी के आदेश से पुलिस ने 3 अक्टूबर 2024 को आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। पुलिस की विवेचना में सामने आया कि बाराबंकी जिले के भिखारीखेड़ा में रहने वाला अमरीश तिवारी जो मौजूदा समय में कृष्णानगर के सैनिक नगर में रह रहा है उस की भूमिका है। वह जालसाजी करके जमीन खरीदने बेचने का काम करता है, जिसके बाद से पुलिस उसको तलाश रही थी। उस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

**रियल एस्टेट कंपनी में निवेश के नाम पर जालसाजों ने सैन्यकर्मी से 58 लाख रुपये हड़प :** रियल एस्टेट कंपनी में निवेश के नाम पर जालसाजों ने सैन्यकर्मी से 58 लाख रुपये हड़प लिए। रिटायर्ड सूबेदार और कंपनी मालिक ने निवेश पर प्रतिमाह साढ़े सात प्रतिशत मुनाफे का लालच दे रखा था। जाल में फंसे पीड़ित ने निवेश किया, लेकिन उसे एक भी रुपये अभी तक नहीं मिला। रुपये वापस मांगने पर आरोपितों ने गाली-गलौज कर धमकाया। डीसीपी साउथ निपुण अग्रवाल के आदेश पर कृष्णानगर पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की।

मूलरूप से फतेहपुर निवासी सैन्यकर्मी श्रीराम शुक्ल लखनऊ में तैनात हैं। वर्ष 2024 में वे लखनऊ में प्लॉट खरीदने के इच्छुक थे। उसी दौरान उनकी मुलाकात रिटायर्ड सूबेदार सुभाष से हुई। सुभाष ने कहा कि आशियाना स्थित धारा ग्रीन इंफ्राटेक कंपनी में निवेश करने पर प्रतिमाह उन्हें साढ़े सात प्रतिशत रिटर्न मिलेगा और दो वर्ष बाद उन्हें जमा रकम वापस कर दी जाएगी। आरोपित ने अपने जाल में फंसाकर श्रीराम की मुलाकात कंपनी के मालिक प्रशांत सोनी, अधिकारी रवि सरोज और अभिषेक से करायी। बातचीत के बाद पीड़ित श्रीराम ने जनवरी 2024 से जून 2024 के बीच 58 लाख रुपये निवेश कर दिए। जुलाई माह में रुपये वापस मांगने पर कंपनी के लोग टालमटोल करने लगे। नवंबर 2024 में एग्रीमेंट के बाद भी आरोपितों ने रुपये नहीं दिए।

## छेड़छाड़ का आरोपित गिरफ्तार

**लखनऊ।** ठाकुरगंज पुलिस ने छेड़छाड़ मामले के आरोपित मो. शोएब को गिरफ्तार किया है। पीड़िता ने आरोपित के खिलाफ थाने में शिकायत की थी कि आरोपित ने घर में घुसकर किशोरी के साथ अश्लील हरकतें कीं। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपित को गिरफ्तर कर जेल भेज दिया।

ठाकुरगंज इंस्पेक्टर ओमवीर सिंह चौहान ने बताया कि पीड़िता ने सोमवार को थाने में आरोपित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पीड़िता ने बताया था कि वह घर पर अकेली थी। इस बीच गांव का एक युवक पीड़िता के घर जबरन घुस आया और उसके साथ अश्लील हरकतें करने लगा। पीड़िता के शोर मचाने पर आसपास के लोग आ गए। भीड़ को आता देख आरोपित मौके से भाग गया। शाम को घर आए पिता को किशोरी ने अपने साथ हुई घटना की जानकारी दी। इस घटना से

परेशान परिजन आरोपित मो. शोएब के घर गए। आरोप है कि शोएब के परिजनों ने किशोरी के परिजनों को गाली-गलौज करते हुए भगा दिया। पीड़िता के पिता सोमवार देर शाम ठाकुरगंज थाने आरोपित की शिकायत करने पहुंचे। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली। इंस्पेक्टर ठाकुरगंज सोमवार देर रात फोर्स के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे, तभी मिली सूचना पर उन्होंने किशोरी से छेड़छाड़ करने के आरोपित मो. शोएब को मानस हॉस्पिटल के सामने से हिरासत में ले लिया। पुलिस ने बताया कि पकड़ा गया आरोपित मो. शोएब, बाजनगर अंधे की चौकी, शहीद स्मारक दुबग्गा था ना क्षेत्र का निवासी है। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।



शब-ए-बारात पर अपने पुरखों की कब्र पर रोशनी करते लोग



पुरखों की कब्र पर फूल चढ़ाते परिजन



पुरखों की कब्र पर परिजनों ने की प्रार्थना

फोटो-समीर भटनागर

# शब-ए-बारात : कब्रों पर चिराग जलाकर किया पुरखों को याद



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मंगलवार को शबे बरात रवायत व अकीदत के अनुसार मनाई गई। मुसलमानों ने रात भर इबादत कर दुआ मांगी। लोग गुनाहों की निजात की रात में तौबा व अस्तगफार करते रहे।

मुस्लिम समाज ने इबादत के साथ पुखों को भी याद किया। दरगाहों व कब्रिस्तानों पर हाजिरी दी। शाम की नमाज (मगरिब) पढ़कर लोग इबादत में जुट गए जिसका सिलसिला सोमवार की सुबह तक जारी रहा। मस्जिद, दरगाह व कब्रिस्तानों पर रोशनी का इंतजाम रहा। मस्जिद व दरगाह को झालरों के जरिए सजाया गया था। मुबारक रात में लोगों ने मिस्वाक किया। गुस्ल (नहाना) किया। अच्छे कपड़े पहने। इत्र लगाया। पुर्खों की मगफिरत (बख्शिश) के लिए दुआ की। बीमारों का हालचाल जाना। तहज्जुद की नमाज पढ़ी। फर्ज नमाज अदा कर नफ्ल नमाज ज्यादा पढ़ीं। दरूदो सलाम का नजराना पेश किया। कुरआन-ए-पाक, सूरह यासीन की तिलावत कसरत से की। मस्जिद व घरों में रातभर इबादत होती रही। पुरुषों ने मस्जिद में तो वहीं महिलाओं ने घरों में इबादत कर बरकत की दुआ मांगी। ऐशबाग ईदगाह, शाहमीना शाह दरगाह, फातिमी मस्जिद, टीले वाली मस्जिद, जामा मस्जिद मुंशी पुलिया, एक मिनारा मस्जिद, अकबरी गेट मस्जिद के साथ ही शहर के सभी कब्रिस्तान रोशन रहे।

**ऐशबाग ईदगाह में महफिले कुरान:** शबे बरात के मौके पर ऐशबाग ईदगाह में अजीमुश्शान मुजाहिरा किरात हुआ। जलसे में उलेमाओं ने शबेबरात की फजीलत बयां की। जलसे की अध्यक्षता करते हुए इमाम ईदगाह मौलाना ने कहा कि शबेबरात बहुत फजीलत वाली रात है। इस रात को बंदों की उम्र, रोजी, सेहत और जिन्दगी तय की जाती है। इस में खुद पाक के वह बंदे जो उससे अपने गुनाहो की माफी मांगते हैं, गलत कामों से तौबा करते हैं, अपने लिए खैर व बरकत मांगते हैं, अल्लाह उनकी दुआएं कबूल करता है। मौलाना ने कहा कि 15 वीं शब को नमाजज पढ़ना और दिन को रोजा रखना मसनून है। मौलाना सूफियान निजामी ने कुरआन की अहमियत पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि कुरआन दुनिया की ऐसी अकेली किताब है जिसके एक शब्द और नुक्ते में भी कोई बदलाव नहीं कर सकता है। इसलिए क्योंकि इसकी हिफाजत की पूरी जिम्मेदारी खुदा पाक ने खुद ले रखी है।

**घरों में हुई नज्र-नियाज:** शबेबरात पर लोगों ने अपने पुरखों की याद में नज्र-नियाज व फातेहा दिलाकर उनकी मगफिरत के लिए दुआएं की और रातभर इबादत की। इस मौके पर कर्बलाओं, कब्रस्तानों, मस्जिदों में विशेष नमाजों और कुरानख्वानी का आयोजन किया गया। लोगों ने दुनिया में न रहे अपने रिश्तेदारों और अजीजों की कब्रों को मोमबत्तियों और तरह-तरह के फूलों व फूलों की चादरों से खूब सजाया था। कर्बला तालकटोरा, कर्बला मलका जहां, कर्बला इमदाद हुसैन खां, ऐशबाग, आलमबाग वीआईपी रोड, इमामबाड़ा गुफरामाब, इमामबाड़ा आगा बाकर, कुमेदान की बगिया, कर्बला अब्बास बाग, मिसरी की बगिया, कर्बला मुंशी फजले हुसैन, अलीगंज, सुप्पा, डालीगंज, गोमतीनगर गंजे शहीदां, मवैया, गढ़ीकनौरा, सर्वोदयनगर, तकिया मीरन शाह, खदरा, राजाजीपुरम, निशातगंज आदि कब्रस्तानों पर रात भर रौनक रही। लोगों ने यहां पहुंच कर अपने पुरखों की कब्रों पर फातेहा पढ़ा। लोगों ने फातेहा दिलाने के लिए जहां घरों में चने की दाल, रवे का हलवा, पूरी-पराठा बनाया तो कुछ लोगों ने बाजार से हलवा खरीद कर फातेहा दिलवायी।

**आतिशबाजी कर मनाया जश्न:** शिया समुदाय ने देर रात आतिशबाजी कर 12वें इमाम हजरत मेहंदी अलेहिस्सलाम की विलादत का जश्न मनाया। शिया समुदाय ने अपने घरों को रंगबिरंगी रोशनी से सजाकर खुशियां मनाईं। घरों में महिलाओं ने चने की दाल व सूजी के हलवे के साथ तरह-तरह का स्वादिष्ट व्यंजन पकाए, बाद में उन व्यंजनों पर इमाम की नज्र दिलाई गई।

**सजी महफिलें, मनाई खुशियां :** इमाम की विलादत के मौके पर खदरा स्थित कर्बला मलका आफाक (गारवाली कर्बला) में जश्न-ए-मसर्रत मनाया गया। दो दिवसीय महफिलों के पहले दिन मौलाना ने महफिल को खिताब कर इमाम के जहूर (अवतरित) होने के समय की निशानियां बयां कीं। देर रात तक कर्बला में जायरीनों का हुजूम उमड़ा रहा, लोगों ने जियारत कर दुआएं मांगी। ऐशबाग स्थित कर्बला मलका जहां में आयोजित जश्न-ए-वली-ए-अस्र मौलाना ने महफिल पढ़ी। बाद में शायरों ने कलाम पेश किए। इसी तरह रौजा-ए-काजमैन, कर्बला दियानतुद्दौला बहादुर, इमामबाड़ा शाहनजफ, दरगाह हजरत अब्बास सहित कई जगह जश्न-ए-इमाम-ए-जमाना उनवान में महफिलें सजाकर खुशियां मनाई गईं।



**गोमती में रोशन बजरा:** मेहंदी घाट पर दरिया (गोमती) में बजरा रोशन रहा। महकते फूलों के साथ बजरे को रंगबिरंगी रौशनी से सजाया गया। मौलाना हसन जहीर ने बजरे पर इमाम की नज्र दी। शिया समुदाय ने बजरे की जियारत कर नज्र चखी। रात 12 बजे बजरे पर महफिल सजी, जिसमें शायरों ने इमाम की शान में कलाम पेश किए। बजरे की जियारत करने के लिए देर शाम से ही भीड़ जुटने लगी थी, जो गुजरते समय के साथ बढ़ती गई। रातभर जायरीनों ने मेहंदी घाट पहुंचकर बजरे की जियारत की और बेहतर जिंदगी के लिए इमाम से दुआएं मांगी। वहीं, देर रात गोमती नदी में अरीजा डालने का सिलसिला भी शुरू हो गया। इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया फरंगी महल की ओर से किरत का मुकाबला हुआ। इस बीच मदरसे के बच्चों ने अपने खास अंदाज में किरत सुनाई। वहीं, कुरआन शरीफ हिफ्ज करने पर कई छात्रों की दस्तारबंदी की गई। ऐशबाग ईदगाह के इमाम ने दस्तारबंदी की रस्म अदा कर मदरसा छात्रों को कुरआन शरीफ याद करने की मुबारकबाद दी।

# ऐशबाग में 20 से लगेगा जमघट म्हारो श्याम का

## जयपुर और कोलकाता के गायक भजन सरिता बहायेंगे

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** श्री श्याम ज्योत मंडल की ओर से 20,21 और 22 फरवरी को श्री श्याम निशानोत्सव का आयोजन किया जाएगा। ऐशबाग तिलक नगर के महाराजा अग्रसेन पार्क में आयोजित 44वें उत्सव के शुरूआती दो दिन देश के नामी भजन गायक भजनों की सरिता बहाएंगे। तीसरे दिन श्याम सतरंगी ध्वजा यात्रा निकाली जाएगी। जमघट म्हारो श्याम का थीम पर आयोजित कार्यक्रम में लखनऊ और आसपास के जिलों के हजारों लोग अपने अराध्य के दर्शन करने आएंगे। इस बार के आयोजन में 20 व 21 फरवरी को शाम पांच बजे से जयपुर के कुमार नरेंद्र, संजय पारीक, नवीन शर्मा और रोहित शर्मा, रांची की पूजा पारीक ,कोलकाता के लव अग्रवाल, संजय शर्मा और अरविंद सहल, कानपुर के कुमार मुकेश भजनों के माध्यम से श्याम प्रभु की महिमा का गुणगान करेंगे। 22 फरवरी को पूर्वाह्न 11 बजे से शोभायात्रा निकाली जाएगी जो तिलक नगर से शुरू होकर राम नगर, शास्त्री नगर, रकाबगंज, पांडेगंज, रानी गंज, सरांय फाटक, फतेहगंज, श्रीराम रोड, कैसरबाग, परिवर्तन चौक होते हुए बीरबल साहनी मार्ग स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर पर जाएगी। 23 फरवरी को श्याम ध्वजा लेकर एसी बस से भक्तजन खाटू धाम के लिए रवाना हो जाएंगे।

# इस महीने पड़ेंगे महाशिवरात्रि व विजया एकादशी जैसे व्रत व त्यौहार

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** साल 2026 का दूसरा महीना शुरू हो चुका है। व्रत और त्योहार के लिहाज से फरवरी का महीना बेहद महत्वपूर्ण रहने वाला है। संकष्टी चतुर्थी, विजया एकादशी और महाशिवरात्रि जैसे प्रमुख त्योहार पड़ने वाले हैं। इसके साथ ही फरवरी के अंतिम सप्ताह से आठ दिन चलने वाले होलाष्टक की शुरूआत भी हो रही है। ऐसे में आइए जानते हैं फरवरी 2026 में पड़ने वाला प्रमुख व्रत और त्योहार की पूरी लिस्ट।



**संकष्टी चतुर्थी:** संकष्टी चतुर्थी का व्रत 5 फरवरी गुरुवार के दिन पड़ रहा है। पंचांग के अनुसार, फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को इसे मनाया जाएगा। भगवान गणेश को समर्पित यह व्रत करने से व्यक्ति के जीवन से सभी कष्ट दूर हो जाते हैं।

**विजया एकादशी:** विजया एकादशी का भगवान विष्णु को समर्पित व्रत है। पंचांग के अनुसार, फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष को यह त्योहार मनाया जाएगा। इस बार 13 फरवरी 2026, शुक्रवार को यह पड़ रहा है। मान्यता है कि इसी दिन भगवान राम ने युद्ध पर जाने से पहले यह व्रत किया था।

**महाशिवरात्रि:** भगवान शिव को समर्पित महाशिवरात्रि का पर्व हिंदू धर्म के सबसे प्रमुख त्योहारों में से एक है। मान्यता है कि इसी दिन भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह हुआ था। पंचांग के अनुसार, फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को महाशिवरात्रि मनाई जाएगी। ऐसे में इस बार 15 फरवरी, रविवार को यह पर्व पड़ रहा है।

**फाल्गुन अमावस्या:** फाल्गुन मास की अमावस्या का व्रत इस बार 17 फरवरी को रखा जाएगा। इस दिन को पितरो की शांति के लिए उत्तम दिन माना जाता है। बता दें कि साल भर में पड़ने वाली 12 अमावस्या तिथि में से फाल्गुन मास की अमावस्या अंतिम अमावस्या होती है।

**आमलकी एकादशी:** फाल्गुन मास के शुक्ल पक्ष में पड़ने वाली एकादशी को आमलकी एकादशी कहा जाता है। इस दिन भगवान विष्णु के साथ-साथ आंवले के पेड़ की भी पूजा होती है। इसे रंग भरी एकादशी भी कहा जाता है। इस बार 27 फरवरी 2026, शुक्रवार के दिन यह व्रत पड़ रहा है।

**होलाष्टक प्रारंभ:** होली के त्योहार से आठ दिन पहले होलाष्टक लग जाता है। इस अवधि के दौरान किसी भी तरह का शुभ कार्य नहीं किया जाता है। मान्यता है कि इसी दिन भगवान शिव ने क्रोध में आकर कामदेव को भस्म किया था। इस बार होलाष्टक की शुरूआत 24 फरवरी 2026, मंगलवार से हो रही है।

# शुक्र हुए उदय, आने वाले 9 महीने चार राशियों के लिए शुभ

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** माघ पूर्णिमा के अवसर पर शुक्र ग्रह मकर राशि में उदीयवान हो गए हैं। पंचांग के मुताबिक शुक्र का उदय शाम करीब साढ़े छह बजे हुआ और अब यह स्थिति 12 अक्टूबर 2026 तक बनी रहेगी। यानी लगभग 9 महीने तक शुक्र उदित अवस्था में रहेंगे। शुक्र को ज्योतिष में धन, वैभव, सुख-सुविधा, प्रेम और सौंदर्य का कारक ग्रह माना जाता है। जब शुक्र उदय अवस्था में होता है, तो उसका सकारात्मक प्रभाव ज्यादा स्पष्ट रूप से देखने को मिलता है। ज्योतिषविदों के अनुसार, इस बार शुक्र का उदय खास तौर पर चार राशियों के लिए शुभ संकेत लेकर आया है। इन राशियों के जातकों की आर्थिक स्थिति, करियर और निजी जीवन में सुधार देखने को मिल सकता है।



**वृषभ राशि:** शुक्र के उदय से वृषभ राशि वालों के लिए आर्थिक स्थिति मजबूत होने के संकेत मिल रहे हैं। आय के नए अवसर सामने आ सकते हैं और पुराने निवेश से लाभ मिलने की संभावना है। कुछ लोगों को किसी मित्र या रिश्तेदार की ओर से कीमती उपहार भी मिल सकता है। इस दौरान सोना-चांदी, वाहन या संपत्ति से जुड़े फैसले आपके पक्ष में जा सकते हैं। अगर आप लंबे समय से किसी बड़े निवेश की योजना बना रहे थे, तो आने वाले महीनों में सही मौका मिल सकता है। कुल मिलाकर यह समय धन और स्थिरता बढ़ाने वाला साबित हो सकता है।

**मिथुन राशि:** मिथुन राशि वालों के लिए शुक्र का उदय मेहनत का फल दिलाने वाला माना जा रहा है। नौकरीपेशा लोगों को पदोन्नति या किसी बड़ी उपलब्धि की खबर मिल सकती है। व्यापार से जुड़े लोगों के मुनाफे में भी बढ़ोतरी के संकेत हैं। खर्चों पर नियंत्रण रहेगा, जिससे बचत बेहतर होगी। पारिवारिक जीवन में भी धीरे-धीरे शांति लौट सकती है। जिन रिश्तों में तनाव चल रहा था, उनमें सुधार आने की संभावना है। यह समय आर्थिक और मानसिक दोनों तरह से राहत देने वाला हो सकता है।

**तुला राशि:** तुला राशि के जातकों के लिए शुक्र का उदय रुके हुए कामों को गति देने वाला साबित हो सकता है। करियर और पढ़ाई से जुड़े मामलों में प्रदर्शन पहले से बेहतर रह सकता है। आने वाले महीनों में आपकी कोई बड़ी इच्छा पूरी होने के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी या करीबी व्यक्ति का सहयोग आपके लिए लाभदायक रहेगा। संतान से जुड़े मतभेद या पारिवारिक तनाव भी धीरे-धीरे कम हो सकते हैं। यह समय संतुलन और आगे बढ़ने का संकेत दे रहा है।

**मीन राशि:** मीन राशि वालों की आय में बढ़ोतरी के संकेत हैं। आर्थिक स्थिति पहले से मजबूत हो सकती है। हालांकि खर्च भी बढ़ सकते हैं, लेकिन कुल मिलाकर धन का संतुलन बना रहेगा। इस दौरान आपके व्यक्तित्व में आकर्षण बढ़ेगा और आपकी बातों का असर लोगों पर साफ नजर आएगा। कार्यस्थल पर आपकी रचनात्मक सोच की सराहना हो सकती है। किसी सम्मान, पुरस्कार या ऊंचे पद से जुड़ी खबर भी मिल सकती है। मान-सम्मान और प्रतिष्ठा में वृद्धि के योग बन रहे हैं।

# 'तोड़ कर दिल मेरा' में दिखेगी लखनवी संस्कृति

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** शहर के अलग अलग जगहों शूट हुआ स्टार प्लस का नया फिक्शन शो तोड़ कर दिल मेरा लखनऊ केंद्रित है और इसमें लखनऊ की संस्कृति, इमारतों और रोजमर्रा जिंदगी के पहलुओं को फिल्माया गया है। शो में हजरतगंज, आंटी हाउस, कैफे चाट, टुंडे कबाब, प्रकाश कुल्फी जैसे स्थान दिखेंगे।

शो के निमार्ता सचिन पांडे का प्रेस वार्ता में कहा कि धारावाहिक की कहानी के अनुसार असली लोकेशन पर शूट करना जरूरी था ताकि कहानी सच लगे और किरदार लोगों को भरोसेमंद दिखें, इसलिए लखनऊ में शो को पूरा शूट किया गया। उन्होंने कहा कि वह स्वयं लखनऊ से हैं तो उनके लिए ये बहुत गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि लखनऊ में शूटिंग के दौरान किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ा। उत्तर प्रदेश शूटिंग के हिसाब से काफी सुरक्षित है। खास तौर से महिलाओं के लिए बेहद सुरक्षित है। शो के मुख्य कलाकार आशीष राघव जो राज के रोल में नजर आएंगे और अरुणिमा चक्रवर्ती जो रोशनी के रोल में नजर आएंगी भी मौजूद थे। दोनो ही कलाकारों ने अपने किरदार के विषय में विस्तार से बताया। शो में कानपुर के लोकप्रिय हास्य कलाकार अन्नू अवस्थी राज के मामा के रोल में नजर आएंगे। अभिनेत्री अरुणिमा ने कहा कि किरदार उनके निजी जीवन से प्रेरित है और वह अपने किरदार से काफी जुड़ी हुई हैं। अभिनेता आशीष राघव ने बताया कि कहानी काफी नई और दिलचस्प है और पूरी कोशिश की गई है की दर्शकों को पसंद आए और उन्हे कहीं भी बोरियत महसूस न हो। कलाकारों ने भी लखनऊ में शूटिंग करने के अपने अनुभवों को साझा किया और कहा कि ये उनके लिए भी एक पूरी तरह से नया अनुभव था कि सम्पूर्ण शूटिंग वास्तविक जगहों पर हुई है। शो की कहानी एक अरेंज मैरिज के इर्द-गिर्द घूमती है, लेकिन एक बिल्कुल नए नजरिए से देखने को मिलेगी।

# स्वास्थ्य ठीक हो गया तो लखनऊ शिफ्ट हो जाऊंगा



**जयंती विशेष**

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पंडित बिरजू महाराज का नाम सुनते ही कथक की लय, ठुमरी की मधुरता और लखनऊ की तहजीब याद आ जाती है। कथक सम्राट के रूप में विख्यात पंडित बिरजू महाराज का लखनऊ से गहरा नाता है, जो सिर्फ जन्म या परिवार तक सीमित नहीं था, बल्कि कथक की आत्मा से जुड़ा हुआ था। चार फरवरी 1938 को जन्मे पंडित बिरजू महाराज अपने अन्तिम समय में लखनऊ में रहना चाहते थे। निधन से पूर्व उन्होंने इस बात का दुख भी जताया था कि लखनऊ घराने में लखनऊ में कोई अपने परिवार का नहीं है। उनकी ये बात उनके भाई पंडित राम मोहन महाराज ने पंडित बिरजू महाराज का हाथ पकड़ा और कहा कि भईया मैं अब लखनऊ में रहूंगा। भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालयय में सीनियर गुरु पंडित राम मोहन महाराज ने कहा कि उनके निधन के फौरन बाद दिल्ली से लखनऊ शिफ्ट हो गया। पंडित राम मोहन ने बताया कि मृत्यु से दो दिन पूर्व पंडित बिरजू महराज भरे मन से लखनऊ को याद कर रहे थे। वे कह रहे थे कि अगर स्वास्थ्य ठीक हो गया लखनऊ शिफ्ट हो जाऊंगा। पंडित राम मोहन ने कहा कि पंडित बिरजू महाराज सिर्फ उनके चचेरे भाई ही नहीं बल्कि गुरु भी थे। हर घराने में लखनऊ का अंग संचलन पंडित राम मोहन महाराज ने कहा कि पंडित महाराज और शंभु महाराज का रंग दिखता था। उन्हान ताना कथक गुरु को आत्मसात कर एक नया अंग बनाया जो आज सिर्फ लखनऊ घराने के कथक में ही नहीं बल्कि सभी घरानों के कथक में दिखता है। लखनऊ घराना कथक में नजाकत, अभिनय ठूमरी अंग भावपूर्ण चेहरे की अभिव्यक्ति के लिए प्रसिद्ध हैं। पंडित बिरजू महाराज ने कथक को अंतराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाया।

# कई विभूतियों को मिला पं. प्रताप नारायण मिश्र स्मृति सम्मान

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मंगलवार पं. प्रताप नारायण मिश्र स्मृति 31वें युवा साहित्यकार सम्मान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्वामी गोविंददेव गिरि महाराज तथा कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रो. अजय तनेजा, कुलपति, ख्वाजा मोइनुदद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ रहे।

भाऊराव देवरस सेवा न्यास की ओर से आज सम्मानित होने वाले युवा साहित्यकारों में बेगूसराय से पधारे हुए काव्यविधा में पुरस्कृत होने वाले राहुलशिवाय, लखनऊ, उ.प्र. से कथासाहित्य में वंदनाचौबे, पत्रकारिताविधा में पटना बिहार से अंशुमानझा, बालसाहित्य विधा में अलीगढ़ उत्तर प्रदेश से शादाबआलम, संस्कृत भाषासाहित्य में नई दिल्ली से डॉ. दीपिका दीक्षित तथा भूटिया भाषा में सिक्किम से जिग्मीवांग्चुक भूटिया रहे। भाऊराव देवरस जी का नाम सुनकर मेरा साहस ही नहीं हुआ कि मैं नहीं कहूँ। जहाँ हिन्दुत्व की कोई बात नहीं थी वहाँ राष्ट्रभक्ति की धारा बहाने वाले प्रचारक श्री सहृदय से सम्मान करता हूँ। समर्पण, ध्येयनिष्ठा आदि प्रचारकों की विचारधारा का अभिवादन करता हूँ। उनके द्वारा




कृतकार्य उनके नाम की संस्था द्वारा आप कर रहे हैं तो आपका अभिनन्दन। यदि भाऊराव जी का नाम नहीं होता तो मैं नहीं आता, प्रताप नारायण मिश्र जी के साहित्य सेवा पुरस्कार अर्थात यह सरस्वती की सच्ची पूजा है। वेद के ग्रंथ की पूजा सच्ची पूजा नहीं। अपितु जिसने वेदों को कंठस्थ किया वह सच्ची पूजा है। साहित्यकारों का अभिनंदन करता हू कि उन्होंने साहित्य का क्षेत्र चुना। क्योंकि उत्तम साहित्य शताब्दियों तक ही नहीं सहस्त्राब्दियों तक रहता है। लखनऊ में अटल जी का वक्तव्य सुनते ही हर्ष हो जाता है। साहित्य कैसा लिखा जाए इस प्रश्न का उत्तर है तात्कालिक और चिरस्थायी साहित्य। फिर प्रश्न उठता है कि विश्व का सबसे बड़ा साहित्यकार कालिदास या शेक्सपियर तो विद्वान कहते हैं कि महर्षि वेद व्यास संसार के सर्वोच्च साहित्यकार हैं। वेद व्यास जी का हेतु है लोकमांगल्य हितेन सहितम्साहित्यम्। नारद जी ने साहित्य की व्याख्या में बताया ह भागवत में, वेदव्यास साहित्यकार और प्रचारक हैं नारद जी। लोगों को ऊर्जान्वित करनेवो साहित्य को ही सर्वोच्च स्थान मिलना चाहिए। सम्मान समारोह कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यक्रम अध्यक्ष, प्रो. अजय तनेजा माननीय कुलपति, ख्वाजा मोइनुद्दीन, लखनऊ ने कहा अवध प्रान्त के प्रांत प्रचारक रहे पं. प्रताप नारायण मिश्र की स्मरण में यह सम्मान प्रदान किया जा रहा है। हर्ष का विषय है कि आज का आयोजन युवा साहित्यकारों के लिए हो रहा है। युवा हमारे समाज की प्राणवायु अर्थात ऑक्सीजन है। इस कम से विकसित भारत 2047 तक हाना निश्चित है। निराला जी ने अपनी सरोज स्मृति में कहा है कि पाठक उपभोक्ता हो गये हैं। ऐसे में अच्छा साहित्य क्या है ? अच्छी संख्या का बल ही क्या शोसल मीडिया की तरह रहना चाहिए। जी नहीं अपितु हमारी जिम्मेदारी होनी चाहिए कि अच्छे साहित्य को सम्मान मिले। माननीया उ.प्र. की राज्यपाल महोदया ऐसे कार्यकमों को बहुत महत्त्व देती हैं। पं. दीनदयाल उपाध्याय ने कहा है कि युवा साहित्यकारों की जिम्मेदारी है कि देश को उन्नति की ओर ले जाने और परम वैभव प्रदान कराने का प्रयास करे। आओ फिर से इतिहास बनायें। इन साहित्यकारों को पुरस्कार स्वरुप रुपये पच्चीस हजार (25,000) की धनराशि, अंग वस्त्र, व स्मृति चिन्ह तथा पं० प्रताप नारायण मिश्र रचित साहित्य प्रदान किया गया।

# भारतीय रेलवे ने सफर को बेहतर बनाने के लिए शुरू कीं 20 नयी ट्रेनें




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** केंद्र सरकार द्वारा देश भर में रेल संपर्क को बेहतर बनाने और कुशल यात्रा की बढ़ती मांग को पूरा करने के प्रयासों के तहत, भारतीय रेलवे ने 1 फरवरी से देश भर में 20 नई रेल सेवाओं की शुरूआत की घोषणा की है। रेल संपर्क का यह विस्तार 'ट्रेन एट ए ग्लांस (टीएजी) 2026' योजना का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य यात्रियों के आराम, परिचालन दक्षता में सुधार और भारत के रेल बुनियादी ढांचे का आधुनिकीकरण करना है।

अधिकारियों के अनुसार, नई ट्रेन सेवाओं में अमृत भारत एक्सप्रेस, वंदे भारत, यात्री और विशेष ट्रेनों का मिश्रण शामिल है, जिन्हें दैनिक यात्रियों, लंबी दूरी के यात्रियों और पर्यटकों के लिए तेज, अधिक किफायती और आरामदायक यात्रा विकल्प प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। इन ट्रेनों के टिकट की वेबसाइट और मोबाइल ऐप पर पहले से ही बुकिंग के लिए उपलब्ध हैं, जिससे यात्री अपनी यात्रा की योजना पहले से बना सकते हैं। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट 2026 पेश करते हुए पर्यावरण के अनुकूल यात्री प्रणालियों को बढ़ावा देने पर सरकार के फोकस को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, ₹पर्यावरण के अनुकूल यात्री प्रणालियों को बढ़ावा देने के लिए, हम शहरों के बीच सात हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर विकसित करेंगे जो विकास को जोड़ने का काम करेंगे।₹ उन्होंने रेल नेटवर्क के आधुनिकीकरण के लिए केंद्र सरकार के प्रयासों की ओर इशारा किया।

जानकारी के अनुसार, ये 20 नई ट्रेन सेवाएं उत्तरी भारत, दक्षिणी भारत, पूर्वी भारत और पश्चिमी भारत - इन चारों क्षेत्रों के प्रमुख शहरों को जोड़ेंगी, जिससे राष्ट्रीय और क्षेत्रीय केंद्रों के बीच संपर्क मजबूत होगा। इनमें से कुछ उल्लेखनीय सेवाओं में दिल्ली-शामली दैनिक यात्री सेवा, पीलीभीत-शाहजहांपुर पैसेंजर सेवा, राजेंद्र नगर-नई दिल्ली अमृत भारत, साबरमती-जोधपुर वंदे भारत, कामाख्या-रोहतक अमृत भारत, संबलपुर-इरोड स्पेशल और धार्मिक एवं पर्यटन यात्रा को बढ़ावा देने के लिए नई धुलिया-वाराणसी और धुलिया-अयोध्या ट्रेनें शामिल हैं।

इसके अलावा, इस योजना में अमृत भारत एक्सप्रेस और वंदे भारत सेवाओं के संचालन को बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया है, जिनमें पारंपरिक एक्सप्रेस सेवाओं की तुलना में बेहतर गति, आधुनिक सुविधाएं और अपेक्षाकृत कम किराया शामिल है। ये सेवाएं भारतीय रेलवे के बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण, यात्रियों के आराम को बढ़ाने और परिचालन दक्षता में सुधार करने के व्यापक प्रयासों का हिस्सा हैं।

## प्रमुख रेल मार्ग और सेवाएं

जानकारी के अनुसार, नई ट्रेन सेवाएं कई मार्गों पर संचालित होंगी, जिनमें शामिल हैं दिल्ली-शामली (ट्रेन संख्या 64033), नियमित यात्रियों के लिए एक दैनिक सेवा है। पीलीभीत-शाहजहांपुर पैसेंजर, उत्तर प्रदेश में स्थानीय कनेक्टिविटी को बढ़ावा दे रही है। राजेंद्र नगर-नई दिल्ली अमृत भारत मार्ग, एक महत्वपूर्ण सुपरफास्ट लिंक, बिहार-दिल्ली यात्रा को मजबूती प्रदान करता है। साबरमती-जोधपुर वंदे भारत, पश्चिमी भारत के भीतर चलने वाली एक सेमी-हाई-स्पीड सेवा है। कामाख्या-रोहतक अमृत भारत, पूर्वोत्तर को हरियाणा से जोड़ता है। दक्षिण की ओर जाने वाले यात्रियों के लिए अतिरिक्त लंबी दूरी की सेवा, संबलपुर-ईरोड स्पेशल, धुलिया-वाराणसी/अयोध्या, धार्मिक और पर्यटन यात्राओं के लिए नए मार्ग उपलब्ध। इसके अलावा, यात्रियों की भारी भीड़ को संभालने और प्रतीक्षा सूची को कम करने के लिए फरवरी में अस्थायी रूप से कई विशेष एक्सप्रेस ट्रेनें भी चलाई जाएंगी। यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे यात्रा से पहले कक्ष्ळ्ळ पोर्टल या पूछताछ प्रणाली के माध्यम से समय सारिणी और उपलब्धता की पुष्टि कर लें, क्योंकि परिचालन संबंधी अपडेट के कारण समय और सेवाओं में बदलाव हो सकते हैं।

## नेताजी एक्सप्रेस से छिनेगा सुपरफास्ट का दर्जा

**लखनऊ।** ऐतिहासिक ट्रेन कालका मेल का नाम बदलने के बाद अब इस ट्रेन से सुपरफास्ट का दर्जा भी छिन जाएगा। रेलवे ने नेताजी एक्सप्रेस समेत पांच जोड़ी ट्रेनों से सुपरफास्ट का दर्जा हटाकर उन्हें एक्सप्रेस के रूप में चलाने का आदेश जारी किया है। सुपरफास्ट का दर्जा हटते ही ट्रेन का नंबर भी बदल जाएगा। हावड़ा से 13 अप्रैल और कालका से 15 अप्रैल से नेताजी एक्सप्रेस सुपरफास्ट के बदले एक्सप्रेस बनकर चलेगी। नेताजी एक्सप्रेस समेत सभी पांच जोड़ी ट्रेनों से सुपरफास्ट का दर्जा हटते ही किराए में कमी आएगी। जनरल, स्लीपर से एसी तक रेलवे सुपरफास्ट का अतिरिक्त किराया वसूलती है। इस अतिरिक्त शुल्क से यात्रियों की जेब को राहत मिलेगी।

**नेताजी से जुड़ी है कालका मेल की यादें :** नेताजी एक्सप्रेस के रूप में चल रही कालका मेल से नेताजी सुभाष चंद्र बोस की यादें जुड़ी हैं। 18 जनवरी 1941 को गोमो से इसी ट्रेन पर नेताजी सवार हुए थे। तब यह ट्रेन पेशावर मेल के रूप में चलती थी। बाद में इस ट्रेन का नामकरण कालका मेल के रूप में किया गया। नेताजी जयंती के सवा सौ साल पूरे होने के मौके पर कालका मेल का नाम नेताजी एक्सप्रेस दिया गया।

## लखनऊ-काठगोदाम एक्सप्रेस को मैलानी के रास्ते चलाने की तैयारी

**लखनऊ।** रेलवे लखनऊ जंक्शन से चलकर काठगोदाम तक जाने वाली एक्सप्रेस को अब सीतापुर, लखीमपुर, मैलानी, पीलीभीत के रास्ते चलाने की तैयारी है। इसका प्रस्ताव रेलवे बोर्ड को भेजा गया है। इससे यह ट्रेन केवल एनई रेलवे जोन में ही संचालित होगी। ट्रेन नंबर 15043/15044 लखनऊ जंक्शन-काठगोदाम एक्सप्रेस मौजूदा समय में लखनऊ जंक्शन से चलकर बरेली, इज्जतनगर, भोजीपुरा होते हुए उत्तर रेलवे के मार्ग से होते हुए काठगोदाम तक जाती है। पूर्वोत्तर रेलवे इस ट्रेन को सीतापुर, लखीमपुर, मैलानी के रास्ते अपने ही जोन में संचालित करना चाहता है और इसका प्रस्ताव भी रेलवे बोर्ड को भेजा है। इस प्रस्ताव को जल्द ही अनुमति मिलने की उम्मीद है।

अमान परिवर्तन के बाद लखनऊ जंक्शन, सीतापुर, लखीमपुर, मैलानी मार्ग पर अभी फिलहाल सीमित ट्रेनें ही चल रही हैं, लिहाजा लखनऊ जंक्शन-काठगोदाम एक्सप्रेस के सीतापुर, लखीमपुर मैलानी के रास्ते संचालन में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं है और यह पूरा मार्ग पूर्वोत्तर रेलवे जोन में आता है। हालांकि अभी रेल अधिकारी इस संबंध में कुछ भी कहने से बच रहे हैं। मैलानी होते हुए काठगोदाम तक जाने पर सीतापुर, लखीमपुर, पीलीभीत के यात्रियों को लखनऊ और काठगोदाम तक जाने की सुविधा मिलने के साथ ही क्षेत्र का जुड़ाव उत्तराखंड तक हो जाएगा।

**मीटरगेज के समय काठगोदाम तक चलती थी नैनीताल एक्सप्रेस :** मीटरगेज के जमाने में लखनऊ जंक्शन से सीतापुर, लखीमपुर, मैलानी, पीलीभीत, भोजीपुरा होते हुए काठगोदाम तक ट्रेन नंबर 5307/5308 नैनीताल एक्सप्रेस के नाम से चला करती थी। इस ट्रेन की गिनती वीआईपी ट्रेनों में हुआ करती थी। अंकुर दीक्षित ने बताया कि वर्तमान में जिले के लोगों के लिए लखनऊ जंक्शन तक जाने के लिए एक भी ट्रेन नहीं है। लखनऊ जंक्शन-काठगोदाम एक्सप्रेस का संचालन सीतापुर, लखीमपुर, मैलानी के रास्ते हो जाने से क्षेत्रवासियों को लखनऊ जंक्शन तक पहुंचने की एक सुविधा मिल जाएगी।

कृष्ण मुरारी अवस्थी ने बताया कि मीटरगेज के समय में लखनऊ से काठगोदाम तक नैनीताल एक्सप्रेस चला करती थी। इससे क्षेत्रवासियों को लखनऊ आवागमन की बेहतर सुविधा थी। अब गेज कनवर्जन के बाद लखनऊ जंक्शन-काठगोदाम एक्सप्रेस का संचालन सीतापुर, लखीमपुर, मैलानी के रास्ते हो जाए, तो पुरानी सुविधा बहाल हो जाएगी।

## एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने किया वीसी कार्यालय का घेराव



**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ एनएसयूआई ने मंगलवार को कुलपति कार्यालय के घेराव किया। एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं का कहना है कि सवाल यह है कि क्या विश्वविद्यालय में छात्रों के लिए लोकतंत्र समाप्त हो चुका है? क्या विश्वविद्यालय केवल भाजपा-आरएसएस-एबीवीपी के कार्यक्रमों के लिए ही खुला रहेगा? क्या अब छात्र आपस में सीधा संवाद भी नहीं कर सकते? नए कुलपति स्वयं को राजा समझने की भूल कर रहे हैं लेकिन यह स्पष्ट कर दें कि एनएसयूआई उनकी इस राजशाही सोच को आज समाप्त करके रहेगी। विश्वविद्यालय छात्रों का है और छात्रों की आवाज को दबाया नहीं जा सकता। मामला यह है कि लखनऊ विश्वविद्यालय में दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ के उपाध्यक्ष राहुल झांसला के साथ छात्रों का संवाद कार्यक्रम आयोजित था। इसे रोकने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने भारी पुलिस बल तैनात किया और छात्रों की गिरफ्तारी शुरू कर दी।

## स्मार्टफोन की अति 'डिजिटल एडिक्शन' बन चुकी है : स्वांत रंजन

- तकनीक के मालिक बनें, गुलाम नहीं : प्रो. राज शरण शाही
- एबीवीपी व आईटी कालेज के संयुक्त तत्वावधान में संगोष्ठी का आयोजन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद लखनऊ महानगर व एनएसएस आईटी कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में स्क्रीन टाइम टू एक्टिविटी टाइम विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में आरएसएस के अखिल भारतीय प्रचारक प्रमुख स्वांत रंजन, मुख्य वक्ता में अभाविप के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. राज शरण शाही, कार्यक्रम अध्यक्ष आईटी के निदेशक प्रो. विनीत विनीत कंसल, विशिष्ट अतिथि कुंवर ग्लोवल स्कूल के निदेशक पार्थ सिंह, स्वागत अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, अभाविप लखनऊ महानगर उपाध्यक्ष विजय लोधी, महानगर मंत्री सरिता पांडे ने मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

युवाओं को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आरएसएस के अखिल भारतीय प्रचारक प्रमुख स्वांत रंजन ने कहा प्राचीन काल में मनोरंजन और शक्ति प्रदर्शन के लिए अस्त्र शस्त्र चलाने संबंधी आयोजन तथा पशुओं के साथ शक्ति प्रदर्शन किए जाते थे। पहलवानों की कुश्ती, तलवारबाजी जैसे अनेक कार्यक्रम होते थे। उन्होंने कहा कि आज के युग में स्मार्टफोन सुविधा है लेकिन इसकी अति 'डिजिटल एडिक्शन' बन चुकी है। साइकोलॉजी टूडे के विशेषज्ञों के मुताबिक, स्क्रीन टाइम की अधिकता मानसिक तनाव और नींद की कमी का मुख्य कारण है। स्वामी विवेकानंद युवाओं को खेलने के प्रति प्रेरित करते थे ताकि उनकी चेतना का विकास हो सके और वह स्वस्थ मन और स्वस्थ शरीर से अपना ध्यान पढ़ाई में केंद्रित कर सकें।

मुख्य वक्ता विशेष आमंत्रित सदस्य व पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एबीवीपी प्रो. राज शरण शाही ने कहा कि स्मार्टफोन आज के समय में दोधारी तलवार के जैसा साबित हो रहा है यदि उपकरण का उपयोग बिना अनुशासन के किया जाए, तो वह लाभ के बजाय हानि पहुंचाता है। भारत को 'विश्व गुरु' बनाने की दिशा में भी तकनीक हमारा सबसे बड़ा 'उपकरण' है, बशर्ते हम इसके मालिक बनें, गुलाम नहीं। उन्होंने अज्ञानता पर संबोधित करते हुए कहा कि अज्ञानता क्या है सत्य से अनभिज्ञताः किसी विषय के वास्तविक स्वरूप को न जानना अज्ञानता है। जैसे स्मार्टफोन एक 'उपकरण' है, लेकिन इसे जीवन का 'आधार' मान लेना समझ की कमी या अज्ञानता है।

कार्यक्रम की प्रस्तावना अभाविप लखनऊ महानगर उपाध्यक्ष विजय लोधी ने रखी तथा आभार ज्ञापन कार्यक्रम अध्यक्ष प्रो. विनीत कंसल ने युवाओं के समक्ष अपने जीवन के अनुभव को साझा करते हुए किया। मंच संचालन महानगर मंत्री सरिता पांडे ने किया। स्क्रीन टाइम टू एक्टिविटी टाइम विषयक इस संगोष्ठी में एबीवीपी अवध प्रांत मंत्री अर्पण कुशवाहा, प्रांत संगठन मंत्री अंशुल विद्यार्थी, महानगर विभाग संगठन मंत्री पुष्पेंद्र बाजपेई सहित तमाम छात्र शक्ति उपस्थित रही।

## नोटिस वालों को जन्म स्थान को प्रमाणित करने के लिए देने होंगे साक्ष्य : नवदीप

**लखनऊ।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के अंतर्गत मतदाता सूची को त्रुटिरहित, अद्यतन एवं पारदर्शी बनाने की कार्यवाही निरंतर जारी है। उन्होंने बताया कि पिछले एसआईआर 2003 से मैपिंग न होने के कारण 1.04 करोड़ मतदाताओं को नोटिस जारी किए जा रहे हैं। ऐसे मतदाताओं को सुनवाई के दौरान भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित जन्मतिथि / या जन्म स्थान को प्रमाणित करने वाले साक्ष्य प्रस्तुत करने होंगे।

यदि आवेदक का जन्म 01.07.1987 से पहले भारत में हुआ है तो निर्धारित 13 अभिलेखों में से कोई एक अभिलेख जन्म तिथि / या जन्म स्थान के प्रमाण के लिए उपलब्ध कराना होगा। इसी प्रकार यदि आवेदक का जन्म 01.07.1987 और 02.12.2004 के बीच भारत में हुआ है तो निर्धारित 13 में से कोई एक अभिलेख जन्म तिथि / या जन्म स्थान के प्रमाण के लिए उपलब्ध कराने के साथ ही पिता या माता का जन्मतिथि /या जन्म स्थान के प्रमाण का अभिलेख भी उपलब्ध कराना होगा। यदि आवेदक का जन्म 02.12.2004 के बाद भारत में हुआ है तो निर्धारित 13 में से कोई एक अभिलेख स्वयं की जन्मतिथि / या जन्म स्थान के प्रमाण के लिए उपलब्ध कराने के साथ ही पिता एवं माता, दोनों के जन्मतिथि / या जन्म स्थान के प्रमाण के अभिलेखों को उपलब्ध कराना होगा।

इसके अतिरिक्त, तार्किक विसंगतियों वाले 2.22 करोड़ मतदाताओं को भी नोटिस जारी किए जा रहे हैं। इन मतदाताओं को केवल संबंधी से सम्बन्धित अभिलेख प्रस्तुत करने की आवश्यकता होगी।

## कला सामाजिक, सांस्कृतिक और वैचारिक संवाद का सशक्त माध्यम

- नई कला की लहरों से संवाद विषय पर अंतरराष्ट्रीय कलाकारों का हुआ संवाद
- पुनर्वास विवि के ललित कला विभाग में आयोजन

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के ललित कला विभाग की ओर से ह्लनई कला की लहरों से संवादह्व विषय पर एक विशेष कलाकार प्रस्तुति व संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ऑस्ट्रिया के प्रसिद्ध कलाकार जैकब वेइगर तथा अमेरिका के चर्चित कलाकार जॉन मैकगैरिटी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। दोनों कलाकार इन दिनों लखनऊ स्थित स्टूडियो काओलिन की अंतरराष्ट्रीय आर्टिस्ट रेजिडेंसी एवं कलात्मक विनिमय कार्यक्रम के अंतर्गत भारत प्रवास पर हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को समकालीन वैश्विक कला प्रवृत्तियों से परिचित कराना तथा कला के नए आयामों पर संवाद स्थापित करना था।

कार्यक्रम के दौरान दोनों कलाकारों ने अपनी कला-यात्रा, रचनात्मक प्रक्रिया, प्रयोगात्मक तकनीकों तथा समकालीन कला में प्रयुक्त नए माध्यमों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि आज की कला केवल सौंदर्य तक सीमित नहीं है, बल्कि वह सामाजिक, सांस्कृतिक और वैचारिक संवाद का सशक्त माध्यम बन चुकी है। संवाद सत्र में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे और अंतरराष्ट्रीय कला परिदृश्य, क्रॉस-कल्चरल प्रभाव और कला शिक्षा की वर्तमान प्रासंगिकता पर विचार साझा किए। इस खुली चर्चा ने विद्यार्थियों को पारंपरिक सोच से आगे बढ़कर वैश्विक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित किया।

ललित कला विभाग के शिक्षकों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के अंतरराष्ट्रीय संवाद विद्यार्थियों की अकादमिक समझ और रचनात्मक क्षमता को नई दिशा देते हैं। कार्यक्रम के अंत में दोनों कलाकारों के साथ एक जीवंत चर्चा सत्र हुआ, जिसमें कला को लेकर नई सोच और संभावनाओं पर गहन मंथन हुआ।

विभाग की ओर से अतिथि कलाकारों को उनके ज्ञानवर्धक योगदान के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया तथा स्टूडियो काओलिन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे रचनात्मक और संवादात्मक कार्यक्रमों के आयोजन की आशा व्यक्त की गई। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए न केवल एक शैक्षणिक अनुभव रहा, बल्कि एक प्रेरणादायी अवसर भी साबित हुआ, जिसने उन्हें वैश्विक कला संवाद से जुड़ने का नया दृष्टिकोण प्रदान किया।

## पाठ्यक्रमों को व्यावहारिक और कौशल-आधारित बनायें : सैनी

- लविवि कुलपति ने विभागीय स्तर पर एलुमनाई मीट आयोजित किए जाने के दिये निर्देश
- लविवि कुलपति के साथ केंद्रीय प्लेसमेंट सेल की हुई बैठक

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जय प्रकाश सैनी के साथ केंद्रीय प्लेसमेंट सेल की प्रथम औपचारिक बैठक विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित की गई। बैठक में केंद्रीय प्लेसमेंट सेल (सीपीसी) के निदेशक प्रो. अनूप कुमार भारतीय एवं उनकी टीम ने विश्वविद्यालय में संचालित प्लेसमेंट एवं इंटर्नशिप गतिविधियों की वर्तमान स्थिति, हाल की उपलब्धियों और आगामी योजनाओं का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया।

बैठक का उद्देश्य कुलपति को विश्वविद्यालय की वर्तमान प्लेसमेंट प्रणाली से अवगत कराना तथा आने वाले समय में इसे और अधिक प्रभावी, सुव्यवस्थित और अवसरों से समृद्ध बनाने की रणनीतियों पर चर्चा करना था। कुलपति प्रो. सैनी ने छात्रों के लिए प्लेसमेंट अवसर बढ़ाने और उन्हें उच्च गुणवत्ता एवं अधिक संगठित स्वरूप में संचालित करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का ध्येय विद्यार्थियों को उन अवसरों तक पहुंचाना है जहां वे अपने कौशल और ज्ञान का सर्वोत्तम उपयोग कर सकें। बैठक में कुलपति प्रो. सैनी ने कई दूरदर्शी और महत्वपूर्ण सुझाव दिए, जिन्हें विश्वविद्यालय की भविष्य की प्लेसमेंट रणनीति के लिए अत्यंत मार्गदर्शक माना जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज उच्च शिक्षा का मूल्य तभी सशक्त होता है जब विद्यार्थियों को शैक्षिक दक्षता के साथ-साथ उद्योग में सीधे उपयोग में आने वाले कौशल प्राप्त हों। इस संदर्भ में उन्होंने सुझाव दिया कि विश्वविद्यालय के सभी संकायों एवं विभागों में पाठ्यक्रमों को अधिक इंटर्नशिप-उन्मुख, व्यावहारिक और कौशल-आधारित बनाया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्रीय प्लेसमेंट सेल को उन क्षेत्रों एवं उद्योगों की पहचान करनी चाहिए जहां भविष्य में मांग बढ़ रही है, ताकि विद्यार्थी उभरते हुए क्षेत्रों में भी अवसर प्राप्त कर सकें। इसी क्रम में कुलपति ने यह महत्वपूर्ण सुझाव दिया कि विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित कंपनियों, बड़ी कॉर्पोरेट इकाइयों और उच्च वेतन-पैकेज प्रदान करने वाली शीर्ष संस्थाओं को कैंपस में आमंत्रित करने पर विशेष ध्यान देना चाहिए, जिससे विद्यार्थियों को बड़े पैमाने पर उच्च-स्तरीय प्लेसमेंट अवसर उपलब्ध हो सकें।

उन्होंने कहा कि इसके लिए प्लेसमेंट सेल को एक सुदृढ़ कॉर्पोरेट आउटरीच रणनीति विकसित करनी चाहिए, जिसमें सीधे उद्योग-अधिकारियों के साथ संवाद, कॉर्पोरेट नेटवर्किंग, कैंपस ड्राइव की योजना और दीर्घकालिक साझेदारी शामिल हो। कुलपति प्रो. सैनी ने सुझाव दिया कि प्लेसमेंट एवं इंटर्नशिप गतिविधियों के लिए विभाग-वार और विश्वविद्यालय स्तर पर स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित किए जाएं।

## अजय राय के खिलाफ सड़कों पर फूटा जनाक्रोश, पुतला दहन कर जताया विरोध

- सरोजनी नगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह के समर्थन में सड़क पर उतरे समर्थक
- कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के बयान के विरोध में पुलिस को सौंपा ज्ञापन

विशेष संवाददाता (vol)






**लखनऊ।** सुर्खियों की सस्ती राजनीति और स्तरहीन बयानों के लिए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का एक और दांव इस बार उल्टा पड़ गया। सरोजनीनगर के विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह पर रविवार को की गई उनकी अमर्यादित और ओछी टिप्पणी ने पूरे क्षेत्र की जनता के आत्मसम्मान को ठेस पहुंचाई, जिसका मुंहतोड़ जवाब भाजपा कार्यकर्ताओं, समर्थकों और आम नागरिकों ने उन्हें उन्हीं की भाषा में दे दिया।

सरोजनीनगर की सड़कों पर मंगलवार को जनाक्रोश देखने को मिला। 5,000 से अधिक नागरिकों, भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने एकजुट होकर अजय राय का पुतला दहन किया, हाथों में पोस्टर-बैनर लेकर जोरदार प्रदर्शन किया और साफ शब्दों में सार्वजनिक माफी की मांग की। हर ओर गगनचुंबी नारे गूंजते रहे।

डॉ. राजेश्वर सिंह के समर्थन में एकत्रित हजारों की तादाद में जनसमूह ने पुलिस को ज्ञापन सौंपते हुए अजय राय के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग भी की। लोगों ने कहा कि डॉ. राजेश्वर सिंह की ईमानदार छवि को धूमिल करने के उद्देश्य से ऐसे निराधार आरोप लगाए जा रहे हैं। समर्थकों ने चेतावनी दी कि यदि सार्वजनिक माफी नहीं मिली, तो आंदोलन और भी तेज किया जाएगा। कड़कड़ाती ठंड और बारिश भी जनसैलाब के हौसले नहीं तोड़ सकी। लोगों ने शहीद पथ मोड़ से होटल हॉलिडे इन तक मार्च निकाला और कांग्रेस पार्टी व अजय राय के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। आक्रोशित जनसमूह ने कांग्रेस के काले अध्यायों को जनता के सामने रखा।

प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट किया कि सत्ता-लोलुपता में डूबे अजय राय का राजनीतिक इतिहास अवसरवाद से भरा रहा है। कभी सपा, कभी भाजपा, लेकिन हर बार चुनावी असफलता ही हाथ लगी। इसी कुंठा में वे ईमानदार और विजनरी नेताओं पर टिप्पणी कर चर्चा में बने रहना चाहते हैं। जनता ने यह भी याद दिलाया कि डॉ. राजेश्वर सिंह ने पुलिस और प्रवर्तन निदेशालय में रहते हुए अपराध और भ्रष्टाचार के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई की थी, जिसमें कांग्रेस के कई बड़े चेहरों पर कानूनी शिकंजा कसा गया। उसी कार्रवाई की टीस आज अजय राय की बदजुबानी में झलकती है। लोगों ने स्पष्ट किया कि सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह न केवल क्षेत्र, बल्कि पूरे प्रदेश के लिए एक आदर्श जनप्रतिनिधि हैं। सम्मानित जननेता के खिलाफ अपमानजनक राजनीति अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ईमानदारी, सेवा और विजन के साथ खड़े नेता पर हमला पूरे क्षेत्र के सम्मान पर हमला माना जाएगा। जनता ने चेतावनी दी कि यदि अजय राय शीघ्र सार्वजनिक माफी नहीं मांगते, तो यह आंदोलन और अधिक व्यापक एवं निर्णायक रूप लेगा।

इस प्रदर्शन के दौरान भाजपा नेता शंकरी सिंह, राजेश सिंह, रमा शंकर त्रिपाठी, कर्नल दयाशंकर दुबे, गणेश जोशी, रंजीत रावत (चेयरमैन बंथरा), सुनील रावत (ब्लॉक प्रमुख), पार्षद केएन सिंह, पार्षद लवकुश रावत, पार्षद द्रोपती रावत, मंडल अध्यक्ष विवेक राजपूत, मंडल अध्यक्ष केके श्रीवास्तव, प्रदीप सिंह (पूर्व एमएलसी), रेनू सिंह (जिला मंत्री) बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता समेत हजारों की संख्या में क्षेत्रीय जनता मौजूद रही।

## लापरवाही पर सख्त कार्रवाई, उत्कृष्ट कार्यों पर सम्मान के निर्देश



**लखनऊ।** जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने दो टूक शब्दों में कहा कि विभागीय कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही, शिथिलता अथवा अनियमितता को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। साथ ही उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा, जिससे विभाग में सकारात्मक, उत्तरदायी एवं परिणामोन्मुखी कार्य संस्कृति को प्रोत्साहन मिलेगा। उन्होंने अधिकारियों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कार्यों में कोताही पाई गई तो संबंधित अधिकारी एवं कार्मिकों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

स्वतंत्र देव सिंह ने यह निर्देश मंगलवार को उदयगंज स्थित सिंचाई विभाग मुख्यालय में सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में दिए।

शारदा संगठन की समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने विभागीय कार्यों की प्रगति की गहन समीक्षा करते हुए स्पष्ट एवं कड़े निर्देश दिए। इसके साथ ही मंत्री ने विभिन्न निर्माण कार्यों की निर्माण कार्य के पूर्व की स्थिति एवं निर्माण पूर्ण होने के बाद की स्थिति का तुलनात्मक मूल्यांकन किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित मानकों, गुणवत्ता एवं समयसीमा के अनुरूप पूर्ण किए जाएं, जिससे योजनाओं का वास्तविक लाभ किसानों एवं आम जनता तक पहुंच सके।

संक्षेप

## कोथरा गांव पहुंचा सेवार्थम फाउंडेशन का गंगा जल रथ

**चांदा, सुलतानपुर (वीओएल)।** सेवार्थम फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष तिवारी द्वारा चलाए जा रहे गंगा जल वितरण अभियान के तहत मंगलवार को गंगा जल रथ अमरपुर मंडल के कोथरा गांव पहुंचा। रथ के पहुंचने पर ग्रामीणों, खासकर महिलाओं में उत्साह देखने को मिला और उन्होंने इस पहल की सराहना की। वितरण कार्यक्रम के दौरान फाउंडेशन के मंडल अध्यक्ष जगदंबा प्रजापति ने बताया कि गंगा जल मंडल के सभी गांवों में पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि संस्था समाज सेवा के कार्यों के लिए निरंतर प्रयासरत है और आगे भी ऐसे कार्यक्रम जारी रहेंगे।

## बछरावां की रीतू को सायटिका सर्वाइकल में मिला अचूक लाभ

**रायबरेली।** रिफॉर्म क्लब में चल रहे एक्यूप्रेशर चिकित्सा शिविर बछरावां की रीतू को सायटिका सर्वाइकल में मिला अचूक लाभ रीतू कई साल से बीमार चल रही थी। काफी इलाज कराया लेकिन बीमारी नहीं गई। किसी ने रिफॉर्म क्लब का पता बताया तो वह इलाज करवाने आ पहुंची लगभग पंद्रह से बीस दिन में मिला अचूक लाभ उनके पति ओम प्रकाश जी बछरावा से डेली आने जाने लगे और लाभान्वित हुए इस अवसर पर आपका आरोग्य आपके हाथ नामक पुस्तक देकर सम्मानित किया रीतू ने कहा पूरी ठीक होने सीखकर मैं लोगों की सेवा करूंगी। इस अवसर पर डॉ भगवानदीन यादव जी ने बताया एक्यूप्रेशर एक प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति है जिसे सीखकर अपना इलाज स्वयं कर सकते है डॉ भगवानदीन यादव ने इस चिकित्सा के द्वारा गठिया सर्वाइकल मोटापा कमर दर्द शॉर्टिका सर्वाइकल माइग्रेन बवासीर (लिकोरिया बीपी )आदि अनेक रोगों का इलाज किया है। दूर दूर से आकर लोग लाभान्वित होते है चिकित्सा शिविर ग्यारह बजे से पांच बजे प्रतिदिन चलता है जिसमें विशेष योगदान अनुज कुमार, जितेंद्र कुमार, तसनीम, सखी आदि लोगो का योगदान प्राप्त हो रहा है।

## सूची में नाम काटने के आरोप में एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**कादीपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पुनरीक्षण के दौरान मतदाता सूची से पीडीए समाज के लोगों का नाम काटे जाने का आरोप लगाते हुए राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन एसडीएम उत्तम कुमार तिवारी को सौपा। समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक भगेलू राम के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सोमवार को प्रदर्शन कर एसडीएम को ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में कहा गया है कि अधिकारियों की मिलीभगत से कादीपुर विधानसभा में के कई बूथों पर पीडीए समाज के लोगों का वोट फर्जी तरीके से मतदाता सूची से काटा जा रहा है। जो लोकतंत्र के लिए घातक है। संविधान से प्रदत्त मौलिक अधिकारों का हनन किया जा रहा है। जिससे कार्यकर्ताओं में असंतोष व्याप्त है। ज्ञापन में मामले को संज्ञान में लेते हुए उचित कार्यवाही किए जाने की मांग की गई है। इस मौके पर पूर्व विधायक भगेलूराम, सुनील कुमार यादव, रमेश सोनकर, सीताराम यादव, अलीम लाइन अरुण कुमार, नंदलाल और राहुल गौतम आदि मौजूद रहे।

# मायाजाल से दूरी बनाकर संस्कृति मर्यादा की रक्षा करें: देवकीनंदन

## महाराजा कॉलेज में आयोजित हुआ विराट हिंदू सम्मेलन



जिला संवाददाता (vol)

**मथुरा।** गोवर्धन क्षेत्र के पाली डूंगरा स्थित महाराजा कॉलेज में आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन में श्रद्धा, संकल्प और सामाजिक सरोकारों का अनूठा संगम देखने को मिला। मंगलवार को आयोजित इस भव्य आयोजन में हजारों सनातन धर्मावलंबी एकत्र हुए और ब्रज की सांस्कृतिक विरासत की रक्षा का संकल्प लिया।

सम्मेलन के मुख्य अतिथि प्रख्यात कथावाचक देवकीनंदन महाराज रहे। मंच से संबोधित करते हुए उन्होंने ब्रज क्षेत्र की पवित्रता को सर्वोपरि बताया और शराब तथा मांस की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध की मांग की। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की लीलास्थली की गरिमा बनाए रखना हम सभी का दायित्व है और इसके लिए किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जा सकता। उनका कहना था कि ब्रज केवल भौगोलिक क्षेत्र नहीं, बल्कि आस्था और संस्कारों की भूमि है। देवकीनंदन महाराज ने सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों से भी समाज को सचेत किया। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर फैल रही आपत्तिजनक और भ्रामक सामग्री से विशेष रूप से बहन-बेटियों को सावधान रहने की आवश्यकता है। उन्होंने आह्वान किया कि युवा डिजिटल दुनिया के मायाजाल से दूरी बनाकर अपनी संस्कृति, मर्यादा और मूल्यों की रक्षा करें। सम्मेलन में साध्वी सरस्वती ने भी प्रभावशाली संबोधन दिया। उन्होंने हिंदू समाज को एकजुट रहने का संदेश देते हुए युवाओं से परंपराओं से जुड़ने और धर्म-संस्कृति की रक्षा के लिए सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। उनका कहना था कि संगठित समाज ही अपनी पहचान और विरासत को सुरक्षित रख सकता है। विराट हिंदू सम्मेलन के माध्यम से संत समाज और श्रद्धालुओं ने स्पष्ट संकेत दिया कि ब्रज की धार्मिक और सांस्कृतिक अस्मिता की रक्षा के लिए समाज अब जागरूक और एकजुट है। यह आयोजन न केवल धार्मिक भावना का प्रदर्शन था, बल्कि सामाजिक चेतना और सांस्कृतिक संरक्षण का मजबूत संदेश भी लेकर आया।

# राज्य महिला आयोग की अध्यक्षा ने सुनीं महिलाओं की समस्याएं

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता चैहान मंगलवार को मथुरा पहुंचीं। उन्होंने पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में महिलाओं की समस्याओं को सुनने के लिए जनसुनवाई की। इस दौरान बड़ी संख्या में शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें घरेलू हिंसा से संबंधित मामले सबसे अधिक थे। जनसुनवाई के बाद पत्रकारों से बातचीत में डॉ. बबीता चैहान ने घरेलू हिंसा के मामलों में लगातार वृद्धि पर



चिंता व्यक्त की। उन्होंने बताया कि कई मामलों में 20 से 25 वर्ष तक वैवाहिक जीवन बिताने के बाद भी पति-पत्नी के बीच गंभीर विवाद सामने आ रहे हैं। डॉ. चैहान ने कहा कि महिला आयोग ऐसे मामलों को गंभीरता से ले रहा है और पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनसुनवाई में प्राप्त घरेलू हिंसा के मामलों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निस्तारण किया जाए। इसके अतिरिक्त, डॉ. चैहान ने विभागीय अधिकारियों के साथ एक बैठक भी की। इस बैठक में उन्होंने महिलाओं के हित में संचालित सरकारी योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सरकार द्वारा चलाई जा रही महिला कल्याण योजनाओं का लाभ पात्र महिलाओं तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जाए। डॉ. चैहान ने जोर देकर कहा कि महिला सशक्तिकरण सरकार की प्राथमिकता है। आयोग महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करने के लिए लगातार कार्यरत है। उन्होंने महिलाओं से अपील की कि किसी भी समस्या की स्थिति में वे बेझिझक शिकायत दर्ज कराएं, ताकि समय पर समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

# बैतालपुर चीनी मिल संघर्ष समिति का 363वें दिन धरना जारी



**देवरिया।** चीनी मिल चलाओ संघर्ष समिति, संयुक्त पंचायत निकाय मोर्चा और संयुक्त महा मोर्चा के तत्वाधान में बैतालपुर चीनी मिल को चलाने और 16 सूत्री मांगों को लेकर देवरिया कलेक्ट्रेट में चल रहा धरना आज 1 वर्ष 363वें दिन भी जारी रहा। धरने को संबोधित करते हुए क्रांतिकारी किसान सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास दुबे ने कहा कि अब समय आ गया है कि जनता और किसान प्रतिनिधि भारी संख्या में आंदोलन को बल दें। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने बैतालपुर चीनी मिल को चलाने के लिए मुख्यमंत्री की ओर से चार-चार बार घोषणा की है, लेकिन अभी तक इसे लागू नहीं किया गया। अगर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो जिले के किसान मजबूर होकर बड़े आंदोलन पर उतरेंगे। धरने में प्रमुख रूप से उपस्थित रहे बृजेंद्र मणि त्रिपाठी, संजीव शुक्ला, मंजू चौहान, अनिल पति त्रिपाठी, उमेश मिश्रा, छेदी यादव, मोहम्मद इदरीश, चक्रपाणि तिवारी, अनुप कुमार सिंह, निशिकांत मिश्रा, मुनीर चौहान, उग्रसेन सिंह, रमेश मिश्रा, रामकृपाल चौहान, जयप्रकाश, दीपक, शंभू नाथ तिवारी, अजय, श्रीकांत शर्मा, विनय मिश्रा, राधेश्याम शुक्ल, बृजभूषण चतुर्वेदी, दुर्गेश कुमार शुक्ला, रामायण मिश्रा, वीरेंद्र पांडेय, अवधेश मणि त्रिपाठी सहित कई अन्य किसान नेता और ग्रामीण। धरना आयोजित करने वाले संगठन के अध्यक्ष ने कहा कि आंदोलन तब तक जारी रहेगा जब तक चीनी मिल का संचालन और 16 सूत्री मांगें पूरी नहीं की जातीं।

# रास्ते में मिट्टी डालने के विवाद में दो पक्षों में हुई मारपीट, तीन लोग घायल

**लालगंज रायबरेली।** कोतवाली लालगंज क्षेत्र के पूरे ओरी मजरे महाखेड़ा गांव में रास्ते में मिट्टी डालने के विवाद को लेकर मारपीट की घटना हुई है। एक पक्ष से सौरभ दीक्षित पुत्र पुत्र कृपा शंकर ने नितिन कुमार, गौरव कुमार, सुंदरलाल और रामादेवी के खिलाफ मामला दर्ज कराया है वहीं दूसरे पक्ष से रामादेवी ने झल्लू, बउवा, शुभम और सरला के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। मारपीट की घटना में सौरभ, रामादेवी और नितिन को चोट आईं है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि घायलों का मेडिकल करा कर मामला दर्ज किया गया है।

## खेत में मिले श्रमिक के शव के मामले में पड़ोसी किसान पर लगाया हत्या का गंभीर आरोप

**परशदेपुर, रायबरेली।** डीह थाना क्षेत्र के महेशपुर गांव के बाहर खेत में श्रमिक के शव मिलने के मामले में सोमवार को मृतक के पुत्र सुनील कुमार ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंच एसपी यशवीर सिंह को शिकायती पत्र देते हुए पड़ोसी किसान पर करेंट लगाकर हत्या किए जाने का गंभीर आरोप लगाया।

परिजनों के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे सुनील कुमार ने पड़ोसी किसान पर आरोप लगाया कि जब खेत में शव मिलने की सूचना पर हम लोग वहां पहुंचे तो देखा कि मृतक के कपड़े भी पूरी तरह से गीले नहीं थे जबकि आस पास के खेतों में ओस जमी हुई थी,जिस कारण यह शंका प्रतीत हो रही है कि मौत प्राकृतिक रूप से नहीं हुई है, बल्कि जानबूझकर मेरे पिता को विद्युत उपकरण से करेंट लगाकर देकर मारा गया है। डीह थाना प्रभारी जितेंद्र मोहन सरोज ने बताया कि पीएम रिपोर्ट में खून जमने व हृदय गति रुकने की पुष्टि हुई है, विसरा सुरक्षित कर जांच के लिए फॉरेंसिक लैब भेजा गया है, विसरा रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही कारण स्पष्ट हो पाएगा। फिलहाल पुलिस इस घटनाक्रम की हर एक एंगल से जांच पड़ताल कर रही है।

# राजदेव स्मारक क्रिकेट प्रतियोगिता में दिखा जबरदस्त उत्साह

- मुख्य अतिथि डॉ. आशीष तिवारी वरिष्ठ नेता निषाद पार्टी ने खिलाड़ियों का बढ़ाया मनोबल



**चांदा, सुलतानपुर (वीओएल)।** स्थानीय चांदा क्षेत्र के कालिकागंज क्रिकेट ग्राउंड पर चल रही राज्य स्तरीय राजदेव स्मारक क्रिकेट प्रतियोगिता अपने रोमांचक दौर में पहुंच चुकी है। मंगलवार को खेले गए क्वार्टर फाइनल मुकाबले के दौरान मैदान पर खिलाड़ियों और दर्शकों का उत्साह देखते ही बन रहा था। कार्यक्रम में निषाद पार्टी के वरिष्ठ नेता (संस्थापक सेवार्थम फाउंडेशन) डॉ. आशीष तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उनके पहुंचते ही खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में जोश की लहर दौड़ गई। डॉ. तिवारी ने मैदान में जाकर दोनों टीमों के खिलाड़ियों से हाथ मिलाया और उनका परिचय लिया। उन्होंने खिलाड़ियों की खेल भावना के साथ खेलने की प्रेरणा दी इस अवसर पर डॉ. तिवारी ने कहा कि खेल युवाओं के शारीरिक विकास के साथ-साथ उनमें अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना भी विकसित करता है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह की प्रतियोगिताएं स्थानीय प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का बेहतर मंच देती हैं। उन्होंने आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया। उन्होंने कहा, ग्रामीण अंचलों में छिपी प्रतिभाओं को निखारने के लिए ऐसे आयोजनों की बेहद जरूरत है। हमारा प्रयास रहेगा कि खिलाड़ियों को हर संभव मदद मिले। मैच देखने के लिए बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे, जिन्होंने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। कार्यक्रम में आयोजन समिति की ओर से मुख्य अतिथि को अंगवस्त्र व माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के अगले मुकाबलों को लेकर खिलाड़ियों और दर्शकों में खासा उत्साह बना हुआ है।

# देवरिया में जिला पुस्तकालय समिति की बैठक, सुविधाओं के विस्तार पर जोर

**देवरिया।** राजकीय जिला पुस्तकालय देवरिया में मंगलवार को जिला पुस्तकालय समिति की बैठक मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में पुस्तकालय सेवाओं को मजबूत करने, पाठकों की संख्या बढ़ाने और आधारभूत सुविधाओं के विस्तार पर चर्चा की गई। मुख्य विकास अधिकारी और जिला विद्यालय निरीक्षक शिव नारायण सिंह ने मोबाइल स्क्रीन से हटकर पुस्तकों की ओर ध्यान आकर्षित करने के प्रयास करने का सुझाव दिया। बैठक में सीट, रीडिंग टेबल, खिड़कियों की मरम्मत, रंगाई-पुताई और वायरिंग सुधार के लिए धनराशि उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया। नगर पालिका से सफाईकर्मी तैनाती और एलईडी स्क्रीन पर प्रचार-प्रसार की व्यवस्था, साथ ही सीएसआर सहयोग के लिए कंपनियों को पत्र भेजने का निर्णय लिया गया। बैठक में वरिष्ठ प्रवक्ता अनिल कुमार सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी शालिनी श्रीवास्तव, युवा कल्याण अधिकारी नीरज कुमार मिश्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष गिरीशचंद्र तिवारी और पुस्तकालय समिति के कई सदस्य उपस्थित रहे।

# पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना का क्लेम 4 दिन में निपटाया, लाभार्थी को मिला चेक

**देवरिया।** केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत बीमा क्लेम की धनराशि केवल चार दिनों के भीतर पूरा कर लाभार्थी को दो लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया। यह चेक स्टेट बैंक के रिजनल मैनेजर विशाल सिद्धार्थ ने संबंधित व्यक्ति धनंजय पाण्डेय को आरबीओ श्री कार्यालय में सौंपा। इस अवसर पर श्री सिद्धार्थ ने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और अटल पेंशन योजना के तहत लाभार्थियों को उनके क्लेम की धनराशि निर्धारित समय सीमा के भीतर उपलब्ध कराई जाती है। उन्होंने कहा कि गत वर्ष 11 नवंबर 2025 को श्रीमती गीता पाण्डेय का असामयिक निधन हो गया था। उनके पति धनंजय पाण्डेय ने चार दिन पूर्व क्लेम के लिए आवेदन किया था, जिसे शीघ्र निपटाया गया। सूचना के अनुसार, मृतक महिला का खाता ग्राहक सेवा केन्द्र भीखमपुर रोड पर था। केंद्र के संचालक ने अब तक सात क्लेम सफलतापूर्वक निपटाए हैं। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक स्टेट बैंक नारायनपुर शाखा अनिमेष हलदर, अशोक सिंह (मैनेजर एफआई), सुजीत मिश्र सहित लगभग सभी शाखा प्रबंधक उपस्थित रहे।

# बजट से मजबूत होंगे गरीब, किसान, युवा व मध्यम वर्ग के लोग



**गौरीगंज, अमेठी।** भाजपा ने गौरीगंज स्थित जिला भाजपा कार्यालय पर केंद्रीय बजट 2026 को लेकर एक प्रभावशाली एवं विचारोत्तेजक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया। प्रेस वार्ता में उप्र सरकार के राज्य मंत्री सतीश शर्मा ने मुख्य वक्ता के रूप में बजट की राष्ट्रहितैषी विशेषताओं को भाजपा जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला की उपस्थिति में विस्तार से रखा।

राज्य मंत्री सतीश शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त और दूरदर्शी नेतृत्व में प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2026 गरीब कल्याण, सामाजिक न्याय और समावेशी विकास की भावना से ओत-प्रोत है। यह बजट केवल आंकड़ों का दस्तावेज नहीं, बल्कि आम नागरिक के सपनों और आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है। उन्होंने कहा कि विपक्ष जहां भ्रम फैलाने और नकारात्मक राजनीति में व्यस्त है, वहीं मोदी सरकार ठोस निर्णयों और परिणाम देने की राजनीति कर रही है।

श्री शर्मा ने कहा कि केंद्रीय बजट 2026 में किसानों की आय बढ़ाने, युवाओं को रोजगार के नए अवसर देने, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और मध्यम वर्ग को आर्थिक राहत देने के लिए निर्णायक प्रावधान किए गए हैं। यह बजट सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के संकल्प को धरातल पर साकार करता है। उन्होंने विशेष रूप से अमेठी जनपद के संदर्भ में कहा कि यह बजट क्षेत्र के लिए भी ऐतिहासिक सौगात लेकर आया है। अमेठी में ट्रामा सेंटर जैसी स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूती, छात्राओं के लिए गर्ल्स हॉस्टल की व्यवस्था तथा कैंसर सहित अन्य गंभीर बीमारियों की जीवनरक्षक दवाओं को सस्ता करने जैसे प्रावधान आम जनमानस को बड़ी राहत देने वाले हैं। यह बजट सिद्ध करता है कि मोदी सरकार का हर निर्णय आम आदमी के जीवन को आसान बनाने के लिए है।

विपक्ष पर तीखा प्रहार करते हुए राज्य मंत्री ने कहा कि जिन दलों ने दशकों तक सत्ता में रहकर देश को घोटाले, गरीबी और निराशा दी, आज वे देश की आर्थिक प्रगति और ऐतिहासिक बजट पर सवाल उठा रहे हैं। लेकिन देश की जागरूक जनता अब सच्चाई को भली-भांति समझ चुकी है और विकास के इस मार्ग पर पीएम मोदी के साथ खड़ी है। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने कहा कि केंद्रीय बजट 2026 उप्र सहित पूरे देश के लिए विकास का स्पष्ट रोडमैप है। यह बजट दर्शाता है कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार केवल वादे नहीं करती, बल्कि उन्हें जमीन पर उतारकर दिखाती है। अमेठी जैसे जनपदों को स्वास्थ्य, शिक्षा और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में जो लाभ मिल रहे हैं, वे इसी मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति का परिणाम हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस के अंत में भाजपा जिला प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आम जनमानस के हितों की सच्ची प्रतिनिधि है। केंद्रीय बजट 2026 इसका जीवंत प्रमाण है। उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता गांव-गांव और जन-जन तक इस बजट की उपलब्धियों को पहुंचाने का कार्य पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ करेंगे।

## लेखपाल ने साठगांठ कर गिराया शौचालय

**महराजगंज, रायबरेली।** क्षेत्र के कैलाशसिंह मजरे ज्योना गांव निवासी सोनी पत्नी विनय कुमार ने डीएम को लिखित शिकायती पत्र देकर बताया कि उसके गांव के तालाब पर बने मकान व अवैध कब्जा करने की शिकायत की गई थी। जिसकी जांच में पहुंचे हल्का लेखपाल राजेंद्र कुमार भारती ने विपक्षी गणों से सांठगांठ कर उसी का शौचालय गिरवा दिया गया। जानकारी होने पर उसने लेखपाल से शौचालय गिरवाने का कारण पूछा तो उन्होंने बताया कि गलती से गिरवा दिया है। हम नया शौचालय बनवा देंगे या फिर 24 हजार रुपए दे देंगे। आप दूसरा शौचालय बनवा लेना। परन्तु कई महीने बीतने के बाद अब लेखपाल राजेंद्र भारती द्वारा टाल मटोल किया जा रहा है। आरोप यह भी है कि लेखपाल द्वारा उसे धमकाया भी जा रहा है। मामले में जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने जांच कर लेखपाल पर कार्यवाही का भरोसा दिलाया है।

# ढाढ़ा चीनी मिल चला रही हर घर ट्राईकोडर्मा अभियान



**कुशीनगर।** अवध शुगर एण्ड एनर्जी लि0 यूनिट- न्यू इण्डिया शुगर मिल्स, ढाढ़ा बुजुर्ग हाटा के अधिशाषी अध्यक्ष आरके गुप्ता द्वारा दीयर निर्देशों के क्रम में फर्फूंद जनित रोगों विशेष रूप से लाल सड़न रोग से गन्ने की फसल के बचाव हेतु मिल क्षेत्र में किसानों द्वारा एकत्र किये गये गोबर की खाद/गढ्ढों में ट्राईकोडर्मा पाउडर निःशुल्क मिलाने का अभियान चलाया जा रहा है। गांवों में जहाँ भी किसानों द्वारा घूरे पर गोबर की खाद एकत्र की जा रही है। उसमें चीनी मिल द्वारा अपने साधनों से ट्राईकोडर्मा पाउडर मिलवाया जा रहा है। इससे किसान भाईयों को गन्ने की फसल के साथ ही साथ अन्य फसलों की उत्पादन बढ़ाने में लाभ मिलेगा। इस अभियान की शुरुआत चीनी मिल क्षेत्र के ग्राम परसिया से अधिशाषी उपाध्यक्ष (गन्ना) रविन्द्र सिंह एवं सहायक उपाध्यक्ष (गन्ना) मनोज विश्वकर्मा द्वारा की गयी। चीनी मिल के अधिशाषी अध्यक्ष श्री गुप्ता द्वारा किसानों से अधिक से अधिक क्षेत्रफल में को0 0118, को0 14201, कोशा 13235, कोलख 16202, को0 85 तथा जलभराव वाले क्षेत्रों में कोपू 9301 प्रजाति के गन्ने की बुवाई हेतु अनुरोध किया गया।

# स्कॉर्पियो से 189 लीटर अवैध देशी शराब बरामद, तस्कर फरार

**देवरिया।** जनपद में अवैध शराब तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत श्रीरामपुर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। यूपी-बिहार सीमा पर चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक लग्जरी स्कॉर्पियो वाहन से 189 लीटर अवैध देशी शराब बरामद की है। हालांकि वाहन चालक अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। एसपी संजीव सुमन के निर्देश पर चल रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत कार्रवाई की गई। एसपी (दक्षिणी) सुनील कुमार सिंह के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी भाटपाररानी अंशुमन श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष श्रीरामपुर डॉ. महेन्द्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम संदिग्ध व्यक्ति व वाहनों की चेकिंग कर रही थी। बताया गया कि हरदहवा मंदिर के पास यूपी-बिहार बॉर्डर पर सुबह के समय एक स्कॉर्पियो वाहन को रोकने का प्रयास किया गया। लेकिन चालक तेज गति से वाहन मोड़कर बैकुंठपुर की ओर भागने लगा। पुलिस टीम ने मोटरसाइकिलों से पीछा किया, लेकिन चालक बैकुंठपुर गांव के ट्रांसफार्मर तिराहे के पास वाहन छोड़कर फरार हो गया। वाहन की तलाशी लेने पर महिंद्रा स्कॉर्पियो से बंटी बबली ब्रांड की 16 पेटी और रॉयल राजा ब्रांड की 5 पेटी देशी शराब बरामद की गई। कुल बरामद शराब की मात्रा 189 लीटर बताई गई है। पुलिस ने स्कॉर्पियो वाहन सहित शराब को कब्जे में लेकर थाना श्रीरामपुर में मु.अ.सं. 0019/2026, धारा 60/72 आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। फरार आरोपी की तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार बरामद शराब की कीमत करीब 50 हजार रुपये, जबकि स्कॉर्पियो वाहन की कीमत लगभग 8 लाख रुपये आंकी गई है। कार्रवाई करने वाली टीम में उप निरीक्षक राघवेन्द्र सिंह, हेड कांस्टेबल मुकेश कुमार, हेड कांस्टेबल हरिकेश गुप्ता, कांस्टेबल राजेन्द्र राव शामिल रहे।

# कॉलेज में प्रबंध कार्यकारिणी की बैठक संपन्न



जिला संवाददाता (vol)

**लालगंज, रायबरेली।** बैसवारा इण्टर कॉलेज में सोमवार को प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष अशोक सिंह एवं प्रबन्धक लाल देवेन्द्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में प्रबन्ध कार्यकारिणी की मीटिंग आहूत की गयी, जिसमें शिक्षकों के प्रोन्नत वेतनमान, पदोन्नति आदि आवश्यक मुद्दों पर परिचर्चा हुई। मीटिंग में उपस्थित सभी सदस्यों ने प्रबन्धक जी के शीघ्र स्वस्थ होने की शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। साथ ही अध्यक्ष एवं प्रबन्धक के कर कमलों द्वारा सभी सदस्यों को स्मृति कोलाज भेंट किया गया।

उल्लेखनीय है कि बैसवारा इंटर कॉलेज लालगंज की स्थापना बैसवारा एजुकेशन ट्रस्ट द्वारा वर्ष 1946 में हुई थी। यह कॉलेज बैसवारा क्षेत्र के सबसे पुराने और प्रमुख शिक्षण संस्थानों में से एक है। यह एक सहशिक्षा संस्थान है, जो कक्षा 6 से 12 तक हिंदी माध्यम में शिक्षा प्रदान करता है। वर्तमान में आयोग से आए प्रधानाचार्य डॉ नरेंद्र सिंह की देखरेख में इंटर कॉलेज दिनों दिन प्रगति की ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहा है प्रधानाचार्य डॉक्टर नरेंद्र सिंह ने बताया कि कॉलेज का मुख्य भवन और शैक्षणिक गतिविधियाँ स्थानीय छात्रों के लिए उच्च शिक्षा की नींव रखती हैं। इस अवसर पर उपप्रबन्धक कुँवर ब्रह्मप्रकाश सिंह प्रबन्ध कार्यकारिणी के सदस्य अवनेन्द्र सिंह, रवीन्द्र कुमार सिंह, पी.के. गुप्ता, सुनील कुमार सिंह, बी.एन. विश्वकर्मा, महेश प्रताप सिंह, दुर्गा बक्स सिंह, संतोष कुमार सिंह, सुरेन्द्र बहादुर सिंह तथा प्रधानाचार्य डॉ. नरेन्द्र बहादुर सिंह उपस्थित रहें।

## जिला सैनिक बंधु समिति की बैठक संपन्न

**रायबरेली।** जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी, रायबरेली की अध्यक्षता में जिला सैनिक बन्धु समिति की बैठक, जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय के सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान प्रतिनिधि अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद, प्रतिनिधि कमाडिंग ऑफिसर एनसीसी, प्रतिनिधि लीड बैंक अधिकारी, प्रतिनिधि पुलिस अधीक्षक व सैनिक बन्धु समिति के सदस्य एवं अन्य पूर्व सैनिक उपस्थित रहे। सभी उपस्थित सदस्यों का जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी, रायबरेली कैप्टन (नौसेना) अतुल्य दयाल (अ० प्रा०) द्वारा स्वागत किया गया तथा पूर्व सैनिकों की समस्याओं पर विचार-विमर्श कर उनके शीघ्र निस्तारण हेतु नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही कराने का आश्वासन दिया गया।

## महिला जनसुनवाई व निरीक्षण कार्यक्रम आज

**कुशीनगर।** उ.प्र. राज्य महिला आयोग के निर्देश पर महिला उत्पीड़न की रोकथाम तथा पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने के उद्देश्य से 04 फरवरी को जनपद में महिला जनसुनवाई एवं भ्रमण/निरीक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उक्त की जानकारी देते हुए जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता उ.प्र. राज्य महिला आयोग की माननीय सदस्य श्रीमती जनक नंदिनी जी द्वारा की जाएगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रातः 09:00 बजे सर्किट हाउस, पडरौना में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की जाएगी। इसके पश्चात 09:30 बजे महिला अस्पताल (पीएचसी/सीएचसी) का निरीक्षण किया जाएगा। पूर्वाह्न 11:00 बजे से तहसील सभागार सदर पडरौना में महिला जनसुनवाई का आयोजन होगा, जहां महिला उत्पीड़न से संबंधित मामलों की सुनवाई की जाएगी। इसके उपरांत 12:30 बजे वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण, 02:00 बजे पिंक बूथ का अवलोकन तथा 02:30 बजे कसया ब्लॉक में जागरूकता जन चौपाल, आंगनबाड़ी केंद्रों पर गोद भराई एवं अन्नप्राशन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। वहीं 03:30 बजे कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का निरीक्षण प्रस्तावित है महिला जनसुनवाई में जिलाधिकारी द्वारा नामित वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा नामित प्रतिनिधि, संबंधित क्षेत्राधिकारी, महिला थानाध्यक्ष, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहेंगे। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों की समीक्षा कर उनके समयबद्ध एवं प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिए जाएंगे।

संक्षेप

## युवती ने कुएं में कूदकर जान दी

बकेवर, इटावा। थाना क्षेत्र गाँव निवाड़ी कलां में मंगलवार को एक 19 वर्षीय युवती ने कुएं में कूदकर अपनी जान दे दी सूचना पर पहुँची पुलिस ने मतृक युवती का शव कुएं से निकलवा कर। पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्राम निवाड़ी कला निवासी मृतिका के पिता हरि शंकर सक्सेना ने बताया किसी बात को लेकर उसकी 19 वर्षीय पुत्री राधा मंगलवार की सुबह बेटी से घर वालो की किसी बात को लेकर कहा सुनी हो गई थी। उसी से नाराज होकर बेटी गाँव बाहर अमर सिंह शाक्य के खेतो पर बने कुएं में छलांग लगा दी। छोटे भाई कृष्णा ने बहिन को कुऐ में छलांग लगाते हुए देखा तो वह चीखता चिल्लाने लगा बेटे की आवाज सुन कर आसपास के लोग भाग कर कुए पर पहुँचे और सूचना पिता ने पुलिस को दी पुलिस फोर्स मौके पर पहुँचा पुलिस ने ग्रामीणो के सहयोग से कडी मशक्कत कुए में गिरी मृतक युवती का शव कुए से बाहर निकलवाकर फोरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया मौके पर पहुँची फोरेंसिक टीम ने नमूने एकत्रित किये। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये इटावा भिजवा दिया। मृतक राधा पांच बहिने और एक भाई है वह तीसरे नंबर की थी दो बड़ी बहिनो की शादी हो गई है। माँ बाप और बहिनो का रो रोकर बुरा हाल है। थानाध्यक्ष बकेवर विपिन मलिक ने बताया युवती ने घर से नाराज होकर कुए में कूदकर आत्म हत्या कर ली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारण का सही पता चल सकेगा। शव को लेकर परिजन घर पहुंचे एवं पुलिस को सूचना दी स मृतका राधा तीसरे नंबर की पुत्री थी, दो बड़ी बहिनों की शादी हो चुकी है, तीन छोटी बहिन और एक भाई है। बेटी की मौत के बाद घरवालों का रो रोकर बुरा हाल है।

## आंगनवाड़ी के 15 नौनिहालों को मिले जन्म प्रमाण पत्र

चकरनगर, इटावा। मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम के निर्देश पर सोमवार को खंड विकास अधिकारी यदुवीर ने सराहनीय पहल करते हुए आंगनवाड़ी केंद्रों से जुड़े 15 नौनिहाल बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र बनाए। इस पहल से बच्चों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ मिलने का मार्ग साफ हो गया। यह जन्म प्रमाण पत्र सुपरवाइजर दुर्गावती को सौंपे गए, जिन्हें आंगनवाड़ी के माध्यम से बच्चों के अभिभावकों तक पहुंचाया जाएगा। खंड विकास अधिकारी यदुवीर ने बताया कि आंगनवाड़ी बच्चों के आवश्यक कागजात मिलते ही तुरंत जन्म प्रमाण पत्र जारी किए जा रहे हैं, ताकि किसी भी परिवार को अनावश्यक दिक्कत न हो। उन्होंने कहा कि जन्म प्रमाण पत्र बच्चों की पहचान से जुड़ा अहम दस्तावेज है, जिसके बिना कई बार पोषण, शिक्षा और स्वास्थ्य से संबंधित योजनाओं का लाभ मिलने में बाधा आती है। इसी को देखते हुए ब्लॉक स्तर पर प्रक्रिया को सरल और तेज किया गया है। सुपरवाइजर दुर्गावती ने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के सहयोग से प्रमाण पत्र घर-घर पहुंचाए जाएंगे, जिससे अभिभावकों को कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। स्थानीय लोगों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे समय और खर्च दोनों की बचत होगी। अभिभावकों ने भरोसा दिलाया कि आगे भी जिन बच्चों के दस्तावेज पूरे होंगे, उनके प्रमाण पत्र प्राथमिकता के आधार पर जारी किए जाएंगे।

# मोबाइल कोर्ट में आयुक्त ने दिव्यांगों की सुनीं शिकायतें



जिला संवाददाता(vol)

उन्नाव। राज्य आयुक्त दिव्यांग जन उत्तर प्रदेश हिमांशु झा की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में दिव्यांग जनों की समस्याओं के निराकरण हेतु मोबाइल कोर्ट का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राज्य आयुक्त ने दिव्यांग जनों की पेंशन राशन कार्ड आयुष्मान अंतोदय जमीन के कब्जे, सड़क ट्रॉय साइकिल, मोटराइज्ड साइकिल उज्जवला गैस कनेक्शन सहित अन्य महत्वपूर्ण मांगों के सम्बंध में प्राप्त शिकायतों को सुना और दिव्यांग जनों से संवाद कर सम्बन्धित अधिकारी को संदर्भित कर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिए।

राज्य आयुक्त ने कहा कि दिव्यांग जनों की शिकायतों का प्राथमिकता से निस्तारण हो दिव्यांगों को कहीं पर परेशान ना होना पड़े इसलिए मौके पर पहुंचकर मोबाइल कोर्ट का आयोजन कर शिकायतों को सुना जा रहा है। कहा की दिव्यांगों को राशन कार्ड आयुष्मान अंत्योदय कार्ड पेंशन में कोई भी दिक्कत ना हो समय से सभी सुविधाएं मिल जाए उपकरण का वितरण प्राथमिकता से होता रहे। दिव्यांग के क्षेत्र में सरकार की जो योजनाएं चलाई जा रही हैं उनका लाभ दिव्यांगों को मिल जाए दिव्यांगों को भी समाज की मुख्य धारा से जोड़ा जा सके। यही मोबाइल कोर्ट के आयोजन का उद्देश्य है। इस अवसर पर दिव्यांग सुभाष तिवारी ने अंत्योदय राशन कार्ड आवास, रेनू देवी ने जमीन संबंधी प्रकरण के बारे में बताया। इसी प्रकार सोनी ने राशन कार्ड ट्राई साइकिल खराब होने, मिथिलेश कुमारी ने आवास मदन ने आयुष्मान कार्ड राशन कार्ड, कुसुम कुमारी ने आवास शौचालय मनोज कुमार ने आवास की मांग की। इसी प्रकार विनोद कुमार ने आवास सहित अन्य दिव्यांगों ने संबंधित शिकायतें दर्ज कराकर मांग किया। जिसको आयुक्त ने संबंधित अधिकारी को संदर्भित कर समय से निस्तारण करने के निर्देश दिया।

### सीएमओ को दिए निर्देश दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने में दिक्कतें न हो

मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने में कोई भी दिक्कत ना हो पैनल का पुनः परीक्षण कर लिया जाए विशेषज्ञ सही हों। कहा दिव्यांग जनों के प्रमाण पत्र बनाए जाने में कोई समस्या न हो। जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी पात्र व्यक्तियों के राशन कार्ड अंतोदय कार्ड समय से बन जाए यह सुनिश्चित करें। इसी प्रकार प्रधानमंत्री आवास योजना और मुख्य मंत्री आवास योजना के तहत दिव्यांगों का पात्रता अपात्रता के आधार पर परीक्षण कर उन्हें आवास की सुविधा दिलाया जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सुशील कुमार गोंड़ परियोजना निदेशक तेजवंत सिंह सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राज जिला विकास अधिकारी देव चतुर्वेदी, ज्योति जिला दिव्यांग जन सशक्तिकरण अधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी और जनपद के विभिन तहसीलों से आए हुए बड़ी संख्या में दिव्यांग जन मौजूद रहे।

### एसआईआरः आपत्तियां व दावे आज विशेष अभियान में प्राप्त किए जायेंगे

उन्नाव। उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुशील कुमार गोंड़ ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि एक जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम जनपद की सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में सम्प्रति चल रहा है। जिले की सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के अन्तर्गत सभी मतदेय स्थलों / मतदान केन्द्रों पर निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन 06 जनवरी को करा दिया गया है। भारत निर्वाचन व आयोग के निर्देशानुसार 6 जनवरी 2026 (मंगलवार) से 06 फरवरी 2026 (शुक्रवार) तक दावे एवं आपत्तियाँ प्राप्त किये जाएंगे एवं 04 फरवरी 2026 (बुधवार) को विशेष अभियान तिथि निर्धारित हैं। निर्धारित विशेष अभियान दिवस में जनपद के समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में नियुक्त बीएलओ अपने-अपने मतदेय स्थलों पर पूर्वाह्न 10:30 बजे से सायं 04:30 बजे तक अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर मतदाताओं से फॉर्म-6 (नाम पंजीकरण), फॉर्म-7 (नाम विलोपन) तथा फॉर्म-8 (सुधार/स्थानांतरण) दावे-आपत्तियाँ घोषणा-पत्र सहित प्राप्त करेंगे। साथ ही, बीएलओ द्वारा उक्त तिथियों में अपने-अपने बूथ पर उपस्थित रहकर आलेख्य प्रकाशित निर्वाचक नामावली को पढ़कर सुनाया जाएगा। बीएलओ के पास उनके मतदान स्थल से सम्बन्धित अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत, डुप्लीकेट (एएसडी) की हिन्दी भाषा में सूची उपलब्ध रहेगी।

## शोरूम से चोरी मामले में पांच गिरफ्तार

सहारनपुर। जिले में पुलिस ने एक शोरूम में हुई करोड़ों रुपये के आभूषणों की चोरी का मामला सुलझा लिया है। पुलिस ने इस मामले में तीन महिलाओं सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है और करीब तीन करोड़ रुपये के गहने बरामद किए हैं। पुलिस के मुताबिक यह चोरी टाटा ग्रुप के कैरटलेन ज्वेलरी शोरूम में हुई थी, जो सदर बाजार पुलिस थाना इलाके में स्थित है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी ने बताया कि पुलिस ने लगभग तीन करोड़ रुपये के गहने और 45,100 रुपये नकद बरामद किए हैं। मामले की जांच के लिए पुलिस की पांच टीमें बनाई गई थीं, जिसके परिणामस्वरूप उन्होंने 100 प्रतिशत रिकवरी बताया। एसएसपी ने पुलिस टीम के लिए 25,000 रुपये के इनाम की घोषणा करते हुए कहा कि यह सफलता सदर बाजार पुलिस और स्वैट सर्विलांस इकाई की संयुक्त टीम ने हासिल की। चोरी की यह घटना 23 जनवरी की रात भारी बारिश के बीच हुई थी। आरोपी सीढ़ियों के पास की दीवार तोड़कर शोरूम में दाखिल हुए थे। शोरूम के प्रबंधक अंकित मुखर्जी ने बाद में शिकायत दर्ज कराई कि अज्ञात लोगों ने सोने, हीरे के गहने और नकद चुरा लिया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान इरशाद उर्फ काला, दिलशाद, काली, सीमा और सल्मा के रूप में हुई है जिनमें से तीन महिलाएं हैं। एसएसपी ने बताया कि आरोपियों को खलासी लाइन इलाके में छोटी रेलवे लाइन के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी और बरामदगी के आधार पर, भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है, और आरोपियों को अदालत में पेश किया जाएगा।

## सर्वसम्मति से पीयूष पांडे का नाम महामंत्री पद के लिए घोषित

फतेहपुर। आदर्श ब्राह्मण अधिवक्ता चयन समिति की बैठक एक महत्वपूर्ण घटना थी। इसमें पीयूष पांडे को महामंत्री पद के लिए चुना गया। सिविल बार हाल में हुई इस बैठक की अध्यक्षता प्रेम कुमार पांडे ने की, जिनके साथ जिला बार अध्यक्ष गया प्रसाद दुबे, रमाकांत बाजपेयी, महेश द्विवेदी, लक्ष्मण प्रसाद त्रिपाठी, आशीष, ज्ञानेंद्र बाजपेयी, सुरेश नारायण अवस्थी और रामगोपाल शुक्ला उपस्थित थे। सभी सदस्यों की सर्वसम्मति से पीयूष पांडे का नाम आगामी जिला बार एसोसिएशन चुनाव के महामंत्री पद के लिए घोषित किया गया। चयन का महत्व यह घोषणा ब्राह्मण अधिवक्ताओं के संगठन की एकजुटता को दर्शाती है, जहां समिति सदस्यों ने पीयूष पांडे को उनकी योग्यता और सक्रियता के आधार पर चुना। जिला बार चुनावों में ऐसा समर्थन उम्मीदवार को मजबूत आधार प्रदान करता है, जिससे चुनावी परिणाम प्रभावित हो सकते हैं।

## चंदा दो, वरना भुगतान न होगा! पंचायत सचिव का ऑडियो वायरल

हसनगंज, उन्नाव। विकासखंड हसनगंज की ग्राम पंचायत बारा बुजुर्ग में भ्रष्टाचार का सामने आया है जिसमें पंचायत सचिव शिल्पी यादव का ग्राम प्रधान जसवंत राजपूत से धन उगाही का सनसनीखेज ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। ऑडियो में सचिव खुले शब्दों में सीडीओ, डीपीआरओ, डीडीओ, बीडीओ, एडीओ पंचायत जैसे उच्च अधिकारियों के नाम पर चंदा मांगती सुनाई दे रही हैं। इससे विभाग में हड़कंप मच गया है। वायरल ऑडियो क्लिप में शिल्पी यादव स्पष्ट कहती हैं, ऐसे तो भुगतान नहीं होगा, पहले हिसाब बराबर करो... चंदा देते हैं हम इन सब उच्चाधिकारियों को! यह ऑडियो खुद ग्राम प्रधान जसवंत राजपूत ने वायरल किया है, जो सचिव की पोल खोलने का दावा कर रहे हैं। ग्राम पंचायत बारा बुजुर्ग के प्रधान ने बताया, शिल्पी यादव जब से हमारी पंचायत में आई हैं, तब से गलत तरीके से भुगतान लगवाने का दबाव बनाती हैं। इंटरलॉकिंग का काम पूरा होने के बाद भी भुगतान न लगवाकर पहले 15 हजार रुपये चंदे के नाम पर मांगती हैं। कहती हैं, पहले हमें दो, तब दूसरा पेमेंट लगेगा। खंड विकास अधिकारी निशा सागर से इस मामले में पूछा गया तो उन्होंने कहा हमें कोई जानकारी प्राप्त नहीं हुई है।

## चेक बुक न होने पर लेनदेन नहीं हो रहा है

भरथना, इटावा। बीते कई माह से डाकघर भरथना में चेक बुक न होने के कारण बचत खाताधारक अपने खाते से लेन-देन नहीं कर पा रहे हैं तथा दिन प्रतिदिन चेकबुक के लिए डाकघर के चक्कर लगाने को मजबूर बने हुए हैं। डाकघर में मौजूद खाताधारक व अभिकर्ताओं ने बताया कि डाकघर भरथना में चेकबुक की अनुपलब्धता के कारण बचत खाताधारक अपने खाते से लेन-देन नहीं कर पा रहे हैं तथा चेक बुक प्राप्त करने के इन्तजार में रोजाना डाकघर के चक्कर लगाने को मजबूर होना पड़ रहा है। जबकि प्रधान डाकघर इटावा में बचत खाताधारकों को चेकबुक उसी तिथि को उपलब्ध कराई जाती है। पीड़ितजनों ने उक्त जटिल समस्या से अवगत कराते हुए डाकघर इटावा के अधीक्षक से पुरजोर मांग की है कि वह शीघ्र ही डाकघर भरथना पर चैक बुक की पर्याप्त व्यवस्था करायें, ताकि उपभोक्ताओं को अपनी जरूरत की पूर्ति के लिए खाता से निकासी में हो रही परेशानी का सामना न करना पड़े।

## कुलपति ने नवीनीकृत जिम्नेजियम का उद्घाटन किया

इटावा। उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई में खेल और स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने के उद्देश्य से नवीनीकृत जिम्नेजियम का उद्घाटन किया गया। कुलपति प्रोफेसर डॉ अजय सिंह ने इस जिम्नेजियम का उद्घाटन किया, जिसमें अत्याधुनिक बैडमिंटन कोर्ट सहित कई इनडोर खेल सुविधाएं शुरू की गई हैं। इससे छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों को फिट और स्वस्थ रहने के बेहतर अवसर मिलेंगे। जिम्नेजियम में बनाया गया नया बैडमिंटन कोर्ट आधुनिक पीवीसी मैटिंग से तैयार किया गया है। यह मैटिंग खेल के दौरान खिलाड़ियों के घुटनों और टखनों पर पड़ने वाले दबाव को कम करती है। फिसलन रहित सतह होने से खिलाड़ी सुरक्षित तरीके से बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे। बैडमिंटन कोर्ट को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप तैयार किया गया है। तेज गति के खेल में भी यह कोर्ट अच्छी पकड़ देता है और चोट लगने की संभावना कम रहती है। इससे विश्वविद्यालय में खेल संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा और भविष्य में प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जा सकेंगी।

# महाविद्यालय में 36वां वार्षिक क्रीड़ोत्सव संपन्न




जिला संवाददाता(vol)

फतेहपुर। के डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 36वें वार्षिक क्रीड़ोत्सव का भव्य आयोजन छात्राओं के सर्वांगीण विकास और खेलकूद के माध्यम से उनकी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा देने का प्रतीक बना।

समापन समारोहमहाविद्यालय प्रांगण में आयोजित समापन समारोह की मुख्य अतिथि डॉ. गुलशन सक्सेना, प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय सैयां खैरागढ़ आगरा रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. रामकुमार, प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय बहुआ देहात तथा प्रो. सपना पांडेय, प्राचार्य राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय बिंदकी उपस्थित हुईं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार यादव ने की। श्रीमती बी.ए. तृतीय वर्ष को एथलेटिक्स चैंपियन घोषित किया गया, जबकि विभिन्न टीम गेम्स और एथलेटिक्स की विजेता छात्राओं को मुख्य अतिथि ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया।अतिथियों के उद्बोधनमुख्य अतिथि डॉ. गुलशन सक्सेना ने विजेता छात्राओं को निरंतर प्रयास जारी रखने का आह्वान किया और महाविद्यालय में अपनी वर्ष की सेवा के स्वर्णिम पलों को साझा किया। डॉ. रामकुमार ने छात्राओं के कौशल की प्रशंसा की तथा इतिहास की समाज सुधारक महिलाओं का उल्लेख कर प्रेरित किया। प्रो. सपना पांडेय ने छात्राओं की प्रतिभा पर भरोसा जताया और लक्ष्यों पर दृढ़ रहने का संदेश दिया। प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार यादव ने विजेताओं को बधाई दी तथा खेलकूद जैसी पाठ्य-सहगामी गतिविधियों को सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक बताया।

उद्घाटन सत्र का उल्लेखइससे पूर्व उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि डॉ. प्रेम शंकर मिश्र, पूर्व प्राचार्य गोस्वामी तुलसीदासस्नातकोत्तर महाविद्यालय कर्वी चित्रकूट ने खेलों के साथ सामाजिक समरसता पर जोर दिया। उन्होंने युवा वर्ग से एकता, अखंडता और बेहतर समाज निर्माण में योगदान का संकल्प लेने का आह्वान किया। क्रीड़ा प्रभारी डॉ. शरद चंद्र राय ने क्रीड़ा आख्या प्रस्तुत की, जबकि डॉ. चारू मिश्रा ने संचालन किया और छात्राओं के वर्ष भर के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। समस्त महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।आयोजन का महत्वयह क्रीड़ोत्सव छात्राओं में अनुशासन, टीमवर्क और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का माध्यम बना।

# बरेली में माहौल बिगाड़ने की खुफिया जानकारी मिलने पर निषेधाज्ञा लागू

बरेली। जिले में शब-ए-बारात और अन्य त्योहारों पर माहौल बिगाड़ने के प्रयास की आशंका सम्बन्धी खुफिया जानकारी मिलने के बाद निषेधाज्ञा लागू कर दी गयी। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने बताया कि आगामी त्योहारों को लेकर खुफिया तंत्र से मिली सूचनाओं के मद्देनजर जिले में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गयी है। उन्होंने बताया कि खुफिया तंत्र से ऐसी सूचनाएं मिली थीं कि कुछ असामाजिक तत्व शब-ए-बारात, महाशिवरात्रि और होली पर माहौल बिगाड़ने की फिराक में हैं, जिसके मद्देनजर निषेधाज्ञा लागू की गयी है। जिलाधिकारी ने जारी आदेश में बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से अब किसी भी बाहरी व्यक्ति को बिना पुख्ता पहचान के होटल, सराय या साइबर कैफे में प्रवेश नहीं मिलेगा। आदेश के मुताबिक, साथ ही, सार्वजनिक या निजी संपत्ति पर बिना मालिक की अनुमति के पोस्टर चिपकाने या कुछ भी लिखने पर भी रोक है और नियम का उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई होगी। आदेश में बताया गया कि जिले में किसी भी सार्वजनिक स्थान पर पांच या उससे अधिक व्यक्ति एक साथ इकट्ठा नहीं हो पाएंगे, धरना-प्रदर्शन या जुलूस निकालने से पहले सक्षम अधिकारी से लिखित अनुमति लेनी होगी हालांकि सरकारी कर्मचारियों को ड्यूटी के दौरान इस पाबंदी से छूट दी गई है। कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक मार्ग पर लाठी, डंडा, तलवार, चाकू या किसी भी तरह का तेज धार वाला हथियार लेकर नहीं चल सकेगा। उन्होंने बताया कि केवल ड्यूटी पर तैनात सुरक्षाकर्मियों और सहारे के लिए डंडा रखने वाले बुजुर्गों को इससे छूट मिलेगी। इसके अलावा, किसी भी घर या दुकान में तेजाब, ईंट-पत्थर या विस्फोटक सामग्री जमा करने पर भी पूरी तरह पाबंदी लगा दी गई है। अफवाह फैलाने वालों और भड़काऊ पोस्टर छापने वालों के खिलाफ प्रशासन किसी प्रकार की कोई नरमी नहीं बरतेगा। उन्होंने बताया कि महापुरुषों के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने वालों और अफवाहों को हवा देने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा जाएगा।

# अमरनाथ यात्रा को लेकर बैठक आहुत



उन्नाव। आगामी वर्ष 2026 में जम्मू कश्मीर के अमरनाथ यात्रा में लगने वाले भंडारे को लेकर एक बैठक श्री बफानीस्वर महादेव सेवा समिति के प्रधान कैलाश नाथ शर्मा की अध्यक्षता में सेवादार राजेश कुशवाहा के आवास पर हुई। जिसमें भंडारे को लेकर विस्तृत चर्चा हुई और ज्यादा से ज्यादा सहयोग करने का आवाहन किया गया। बैठक में 30 लोगों ने समिति की सदस्यता भी ग्रहण की। बैठक में जन्मेजय गुप्ता, प्रशांत, मुकेश द्विवेदी, अरविंद यादव, विवेक शुक्ला, जितेंद्र यादव, सुरेश शर्मा, बबलू पाल, राजीव शंकर गुप्ता, अरविंद पाल, शिव प्रसाद यादव, मुकेश शर्मा, अमित श्रीवास्तव, कैलाश पाल, अमित तिवारी, शिव शंकर कुशवाहा, बृजेश कुशवाहा सहित करीब आधा सैकड़ा लोग उपस्थित रहे।

# निः शुल्क फिल्म दिखाकर बच्चों को दिया देशभक्ति का संदेश

फतेहपुर। शहर में सदाशिव पैलेस की यह अनूठी पहल वाकई सराहनीय है। बच्चों को निःशुल्क 'बॉर्डर फिल्म दिखाकर देशभक्ति की भावना जगाने का यह प्रयास नई पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक है। पहल का विवरणकोतवाली के समीप स्थित सदाशिव पैलेस के संचालक मनीष तिवारी उर्फ रिंकू तिवारी ने आरएसएसएल एकेडमी महापुर पक्का तालाब के बच्चों को निःशुल्क रूप से सिनेमा हॉल में 'बॉर्डर फिल्म दिखाई।

फिल्म समाप्त होने पर बच्चों के चेहरों पर उत्साह और देशप्रेम की भावना स्पष्ट झलक रही थी। छात्र असद रजा, मोहम्मद माज, मयंक, कपिल, रौनक, शिवास, शिवा, शिवम और छात्राओं निर्मला, रिहाइशी, नव्या, नायरा, ज्योतिषा ने अपने अनुभव साझा



करते हुए कहा कि फिल्म बेहद रोमांचक है तथा देश के प्रति समर्पण और गौरव की अनुपम सीख देती है। उद्देश्य और प्रतिक्रियास्कूल के शिक्षक सत्येंद्र श्रीवास्तव, सूरजभान सिंह और अमल प्रताप पाल ने बताया कि इस फिल्म का उद्देश्य बच्चों में देश के प्रति जिम्मेदारी का बोध कराना तथा देशप्रेम की भावना जागृत करना है। इससे वे अपने हित में कार्य करने और समाज को जागरूक करने के लिए प्रेरित होंगे। इस अवसर पर बृजेश कुमार तिवारी उर्फ रंजू तिवारी, अनूप दुबे अजहर हुसैन, अनुरुद्ध तिवारी उर्फ अरमान, अर्चित तिवारी, यशु सिंह, अविनाश केसरवानी सहित कई लोग उपस्थित रहे।सामाजिक प्रभावयह पहल स्थानीय समुदाय के लिए एक मिसाल है, जो सिनेमा के माध्यम से नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देती है।

# कालूखेड़ा में अवैध अस्पतालों का जाल

जिला संवाददाता



हिलौली, उन्नाव। कालूखेड़ा क्षेत्र में फातिमा अस्पताल के आसपास गंदगी का अंबार और सड़क पर फैला अतिक्रमण आमजन के लिए गंभीर समस्या बनता जा रहा है।

अस्पताल के बगल में सड़क पर मोटरसाइकिल व चार पहिया वाहन खड़े कर दिए जाते हैं, जिनसे मरीजों को लेकर आए, लोग घंटों के लिए सड़क जाम कर देते हैं। हालात यह हैं कि पास में पुलिस चौकी होने के बावजूद जाम की स्थिति बनी रहती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अधिकारी यह जानते हुए भी कार्रवाई नहीं कर पा रहे के जाम आखिर क्यों और कैसे लगता है। बताया जाता है कि पूर्व में भी फातिमा अस्पताल को सील किया गया था और बुलडोजर की कार्रवाई भी हुई थी, लेकिन इसके बावजूद अस्पताल धड़ल्ले से संचालित हो रहा है। सूत्रों के अनुसार फातिमा अस्पताल से जुड़े पैथोलॉजी, मेडिकल स्टोर और अल्ट्रासाउंड केंद्रों के माध्यम से कमीशन का खेल चल रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों से कुछ लोग मरीजों को बहला-फुसलाकर फातिमा अस्पताल में भर्ती कराते हैं और कमीशन लेकर चुपचाप निकल जाते हैं, जबकि अंत में मरीज और उसके परिजन आर्थिक व मानसिक रूप से परेशान होते हैं। एक ही पंजीकरण के नाम पर दो-दो जगह डॉक्टर बैठाए जाने की बात सामने आ रही है, जिससे आए दिन मरीजों के साथ खिलवाड़ हो रहा है।

सूत्रों का कहना है कि फातिमा मेडिकल स्टोर संचालक ने दावा किया है कि अस्पताल उसी के पंजीकरण पर चल रहा है, जबकि मौके पर न तो अस्पताल का बोर्ड स्पष्ट रूप से दिखाई देता है और न ही मानक के अनुरूप बोर्ड लगा हुआ है। जानकारी के अनुसार डॉक्टर नफीस बीआईपी अस्पताल का संचालन कर रहे हैं, जबकि डॉक्टर शाहरुख बीआईपी अस्पताल सगौली में कार्यरत बताए जा रहे हैं। आरोप है कि सस्ते इलाज के लालच में मरीजों को इन डॉक्टरों के माध्यम से फातिमा अस्पताल भेजा जाता है। यहां तक कि गंभीर मरीजों का इलाज आयुर्वेदिक स्नातक डिग्री के सहारे किए जाने और सीजर ऑपरेशन जैसी प्रक्रियाओं की बातें भी सामने आ रही हैं। ऑपरेशन के दौरान हालत बिगड़ने पर बाहर से प्रशिक्षित चिकित्सकों को बुलाया जाता है और मोटी रकम वसूली जाती है। क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित नर्सिंग होम व अस्पतालों पर स्वास्थ्य विभाग की सख्ती न होने से संचालकों के हौसले बुलंद हैं। आमजन में चर्चा है कि स्वास्थ्य विभाग की उदासीनता या कथित मिलीभगत के कारण मानकविहीन अस्पताल खुलेआम मौत को दावत दे रहे हैं। स्थानीय लोगों ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी उन्नाव से मांग की है कि समय-समय पर सघन निरीक्षण कर ऐसे अवैध अस्पतालों पर कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि मरीजों की जान से हो रहे खिलवाड़ पर रोक लग सके।

### क्या बोले प्रभारी सीएमओ

इस मामले में जब प्रभारी सीएमओ डॉ हरिनंदन प्रसाद से जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि इसकी जानकारी है जल्द ही अस्पताल को शील करने की कार्रवाई की जाएगी।

## हादसों में दो युवक घायल, सैफई रेफर

जसवन्तनगर, इटावा। सोमवार की देर शाम क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में भर्ती कराया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। पहली घटना रामलीला तिराहे से केस्त मार्ग पर स्थित ओवरसीज बैंक के पास हुई। यहां बनकटी गांव निवासी 36 वर्षीय सत्यदेव पुत्र राजेश्वर सिंह मोटरसाइकिल की टक्कर में घायल हो गए। आसपास के लोगों की मदद से उन्हें सीएचसी लाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद सैफई रेफर कर दिया। वहीं दूसरी घटना जसवन्तनगर बलरई मार्ग पर बम्बा सफाई के दौरान सड़क किनारे डाली गई सिल्ट के कारण हुई। कुडाखर गांव के पास खंदिया गांव निवासी 20 वर्षीय गोलू पुत्र रामसेवक की बाइक सिल्ट पर फिसल गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे भी सीएचसी से सैफई भेजा गया।

# धूमधाम से कब बुलबुल कैंप का आयोजन



सोनभद्र। पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय पल्हारी नगवां सोनभद्र में धूमधाम से कब बुलबुल कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें नियम, प्रतिज्ञा, झंडा गीत के साथ विविध गतिविधियां कराई गई।

डॉ बृजेश महादेव ने बताया कि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सोनभद्र मुकुल आनंद पांडेय के संरक्षण व खंड शिक्षा अधिकारी नगवां, सोनभद्र धनंजय कुमार सिंह के सह संरक्षण में क्रियात्मक कैंप आयोजित किया गया। कब और बुलबुल भारत स्काउट एंड गाइड के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालयों (कक्षा 1 से 5) के बच्चों के लिए संचालित एक बाल गतिविधि संगठन है। इसमें 5 से 10 वर्ष के लड़कों को शकबस और लड़कियों को बुलबुल कहा जाता है, जिसका उद्देश्य बच्चों का शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास करना है। इसमें बच्चों को विभिन्न चरण (कोमल पंख, रजत पंख, सुवर्ण पंख) पार करने होते हैं, जिसके बाद वे प्रवीणता बैज (जैसे गोल्डन ऐरो अवार्ड) जीत सकते हैं।

कैंप में बच्चों को प्रार्थना, सैल्यूट करना, झंडा गीत, रस्सी की गांठें लगाना और प्राथमिक चिकित्सा जैसी गतिविधियां सिखाई जाती हैं। पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय पल्हारी नगवां सोनभद्र के प्राथमिक संवर्ग में भारत स्काउट और गाइड संस्था द्वारा महात्मा बुद्ध कब पैक पंजीकृत है बता दें कि स्काउट मास्टर डॉ बृजेश महादेव का स्मार्ट क्लास, कंपोजिट क्लास, डिजिटल लाइब्रेरी, कंपोजिट क्लास, आईसीटी लैब, वार्षिकोत्सव, पत्रिका प्रकाशन आदि नवाचार प्रदेश भर में संचालित है। इनके द्वारा पूर्व छात्र सम्मेलन भी कराया जाता है जो अनुकरणीय है। इस अवसर पर जय प्रसाद चेरसिया प्रधानाध्यापक, ज्ञानेश, प्रदीप, पवन, रमेश, दीपक, शिवशंकर, उर्मिला, ममता एवं विंदु बीडीसी उपस्थित रहे। कैंप में अशोक सिंह, आदर्श सिंह, बीकेश, श्याम नारायन, विकाश, संदीप कुमार, रमाकान्त, टीपू, प्रदीप कुमार, श्याम सुन्दर, सत्यम, रणजीत सिंह कमरो, सूरज, संतोष, रंजीत, अंजना, अंजनी, खुशबू, फूलन, सुनिता, राधा, चन्दा, सुगवन्ती आदि ने प्रतिभाग किया।

# शराब की दुकान पर महिलाओं ने बोला धावा

## शराब की पेटियां सड़क पर फेंककर की नष्ट, अनियंत्रित भीड़ ने जमकर किया प्रदर्शन



ललितपुर (वीओएल)। जनपद में इन दिनों शराब की दुकानों को बंद कराये जाने को लेकर महिलाओं द्वारा अनेकों बार धरना प्रदर्शन करते हुये प्रशासन को पूर्व में ज्ञापनों के माध्यम से अपनी समस्याओं को अवगत कराया, लेकिन गांवों में बढती शराब की बिक्री और बर्बाद होते घर परिवारों की व्यथा बढ़ती जा रही है। जिससे महिलाओं के मन मस्तिष्क में शराब के प्रति घृणा बढ़ती जा रही है। थाना महरौनी की रिपोर्टिंग पुलिस चैकी खितवांस में लंबे समय से चल रहा देशी और अंग्रेजी शराब के खिलाफ विरोध ने सोमवार को उग्र रूप ले लिया। खितवांस और आस पास के ग्रामीण अंचलों से आये महिलाओं और पुरुषों ने देशी शराब की दुकान का ताला तोड़ा और फिर दुकान में रखीं करीब आधा सैकड़ा से अधिक शराब की पेटियों को ललितपुर - महरौनी मुख्य मार्ग पर फेंक कर नष्ट कर दीं। काफी देर हंगामे के बाद महरौनी, खितवांस और मुख्यालय से भी भारी पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गई और स्थिति को संभालने का प्रयास किया गया, समाचार लिखे जाने तक सूचना मिल रही है कि उग्र लोगों ने खितवांस की अंग्रेजी शराब की दुकान पर भी प्रदर्शन शुरू हो गया था।

जनपद में ग्रामीण अंचलों में देशी व अंग्रेजी शराब की दुकानें बहुतायत संख्या में खोली गयी हैं। इन दुकानों को या तो घनी आबादी के बीच, गांव के समीप और स्कूलों के पास खोल दिया गया है। इनमें मानकों की अनदेखी किये जाने का बड़ा आरोप पूर्व से भी लगता रहा है। शराब की दुकानों पर नशे के शौकीन लोगों का जमघट लगा रहना गांव में अशांति का माहौल बनाये रखता है। वहीं आये दिन महिलाओं को होने वाली समस्याओं, बच्चों, बुजुर्गों व बालिकाओं से जुडी समस्याओं को लेकर कई ग्रामीण अंचलों में लोगों ने खासकर महिलाओं ने प्रदर्शन करते हुये दुकानों को तत्काल बंद करने या फिर अन्यत्र स्थानान्तरित करने की मांग उठायी है, जिससे कि गांव में किसी प्रकार की अनहोनी घटना न हो। महिलाओं ने कई ग्रामीण अंचलों की समस्याओं को लेकर जिला मुख्यालय पहुंच कर आलाधिकारियों को ज्ञापन दिये, शिकायतें की। लेकिन कार्यवाही न होने से क्षुब्ध महिलाओं के सब्र का बांध आज टूट गया, जिसके चलते महरौनी कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम खितवांस में महिलाओं -पुरुषों की भारी भीड़ ने देशी शराब की दुकान का ताला तोड़ा और अंदर रखी शराब की पेटियों को उठाकर बीच सड़क पर डालकर शराब नष्ट कर दीं। वहीं अंग्रेजी शराब की दुकान में भी रखी शराब को सड़क पर फेंकते हुये नष्ट कर दिया गया। उग्र होते प्रदर्शन को देख महरौनी कोतवाली समेत मुख्यालय से भी भारी पुलिस फोर्स ने मौके पर पहुंच कर लोगों को समझाने का प्रयास किया।

वहीं मुख्यालय स्थित घण्टाघर पर थाना जाखलौन क्षेत्र के ग्राम जीरौन में रहने वाली महिलाओं ने जाम लगाकर भारी प्रदर्शन किया। मौके पर कोतवाली से पहुंचे निरीक्षक व उप निरीक्षक के अलावा सदर चैकी इंचार्ज प्रशान्त राणा ने मौके पर पहुंचकर महिलाओं को समझाया और कड़ी मशक्कत कर जाम खुलवाया। महिलाओं का आरोप है कि गांव में शराब की बिक्री हो रही है, जिससे गांव का माहौल खराब हो रहा है। यहां शराबियों का जमघट लगा रहता है, जिससे महिलाओं, बालिकाओं को आने-जाने में भारी परेशानियां उठानी पड़ती हैं। वहीं बच्चों को विद्यालय जाने में भी असुविधा होती है। महिलाओं ने उक्त दुकान को बंद कर अन्यत्र स्थानान्तरित करने की मांग उठायी।

संक्षेप

### डीएम, एडीएम, न्यायालय का बार संघ ने शुरू किया बहिष्कार

बांदा। मांग न मानने पर जिला अधिवक्ता संघ ने मंगलवार को जिलाधिकारी व अपर जिलाधिकारी न्यायालय का बहिष्कार शुरू कर दिया है। जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष ने कहा कि 5 फरवरी तक मांग पूरी नहीं हुई तो 6 फरवरी को अधिवक्ता जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर धरना देंगे। संघ के अध्यक्ष द्वारिकेश सिंह यादव मंडेला ने जिलाधिकारी व अपर जिलाधिकारी को पुनः स्मरण पत्र दिया है। कहा कि अधिवक्ता संघ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी स्मृति हाल का निर्माण करा रहा है। पूर्व में दिए गये ज्ञापन के माध्यम से स्थल में बने जीर्णशीर्ण शौचालय के स्थान पर हॉल के लिए यह जमीन देने का अनुरोध किया था। पर अब तक कुछ नहीं हुआ। इससे अधिवक्ताओं में रोष है। अधिवक्ताओं ने एक राय से मंगलवार व बुधवार को जिलाधिकारी न्यायालय, अपर जिलाधिकारी न्यायालय के बहिष्कार की घोषणा की है। यदि 5 फरवरी तक कोई सार्थक निर्णय नहीं लिया गया तो 6 फरवरी को जिले के सभी अधिवक्ता जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे।

### पति पर लगाया मारपीट कर चेहरा जलाने का आरोप

ललितपुर (वीओएल)। महरौनी के ग्राम सैदपुर में रहने वाली मालती कुशवाहा पत्नी एकपाल कुशवाहा ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि उसकी शादी को 12 वर्ष हो गये हैं और वह आशा पद पर भी तैनात है। आरोप है कि उसके पति एकपाल पुत्र स्व.मुलायम द्वारा विगत कई वर्षों से कभी-कभी उसे परेशान किया जा रहा है। आरोप है कि उसका पति शराब का सेवन कर उसे गालियां देते हुये मारपीट करता है। पति पर महिला ने कई गंभीर आरोप लगाये हैं। बताया कि 31 जनवरी की सुबह 5 बजे उसके साथ मारपीट करते हुये उसे आग से जलाया गया, जिससे उसका चेहरा जल गया। पीड़िता ने बताया कि उसके दो पुत्री व एक पुत्र है। इसके अलावा महिला ने अपने जेठ ईश्वर, देवर राघवेन्द्र पर भी प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। महिला की तहरीर पर पुलिस ने पति, जेठ व देवर के खिलाफ बीएनएस की धारा 85, 118 (1), 352, 115 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## देश की अर्थव्यवस्था को तेज और टिकाऊ बनाना बजट का मुख्य उद्देश्यः प्रभारी मंत्री




बिजनौर। राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास/प्रभारी मंत्री बिजनौर कपिल देव अग्रवाल द्वारा पत्रकार बंधुओं से बजट के विषय पर प्रेस से वार्ता की गई। प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में प्रेसववार्ता के दौरान पत्रकार बंधुओं को बजट के विषय पर जानकारी देते हुए बताया कि बजट-2026 का मुख्य उद्देश्य देश की अर्थव्यवस्था उत्पादकता और ग्लोबल कंपीटिटिवनेस को बढ़ाकर आर्थिक विकास को तेज और टिकाऊ बनाना, देश की जनता की आकांक्षाओं को पूरा करना, उन्हें समृद्ध बनाना तथा सबका साथ सबका विकास के विजन को साकार करना है ताकि हर क्षेत्र और समुदाय को अवसर प्राप्त हों। इस अवसर भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चैहान, जिलाधिकारी जसजीत कौर, पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा, मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, डिप्टी कलेक्टर/जिला सूचना अधिकारी हर्ष चावला सहित जन प्रतिनिधिगण एवं प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि मौजूद थे।

### युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी, परिजनों में कोहराम, पुलिस जांच में जुटी

बिजनौर। घर से लापता युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। घटना की सूचना पाकर मौके पर पुहंची ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजने के बाद जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार थाना नागल सोती क्षेत्र के ग्राम रायपुर खास उर्फ कोट सराय निवासी कामेन्द्र ( 25 वर्ष ) पुत्र रतिराम का शव मंगलवार सुबह गंगा खादर में मिला। युवक सोमवार शाम से लापता था। घटना की सूचना पर नजीबाबाद पुलिस क्षेत्राधिकारी नितेश प्रताप सिंह, मंडावली थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार और नांगल थाना प्रभारी अमर सिंह राठौड़ अपने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कामेन्द्र की मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए कार्रवाही की मांग की जबकि पुलिस की प्रारंभिक जांच में जहर खाने से मौत की आशंका जताई जा रही है। साक्ष्य जुटाने के लिए फॉरेंसिक टीम भी घटनास्थल पर पहुंची थी। पुलिस घटना की सच्चाई जानने के लिए गहनता से जांच कर रही है।

## आगरा में उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ का 73 वां अधिवेशन सम्पन्न

ललितपुर (वीओएल)। ताज नगरी आगरा में उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ के 73 वें अधिवेशन में शामिल होकर ललितपुर के नेताओं ने कार्यवाहक प्रान्तीय अध्यक्ष के नेतृत्व में प्रदेशीय नेताओं का स्वागत किया। अधिवेशन में ललितपुर के सफाई मजदूर संघ नेताओं ने पूरे उत्तर प्रदेश में आउटसोर्सिंग व संविदा व्यवस्था को समाप्त कर सफाई कर्मियों की नौकरी को स्थाई किये जाने की मांग को पुरजोर तरीके से उठाया। आगरा अधिवेशन से लौटकर जिला मुख्यालय पहुंचे कार्यवाहक प्रान्तीय अध्यक्ष मंजीत करौसिया ने बताया कि संघ का 73 वां अधिवेशन आगरा उ.प्र. में सम्पन्न हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि संघ प्रांतीय अध्यक्ष महेश काजू एवं अध्यक्षता पूर्व महापौर इंद्रजीत आर्या ने की। अधिवेशन में प्रदेश के जिलों से आए जिलाध्यक्षों व प्रदेश पदाधिकारी ने कर्मचारी हित में अपने-अपने विचार व्यक्त किए। संघ प्रांतीय अध्यक्ष महेश काजू ने प्रदेश सरकार से आह्वान किया कि प्रदेश में आउटसोर्सिंग व्यवस्था को बंद कर स्थाई नौकरी निकली जाए व पूर्व से संविदा आउटसोर्सिंग मे तैनात सभी कर्मचारियों को नियमित करने की नीति अपनायी जाये, जिससे बेरोजगारी भी दूर होगी और व्यवस्थाएं और चैकस हो सकेंगीं। संघ के कार्यवाहक प्रांतीय अध्यक्ष मंजीत करौसिया ने प्रदेश में तैनात समस्त संविदा सफाई कर्मचारी एवं आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों को नियमित करने एवं स्थाई भर्ती किए जाने की मांग रखी।

### आधार से संबंधित समस्याओं का आसानी से होगा समाधान

ललितपुर (वीओएल)। इलेक्ट्रानिकी एवम सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार की अधिकृत संस्था सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लि. द्वारा जनपद स्तर पर नई तहसील परिसर में सदनशाह रोड सिविल लाइन ललितपुर स्थापित आधार सेवा केन्द्र के माध्यम से आप बच्चो के नए आधार बनवाने के अलावा अपने आधार में बायोमेट्रिक अपडेट, नाम, पता, जन्मतिथि, मोबाइल नंबर अपडेट इत्यादि करा सकते है।

## निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक आयोजित



महोबा। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा नियुक्त विशेष रोल प्रेक्षक जेवीएन सुब्रमण्यम संयुक्त सचिव नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय की अध्यक्षता में 3 फरवरी 2026 को अर्हता तिथि 1 फरवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण 2026 के सम्बन्ध में जिला निर्वाचन अधिकारी गजल भारद्वाज एवं अन्य निर्वाचन सम्बन्धित अधिकारी एवं जनपद के समस्त राष्ट्रीय व राज्यीय मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक की गई।

विशेष रोल प्रेक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि जो भी फार्म 6 प्राप्त हो रहे हैं उनकी जांच कर ली जाए कि सम्बन्धित मतदाता कहीं ओर पर पहले से मतदाता के रूप में दर्ज न हो एवं जो बॉर्डर से सम्बन्धित मतदाता हैं उनकी जांच कर ली जाए कि उन व्यक्तियों का नाम सिर्फ एक जगह की मतदाता सूची में होना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए गए कि मतदाताओं के फार्म में त्रुटि होने पर फार्म को निरस्त न किया जाए बल्कि मतदाता से वार्ता कर उक्त त्रुटियों का निराकरण कर लिया जाए। विशेष रोल प्रेक्षक द्वारा बैठक में उपस्थित समस्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपील की गई कि मतदाताओं का सुनवाई के दौरान प्रस्तुत किए जाने वाले दस्तावेजों को उपलब्ध कराए जाने में उनका सहयोग करें तथा अपने बीएलए को बीएलओ के साथ समन्वय स्थापित करते हुए मतदाताओं के सहयोग प्रदान किए जाने हेतु निर्देशित करें और इस कार्य को सम्पन्न कराने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का कष्ट करें। विशेष रोल प्रेक्षक द्वारा बैठक के उपरान्त भ्रमण के दौरान कबरई ब्लॉक में नोटिसों की सुनवाई का निरीक्षण किया एवं नोटिस की सुनवाई की अवधि दिनांक 27 फरवरी 2026 के दृष्टिगत नोटिस की सुनवाई करने एवं मतदाताओं द्वारा उपलब्ध कराए गए अभिलेखों का सत्यापन किए जाने के कार्य में गति लाए जाने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि उक्त कार्य आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार समयबद्ध रूप से पूर्ण कर लिया जाए।

### पदाधिकारियों ने क्षेत्रीय प्रबंधक को दिया ज्ञापन



बांदा। रोडवेज डिपो शाखा अध्यक्ष रमेशचंद्र गुप्त, मंत्री जयपाल सिंह, कोषाध्यक्ष पवन गुप्ता ने सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक को ज्ञापन सौंपा। मंगलवार को दिए गये ज्ञापन में कहा गया है कि डिपो में प्रतिदिन चलने वाली बसों पर मनमाने ढंग से बिना किसी आधार डीजल की कटौती चालकों से की जा रही है। लगातार कम डीजल औसत देने वाले वाहनों की समीक्षा, निर्धारित डीजल औसत प्राप्त न होने पर कार्यशाला प्रभारी का उत्तरदायित्व निर्धारित कर उससे डीजल रिकवरी की मांग की। लोड फैक्टर कम होने की दशा में केवल परिचालकों को दंडित न कर मुख्यालय के नियमों के तहत सुपरवाइजर, स्टॉफ सहित संबंधित का उत्तरदायित्व निर्धारित किया जाए, किसी कार्मिक को बिना प्रारंभिक जांच के दंड व निलंबित न किया जाए। संगठन के लोगों को ही टारगेट न किया जाए। संगठन से मासिक वार्ता की तिथि निर्धारित करने, मार्ग पर पुलिस के चालान की कटौती चालकों से न लेने, नए चालकों, परिचालकों की वर्दी व परिचयपत्र उपलब्ध कराने महिला परिचालकों को अलग से विश्राम कक्ष की व्यवस्था, दुर्घटना रहित प्रोत्साहन योजना में अहर्ता पूर्ण करने वाले चालकों को मुख्यालय के परिपत्र संख्या-14 का अनुपालन हो। वर्ष 2024-25 का लंबित भुगतान, क्रू एलॉटमेंट रोस्टर के अनुसार तैयार करने की मांग की। ज्ञापन में मुख्यालय से निर्गत आदेशों के बारे में संगठन को भी जानकारी देने की मांग की गई है।

## पीएमश्री जीजीआईसी की छात्राओं ने किया राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर का भ्रमण

ललितपुर (वीओएल)। राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा माध्यमिक के निर्देश पर एवं जिला विद्यालय निरीक्षक ओम प्रकाश सिंह के निर्देशन में पीएमश्री योजना के तहत राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज ललितपुर की छात्राओं ने राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर का शैक्षिक भ्रमण किया। शैक्षिक भ्रमण का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को कक्षा कक्ष से बाहर निकलकर विषयों की व्यवहारिक और वैज्ञानिक समझ विकसित कराना रहा।



शैक्षिक भ्रमण के दौरान छात्राओं को राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के विभिन्न विभागों, आयुर्वेदिक अस्पताल, पंचकर्म यूनिट, औषधि निर्माण इकाई प्रयोगशालाओं तथा हर्बल गार्डन का अवलोकन कराया गया। इस अवसर पर छात्राओं को आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति, जूडी बूटियों के गुण, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढाने में आयुर्वेद की भूमिका तथा आधुनिक जीवन शैली में आयुर्वेद की उपयोगिता के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर छात्राओं ने प्रश्न पूछे और विषय विशेषज्ञों से संवाद कर अपनी जिज्ञासाओं का समधान किया। शैक्षिक भ्रमण के दौरान शिवानी सक्सेना, सावित्री पटेल मौजूद रहीं। इधर विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती अंजना वर्मा ने कहा कि शैक्षिक भ्रमण छात्राओं के बौद्धिक, मानसिक एवं सामाजिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। ऐसे भ्रमणों से छात्राओं का आत्मविश्वास बढता है और जिज्ञासा विकसित होती है। उन्होंने कहा कि राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा माध्यमिक के निर्देश पर छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण एवं अनुभव आधारित शिक्षा प्रदान करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका लाभ छात्राओं को मिला है।

## डीएम ने किया छात्रावासों का औचक निरीक्षण



बिजनौर। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने दो अम्बेडकर छात्रावासों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रवासी छात्रों ने जिलाधिकारी के समक्ष कई समसयाएं रखी। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने सोमवार की शाम सर्वप्रथम बिजनौर क्षेत्र ग्राम तिमरपुर स्थित अंबेडकर छात्रावास का निरीक्षण किया, जहां सफाई व्यवस्था समुचित न पाए जाने पर उन्होंने तत्काल वहां पर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा नियमित रूप से साफ सफाई रखने के निर्देश दिए। तदुपरांत उनके द्वारा ग्राम रशीदपुर गढ़ी के पास स्थित छात्रावास का भी निरीक्षण किया गया तथा यहां भी सफाई व्यवस्था सुचारु न पाए जाने पर उन्होंने संचालक को निर्देशित किया कि सफाई व्यवस्था पर विशेष रूप से ध्यान रखें और नियमित रूप से छात्रावासों की सफाई का बंदोबस्त करें। इसके अलावा उन्होंने दोनों छात्रावासों में फर्नीचर सही न पाए जाने पर निर्देशित किया कि छात्रावास में मानक के अनुरूप फर्नीचर की व्यवस्था करें ताकि यहां प्रवास करने वाले छात्रों को कोई दिक्कत न होने पाए। जिलाधिकारी ने निरीक्षण करते हुए यह भी निर्देश दिए कि सुरक्षा के दृष्टिगत दोनों छात्रावास में पीआरडी के जवानों को तैनात करें ताकि अवांछित तत्व छात्रावास में किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधियों को अंजाम न दे सकें। प्रवासी छात्रों द्वारा जिलाधिकारी से विद्युत व्यवस्था की शिकायत करने पर उन्होंने निर्देश दिए कि छात्रावास में बिजली की कोई समस्या उत्पन्न न होने पाए तथा गर्मी में यथासंभव इनवर्टर की भी व्यवस्था करना सुनिश्चित करें।

### जबरन संबंध बनाने की महिला ने एसपी से की शिकायत, रिपोर्ट दर्ज

बांदा। कस्बा अतर्रा के लालथोक गांव निवासी रेखा पत्नी रामपाल वर्मा ने एक युवक पर रात के समय घर में घुसकर गाली-गलौज करने और जबरन शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बनाने तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर की है। पीड़िता का कहना है कि बीती 27 जनवरी की रात लगभग 11 बजे वह अपने घर में सो रही थी, तभी गांव का अरविन्द पुत्र जानकी प्रसाद वर्मा उनके घर पहुंचा और दरवाजा खोलने को कहने लगा। जब उसने दरवाजा नहीं खोला तो आरोपी छत के रास्ते घर के अंदर घुस आया। पीड़िता बच्चों को लेकर एक कमरे में बंद हो गई, इसके बावजूद आरोपी दरवाजे के बाहर बैठकर गाली-गलौज करता रहा और शारीरिक संबंध बनाने की बात पर अड़ा रहा। महिला का कहना है कि आरोपी ने धमकी दी कि यदि दरवाजा नहीं खोला तो वह इज्जत खराब कर देगा और जान से मार देगा। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी रात करीब 3 बजे तक घर के बाहर गाली-गलौज करता रहा। घटना के बाद पीड़िता थाना अतर्रा पहुंची और तहरीर देने की कोशिश की, लेकिन वहां मौजूद पुलिसकर्मियों व एक दरोगा ने तहरीर लेने से मना कर दिया। महिला ने बताया कि पुलिस ने कहा कि वह घर जाए, जांच के लिए जाएंगे। बताया कि पुलिस का दिया मोबाइल नंबर बाद में बंद हो गया और कई बार फोन लगाने के बावजूद फोन नही लगा। पीड़िता का आरोप है कि पुलिस कार्रवाई न होने पर आरोपी दोबारा घर आया और जंगले के अंदर हाथ घुसाकर तमंचा दिखाते हुए धमकी दी कि यदि वह थाने गई तो गोली मार देगा। महिला ने कहा कि आरोपी पहले भी कई बार परेशान कर चुका है और इसकी शिकायत पहले भी थाना व उच्च अधिकारियों से की जा चुकी है। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि वह और उसका परिवार सुरक्षित रह सके। पीड़िता ने यह भी कहा है कि यदि कार्रवाई नहीं हुई तो वह बच्चों को लेकर आत्महत्या करने पर मजबूर हो सकती है। बताया कि प्रार्थना पत्र पर संबंधित अधिकारियों ने थाना अतर्रा को अभियोग पंजीकृत करने के निर्देश दिए हैं।

### यूकेलिप्टस का पेड़ काटने से मना करने पर मारपीट

ललितपुर (वीओएल)। कल्यानपुरा गांव के मजरा ढंगा में रहने वाले दयाराम पुत्र मानसिंह ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि उसके घर के पास लिप्टिस का पेड़ लगाहुआ है। 31 जनवरी को 10 बजे गांव के वीरेन्द्र पुत्र हीरालाल, रामसिंह व सुनील पुत्रगण वीरन उक्त पेड़ को काटने लगे, जब उसने पेड़ काटने का विरोध किया तो उक्त लोगों ने गालियां दीं और मारपीट कर दी। शोरगुल होने पर बचाने आयी पत्नी रामदेवी बचाने आयी तो उक्त रामसिंह की पत्नी विनीता भी मौके पर आ पहुंची, जिसने पत्नी के सिर में पत्थर मार दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गयी। ससुर जब बचाने आये तो उक्त लोगों ने उसके साथ भी मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## अन्ना पशुओं को संरक्षित करने को किसानों का धरना



बांदा। पैलानी तहसील के अलोना गांव में किसानों का धरना बस स्टैंड में मंगलवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। छिटपुट बारिश के बीच भी किसान डटे रहे। अन्ना मवेशियों को संरक्षित करने की मांग को लेकर अब तक कोई अधिकारी व जनप्रतिनिधि भी आंसू पोछने नही पहुंचा। ग्राम प्रधान सुमित सविता की अगुवाई में किसान यूनियन के साथ ही ग्रामीणों का जत्था अपनी मांगों को लेकर लगातार संघर्ष कर रहा है। अब तक किसी जिम्मेदार अधिकारी के अनशन स्थल पर न पहुंचने की वजह से किसानों में बेहद नाराजगी है। किसानों की मांग है कि अन्ना जानवरों के साथ-साथ आक्रामक सांडों के भय से अब गांव का किसान खेतों में जाने से बेहद भयभीत है। अब तक गांव के आधा दर्जन किसान अन्ना जानवरों के हमले से घायल हो चुके हैं। अन्ना प्रथा पर रोक लगाने के लिए क्षेत्र के लगभग दो दर्जन से अधिक किसान जिलाधिकारी से मिलकर अपनी शिकायत कर चुके हैं। किसानों का कहना है कि उनकी समस्या का समाधान अब तक नहीं निकल सका है। कहा कि कार्रवाई नही हुई तो धरना जारी रहेगा।

## जमीन का बैनामा होने के बाद शेष रुपये न देने का आरोप

### पीड़ित ने डीएम-एसपी को दिया शिकायती पत्र

ललितपुर (वीओएल)। थाना मड़ावरा क्षेत्रांतर्गत ग्राम सौंरई में रहने वाले जुगमन पुत्र भूरा ने डीएम-एसपी को एक शिकायती पत्र भेजा है। बताया कि उसने रुपयों की आवश्यकता होने पर अपनी आराजी नं. 55 मी रकवा 0.121 व आराजी नं. 53 मी. रकवा 0.110 कुल किता 2 रकवा 0.231 हे. संयुक्त खाते की जमीन जो कि उसके व पत्नी के नाम थी को मड़ावरा निवासी कुछ लोगों को रजिस्टर्ड बैनामा के जरिए 9 लाख रुपये में बेचने का सौदा हुआ था। पीड़ित ने बताया कि खरीददार ने उसे बैनामा करते समय 6 लाख रुपये चैक से दिया था एवं 3 लाख रुपये लिखित स्टाम्प लिखकर दिया था। आरोप है कि बैनामा करने के बाद उसने शेष 3 लाख रुपये मांगे तो उक्त लोगों ने उसे घर बुलाकर उक्त स्टाम्प ले लिया और रुपये देने में हीला-हवाली करने लगे। जब उसने रुपये देने की बात बार-बार कही तो उक्त लोगों ने उसे हड़काते हुये भगा दिया। आरोप है कि 26 जनवरी को वह उक्त व्यक्ति के घर रुपये मांगने पहुंचा तो उक्त लोगों ने मौके पर पुलिस बुलाकर प्रताड़ित कराया। यह भी आरोप है कि 1 फरवरी को जब वह अपनी पत्नी के साथ उक्त खेत पर गया तो उक्त लोगों ने रुपये मांगने पर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर गालियां दीं और जान से मारने की धमकी देते हुये भगा दिया। पीड़ित ने डीएम-एसपी से मामले में जांच कर कार्यवाही किये जाने की गुहार लगायी है।

### पुलिस महकमे में बड़ा फेरबदल



बांदा। जिले में कानून व्यवस्था चुस्त बनाए रखने के लिए पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने पुलिस महकमें में बड़ा फेरबदल किया है। उन्होने 124 पुलिसकर्मियों का स्थानान्तरण किया है। इनमें 54 निरीक्षक और उप निरीक्षक हैं। इसके अलावा जनपद में लंबे समय से तैनात 70 कांस्टेबल और हेड कांस्टेबल भी बदले गये हैं। पुलिस अधीक्षक ने यह कदम कानून व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने के उद्देश्य से उठाया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि यह कदम कानून व्यवस्था की गहन समीक्षा के बाद उठाया गया है। उन्होने बताया कि व्यापक फेरबदल कानून व्यवस्था की स्थिति को और बेहतर बनाने के साथ ही पुलिसिंग को गतिशील बनाने के लिए जरूरी था। उन्होने कहा कि स्थानान्तरण प्रक्रिया जिले में पुलिस की कार्य प्रणाली को मजबूत करने में मददगार होगी। बताते चलें कि इससे पहले भी लंबे समय से एक ही थाना व चैकी में तैनात पुलिसकर्मियों को पुलिस अधीक्षक ने अन्यत्र थानों में स्थानान्तरित किया था।

# चिकित्सा सेवा सस्ती हो

कैंसर दुनिया की सबसे घातक बीमारियों में से है और भारत इससे काफी हद तक प्रभावित है। कैंसर पीड़ितों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इसलिए इनके इलाज की चुनौतियां भी बढ़ रही हैं। यही स्थिति मधुमेह को लेकर भी है। कैंसर और मधुमेह (डायबिटीज) भारत में दोहरा, जानलेवा, गंभीर स्वास्थ्य संकट हैं। देश में 2025 तक मधुमेह पीड़ितों की अनुमानित संख्या 12.49 करोड़ है। करीब 8-18 फीसदी कैंसर रोगियों को मधुमेह भी होता है, लिहाजा टाइप-2 मधुमेह के कारण स्तन, कोलन, लिवर, पैंक्रियाज के कैंसर का जोखिम 20-30 फीसदी तक बढ़ जाता है। भारत में मुख कैंसर विश्व में सबसे अधिक है, क्योंकि भारतीय तंबाकू का सेवन बहुत करते हैं। फेफड़े, श्वास-नली, बड़ी आंत या मलाशय, पैंक्रियाज, स्तन आदि के कैंसर करीब 50 फीसदी मौतों के लिए जिम्मेदार हैं। पहली बार बजट में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को 1 लाख करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। कुल बजट 1,01,709 करोड़ रुपये का है, जिसे पांच साल में 42 फीसदी बढ़ाया



गया है, लेकिन जीडीपी का जितना हिस्सा स्वास्थ्य और शिक्षा पर आवंटित किया जाना चाहिए, उतना बजट नहीं दिया जा रहा है। यह विडंबना और संकुचित सोच का नतीजा ही है। स्वास्थ्य का बजट अब भी 2 फीसदी से कम है, जो 147 करोड़ से अधिक की आबादी वाले देश के लिए ऊंट के मुंह में जीरा समान है। देश का औसतन 9वां नागरिक कैंसर-पीड़ित है। अभी तक कैंसर लगभग लाइलाज है, क्योंकि देश में सुविधाएं और चिकित्सा पर्याप्त नहीं है। जहां इलाज उपलब्ध है, वहां लंबी प्रतीक्षा है, मशीनें खराब पड़ी रहती हैं, डाक्टर भी गायब रहते हैं, शोध का स्तर उथला है और अंततः इलाज बेहद महंगा है। राजधानी दिल्ली की नाक के तले ही कैंसर की नकली दवाइयां बनाई और बेची जा रही हैं। कुछ गिरोह पकड़े भी जाते हैं, लेकिन उनका कानूनी निष्कर्ष क्या होता है, कितना दंडनीय अपराध साबित होता है, उनका सार्वजनिक खुलासा नगण्य है। बहरहाल बजट में कैंसर, मधुमेह समेत 7 गंभीर बीमारियों की दवाएं सस्ती घोषित की गई हैं। बेशक कैंसर की दवाओं पर शुल्क घटने से इन दवाओं के आयात और वितरण से जुड़ी कंपनियों के मार्जिन में सुधार होगा। बजटीय आबंटन 10,000 करोड़ रुपये का सीधा लाभ उनको मिलेगा, जो बायोसिमिलर्स और शोध पर काम कर रही हैं। बॉयोकॉन, सन फार्मा, जायडस लाइफ साइंसेज को ये लाभ मिल सकते हैं। डा. रेड्डीज कैंसर की कई महत्त्वपूर्ण दवाओं के उत्पादन और वितरण में सक्रिय है। नेटको फार्मा की कैंसर दवाओं के पोर्टफोलियो में इसकी बड़ी पकड़ है। मौजूद सवाल यह है कि देश में कैंसर का इलाज मुफ्त क्यों नहीं किया जा सकता? अथवा जो अस्पताल कैंसर के इलाज के लिए चिह्नित किए जाएं, उनमें इतना अनुशासन और सख्ती की जानी चाहिए कि आम आदमी को कैंसर का इलाज 100 फीसदी सुनिश्चित किया जा सके। जब देश में मुफ्त की रेवड़ियां बांटने की राजनीतिक संस्कृति पुख्ता हो चुकी है और इस आधार पर चुनाव जीते जा रहे हैं, तो कैंसर किसी की जिंदगी और मौत से जुड़ी बीमारी है। अमीर अर्थव्यवस्था वाला देश कैंसर का मुफ्त इलाज मुहैया क्यों नहीं करा सकता? किसानों की सम्मान राशि के लिए बजट में 65,000 करोड़ रुपये से अधिक का प्रावधान किया गया है, तो कैंसर-पीड़ितों के लिए बजटीय प्रावधान क्यों नहीं किया जा सकता? देश में दवाओं का इतना संकट नहीं है, बल्कि अस्पताल और डाक्टरों की उपलब्धता बहुत कम है। हास्यास्पद है कि बजट में मेडिकल पर्यटन की खूब गालबजाई की गई है। जबकि स्थिति यह है कि देश में अस्पताल की पर्याप्त संख्या नहीं है। चिकित्सकों और प्रशिक्षित मेडिकल स्टॉफ की कमी है। इलाज महंगा है और लोगों की आय कम है। इसलिए यह जरूरी है कि सरकार इलाज को सस्ता और सुलभ बनाने का प्रयास करे। दवाओं पर टैक्स कम करना इस दिशा में अच्छा कदम है।

विचार

इस जगत में कोई संबंध नित्य नहीं है, अपनी देह का भी नहीं। तब स्त्री-पुरुष का साथ सदा नहीं रहेगा, यह क्या कहने की आवश्यकता है?

– महर्षि वेदव्यास.

अहिंसा में इतनी ताकत है कि वह विरोधियों को मित्र बना लेती है और उनका प्रेम प्राप्त कर लेती है।

– महात्मा गांधी.

जो मेरा धन चुराता है वो मेरी सबसे तुच्छ वस्तु ले जाता है।

– शेक्सपियर.

जो जीवों की हिंसा करता है, वह आर्य नहीं होता, सभी जीवों के प्रति अहिंसा का भाव रखने वाला ही आर्य कहलाता है।

– गौतम बुद्ध.

जिस कर्म में भोगने की कामना होती है, जो अहंकार से किया जाता है तथा जो बहुत प्रयास से होता है, वह राजस कर्म है।

– गीता.

# आखिर भारत-अमरीका के बीच हो गई डील



शाहिद ए चौधरी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर वार्ता करने के बाद अमेरिका के राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रम्प ने भारतीय सामान पर टैरिफ में कटौती करने की घोषणा की है, जो अब 25 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दी गई है। यह भारत व अमेरिका के बीच फिर से रिश्ते बेहतर होने का संकेत है। प्रधानमंत्री मोदी ने यह कहते हुए इस घोषणा का स्वागत किया है कि 'मेड इन इंडिया' उत्पादों को अब कम टैरिफ का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने इस फैसले के लिए राष्ट्रपति ट्रम्प का शुक्रिया अदा किया। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि टैरिफ में यह कटौती प्रधानमंत्री के आग्रह पर की गई है और यह दोस्ती व सम्मान को प्रतिविम्बित करती है। ट्रम्प ने यह भी कहा कि काफी समय से लम्बित पड़ा भारत-अमरीका व्यापार समझौता अब मुक्कमल हो गया है, बावजूद इसके कि पहले कुछ असहमतियां थीं, विशेषकर कृषि को लेकर। इसके अतिरिक्त ट्रम्प का यह भी कहना है कि प्रधानमंत्री मोदी रूस से तेल खरीदारी बंद करने पर सहमत हो गये हैं और अपने आयात अमेरिका व वेनेजुएला की तरफ शिफ्ट करेंगे। जुमार्ने के तौरपर जो अतिरिक्त 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया गया था, उसे भी खत्म कर दिया गया है।

टैरिफ राहत व नीति स्पष्टता से उम्मीद है कि 2026 में निर्यात में सतत् रिकवरी संभव हो सकेगी। इसलिए भारत के निर्यातक अब अमेरिकी खरीदारों से मांग में संभावित वृद्धि के लिए तैयारी कर रहे हैं। गौरतलब है कि वाशिंगटन व नई दिल्ली के बीच राजनीतिक व आर्थिक तनाव के कारण व्यापार समझौता 2025 के मध्य से लटका हुआ था और फिर अमेरिका ने 27 अगस्त 2025 से भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ थोप दिया, जिसमें 25 प्रतिशत जुमार्ने के तौरपर था, रूस से तेल खरीदने की वजह से। इस बेतुके 50 प्रतिशत टैरिफ से भारतीय निर्यातकों पर कुप्रभाव पड़ रहा था। अब सब कुछ पहले जैसा होने की उम्मीद है। लेकिन व्यापार विशेषज्ञ सावधनी बरतने को कह रहे हैं, क्योंकि समझौता लागू करने के विस्तृत विवरण की अभी प्रतीक्षा है। उनका कहना है कि पिछला अनुभव बताता है कि विवाद बहुत जल्दी फिर से उभर सकता है। हालांकि समझौता प्रगति का संकेत है, लेकिन पुनः तनाव को रोकने के लिए निरंतर डायलॉग

> विगत 12 माह में भारत ने पांच व्यापार समझौते किये हैं- अमेरिका, इंग्लैंड, यूरोपीय संघ, ओमान और न्यूजी-लैण्ड। ऐसा प्रतीत होता है कि भारत जो अपने लिए नये बाजार तलाश करने में कामयाब हो रहा था व चीन से भी रिश्ते सामान्य होने की संभावना बढ़ रही थी, उसके दबाव में अमेरिका ने व्यापार समझौता किया।




आवश्यक है। नई दिल्ली व वाशिंगटन पिछले साल फरवरी से द्विपक्षीय व्यापार समझौत (बीटीए) करने का प्रयास कर रहे थे ताकि 2030 तक 500 बिलियन डॉलर का व्यापार हो सके, जो वर्तमान में 191 बिलियन डॉलर का है। अमेरिका भारत का सबसे बड़ा व्यापार पार्टनर है कि भारत जो कुल निर्यात करता है उसका लगभग 20 प्रतिशत अमेरिका जाता है और द्विपक्षीय व्यापार का मूल्य 131.84 बिलियन डॉलर है। कुछ दिन पहले भारत ने यूरोपीय संघ से मुक्त व्यापार समझौता किया था। इस प्रकार भारत के अब संसार के दो बड़े व्यापार ब्लॉकों से समझौते हो गये हैं। ऐसा राष्ट्र के आर्थिक इतिहास में पहली बार हुआ है। जाहिर है इस खबर से भारतीय स्टॉक्स में उछाल आने की उम्मीद है और रुपए के मूल्य में भी सुधार आ सकता है। टेक्सटाइल, सी-फूड आदि निर्यातकों ने तुरंत संतोष व्यक्त किया है और वह आशा कर रहे हैं कि अमेरिका को उनका निर्यात फिर से पहले जैसा हो जायेगा। यहां यह बताना आवश्यक है कि पिछले 12 माह में भारत ने पांच व्यापार समझौते किये हैं- अमेरिका, इंग्लैंड, यूरोपीय संघ, ओमान और न्यूजीलैण्ड। ऐसा प्रतीत होता है कि भारत जो अपने लिए नये बाजार तलाश करने में कामयाब हो रहा था व चीन से भी रिश्ते सामान्य होने की संभावना बढ़ रही थी, उसके दबाव में अमेरिका ने व्यापर समझौते किया।

## इंडिया-यूएस ट्रेड डील

भारतीय समय के अनुसार सोमवार (2 फरवरी 2026) की रात को ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट किया, 'प्रधानमंत्री मोदी से दोस्ती व सम्मान और उनके आग्रह पर, तुरंत प्रभाव से हम यूएस व भारत के बीच व्यापार समझौते पर सहमत हो गये हैं, जिसके तहत यूएस कम रेसिप्रोकल टैरिफ चार्ज करेगा, 25 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत।... इसी तरह वह (भारत) भी यूएस के खिलाफ टैरिफ व गैर-टैरिफ बाधाओं को कम करेंगे, शून्य तक।' ट्रम्प की पोस्ट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा, 'अपने दोस्त राष्ट्रपति ट्रम्प से आज बात करके अच्छा लगा। खुशी है कि मेड इन इंडिया प्रोडक्ट्स पर अब 18 प्रतिशत का कम टैरिफ लगेगा। इस शानदार घोषणा के लिए भारत के 1.4 बिलियन लोगों की तरफ से राष्ट्रपति ट्रम्प को बहुत-बहुत शुक्रिया। जब दो बड़ी अर्थव्यवस्थाएं और विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र मिलकर काम करते हैं, तो इससे हमारे लोगों को फायदा होता है और लाभकारी आपसी सहयोग के लिए अपार अवसर खुल जाते हैं।' लेकिन भारत ने ट्रम्प के इस दावे का कोई जिक्र नहीं किया कि प्रधानमंत्री ने रूसी तेल आयात न करने और अमेरिकी तेल खरीदने का वायदा किया है।

ट्रम्प ने अपनी पोस्ट में कहा था, 'हमने बहुत सारी चीजों पर बातें कीं, जिनमें व्यापार और रूस व यूक्रेन का युद्ध समाप्त करना भी शामिल था। वह (मोदी) रूसी तेल खरीदना बंद करने पर सहमत हैं और यूएस व संभवतः वेनेजुएला से अधिक तेल खरीदेंगे।' बहरहाल, व्यापार समझौता होने के बाद अमेरिका की सांसद सिडनी डोव ने कहा है कि ट्रम्प प्रशासन को द्विपक्षीय संबंध तेजी से मजबूत करने चाहिए। उन्होंने पिछले 50 प्रतिशत टैरिफ की आलोचना करते हुए कहा कि इसकी वजह से दोनों देशों के बीच अर्थपूर्ण सहयोग बाधित हो रहा था, जिसमें पिछले साल होने वाला क्वैड लीडर्स समिट भी शामिल है।

हालांकि भारत की तरफ से अभी इस व्यापार समझौते का खुलासा नहीं हुआ है, लेकिन अमेरिका की एग्रीकल्चर सेक्रेटरी ब्रुक रोल्लिंस ने कहा है कि अमेरिका भारत को अधिक कृषि उत्पाद निर्यात करेगा, जिससे ग्रामीण अमेरिका में ज्यादा कैश आ सकेगा। उनके अनुसार 2024 में भारत के साथ अमेरिका का कृषि व्यापार घाटा 1.3 बिलियन डॉलर था, जो इस समझौते से काफी कम हो जायेगा। वह इसे 'अमेरिका की पहली जीत' बता रही हैं। यह सही है कि एक साल के गंभीर तनाव के बाद भारत व अमेरिका के बीच व्यापार समझौता होने की घोषणा से दोनों देशों में उत्साह है और निर्यातकों ने राहत की सांस ली है, लेकिन विस्तृत एफटीए, भारतीय निवेश के वायदे, रूसी तेल, चाबहार पोर्ट आदि से संबंधित प्रश्न अभी भी अनुत्तरित हैं।

ट्रम्प ने व्यापार समझौते की तो बात की है, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि उनका संदर्भ एफटीए से है, जिसे दोनों देशों की ट्रेड टीमों ने फरवरी 2025 में प्रधानमंत्री मोदी की वाशिंगटन यात्रा के बाद तैयार किया था, क्योंकि भारत-अमेरिका के समझौते का अंतिम टेक्स्ट अभी जारी नहीं किया गया है। यह भी स्पष्ट नहीं है कि ट्रम्प ने अपनी पोस्ट में जो यह दावा किया है कि भारत टैरिफ को 'शून्य' करेगा, वह किस सिलसिले में व किस चीज पर है। इसके अतिरिक्त भारत सोयाबीन व डेरी जैसे कृषि सेक्टर खोलने के लिए तैयार नहीं था, अब उनकी क्या स्थिति है, यह भी स्पष्ट नहीं है। फिलहाल बस इतना स्पष्ट हो सका है कि ट्रम्प ने 25 प्रतिशत टैरिफ को घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया है, जो पाकिस्तान (19 प्रतिशत) व बांग्लादेश (20 प्रतिशत) से भी कम है और रूसी तेल खरीदने पर जो अतिरिक्त 25 प्रतिशत जुमार्ना लगाया गया था, उसे हटा लिया गया है। समझौते की विस्तृत जानकारी तो जल्द सामने आ जायेगी, लेकिन यह स्वागतयोग्य कदम है कि भारत व अमेरिका के संबंधों में सुधार के संकेत मिल रहे हैं और वह मिलकर साथ काम करने को तैयार हैं।

सोशल मीडिया

माननीय केंद्रीय मंत्री जे पी नड्डाजी की वर्चुअल माध्यम से उपस्थिति में आज वैश्विक निवेशकों, उद्यमियों के महासंगम 'यूपी फार्मा कॉन्क्लेव' 1.0 का शुभारंभ किया गया। सीएम योगी.



आत्म विश्वास वह शक्ति है, जिसके बल पर सब कुछ संभव है। विकसित भारत का सपना साकार करने में देशवासियों की यह शक्ति बहुत काम आने वाली है। पीएम मोदी.



सच्चा न्याय किसी के साथ अन्याय नहीं होता है। मा. न्यायालय यही करता है। कानून की भाषा और भाव साफ होनी चाहिए। बात सिर्फ नियम की नहीं, नियत की भी है। अखिलेश यादव.



# विकास के साथ रोजगार पर फोकस करे सरकार




प्रतिबिंब

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब देश की अर्थव्यवस्था की बात करते हैं तो वह डेमोग्राफिक डिविडेंट की बात करतें हैं। इसका मतलब यह है कि जो देश की युवाशक्ति है वह हमारी अर्थव्यवस्था और प्रगति की ताकत है। लेकिन अगर यही युवा बेरोजगार रहेगा तो यह डिविडेंट नहीं बल्कि डिजास्टर बन जायेगा। इसलिए यह जरूरी है कि आर्थिक प्रगति के साथ रोजगार के मौके भी बढ़ायें। भारत की आर्थिक विकास दर लगातार बेहतर बनी हुई है। अमरीकी पाबंदियों के बावजूद भी आरबीआई और अन्य विदेशी एजेंसियों का अनुमान है कि भारत की जीडीपी सात फीसद की दर से बढ़ेगी। लेकिन रोजगार रहित विकास ने देश में गंभीर सामाजिक-आर्थिक संकट को जन्म दिया। बड़े-बड़े उद्यम लग रहे हैं लेकिन रोजगार नहीं है। इससे बेरोजगारी और आर्थिक विषमता का संकट बढ़ा है। ऐसे में सरकार को विकास के साथ अवसरों को सृजित करने के लिए रोजगार केन्द्रित उद्यमों को बढ़ावा देना होगा ताकि विकास के साथ रोजगार के मौके भी बढ़ें।

भारत की अर्थव्यवस्था फिलहाल चार ट्रिलियन के करीब पहुंच गयी है और अगर वर्तमान गति से आगे बढ़ती रही है, तो अगले एक दशक में न सिर्फ भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जायेगा बल्कि अर्थव्यवस्था का आकार भी आठ-दस ट्रिलियन हो जायेगा। हमारा विकास आगे भी तेज गति से जारी रहेगा क्योंकि भारत सरकार का लक्ष्य 2047 तक देश को विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में लाकर खड़ा करना है। अगर हम दो-ढ़ाई दशक के अंतराल के बजाय अगले एक दशक के आर्थिक परिदृश्य पर ही चर्चा करें, तो सात-आठ फीसद की गति से बढ़ती भारतीय अर्थव्यवस्था में न सिर्फ एमएसएमई के लिए बड़े पैमाने पर अवसर बन रहे हैं बल्कि स्टार्टअप से लेकर वृहद आकार के उद्यमों तक के लिए भारतीय अर्थव्यवस्था गेम चेंजर बनी हुई है। सरकार अर्थव्यवस्था में एमएसएमई की भागीदारी 50 तक फीसद तक ले जाना चाहती है। फिलहाल अभी यह आंकड़ा तीस फीसद पर है। लेकिन जिस तरह बड़े आकार के उद्यम ऑटोमोटिव हो रहे हैं, वहां ग्रोथ, रेवेन्यू और मुनाफे की तुलना में रोजगार के अवसर नहीं बढ़ रहे हैं, उससे एक बात स्पष्ट है कि भारत आर्थिक महाशक्ति कब बनता है, 1947 तक भारत विकसित देश बन पाता है या नहीं, मध्यम आया वाली अर्थव्यवस्था बनने में कितना समय लगेगा, ये तमाम सवाल अपनी जगह पर हैं और इनका जवाब समय के गर्भ में है। लेकिन एक बात पूरी तरह साफ है कि अगर भारत को संपूर्ण रोजगार के लक्ष्य को हासिल करना है, तो इसका रास्ता एमएसएमई सेक्टर ही प्रशस्त कर सकता है। एमएसएमई जॉब ओरिएंटेड सेक्टर है और कम ऑटोमोटिव होने, श्रम आधारित उत्पादन प्रणाली के अधिक महत्वपूर्ण होने के कारण एमएसएमई सेक्टर में अगर प्रगति होती है तो सही मायने में रोजगार के मौके बनते हैं। भारत दुनिया का सबसे युवा देश है और यहां श्रम की बहुलता है। श्रम की उपलब्धता, लगातार बढ़ती समृद्धि और उसके परिणाम स्वरूप बढ़ी मांग ने एमएसएमई की संभावनाओं को भी पंख लगाने का काम किया है। यह भी कि सिर्फ सर्विस सेक्टर, कृषि, प्रकृति एवं डेयरी से जुड़े क्षेत्र और छोटे आकार की उत्पादन प्रणाली तक ही एमएसएमई की कहानी सीमित नहीं है। आज वैश्विक व्यापार में भी मध्यम, लघु और सूक्ष्म आकार के उद्यमों ने बड़ी सफलता दर्ज की है। इसलिए इस बात पर जाने की जरूरत नहीं है कि देश में एमएसएमई की संख्या कितनी है। यह संख्या फिलहाल छह करोड़ के करीब बतायी जा रही है। यह संख्या इतनी अधिक है कि अगर इसमें एक भी नया उद्यम न जुड़े और प्रति उद्यम औसतन दस रोजगार भी सृजित किये जा सकें, तो देश में इतने रोजगार के मौके बनेंगे कि युवाओं की संख्या कम पड़ जायेगी। इसलिए भारत सरकार को जीडीपी में एमएसएमई की भागीदारी बढ़ाने, नये रोजगार के सृजन और मेक इन इंडिया, आत्म निर्भर भारत अभियान जैसे प्रयासों को सफल बनाने के लिए छोटे उद्यमों में अधिक फोकस करना चाहिए। आज बड़े उद्यमों को सरकार के सहयोग की जरूरत नहीं है। उनको केवल विकास परक नीति चाहिए आगे का रास्ता वे खुद तय कर लेते हैं। लेकिन छोटे उद्यमों को वित्तीय सहायता, कंसलटेंसी, विपणन सहायता, प्रौद्योगिकी, स्किल से लेकर सुगम औद्योगिक नीति तक की भी जरूरत है। **वीओएल.**

# जीवन की खोज

हजारा जीवन ही परमात्मा का अंश है और प्रत्येक जीवन ईश्वर का ही अंश होता है। जीवन क्या है, यही उसका उत्तर है। मेरे लिए जीवन परमात्मा का पर्यायवाची है। अधिक लोग उसमें खोजते हैं जो दृश्य है, धन में खोजते, पद में खोजते। पद और धन दृश्य हैं। बाहर खोजते। बाहर जो भी है सब दृश्य है: उसमें खोजना जो द्रष्टा है, साक्षी है, तो तुम्हें परम जीवन की स्फुरणा मिलेगी। उसी स्फुरणा में उत्तर है, मैं उत्तर नहीं दे सकूंगा। कोई उत्तर कभी नहीं दिया है। उत्तर है नहीं, मजबूरी है, देना चाहा है बहुतों ने कभी किसी ने कोई उत्तर नहीं दिया है और जिन्होंने उत्तर सच में देने की चेष्टा की है, उन्होंने सिर्फ इशारे बताए हैं कि तुम अपना उत्तर कैसे खोज लो। उत्तर नहीं दिया, संकेत किए हैं, ऐसे चलो, तो उत्तर मिल जाएगा। उत्तर बाहर नहीं है, उत्तर तुम्हारे भीतर है। उत्तर है इस रूपांतरण में कि मेरी आंखें बाहर न देखें, भीतर देखें। मेरी आखें दृश्य को न देखें, द्रष्टा को देखें। मैं अपने अंतरतम में खड़ा हो जाऊं, जहां कोई तरंग नहीं उठती, वहीं उत्तर है, क्योंकि वहीं जीवन अपनी पूरी विभा में प्रकट होता है। वहीं जीवन के सारे फूल खिलते हैं। वहीं जीवन का नाद है, ओंकार है। जिंदगी, सच है कि झूठ ही लगती अगर अफसाना न होती। वह जो दृश्य का जगत है, एक कहानी है, जो तुमने रची और जो तुमने तुमसे ही कही। एक नाटक है, जिसमें निर्देशक भी तुम, कथा-लेखक भी तुम, अभिनेता भी तुम, मंच भी तुम, मंच पर टंगे पर्दे भी तुम और दर्शक भी तुम। एक सपना है, जो तुम्हारी वासनाओं में उठा और धुएं की तरह जिसने तुम्हें घेर लिया। एक तो जिंदगी यह रही, दुकान की, बाजार की, पत्नी-बेटे की, आकांक्षाओं की। संसार जिसे कहा है। और एक जिंदगी और भी है, वह जो भीतर बैठा देख रहा है। देखता है कि जवान था, अब बूढ़ा हुआ, देखता था कि तमन्नाएं थीं, अब तमन्नाएं न रहीं, देखता था कि बहुत दौड़ा और कहीं न पहुंचा, देखता था, देखता रहा है, सब आया, सब गया, जीवन की धारा बहती रही, बहती रही, लेकिन एक है कुछ भीतर जो नहीं बहता, जो ठहरा है, जो स्थिर है, जो अडिग है, वह साक्षी। एक जीवन वह है। बाहर का जीवन भटकाता, भरमाता है। उत्तर के आश्वासन देगा और उत्तर कभी आएगा नहीं। भीतर का जीवन ही उत्तर है। तुम पूछते हो–जीवन क्या है? तुम्हें जानना होगा। तुम्हें अपने भीतर चलना होगा। मैं कोई उत्तर दूं, वह मेरा उत्तर होगा। शांडिल्य कोई उत्तर दें, वह शांडिल्य का उत्तर होगा। वह उन्होंने जाना, तुम्हारे लिए जानकारी होगी। और जानकारी ज्ञान में बाधा बन जाती है। जानकारी से कभी जानना नहीं निकलता। उधारी से कहीं जीवन निकला है! बजाय तुम बाहर उत्तर खोजो, तुम अपने को भीतर समेटो।

अंतर्दृष्टि

# बिन सत्ता सब सून....

व्यंग्यलोक

सभी राजनीतिक दलों को इस समय एक ही चिन्ता सता रही है कि उन्हें सत्ता में आने दो। बिना सत्ता में आये वे कुछ नहीं कर सकते हैं। सत्ता ही समाधान की ऐसी सीढ़ी है जिसके द्वारा जन कल्याण का मार्ग भी प्रशस्त होता है। वे अपने इर्द-गिर्द खड़ी भीड़ को हटाते हुए यही तो कह रहे हैं कि सामने से हट जाओ और उन्हें सत्ता में आने दो। वे सत्ता के लिए कुछ भी कर सकते हैं। सत्ता उनका ईमान और धर्म है। सत्ता उनके जीवन का आदर्श और अंतिम लक्ष्य है। वे सत्ता में आने वाले तमाम रोड़ों-अड़चनों को राजी-बेराजी, साम, दाम, दण्ड और भेद की नीति से हटाने को पूर्णतया तत्पर हैं। सत्ता जीवन का सत्य और चरम है। तभी तो वे कुछ कर पायेंगे। मसलन परिवारजनों को नौकरी, ठेका, परमिट, लाइसेंस देना है तो अपनी सात पीढ़ियों के लिए माकूल प्रबन्ध भी करके जाना है ताकि उन्हें भीख का कटोरा हाथ में न लेना पड़े। सत्ता में शरीर फूल कर कुप्पा हो जाता है। गोल-मटोल चेहरे पर छोटी-छोटी दो आँखें गिद्ध दृष्टि से भी ज्यादा तेज और चालाक हो जाती हैं। सत्ता से मोतियाबिन्द नहीं होता। तमाम रोग बिना सत्ता के होते हैं, इसलिए वे सत्ता को चाहते हैं। इसके लिए वे बार-बार अन्तरात्मा की आवाज पर दल बदलते हैं। सिद्धान्तों को धूल चटाते हैं और खुद थूक कर चाटते हैं। उन्हें सत्ता का इतना जबरदस्त फोबिया है कि वे हार जाने पर भी राजनीति नहीं छोड़ते। यही क्यों बात-बात में राजनीति करना उनकी आदत है। झूठ, आश्वासन और झाँसों के सहारे वे अपने को यहाँ तक ले आये हैं, सत्ता की ही देन है कि उनके पास भौतिक सुख सुविधाओं का अथाह भंडार है। कई फैक्ट्रियाँ, कई होटल, बड़े-बड़े शहरों में विशाल कोठियाँ और फार्म हाउस। उनके बच्चे महँगे स्कूलों में पढ़ते हैं, कारों में घूमते हैं तथा विदेशों में सैर सपाटे को जाते हैं। वे खुद भी हवाई जहाजों में घूमते हैं तथा सर्वोच्च शिखर पर बने रह कर देश को धोखेबाजी का अपना ताण्डव दिखाते हैं। उनका पूरा जीवन पाखण्ड और छलावे से भरा है। यह सब चलता रहे, इसलिए उन्हें सत्ता में आने दो। उनका कहना है कि वे वर्षों तक विपक्ष में बैठ कर गाल बजाते रहे और दाँत पीसते रहे, इसलिए भी अब उन्हें सत्ता में आने दो सत्ता में वे क्यों नहीं आयें, उन्होंने अपने दल में अब बेधड़क निर्भीकता से सबको घुसा लिया है। चाहे वे उनकी विचारधारा के हैं या नहीं। उनका विचार सिर्फ इतना-सा है कि सत्ता उनसे कहीं दूर नहीं चली जाये। इसलिए वे बेमेल गठबंधन और समझौतों पर समझौता मात्र सत्ता के लिए किये चले जा रहे हैं। इसलिए भी उन्हें सत्ता में आने दो।



पूरन सरमा

## आपकी बात

### प्रगति और आर्थिक विषमता

देश में तेज आर्थिक प्रगति के बावजूद संसाधनों का न्यायिक बंटवारा न होने के कारण आर्थिक विषमता भी उतनी ही तेजी से बढ़ रही है और कोरोना काल में यह और जटिल हुई है क्योंकि तमाम गरीब जो औपचारिक रूप से किसी रोजी-रोजगार से जुड़े थे वह खत्म हो गये। इससे गरीबी बढ़ी है और गरीबों का जीवन और कठिन हो गया है। अमीर-गरीब के बीच बढ़ती खाई समाज में अनेक तरह की विषमता उत्पन्न कर रही है। दुनिया की संपत्तियां कुछ हाथों में सिकुड़ती जा रही हैं और विकास के लाभ आमजन तक नहीं पहुंच रहे हैं। विश्व में आर्थिक विषमता का बढ़ना चिंताजनक स्थिति को दर्शाता है। धन के असमान वितरण से स्थिति भयावह होती जा रही है। विश्व में केवल दो प्रतिशत अमीरों के पास विश्व की आधी से अधिक सम्पत्ति है। विश्व के केवल एक प्रतिशत लोग विश्व की चालीस प्रतिशत सम्पत्ति पर कब्जा जमाये हुए हैं। विश्व की नब्बे प्रतिशत आबादी के हिस्से में कुल सम्पत्ति का सिर्फ पंद्रह प्रतिशत ही हिस्सा है। सम्पत्ति के मामले में बढ़ रही असमानता से गरीबों का जीवनस्तर गिरावट की ओर अग्रसर है। जमीन, जायदाद, मकान, वित्तीय सम्पत्तियां कुछ खास तबकों के पास सिमटी चली जा रही है।

विकासशील देशों में आम जनता को आर्थिक असमानता से ज्यादा नुकसान हो रहा है। एक तरफ कुछ लोगों की सम्पन्नता का बढ़ना आम आदमी के लिए ही कष्टकारी होता जा रहा है। दुनिया में गैर बराबरी का बढ़ना किसी भी लिहाज से उचित नहीं है। इसकी रोकथाम के लिए सरकारों को ठोस पहल करनी होगी। आज एक आदमी के लिए जीवन यापन कठिन होता जा रहा है जबकि मोटे पैकेज की बाढ़ है। यह बात सिर्फ निजी क्षेत्र में नहीं बल्किसरकारी क्षेत्र में भी देखने को मिल रही है। सरकारी क्षेत्र में मोट वेतन दिये जा रहे हैं और स्टॉफ घटाये जा रहे हैं। जबकि वेतन सीमित करके कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने की जरूरत है। इसलिए सरकारों को वेतन आयोग की रिपोर्टों को कूड़े के ढेर में फेंककर अधिक से अधिक लोगों को नियोजित करने का प्रयास करना चाहिए। इससे विषमता घटेगी।

**महेन्द्र कुमार यादव, लखनऊ.**

### जीएसटी के दायरे में लायें पेट्रोल

महंगायी पर सीधे प्रहार के लिए यह जरूरी है कि पेट्रोलियम उत्पादों जैसे पेट्रोल, डीजल, सीएनजी, पीएनजी, एलपीजी आदि के दाम में कटौती की जाये। इससे महंगाई कम करने में मदद मिलेगी। सरकारी आंकड़े चाहे जो हों आम आदमी महंगाई से परेशान है और इसमें पेट्रोलियम कीमतें आग लगाने का काम कर रही हैं। कोरोना संकट के समय टैक्स में जो कमी हुई उसे पूरा करने के लिए सरकार ने पेट्रोलियम पर कर बहुत अधिक बढ़ा दिया जिसके कारण सस्ते तेल का लाभ भी आम जनता को नहीं मिला और अब तो कीमतें सर्वकालिक ऊंचाई पर पहुंच गयी हैं। इसलिए यह जरूरी है कि तेल के दाम में कटौती की जाये। वैसे पूर्व में जब तेल के दाम बढ़ते थे तो विरोध भी होता था लेकिन डीजल, पेट्रोल, रसोई गैस के दाम काफी बढ़ गये हैं लेकिन गंभीर राजनीतिक विरोध देखने को नहीं मिला। पूर्व में जब अंतर्राष्ट्रीय कारणों से जब तेल के दाम बढ़ जाते थे तो भी राजनीतिक दल सड़क पर इतना गदर काटते की देश की अर्थव्यवस्था को लेकर लोगों के दिमाग में गलत समझ बनने लगी थी। तेल की महंगाई में दो-तीन महीने में गरीब आदमी को मुश्किल से दो-तीन सौ रुपये अधिक खर्च करने पड़ते थे लेकिन पार्टियां पूरा आसमान उठा लेती थीं। आमजन आर्थिक पहलुओं को समझने के बजाय पार्टियों के बहकावे में आ जाता और यही कारण है सरकार विरोधों में दब जाती। अगर देखा जाये तो नरसिम्हा राव ने बहुत अच्छा काम किया लेकिन हार गये। 2004 वह दौर था जब देश की आर्थिक स्थिति ऐतिहासिक तौर पर बेहतर थी लेकिन भरत उदय के इस दौर में भाजपा का कमल डूब गया। ऐसे में सरकार को महंगाई कम करना चाहिए।

**विवेक कुमार सिंह, लखनऊ.**

# घर-घर खिलायी जायेगी फाइलेरिया से बचाव की दवा

## मीडिया वर्कशॉप के साथ फाइलेरिया उन्मूलन की मुहिम हुई तेज

- 10 से चलेगा अभियान, 4.93 लाख आबादी को मिलेगी सुरक्षा

जिला संवाददाता




अयोध्या। राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जनपद के तारुन और मयाबजार विकासखंडों में 10 से 28 फरवरी तक सामूहिक दवा सेवन अभियान चलाया जाएगा। दोनों ब्लॉकों की कुल लक्षित आबादी लगभग 4.93 लाख है। अभियान के लिए 87 सुपरवाइजर और 495 टीमें गठित की गई हैं जो घर-घर जाकर पात्र व्यक्तियों को अपने सामने दवा सेवन कराएंगी। सभी ग्राम पंचायतों में अभियान का शुभारंभ जनप्रतिनिधियों द्वारा स्वयं दवा सेवन कर लोगों को प्रेरित करते हुए किया जाएगा। यह जानकारी मंगलवार को सीएमओ सभागार में आयोजित मीडिया संवेदीकरण कार्यशाला में सीएमओ डॉ. देवेन्द्र कुमार भिटौरिया ने दी। उन्होंने कहा कि फाइलेरिया उन्मूलन की सबसे बड़ी चुनौती लोगों की फाइलेरिया से बचाव की दवा सेवन में संकोच और भ्रांतियाँ हैं। कई लोग स्वयं को स्वस्थ समझकर दवा सेवन से इनकार कर देते हैं या दुष्प्रभाव की भ्रांति से पीछे हट जाते हैं। मीडिया सही सूचना और भरोसा देकर लोगों को दवा सेवन के लिए प्रेरित कर सकता है।

सीएमओ ने बताया कि फाइलेरिया केवल स्वास्थ्य समस्या नहीं बल्कि सामाजिक-आर्थिक संकट भी है। जनपद में वर्तमान में 1334 हाथीपांव और 11 हाइड्रोसील मरीज पंजीकृत हैं। यह बीमारी व्यक्ति को आजीवन कमजोर बना देती है जिससे पूरे परिवार की आजीविका प्रभावित होती है। एसीएमओ एवं बीवीडी नोडल अधिकारी डॉ. पीसी भारती ने बताया कि हालिया नाइट ब्लड सर्वे में तारुन और मयाबजार संवेदनशील पाए गए हैं। इसलिए यहां की आबादी को फाइलेरिया से बचाव के लिए 12.32 लाख डीईसी, 12.32 लाख आइवरमेक्टिन और 4.93 लाख एल्बेंडाजोल टैबलेट राज्य मुख्यालय से उपलब्ध कराई गई हैं। गर्भवती महिलाओं, दो वर्ष से छोटे बच्चों और गंभीर रोगियों को छोड़कर सभी को दवा स्वास्थ्य कर्मियों के सामने खिलाई जाएगी ताकि संक्रमण की श्रृंखला टूट सके। सीफार के प्रतिनिधि ने बताया कि फाइलेरिया एक लाइलाज बीमारी है, जिसके सूक्ष्म कृमि मच्छरों द्वारा दूसरों में फैलते हैं। इसके लक्षण कई वर्षों बाद हाथ-पैर या जननांगों में सूजन के रूप में दिखते हैं।

इससे बचाव की दवाएं पूरी तरह सुरक्षित हैं और डबल्यूएचओ से प्रमाणित हैं। दवा सेवन के बाद हल्का बुखार या चक्कर आना सामान्य है ऐसा सूक्ष्म कृमियों के नष्ट होने के कारण होता है और जल्द ठीक हो जाता है। गंभीर स्थिति के लिए रैपिड रिस्पॉन्स टीम रहेगी। उन्होंने कहा कि दवा न लेना सबसे बड़ा खतरा है, क्योंकि एक संक्रमित व्यक्ति से अनजाने में उसके साथ साथ पूरे गांव में संक्रमण फैल सकता है। जिला मलेरिया अधिकारी मंजुला आनंद ने बताया कि प्रशिक्षण, अंतरविभागीय समन्वय और ब्लॉक टास्क फोर्स का गठन पूरा हो चुका है। पीसीआई और सीफार प्रतिनिधियों ने मीडिया से अपील की कि वे लोगों तक यह संदेश पहुँचाएँ कि फाइलेरिया दवा से रोका जा सकता है और दवा न न सेवन करने पर यह पीढ़ियों की समस्या बनी रह सकती है। इसके अलावा राष्ट्रीय कृमि मुक्त दिवस दिनांक 10 फरवरी 2026 को एवं शेष छूटे हुए बच्चों को मॉप अप राउंड 13 फरवरी 2026 को एल्बेंडाजोल दवा खिलाई जाएगी। इस अभियान के अंतर्गत अयोध्या जिले के दो ब्लॉक मया बाजार एवं तारुन को छोड़ कर शेष 9 ब्लॉकों एवं शहरी क्षेत्र में अल्बेंडोजोल की दवा खिलाई जाएगी। इस अभियान में 1वर्ष से 19 वर्ष तक जनपद के सभी स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों पर अल्बेंडोजोल की गोलियां खिलाई जायेंगी। अल्बेंडोजोल/डिवार्मिंग से स्वास्थ्य को होने वाले फायदे जैसे , स्वास्थ्य व पोषण में सुधार, रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि, एनीमिया पर नियंत्रण, समुदाय में कृमि संक्रमण की व्यापकता में कमी, सीखने की क्षमता और कक्षा में उपस्थिति में सुधार के साथ साथ परिवार की आर्थिक स्थिति में भी सुधार होगा। इस अभियान के तहत 1से 2 वर्ष के बच्चों को एलबेंडाजोल की आधी टैबलेट एवम ऊपर के बच्चों को पूरी टेबलेट खिलाई जायेंगी। इसके अतिरिक्त 16 फरवरी 2026 से 27 फरवरी 2026 तक एमआर कैंपेन चलाया जाएगा जिसमें जिले के सभी 5 से 10 वर्ष के सभी बच्चों को एमआर वैक्सीन की एक अतिरिक्त डोज दी जाएगी। यह कैंपेन जनपद के सभी शिक्षण संस्थाओं (स्कूल, मदरसों आदि ) में अध्यनरत कक्षा -1 से कक्षा-5 तक के सभी बच्चों को नॉन आर.आई. दिवसों (सोमवार, मंगलवार, गुरुवार, शुक्रवार ) को एम आर की एक अतिरिक्त डोज से आच्छादित किया जाएगा। जनपद में 2600 स्कूल/मदरसा के माध्यम से लगभग 189000 बच्चों को मीजल्स रूबेला की एक अतिरिक्त डोज से आच्छादित किये जाने का लक्ष्य है। इस मौके पर एसीएमओ डॉ आशुतोष श्रीवास्तव, डिप्टी सीएमओ डॉ पी के गुप्ता, डॉ दीपक पांडे , डीएचईआईओ डीपी सिंह सहित मीडिया प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# पुराने गर्म कपड़ों को एकत्र कर कपड़ा बैंक को देने विचार ही इस मुहिम की सार्थकता : सदानंद वर्मा



बाराबंकी। विकासखण्ड बंकी अन्तर्गत ग्राम सन्दौली में राकेश यादव ने आँखें फाउण्डेशन द्वारा संचालित कपड़ा बैंक को कपड़ा बैंक को आमंत्रित कर बहुत से पुराने गर्म कपड़ों का दान किया। फाउडेशन अध्यक्ष सदानंद वर्मा ने कहा कि आप लोगों के इस जागरूकता के कारण ठण्ड से बचाने जैसे इस पुनीत कार्य में आप सभी पुण्य के भागीदार जरुर होंगे। पुराने गर्म कपड़ों को अपने मोहल्ले से इक्कठा कर कपड़ा बैंक को देने यह विचार ही इस मुहिम की सार्थकता को दशार्ता है। इस मौके पर प्रदीप सांरग, विकास यादव, धर्मेंद्र यादव, अशोक प्रजापति, शोभित यादव, चंदा देवी, छाया यादव, पुष्पा प्रजापति, कोमल यादव, अर्पिता यादव, किरन यादव, प्रियांशी यादव मौजूद रहे।

# विजय वर्मा उपनिरीक्षक पद पर पदोन्नति

बाराबंकी। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने वाचक कार्यालय में नियुक्त मुख्य आरक्षी विजय वर्मा को उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नति होने पर स्टार लगाकर शुभकामनाएं दी। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी रामनगर गरिमा पंत मौजूद रहीं।

# जनसमस्याओं के समाधान का प्रभावी मंच बना जिलाधिकारी का जनता दर्शन



बाराबंकी। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने जनसमस्याओं के निस्तारण की प्रक्रिया को तेज और पारदर्शी बनाया गया है। जनता दर्शन कार्यक्रम के तहत प्रतिदिन प्रातः 10 से 12 बजे तक आमजन की शिकायतो को सुन सभी जनपदीय अधिकारियों को आवेदन का निस्तारण समयबद्ध तरीके से किये जाने के निर्देश दिये। जनता दर्शन कार्यक्रम ने लोगों को अपनी समस्याएं सीधे जिलाधिकारी तक पहुंचाने का अवसर दिया है। अब शिकायतों का निस्तारण न सिर्फ तेज गति से हो रहा है बल्कि पारदर्शिता और जवाबदेही भी बढ़ी है। डीएम श्री त्रिपाठी के सक्रिय नेतृत्व में बाराबंकी प्रशासन एक ऐसे प्रणाली की ओर बढ़ रहा है जहां जनता का हर मुद्दा ह्लसमय पर सुनवाई और समाधान के सिद्धांत पर आधारित है।

# तहसील व जिला मुख्यालय पर आयोजित होगा मेगा वृहद सहायता और सेवा शिविर

बहराइच। मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र ने बताया कि मा. कार्यपालक अध्यक्ष/वरिष्ठ न्यायमूर्ति, उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण तथा जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार 06 से 13 फरवरी 2026 तक तहसील मुख्यालयों तथा 22 फरवरी 2026 को उत्थान आडिटोरियम बहराइच में जनपद स्तरीय मेगा/वृहद सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सीडीओ श्री चन्द्र ने बताया कि मेगा/वृहद सहायता एवं सेवा शिविर के दौरान बी.जी. रामजी योजना, प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना, पंचायत राज विभाग, समाज कल्याण विभाग, दिव्यांग सशक्तीकरण विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, श्रम विभाग, मत्स्य, राजस्व, युवा कल्याण, रेशम व नेहरू युवा कल्याण विभाग व नेडा इत्यादि विभागों द्वारा पण्डाल लगाकर विभागीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार तथा लाभार्थियों का पंजीकरण किया जायेगा। शिविर आयोजन की जानकारी देते हुए सीडीओ ने बताया कि 06 फरवरी को तहसील मुख्यालय सदर पर आयोजित मेगा शिविर में विकास खण्ड चित्तौरा, रिसिया व नगर पालिका परिषद द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। इसी प्रकार 07 को तहसील मुख्यालय पयागपुर में विकास खण्ड पयागपुर, विशेश्वरगंज, हुजूरपुर व नगर पंचायत पयागपुर, 09 को तहसील मुख्यालय नानपारा में विकास खण्ड बलहा, शिवपुर, नवाबगंज, नगर पालिका परिषद नानपारा व नगर पंचायत रिसिया, 10 को तहसील मुख्यालय महसी में विकास खण्ड तेजवापुर व महसी, 11 को तहसील मुख्यालय कैसरगंज में विकास खण्ड फखरपुर, जरवल व कैसरगंज तथा नगर पंचायत कैसरगंज एवं जरवल तथा 13 फरवरी को तहसील मुख्यालय मिहींपुरवा में आयोजित मेगा शिविर में विकास खण्ड व नगर पंचायत मिहींपुरवा द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा।

# 36 लाख रुपये लोन प्रकरण में पीएनबी के पक्ष में हुआ आदेश

जिला संवाददाता

- अपर जिला मजिस्ट्रेट वित्त एवं राजस्व ने मेसर्स नारायण देशी फूड्स की बंधकशुदा सम्पत्ति पर कब्जा बैंक के पक्ष में देने का दिया आदेश

**अयोध्या।** अपर जिला मजिस्ट्रेट वित्त एवं राजस्व अमित कुमार भट्ट ने 36 लाख रुपए लोन लेकर अदा न करने के प्रकरण में पंजाब नेशनल बैंक कुमारगंज के पक्ष में अधिनियम की धारा 14 में दी गयी शक्तियों का प्रयोग करते हुए बंधकशुदा सम्पत्ति पर कब्जा दिलाये जाने का आदेश पारित किया है।

साथ ही उप जिलाधिकारी मिल्कीपुर को निर्देशित किया है कि बैंक के सक्षम अधिकारी द्वारा सम्पर्क किये जाने पर क्षेत्रीय पुलिस बल के सहयोग से हर्जे खर्चे सहित बंधकशुदा सम्पत्ति पर नियमानुसार बैंक को कब्जा दिलाये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित करें। याची को निर्देशित किया जाता है कि सुसंगत अभिलेखों के साथ संबंधित अधिकारियों से सम्पर्क कर प्रश्नगत लोन में बंधकशुदा सम्पत्ति पर कब्जा प्राप्त करे।

पंजाब नेशनल बैंक की शाखा कुमारगंज-अयोध्या के विधि सलाहकार व वरिष्ठ अधिवक्ता के.एल. गोयल व सक्षम अग्रवाल ने पैरवी किया। अधिवक्ता के मुताबिक विपक्षी मेसर्स नारायण देशी फूड्स के प्रोपराइटर श्रीनारायण मिश्रा पुत्र भगवानदत्त निवासी रौतावां खंडासा मिल्कीपुर अयोध्या ने पंजाब नेशनल बैंक जनपद अयोध्या से 36 लाख रुपए का ऋण प्राप्त किया था। ऋण के एवज में विपक्षी ने अपनी अचल व कृषक प्लाट 1257 व 1258 बतौर जमानत बैंक के पक्ष में बंधक किया गया था। साथ ही ब्याज को अदा करने की गारंटी लिया था। ऋण की किस्तों का भुगतान नियमित नहीं किया गया जिस कारण ऋण खाता अनियमित होकर एनपीए हो गया। बैंक द्वारा विपक्षी से कर्जे की बावत नोटिस देने के बावजूद कर्ज की अदायगी नहीं की गयी। इसके फलस्वरूप बैंक ने अधिनियम की धारा 13 (2) के तहत नोटिस 5 नवम्बर 2024 को भेजा गया साथ ही विपक्षी से सात दिन के अन्दर उपरोक्त ऋण ब्याज सहित अदा करने के लिए कहा गया लेकिन विपक्षी ने बकाया राशि अदा नहीं किया इसके बाद बैंक ने बंधक सम्पत्ति पर कब्जा लेने के लिए नोटिस 31 जनवरी 2025 को भेजा। बावजूद इसके लोन ब्याज सहित न जमा करने पर पंजाब नेशनल बैंक शाखा कुमारगंज के अधिवक्ता के.एल. गोयल व सक्षम अग्रवाल ने विपक्षी प्रोपराइटर नारायण देशी फूड्स के विरूद्ध जिला मजिस्ट्रेट के न्यायालय में मुकदमा दायर किया। जिला मजिस्ट्रेट ने इस मुकदमें के निस्तरण के लिए अपर जिला मजिस्ट्रेट वित्त एवं राजस्व की अदालत में 28 अप्रैल 2025 को स्थानांत्रित किया था। इसके पश्चात अपर जिला मजिस्ट्रेट वित्त एवं राजस्व ने 36 लाख रुपए लोन के प्रकरण में सुनवाई के बाद अधिनियम की धारा 14 में दी गयी शक्तियों का प्रयोग करते हुए बंधकशुदा सम्पत्ति पर कब्जा बैंक को दिये जाने का आदेश पारित किया है।

# 101 बटुकों का सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार 6 को

अयोध्या। श्री गुरू वसिष्ठ सेवा न्यास अयोध्या के संयोजन में 101 बटुकों का उपनयन संस्कार वैदिक विधि विधान पूर्वक श्री गुरू वसिष्ठ गुरुकुल विद्यापीठ वेद पाठशाला दर्शन नगर परिसर में आगामी 5 फरवरी को संपन्न होगा उक्त जानकारी गुरु वशिष्ठ गुरुकुल विद्यापीठ के निदेशक डॉ दिलीप सिंह वा यज्ञोपवीत संस्कार के संयोजक आचार्य दुखहरण नाथ मिश्रा ने संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में दी, गुरुकुल के निदेशक व न्यास के मंत्री डॉ दिलीप सिंह ने बताया कि यज्ञोपवीत संस्कार में बतौर यजमान श्री गुरु वशिष्ठ सेवा न्यास के संरक्षक श्री राम बल्लभा कुंज के अधिकारी पूज्य राजकुमार दास, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय अधिकारी वा विमर्श के राष्ट्रीय संयोजक मुकुल कानितकर वा न्यास के अध्यक्ष, महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय बीकानेर राजस्थान के कुलगुरु आचार्य मनोज दीक्षित होंगे, कार्यक्रम के संयोजक आचार्य दुःख हरण नाथ मिश्र के अनुसार यज्ञोपवीत संस्कार में सभी बटुकों के पूरे परिवार सहित उनके निकट संबंधियों, शिक्षा विद, गुरुकुल के सहयोगी, गुरुकुल प्रबंध समिति के सदस्य नगर के संभ्रांत नागरिको को आमंत्रित किया गया है।

# अविमुक्तेश्वरानंद को अयोध्या में न घुसने देने की दी चेतावनी

## सीएम योगी के समर्थन में आये परमहंसाचार्य

अयोध्या। शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को लेकर विवाद तेज होता जा रहा है। रामनगरी अयोध्या के तपस्वी छावनी पीठाधीश्वर जगद्गुरु परमहंस आचार्य ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समर्थन में अविमुक्तेश्वरानंद के लिए चेतावनी जारी की है। उन्होंने शंकराचार्य को अयोध्या में प्रवेश न करने देने की चेतावनी जारी की है। जगद्गुरु परमहंस आचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर की गई कथित अभद्र टिप्पणियों से नाराज हैं। परमहंस आचार्य का कहना है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को औरंगजेब और हुमायूं का बेटा कहना अत्यंत निंदनीय है। यह एक संत को शोभा नहीं देता। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सनातन धर्म और उत्तर प्रदेश के हित में लगातार काम कर रहे हैं। इस तरह की भाषा अस्वीकार्य है। जब तक स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद अपने शब्द वापस नहीं लेते और सीएम योगी से क्षमा नहीं मांगते, तब तक उन्हें अयोध्या में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा। यह भी आरोप लगाया कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद का गाय को लेकर चल रहा आंदोलन राजनीति से प्रेरित है और विपक्ष को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गाय को राष्ट्र माता घोषित करने की मांग के बावजूद बछड़ा और बैल के वध पर पूर्ण प्रतिबंध नहीं लगाया जा सका है। परमहंस आचार्य ने केंद्र और राज्य सरकार से गोवंश को राष्ट्रीय धरोहर घोषित करने और पूर्ण रूप से गौहत्या पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। साथ ही ग्रामस्तर पर गौरक्षा के लिए ठोस व्यवस्था किए जाने की अपील की। जगद्गुरु परमहंस आचार्य ने कहा कि भगवा पहनकर इस तरह की टिप्पणी करना पूरे संत समाज का अपमान है। जब तक स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद अपने शब्द वापस नहीं लेते, तब तक सभी सनातनी उनका बहिष्कार करें।



# आतंकी कनेक्शन होने के शक में युवक गिरफ्तार

जिला संवाददाता

- हिंद इंस्टीट्यूट में कैसर पीड़ित मां से मिलने आया था युवक, पूछताछ जारी

**बाराबंकी।** नगर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत सफेदाबाद स्थित हिंद इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) और एंटी टेररिस्ट स्क्वाड (एटीएस) की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर युवक पर आतंकियों से संपर्क होने का शक जताते हुये हिरासत में ले लिया। बताया जा रहा है कि हिरासत में लिया गया युवक राम लखन पुत्र झम्मन थाना बदोसराय क्षेत्र के खोर एतमादपुर गांव का निवासी है। राम लखन दिल्ली में एक ऑटो स्पेयर पाट्र्स कंपनी में काम करता है और अपनी कैंसर पीड़ित मां के इलाज के लिए दो दिन पहले बाराबंकी आया था। मंगलवार सुबह जब वह अस्पताल में मां के साथ था उसी दौरान एनआईए और एटीएस की टीम ने अस्पताल में छापा मारकर उसे पकड़ लिया। सूत्रों के माने तो सुबह 8 बजे एनआईए और एटीएस की 6 गाड़ियों से अधिकारी एक साथ हिंद इंस्टीट्यूट और राम लखन के पैतृक गांव खोर एतमादपुर पहुंचे। अस्पताल में मौजूद अधिकारियों ने राम लखन से पूछताछ की और फिर उसे अपने साथ ले गए। इसके बाद उसे लखनऊ ले जाकर पूछताछ की जा रही है। राम लखन के छोटे भाई शिवम ने बताया कि उनकी मां कैंसर पीड़ित है और उनका इलाज हिंद इंस्टीट्यूट में चल रहा है। पिता झम्मन और भाई राम लखन अस्पताल में मां के साथ थे। इसी दौरान कार्रवाई हुई। शिवम के मुताबिक टीम में शामिल अधिकारियों ने गांव में उनके घर की भी गहन तलाशी ली। मशीनों की मदद से करीब आधे घंटे तक घर के कोने-कोने की जांच की गई। हालांकि तलाशी के दौरान कोई आपत्तिजनक वस्तु बरामद होने की सूचना नहीं है। ग्रामीणों के अनुसार राम लखन के पिता झम्मन के पास करीब 16 बीघा खेती है। जिसमें से 8 बीघा जमीन पत्नी के इलाज के लिए गिरवीं रखी गई है। उसी पैसे से इलाज कराया जा रहा है। मामले में पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने हिरासत की पुष्टि करते हुए बताया कि बदोसराय के खोर एतमादपुर गांव और हिंद इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में छापेमारी की गई है। राम लखन पर आतंकियों से कनेक्शन होने का शक है। एनआईए और एटीएस की टीम उसे लखनऊ ले गई है। और गहन पूछताछ की जा रही है। उन्होंने बताया कि स्थानीय स्तर पर भी जांच जारी है। एजेंसियां सभी पहलुओं पर जांच के बाद ही आगे की आधिकारिक जानकारी साझा करेंगी।

# वनाग्नि पर प्रभावी नियंत्रण हेतु बहराइच वन प्रभाग में स्थापित हुआ कन्ट्रोल रूम

बहराइच। जनपद बहराइच प्रदेश में वन सम्पदा से आच्छादित मुख्य जनपदों में से एक है जिसमें बहुमूल्य प्रजाति के साल, शीशम एवं सागौन आदि के वृक्षों के साथ-साथ अनेकानेक वन्य जीवों का भी प्राकृतवास है। यह जानकारी देते हुए प्रभागीय वनाधिकारी बहराइच ने बताया कि वर्तमान समय में 15 फरवरी से 15 जून 2025 तक का समय अग्निकाल का है। उन्होंने बताया कि अग्निकाल में वनों/वन्य जीवों की अग्नि से सुरक्षा/संरक्षण हम सभी का पुनीत कर्तव्य है जिसके लिए आवश्यक है कि वनों को अग्नि से बचाये जाने एवं वनों में माचिस, बीड़ी, मिट्टी का तेल आदि अग्नि सम्बन्धी वस्तुओं तथा वाहनों आदि का अनाधिकृत प्रवेश पूर्णतया वर्जित है। डीएफओ ने बताया कि वन/वन्य जीव हमारे भविष्य है जिनकी सुरक्षा में ही हमारा एवं मानव जाति का भविष्य सन्निहित है। इसलिए हमें कि वनो/वन्य जीवों की अग्नि से सुरक्षा को परमधर्म से राष्ट्रधर्म मानते हुए वनों एवं उसमें प्राकृतवास करने वाले वन्य जीवों की प्रत्येक दशा में रक्षा करने का द्दढसंकल्प लेना होगा। वनाग्नि पर प्रभावी नियंत्रण हेतु प्रभाग स्तर पर स्थापित कन्ट्रोल रूम के दूरभाष नम्बर 7839434875 पर वनाग्नि की सूचना दी जा सकती है। उन्होंने बताया कि सरकारी व गैर सरकारी संस्थाओं के प्रतिनिधि व जन सामान्य वनाग्नि की सूचना प्रदेश मुख्यालय के हेल्पलाइन नम्बर-0522-2977310 पर भी दे सकते हैं।

# हिंदू सम्मेलन में सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन व राष्ट्र कर्तव्यों पर हुआ मंथन




अयोध्या। जनपद के मसौधा ब्लाक में आयोजित हिंदू सम्मेलन में समाज, संस्कृति, पर्यावरण और राष्ट्र निर्माण से जुड़े विषयों पर गहन विचार-विमर्श हुआ। सम्मेलन का उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित कर समरस, स्वाभिमानी और कर्तव्यनिष्ठ भारत के निर्माण की दिशा में प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के विभिन्न वर्गों की सहभागिता रही। सम्मेलन के मुख्य वक्ता आनंद सोनी ने अपने उद्बोधन में कहा कि हिंदू धर्म कोई संकीर्ण पूजा पद्धति नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक समग्र कला है। उन्होंने कहा कि विश्व शांति और मानव कल्याण के लिए भारत में हिंदू समाज का एकजुट रहना आज नितांत आवश्यक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि भारत एक शरीर है तो हिंदू उसकी आत्मा हैं और यह संबंध सनातन काल से चला आ रहा है। कार्यक्रम में वक्ता राष्ट्रीय सेविका समिति खंड कार्यवाहिकी रूपा पाठक जी ने सामाजिक समरसता पर विचार रखते हुए कहा कि ह्लएक पनघट और एक मरघट पर सभी भेद समाप्त हो जाते हैं, यही समरसता का वास्तविक स्वरूप है ह्व उन्होंने कहा कि भारत में जन्म लेना हमारा सौभाग्य है और प्रत्येक परिवार को वर्ष में कम से कम एक बार धार्मिक स्थलों की यात्रा अवश्य करनी चाहिए। उन्होंने मातृशक्ति की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि परिवार को एकजुट रखने और धार्मिक-सांस्कृतिक संस्कार देने में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रत्येक घर में ओम और स्वस्तिक जैसे सांस्कृतिक प्रतीकों का सम्मान, तुलसी का पौधा, स्वदेशी परिधान और मातृभाषा में संवाद होना चाहिए। उन्होंने भोजन के समय मोबाइल के स्थान पर पारिवारिक संवाद को प्राथमिकता देने, परिवार के साथ धार्मिक यात्राएँ करने और प्रातःकाल धरती माता के चरण स्पर्श जैसे संस्कारों को जीवन में अपनाने का आग्रह किया।

# चालक-परिचालक व आमजन की आंखों का हुआ परीक्षण



बहराइच। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी ओ.पी. सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देश पर सोमवार को जरवल स्थित गुप्ता रोडवेज ढाबा पर परिवहन विभाग द्वारा नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन कर लगभग 132 वाहन चालकों/परिचालकों एवं आमजन की आंखों की जांच कर उन्हें आंखों की सुरक्षा एवं नियमित परीक्षण के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। श्री सिंह ने बताया कि नेत्र परिक्षण शिविर के दौरान स्वास्थ्य केन्द्र जरवल के अधीक्षक डॉ. कुंवर रितेश, नेत्र सर्जन डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव, नेत्र परीक्षण अधिकारी डॉ. एस.के. रावत, नेत्र परीक्षण सहायक साकिब अहमद द्वारा शिविर संचालन में सहयोग प्रदान किया गया। नेत्र परीक्षण शिविर के दौरान एआरटीओ श्री सिंह व सम्भागीय निरीक्षक (प्राविधिक) प्रदीप कुमार द्वारा मौजूद चालक-परिचालक व आमजन को सडक सुरक्षा नियमों एवं सड़क दुर्घटना से बचाव की जानकारी प्रदान की गयी तथा वाहन चलाते समय हेलमेट/सीटबेल्ट का प्रयोग करने हेतु प्रेरित किया गया। श्री सिंह ने बताया कि ऐसे शिविरों के आयोजन का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना तथा वाहन चालकों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना है। डीएम के निर्देश पर परिवहन विभाग के इस अभिनव पहल की चालक-परिचालक व आमजन द्वारा सराहना की गई।

# कुपोषण के समाधान में जिला अस्पताल का एनआरसी है जीवनरक्षक सहारा

जिला संवाददाता



बहराइच। कुपोषण सिर्फ कमजोरी नहीं बल्कि बच्चों के शरीर, दिमाग और भविष्य को प्रभावित करने वाली गंभीर स्वास्थ्य समस्या है। कई परिवार इसे बीमारी या खतरे की स्थिति नहीं समझते और सोचते हैं कि बच्चा समय के साथ अपने-आप ठीक हो जाएगा। यही सोच कई बार बच्चों को अति कुपोषण की ओर धकेल देती है।

डीएचईआईओ बृजेश सिंह के अनुसार इस चुनौती से निपटने के लिए सरकार पोषण कार्यक्रमों के साथ-साथ अति कुपोषित (सैम) बच्चों के इलाज हेतु जिला अस्पताल में 10 बेड का पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) संचालित है। लेकिन सामाजिक झिझक और परिवारों की असहमति के कारण कई जरूरतमंद बच्चे समय पर एनआरसी तक नहीं पहुँच पा रहे हैं। श्री सिंह ने बताया कि पयागपुर ब्लॉक के पड़ेरा गाँव की साढ़े तीन साल की पायल (बदला हुआ नाम) इसका उदाहरण है। परिवार को लगता था कि कमजोरी अपने-आप ठीक हो जाएगी, लेकिन वजन घटकर करीब 7 किलो रह गया। आशा कार्यकर्ता के प्रयास से 14 दिन एनआरसी में भर्ती के बाद अब वह फिर से सक्रिय हो गई है।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार अक्टूबर से दिसंबर तक 2,298 बच्चों की स्क्रीनिंग में 844 बच्चे कुपोषित पाए गए। इनमें 821 स्थानीय स्तर पर इलाज योग्य थे, लेकिन केवल 570 ने उपचार लिया। वहीं 23 अति कुपोषित बच्चों को एनआरसी रेफर किया गया, जिनमें से सिर्फ 9 ही वहाँ पहुँच सके। ये आंकड़े बताते हैं कि चुनौती इलाज की सुविधा नहीं बल्कि बच्चों को इलाज तक पहुँचाना है। सीएमओ डॉ. संजय कुमार कहते हैं कि कुपोषण का समाधान सिर्फ अस्पतालों में नहीं बल्कि घरों की रसोई में बना पोषण युक्त आहार, गांव की सोच और समुदाय की भागीदारी से निकलता है। जब तक परिवार इसे गंभीर स्वास्थ्य समस्या नहीं समझेंगे तब तक एनआरसी जैसी सुविधाएँ पूरी क्षमता से काम नहीं कर पाएँगी। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने आमजन से अपील की है कि यदि अपने आस-पास कोई बच्चा कमजोर, सुस्त दिखे, बार-बार बीमार पड़े या वजन न बढ़े तो उसे आशा या आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की मदद से एनआरसी तक पहुंचाने में मदद करें। ताकि कुपोषण के शिकार बच्चों को समय से इलाज मिले जिससे बच्चों तथा उनके अभिभावकों के चेहरों पर मुस्कान आ सके।

संक्षेप

## नीलगाय से टकरायी बाइक, दो युवक घायल

**जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** गोसाईगंज थानाक्षेत्र के देवरिया गांव के पास मंगलवार सुबह करीब ग्यारह बजे आयुबपुर बरुई मार्ग पर नीलगाय से टकराकर दो बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनको अस्पताल ले जाया गया है। थानाक्षेत्र बड़ेगांव सुरौली निवासी वीरेंद्र वर्मा उर्फ वीरू (32) व पांडेयपुर निवासी राजेंद्र यादव (40) बरुई की ओर बाइक से जा रहे थे। देवरिया गांव के पास अचानक नीलगाय से बाइक की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर पहुँचे लोगों ने दोनों घायलों को एंबुलेंस 108 के ईएमटी नगेंद्र कुमार वर्मा और पायलट गुलशेर ने सीएचसी जयसिंहपुर पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें सुलतानपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया घटना की सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंच गए है।

## नौकरी दिलाने के नाम पर पैसे ऐंठे, केस दर्ज

**लालगंज, रायबरेली।** प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि नौकरी दिलाने के नाम पर पैसा ऐंठने वाले के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। उन्होंने बताया कि साकेत नगर लालगंज निवासी अनुराग चैहान पुत्र अनिल चैहान ने शिकायती पत्र देते हुए बताया है कि उत्तरा गौरी निवासी आनंद प्रताप सिंह पुत्र उपेंद्र सिंह ने रेलवे विभाग में फार्मासिस्ट की नौकरी दिलाने के नाम पर 25 अप्रैल 2025 को उससे दो लाख रुपए लिए थे। जब उसे नौकरी नहीं मिली तो उसने अपना पैसा मांगा तब आनंद प्रताप सिंह ने 90 हजार रुपए वापस कर दिया। शेष पैसा मांगने पर जान से मारने की धमकी देते हैं। मामले में पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर लालगंज कोतवाली में आनंद प्रताप सिंह के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत हो रहा है। कोतवाल ने बताया कि जांच पड़ताल की जा रही है।

## प्रताड़ना से हुई मौत, केस दर्ज

**लालगंज, रायबरेली।** प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि उत्तरा गौरी गांव की विवाहित महिला ज्योति की मौत के मामले में मृतका के पिता श्री केसन निवासी ददरी की शिकायत पर पति सत्येंद्र, ससुर प्रमोद सहित सासु, जेठ, जेठानी और देवर के खिलाफ बीएनएस की धारा 108 के तहत मामला दर्जहुआ है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि ज्योति ने रविवार को जहर खा लिया था जिसके चलते उसकी एम्स रायबरेली में मौत हो गई थी। पिता की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। पुलिस मृतका के पति सत्येंद्र से पूछताछ कर रही है।

## युवक ने लगायी फांसी

**सलोन, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के गौवा बाजार में एक दिव्यांग युवक का शव टीन शेड के नीचे संदिग्ध परिस्थितियों में लटकता पाया गया है। परिजनों ने पुलिस को बगैर सूचित किये शव को फंदे से उतार दिया। घटना की सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया है। दोनों पैरों से दिव्यांग युवक का शव फांसी के फंदे पर मिलने से चचाओं का बाजार गर्म है। सूची चैकी क्षेत्र के गौवा बाजार मजरे इटारा निवासी दिव्यांग युवक राजू जायसवाल (45) पुत्र स्वर्गीय किशोरीलाल का शव घर के समीप स्थित टीन शेड के नीचे फंदे से लटकती पाई गई है।

# मंदिर प्रांगण में अवैध कब्जेदारी को लेकर व्यापारियों में आक्रोश

### व्यापारियों ने नायब तहसीलदार से लगायी न्याय की गुहार



**हरचंदपुर, रायबरेली।** क्षेत्र के कस्बे में स्थित गंगेश्वर मंदिर के प्रांगण गेट के पास गुमटी रख कर कब्जेदारी को लेकर काफी दिनों से विवाद चल रहा है जिसकी शिकायत कई बार आला अधिकारियों से की गई। कई बार राजस्व पुलिस टीम भी मौके पर पहुंची लेकिन मामला जस का तस बना रहा। जिसको लेकर सभी व्यापारियों ने थाने पहुंचकर नायब तहसीलदार राम शंकर मिश्र को एक ज्ञापन सौपा है और मांग की है कि थाने प्रांगण में कई मांगलिक कार्यक्रम व शुभ अवसरों पर कार्य होते हैं। इन्हीं सब बातों को लेकर नायब तहसीलदार और व्यापारियों के बीच तीखी नोंकझोक भी हुई। इसी दौरान नायब तहसीलदार ने कहा मामला कोर्ट में है आप लोग वहां जाकर पैरवी करिए कोर्ट का जैसा आदेश होगा वही किया जाएगा। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि काफी दिनों से चल रहे इस विवाद का मामला अनसुलझा बना हुआ है। व्यापारियों ने कहा कि अगर गंगेश्वर मंदिर के प्रांगण से अवैध गुमटी दुकानदारों को नहीं हटाया गया तो सभी व्यापारी महाशिवरात्रि नहीं मनाएंगे। जिस पर नायब तहसीलदार ने कहा महाशिवरात्रि मत बनाओ जिसको लेकर व्यापारी उग्र हो गए और कहा जब न्याब तहसीलदार ही कह रहे हैं कि महाशिवरात्रि ना मनाओ तो ऐसे में व्यापारियों के लिए प्रशासन ने एक कड़ा संदेश दिया कि आप लोग डीएम व कोर्ट के समक्ष पेश होकर पैरवी करके न्याय ले सकते हैं। वहीं व्यापारियों ने आरोप लगाया है कि हम लोगों ने कहा कि जब हम लोगों को न्याय नहीं मिलेगा तो हम लोग महाशिवरात्रि नहीं मनाएंगे। इस मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष सरदार मनजीत सिंह आशीष अवस्थी योगेश घिल्डियाल, अशोक त्रिपाठी व कस्बे के सैकड़ों व्यापारी मौजूद रहे।

## अखनूर में तैनात नायब सूबेदार का सेवा के दौरान निधन

**गोसाईगंज, सुलतानपुर।** जम्मू के अखनूर सेक्टर में तैनात भारतीय सेना के नायब सूबेदार भूपेंद्र कुमार सिंह का रविवार को निधन हो गया। उनका पार्थिव शरीर सोमवार रात करीब दस बजे उनके पैतृक गांव बरुई पहुंचा। शव गांव पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया। मां पुष्पा सिंह बेटे के पार्थिव शरीर से लिपटकर बेसुध हो गईं। पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

मंगलवार को बरुई घाट पर गोमती नदी के तट पर पूरे सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। भूपेंद्र कुमार सिंह के 9 वर्षीय बेटे शिवांश ने मुखाग्नि दी। अपर पुलिस अधीक्षक अखंड प्रताप सिंह, एसडीएम जयसिंहपुर प्रभात सिंह और थानाध्यक्ष राम आशीष उपाध्याय की मौजूदगी में अयोध्या की 5 मराठा लाई बटालियन के जवानों ने सूबेदार मेजर नानासो भदरगे की अगुवाई में गार्ड ऑफ ऑनर देकर सलामी दी। सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने ओर से पीड़ित परिवार को एक लाख पच्चीस हजार की आर्थिक सहायता देने की बात कही। साथ ही आगामी वित्तीय वर्ष में अंत्येष्टि स्थल निर्माण कराने का आश्वासन दिया। भूपेंद्र कुमार सिंह जम्मू के अखनूर स्थित ऑर्डिनेंस डिपो में नायब सूबेदार के पद पर तैनात थे। रविवार भोर उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उनका निधन हो गया। भूपेंद्र कुमार सिंह का परिवार लंबे समय से देश सेवा से जुड़ा रहा है। उनके पिता प्रसिद्ध नारायण सिंह वर्ष 1996 में भारतीय सेना से सेवानिवृत्त हुए थे। बड़े भाई रवींद्र कुमार सिंह ऑर्डिनेंस डिपो में सूबेदार मेजर के पद पर तैनात हैं, जबकि छोटे भाई सत्येंद्र कुमार सिंह भी सेना में सेवा दे रहे हैं। भूपेंद्र वर्ष 2003 में सेना में भर्ती हुए थे। उनके निधन से क्षेत्र में शोक व्याप्त है।

## जानलेवा हमले के आरोपी भाइयों की गिरफ्तारी पर रोक

**सुलतानपुर (वीओएल)।** जानलेवा हमला करने के मामले में आरोपी बनाए गए जयसिंहपुर कोतवाली के पटना हरिवंश गांव के सगे भाइयों सभाजीत यादव व भोलानाथ यादव को कोर्ट से राहत मिल गई है। जिला जज सुनील कुमार ने बचाव पक्ष के अधिवक्ता संतोष पांडेय की बहस सुनने के बाद दोनों आरोपियों को अग्रिम जमानत देकर गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। आरोप है कि आरोपियों ने 31दिसंबर 2025 को अंबेडकर नगर जिले के भीटी थाने के पूरे दरबार गांव निवासी रवि सिंह पर जानलेवा हमला कर चोटें पहुंचाई थी।

# बरसात व तेज हवा से गिरा चकबंदी कार्यालय का गेट



**मुसाफिरखाना, अमेठी।** मंगलवार को अचानक मौसम के करवट बदलने के साथ तेज हवाओं के झोंके से स्थानीय कस्बे में चकबंदी कार्यालय के सामने लोक निर्माण विभाग द्वारा विभिन्न कस्बों व शहरों की दिशा व उनकी दूरी बताने के लिए प्रवेश द्वार गिर गया हालांकि द्वार गिरने के कारण कोई हानि नहीं हुई। लोक निर्माण विभाग द्वारा स्थानीय मुसाफिरखाना तहसील मुख्यालय स्थित नगर पंचायत की पश्चिमी सीमा पर आवागमन को सुगम बनाने के लिए एक 45 फीट लंबा व करीब 20 फीट ऊंचा लोहे का प्रवेश द्वार बनाया गया था जिस पर एक तरफ नगर पंचायत की सीमा में प्रवेश करने पर स्वागत करने तो वहीं दूसरी तरफ लखनऊ जगदीशपुर गौरीगंज सहित मार्ग से होकर पड़ने वाले दूरदराज के अन्य कस्बों की दूरी व उनकी दिशा इंगित की गई थी मंगलवार को 10 बजे के करीब तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश हुई तेज हवाओं को गेट झेल नहीं सका और भरभर कर सड़क पर गिर गया हालांकि घटना में किसी के साथ कोई अप्रिय घटना की सूचना नहीं है वहीं गेट के गिरने के बाद गुणवत्ता पर जरूर सवाल उठा रहे हैं। कोतवाली पुलिस व नगर पंचायत की टीम ने मौके पर पहुंच कर मलवे को उठा कर अलग करवा कर आवागमन शुरू कराया है

## दहशत फैलाने वाले 4 शातिर अपराधी 6 माह के लिए जिला बदर

**अमेठी।** जनपद में कानून व्यवस्था और शांति बनाए रखने के लिए जिला मजिस्ट्रेट संजय चौहान ने कड़ा रुख अपनाया है। अपने आतंक से लोगों में खौफ पैदा करने वाले 4 शातिर अपराधियों के खिलाफ 'गुंडा नियंत्रण अधिनियम' के तहत कार्रवाई करते हुए उन्हें 6 महीने के लिए जिले की सीमा से निष्कासित (जिला बदर) कर दिया गया है। प्रशासन के मुताबिक, इन अपराधियों का आस-पास के क्षेत्रों में इतना आतंक था कि आम जनता इनके खिलाफ मुंह खोलने या गवाही देने से कतराती थी। इसी भय को समाप्त करने और लोकशांति बहाल करने के लिए जिला मजिस्ट्रेट ने यह सख्त कदम उठाया है। यह आदेश 27 जनवरी 2026 से प्रभावी माना जाएगा। जिला बदर किए गए चारों अभियुक्त थाना जायस क्षेत्र के ग्राम 'पूरे अमिया सराय महेशा' के निवासी हैं: अफजल पुत्र मुंशीर, लालबाबू पुत्र फौजदार, अफसर पुत्र जब्बार, मुंशीर पुत्र भुल्लू। जिला मजिस्ट्रेट ने पुलिस विभाग को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जिले में सक्रिय गुंडा तत्वों और आपराधिक गतिविधियों में लिप्त लोगों के साथ कोई रियायत न बरती जाए। यदि कोई भी असामाजिक तत्व लोक सुरक्षा भंग करने का प्रयास करता है, तो उसके विरुद्ध तत्काल निरोधात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

## पूर्व सैनिक राम विशाल का हार्ट अटैक से मौत

**जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** कोतवाली जयसिंहपुर क्षेत्र के बगिया गांव निवासी पूर्व सैनिक एवं पूर्व दर्जा प्राप्त मंत्री व विधायक रहे स्व. राम रतन यादव के बड़े पुत्र राम विशाल यादव के बीती सोमवार की रात हार्ट अटैक से निधन हो गया। उनके असामयिक निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। परिजनों के अनुसार सोमवार रात करीब 10 बजे राम विशाल यादव के सीने में अचानक तेज दर्द उठा। हालत बिगड़ने पर परिजन उन्हें आनन-फानन में सुलतानपुर लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद लखनऊ रेफर कर दिया। लखनऊ ले जाते समय रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। राम विशाल यादव वर्ष 1983 में देश सेवा के लिए भारतीय सेना में भर्ती हुए थे। उन्होंने सेना में हवलदार पद पर रहते हुए देश की सेवा की और वर्ष 2002 में सेवानिवृत्त हुए। सेना से लौटने के बाद वह सामाजिक कार्यों में सक्रिय हो गए और वर्ष 2015 में ग्राम प्रधान भी चुने गए। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने गांव के विकास और जनहित के कार्यों को प्राथमिकता दी। उनके निधन की खबर मिलते ही क्षेत्र में शोक व्याप्त हो गया। बड़ी संख्या में लोग उनके आवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त कर रहे हैं। राम विशाल यादव अपने पीछे तीन पुत्रों सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। परिजनों ने उनका अंतिम संस्कार दियरा राजघाट पर पूरे विधि-विधान के साथ किया गया। अंतिम संस्कार में परिजन, ग्रामीणों के साथ-साथ क्षेत्र के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## डीएम ने प्रचार वाहनों को दिखायी हरी झण्डी



**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने कलेक्ट्रेट परिसर से फार्मर रजिस्ट्री के प्रचार-प्रसार हेतु प्रचार वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। डीएम ने कहा कि जनपद में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के कुल लाभार्थियों की संख्या 543325 कृषकों की फार्मर रजिस्ट्री की जानी थी, जिसमें 62534 कृषक विभिन्न कारणों से अपात्र पाए गए, इस प्रकार फार्मर रजिस्ट्री कराने का लक्ष्य 480791 सापेक्ष अभी तक 313379 कृषकों की फार्मर रजिस्ट्री बनायी जा चुकी है जो लक्ष्य का 65.18 प्रतिशत है। अवशेष बचे 167412 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री बनाने हेतु प्रचार-वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर समस्त विकास खण्डों हेतु रवाना किया किया गया है जो समस्त विकास खण्डों में 10 दिन तक प्रचार-प्रसार का कार्य करेगा। उप निदेशक कृषि विनोद कुमार ने बताया कि जनपद में यह प्रयास किया जा रहा है कि समस्त पात्र कृषक जिनकी फार्मर रजिस्ट्री नहीं हुई है, वह सामने आये और उनकी फार्मर रजिस्ट्री बन जाये। सरकार की किसानों के लिये संचालित समस्त योजनाओं का संचालन फार्मर रजिस्ट्री के डाटा से ऑनलाइन होना है, सरकार की योजनाओं का लाभ केवल फार्मर रजिस्ट्री कराने वाले किसानों को ही मिल पायेगा। खरीफ 2026 से अनुदानित उर्वरक भी इस डाटा के अनुसार उपलब्ध होगा। किसान क्रेडिट कार्ड, आपदा की स्थितियों में क्षतिपूर्ति का आकलन, न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद एवं फसल बीमा की क्षतिपूर्ति भी फारमर्स रजिस्ट्री के डाटा से बिना सत्यापन शीघ्रता से किया जायेगा।

# फर्जी पत्रकारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग, डीएम को सौंपा ज्ञापन

**सुलतानपुर (वीओएल)।** जनपद में सक्रिय तथाकथित एवं स्वघोषित पत्रकारों के बढ़ते नेटवर्क को लेकर जनहित पत्रकार वेलफेयर एसो. उत्तर प्रदेश ने कड़ा रुख अपनाया है। संगठन की ओर से जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपते हुए फर्जी पत्रकारों की गहन जांच कर उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की गई।

ज्ञापन में कहा गया कि बीते कुछ समय से जनपद में ऐसे लोगों की संख्या लगातार बढ़ रही है, जो बिना किसी मान्यता प्राप्त समाचार पत्र, चैनल अथवा सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार से अनुमोदन के स्वयं को पत्रकार बताकर फर्जी प्रेस आईडी का दुरुपयोग कर रहे हैं। ऐसे तत्व न केवल आम नागरिकों को भ्रमित कर रहे हैं, बल्कि प्रशासनिक तंत्र को भी गुमराह कर रहे हैं। एसोसिएशन ने आरोप लगाया कि पत्रकारिता की आड़ में कई तथाकथित पत्रकार अवैध गतिविधियों में संलिप्त पाए जा रहे हैं। पेड़ों की



अवैध कटान, आरा मशीनों पर अवैध वसूली, थानों में अनावश्यक दबाव बनाना तथा धमकी देना जैसी घटनाओं में इनकी भूमिका की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। इससे कानून-व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है और लोकतंत्र के चैथे स्तंभ की साख को भी नुकसान पहुंच रहा है। ज्ञापन में मांग की गई कि जिला सूचना अधिकारी सुल्तानपुर से जनपद में पंजीकृत एवं मान्यता प्राप्त पत्रकारों तथा समाचार संस्थानों की अद्यतन सूची मंगवाई जाए। इसके आधार पर एसपी सुल्तानपुर को निर्देशित किया जाए कि बिना मान्यता प्राप्त संस्थाओं द्वारा जारी तथाकथित प्रेस आईडी को अमान्य घोषित कर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही सभी थानाध्यक्षों को अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय तथाकथित पत्रकारों का सत्यापन कराने के निर्देश दिए जाएं। एसोसिएशन ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते इस गंभीर समस्या पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई, तो इसके दुष्परिणाम प्रशासन, पुलिस और समाजकृतीनों को झेलने पड़ सकते हैं।

# कैडेट्स राष्ट्र की अनुशासित शक्ति हैं : संजय सिंह



**सुलतानपुर (वीओएल)।** राणा प्रताप पी.जी. कॉलेज में एनसीसी ह्यसीह्न सर्टिफिकेट प्राप्त कैडेट्स के सम्मान में विदाई समारोह गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य एनसीसी कैडेट्स द्वारा अनुशासन, नेतृत्व और राष्ट्रसेवा के क्षेत्र में किए गए योगदान को सम्मानित करना रहा। महाविद्यालय के अध्यक्ष एडवोकेट संजय सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि एनसीसी कैडेट्स राष्ट्र की अनुशासित शक्ति हैं।

एनसीसी से प्राप्त प्रशिक्षण जीवनभर मार्गदर्शन करता है और कैडेट्स को जिम्मेदार नागरिक बनाता है। प्रबंधक बाल चंद्र सिंह ने कहा कि एनसीसी युवाओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व और सेवा भाव विकसित करती है, जो किसी भी क्षेत्र में सफलता की नींव है। प्राचार्य प्रो. डी. के. त्रिपाठी ने कैडेट्स को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि एनसीसी के संस्कार उन्हें समाज और राष्ट्र के प्रति सदैव कर्तव्यनिष्ठ बनाए रखेंगे। प्रो. धीरेंद्र कुमार, प्रो. शैलेन्द्र प्रताप सिंह एवं प्रो. इंद्रमणि कुमार ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि एनसीसी कैडेट्स अनुशासन, समयबद्धता और टीमवर्क का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हैं तथा महाविद्यालय का गौरव बढ़ाते हैं। सीनियर अंडर ऑफिसर शरद कुमार ने एनसीसी के अनुभव साझा करते हुए कहा कि एनसीसी ने उन्हें नेतृत्व, आत्मसंयम और राष्ट्रभक्ति का वास्तविक अर्थ सिखाया, जो उनके जीवन की अमूल्य पूंजी है। आभार ज्ञापन एनसीसी प्रशिक्षक सतेंद्र भदौरिया ने किया। उन्होंने कैडेट्स की मेहनत, अनुशासन और समर्पण की सराहना करते हुए सभी अतिथियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों का धन्यवाद ज्ञापित किया तथा कैडेट्स के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का कुशल संचालन हर्षित विश्वकर्मा एवं माण्डवी तिवारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉक्टर संतोष अंश, डॉक्टर हीरालाल यादव, दिलीप सिंह, समर बहादुर सिंह, सतेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## 52 जरूरतमंदों को मुख्यमंत्री राहत कोष से दिलायी 53 लाख की आर्थिक सहायता



**रायबरेली।** सदर विधायक अदिति सिंह ने विधान सभा क्षेत्र में जनवरी माह के दौरान गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों की मदद की। उन्होंने कहा कि 52 जरूरतमंद लाभार्थियों को मुख्यमंत्री राहत कोष से 52,85,000 की आर्थिक सहायता प्रदान की गई हैं। सदर विधायक द्वारा क्षेत्र के गंभीर बीमारियों से ग्रसित लोगों के लिए लगातार करोड़ रुपये की धनराशि मुख्यमंत्री राहत कोष से दिलाकर मददगार साबित हुई है। सदर विधायक द्वारा उन गरीब असहाय लोगों की मदद की जा रही है जिनके लिए कोई सहारा नहीं बचा है लगातार परेशान असहाय लोगों की मदद से लोगों का जीवन सुरक्षित हो रहा है। सदर विधायक अदिति सिंह का मानना है कि आम जन मानस की हर तरीके से मदद करना पुण्य लाभ और समाज की सेवा भी है। आर्थिक मदद से लोगों में प्रसन्नता तथा पीड़ित लोगों को संकट से उबारने में मदद के लिए लोगों ने सराहना की है। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यह कदम संवेदनशील शासन, त्वरित राहत और जनकल्याण के प्रति सरकार की अटूट प्रतिबद्धता का सशक्त प्रमाण है।

## बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का भव्य उद्घाटन



**सुलतानपुर (वीओएल)।** जिले के पंत स्पोर्ट्स स्टेडियम में परिषदीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य शैलेन्द्र प्रताप सिंह एवं विशिष्ट अतिथि मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार सिंह ने किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेन्द्र गुप्ता ने बताया कि दो दिवसीय जनपदीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक समारोह में 14 ब्लॉक और नगर क्षेत्र की टीम के 2200 नन्हे खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। इन खिलाड़ियों ने न्याय पंचायत और ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर यह तक का सफर तय किया हैं। जिला व्यायाम शिक्षक राहुल तिवारी ने बताया कि बारिश के व्यवधान से एथलेटिक्स की प्रतियोगिता आज संपन्न नहीं हो पाई। समूह प्रतिस्पर्धा की विभिन्न प्रतियोगिता में प्राथमिक और उच्च प्राथमिक बालक बालिका संवर्ग आरंभ हुई। जिम्नास्टिक में भदैया प्रथम रहा वही वॉलीबॉल जूनियर बालिका में लंभुआ ने भदैया को हराया वहीं बालक संवर्ग में भी लंभुआ की टीम ने फाइनल में भदैया को मात दी। कबड्डी प्राथमिक बालक में भदैया ने कुड़वार को 23-15 से हराया। जूनियर बालक कबड्डी में दूबेपुर ने लंभुआ को 20-15 से हराया। अंताक्षरी में जयसिंहपुर प्रथम धनपतगंज द्वितीय वहीं भदैया ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। खो खो बालिका संवर्ग में लंभुआ प्रथम तो धनपतगंज उपविजेता रहा। फुटबॉल क्रिकेट हॉकी बास्केटबाल में ट्रायल के माध्यम से खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा, विजेता खिलाड़ी मंडलीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। इस अवसर पर क्रीड़ा अधिकारी राजेश कुमार सोनकर, जिला सूचना अधिकारी धीरेंद्र यादव, ब्लॉक के व्यायाम शिक्षक, शिक्षक संघों के पदाधिकारी सहित शिक्षक एवं विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे।

## साइबर ठगीः शिक्षक के मोबाइल से उड़ाये 66 हजार से अधिक रुपये, केस दर्ज

**कादीपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** कस्बे में बेखौफ उच्चक्कों ने एक शिक्षक को अपना निशाना बनाया है। पीड़ित शिक्षक का मोबाइल चोरी करने के बाद शातिरों ने उनके फोन-पे वॉलेट के जरिए 66,300 रुपये पार कर दिए। पीड़ित ने मामले की लिखित शिकायत साइबर क्राइम थाने में दर्ज कराई है। पीड़ित संदीप पाल जो पेशे से शिक्षक हैं। उन्होंने बताया कि उनका मोबाइल फोन बीते दिनों संदिग्ध परिस्थितियों में चोरी हो गया था। जब तक वह सिम ब्लॉक कराते या अन्य सुरक्षा उपाय करते तब तक साइबर अपराधियों ने उनके मोबाइल का एक्सेस हासिल कर फोन-पे के माध्यम से कुल 66,300 रुपये अलग-अलग ट्रांजैक्शन के जरिए निकाल लिए। खाते से रकम कटने का मैसेज मिलने पर शिक्षक के होश उड़ गए। पीड़ित संदीप पाल ने तत्काल यूपी पुलिस की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार साइबर सेल और स्थानीय थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए ट्रांजैक्शन हिस्ट्री और मोबाइल लोकेशन के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

## पारिवारिक कलह के चलते युवक ने की आत्महत्या

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत अहदा गांव में पारिवारिक कलह के चलते एक युवक ने बंद कमरे में पंखे के हुक से नायलॉन की रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर पंचनामा किया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार अहदा गांव निवासी अंकित पाण्डेय (26 वर्ष), पुत्र स्वर्गीय राम लखेसर पाण्डेय की शादी 30 नवंबर 2025 को लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के तिवारीपुर गांव निवासी शत्रुघन मिश्रा की पुत्री महक से हुई थी। विवाह के बाद ही महक की विदाई हो गई थी और वह अपने ससुराल में रह रही थी। सोमवार दोपहर करीब 11:00 बजे महक का भाई उसे विदा कराकर मायके ले गया। घर में उस समय अंकित, उसकी पत्नी और वृद्ध मां कृष्णावती ही मौजूद थीं। पत्नी के मायके जाने के बाद अंकित ने खुद को कमरे में बंद कर लिया। शाम करीब 04:30 बजे जब मां ने कई बार आवाज दी और कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली, तो उन्होंने पड़ोसियों को बुलाकर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर उपनिरीक्षक श्रीराम मिश्र एवं किशोरीलाल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। तब तक ग्रामीणों ने दरवाजा तोड़ दिया था। पुलिस ने कुल्हाड़ी से नायलॉन की रस्सी काटकर शव को नीचे उतारा। मौके पर भारी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए। पुलिस ने मृतक के ससुराल पक्ष को भी फोन के माध्यम से सूचना दी। बताया गया कि घर के अंदर रसोई के बर्तन और भोजन आंगन तक बिखरे हुए थे, जिससे किसी बात को लेकर पारिवारिक विवाद की आशंका जताई जा रही है। मृतक की तीन बड़ी बहनें जो शादीशुदा हैं। बड़ा भाई धर्मेंद्र पाण्डेय दिल्ली में अपने परिवार के साथ रहकर निजी नौकरी करता है। प्रभारी थानाध्यक्ष श्रीराम मिश्र ने बताया कि शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। प्रथम दृष्टया मामला पारिवारिक कलह से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। मामले की जांच की जा रही है, जांच के उपरांत आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पुस्तक 'रेल्स थ्रू राज' पर राज्यपाल से आरेडिका के साथ चर्चा

**रायबरेली।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना व रेल कोच फैक्ट्री, कपूरथला के महाप्रबंधक प्रशांत कुमार मिश्रा ने उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से शिष्टाचार भेंट कर आरेडिका की उपलब्धियों एवं पुस्तक रेल्स थ्रू राज पर चर्चा की। इस अवसर पर महाप्रबंधक श्री मिश्रा ने आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना (आरेडिका) द्वारा अब तक निर्मित 15,000 से अधिक अत्याधुनिक रेल कोचों, आरेडिका में पहली बार निर्मित फोर्ज्ड व्हीलों, तथा आरेडिका में निर्मित पहली वंदे भारत ट्रेन के निर्माण, उसकी तकनीकी विशेषताओं व उत्कृष्ट गुणवत्ता के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

साथ ही उन्होंने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में आरेडिका द्वारा किए जा रहे उल्लेखनीय प्रयासोंकृजैसे जल संरक्षण, हरित ऊर्जा पहल, सौर ऊर्जा विकास तथा व्यापक वृक्षारोपण



अभियान पर भी प्रकाश डाला।

महाप्रबंधक श्री मिश्रा ने बताया कि आरेडिका में भू-जल संरक्षण क्षमता बढ़कर 730 मिलियन लीटर हो चुकी है तथा सौर ऊर्जा के क्षेत्र में सोलर पैनलों की स्थापना से 5.13 मेगावाट की उत्पादन क्षमता प्राप्त की जा चुकी है। इन प्रयासों से भारतीय रेलवे की निर्माण क्षमता, तकनीकी दक्षता एवं आत्मनिर्भर भारत की दिशा में हो रही उल्लेखनीय प्रगति परिलक्षित होती है।

इस दौरान श्री मिश्रा ने भारतीय रेलवे के इतिहास पर आधारित अपनी चर्चित पुस्तक ह्यरेल्स थ्रू राज की एक प्रति राज्यपाल को भेंट की। उन्होंने पुस्तक के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि यह कृति प्राथमिक ऐतिहासिक स्रोतों पर आधारित है तथा ब्रिटिश काल में भारतीय रेलवे के विकास को वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं तथ्यात्मक विश्लेषण के साथ प्रस्तुत करती है।

इस सुखद भेंट के दौरान राज्यपाल ने जनभवन में स्थापित ह्यआदर्श माध्यमिक विद्यालयह्न के विद्यार्थियों द्वारा गठित ह्यजनभवन बैंडह्न के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जनभवन में कार्यरत कर्मचारियों द्वारा इन बच्चों को नियमित प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिसके परिणामस्वरूप ये विद्यार्थी अत्यंत अनुशासित एवं दक्ष बने। उल्लेखनीय है कि जनभवन बैंड ने पिछले तीन वर्षों से लगातार 26 जनवरी की परेड में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सराहना अर्जित की है। इसके अतिरिक्त राज्यपाल ने जनभवन द्वारा टीबी उन्मूलन तथा सर्वाइकल कैंसर उन्मूलन के लिए किए जा रहे सराहनीय प्रयासों पर भी चर्चा की एवं इन सामाजिक स्वास्थ्य अभियानों को प्रशंसनीय बताया। इस अवसर पर पी के मिश्रा के साथ, वरिष्ठ उप महाप्रबंधक अकमल वदूद, उप मुख्य वित्त सलाहकार अस्थानंद पाठक, सचिव महाप्रबंधक आरएन तिवारी भी मौजूद रहे।

# देश भक्ति व हिन्दुत्व से परिपूर्ण गीतों के साथ हिंदू सम्मेलनों का समापन

**मथुरा।** संघ शताब्दी वर्ष में संपूर्ण देश में हो रहे हिंदू सम्मेलनों के अंतर्गत मथुरा महानगर में भी नसीपुरम, बालाजीपुरम, औरंगाबाद, बजरंग चैराहा, माधवपुरी, मयूर विहार, विश्व लक्ष्मी नगर, चामुंडा देवी मंदिर, राधापुरम वृंदावन रोड, कृष्णा ग्रीन अभिमन्यु बस्ती, डीएवी इंटर कॉलेज, सदर बाजार, छत्ता बाजार, राधेश्याम कॉलोनी, आनंदवन बस्ती, जनकपुरी, वल्लभ बस्ती, चंद्रपुरी, राधा नगर, यमुना पार, राधा वैली कॉलोनी, दशभुजी गणेश बस्ती, गणेशरा आदि में हिंदू सम्मेलन संपन्न हुआ। सम्मेलनों का प्रारंभ मंच पर विराजित भारत माता चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पण से हुआ। तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से देशभक्ति पूर्ण गीत एवं नाटकों का प्रस्तुतिकरण स्थानीय बालक एवं बालिकाओं ने किया। देश भक्ति एवं हिंदुत्व से परिपूर्ण गीतों के वाचन से वातावरण गुंजायमान हो उठा। हिंदू सम्मेलनों को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि आज हिंदू समाज देश विरोधी शक्तियों के कुचक्र के कारण पुनः संकट की स्थिति में है। इतिहास गवाह है जब-जब हिंदू



शक्ति ने अंगड़ाई ली है तब तब भारत की तरुणाई उठी है। जब जब हिंदू बंटा है तब तब देश कटा है। संगठित हिंदू ही समर्थ भारत की पहचान है। आज पुनः हिंदू समाज को स्वयं का जागरण कर संगठित होने की आवश्यकता है तभी देश भारत सुरक्षित रह सकता है।

हिंदू सम्मेलन में संत शक्ति के रूप में बोलते हुए धर्माचार्यों ने कहा कि सनातन धर्म को मिटाने के लिए आज अनेक अनेक प्रकार के षड्यंत्र हो रहे हैं लेकिन सनातन धर्म अनादि एवं अनंत है। आवश्यकता केवल सनातनियों को अपनी शक्ति पहचान का उठ खड़े होने की है। यदि हम सभी सनातनी भारतवासी अपनी शक्ति को पहचान कर संगठित होंगे तो इन विधर्मियों के नापाक षड्यंत्र कभी सफल नहीं हो सकेंगे। हिंदू सम्मेलनों के बारे में जानकारी देते हुए संघ के महानगर कार्यवाह विजय बंटा सर्राफ ने बताया की बस्ती अनुसार हो रहे यह हिंदू सम्मेलन समाज के जन जागरण एवं भारत की सशक्तता हेतु हैं। संपूर्ण देश के साथ-साथ अपने इस मथुरा महानगर में भी सभी बस्तियों में यह हिंदू सम्मेलन के कार्यक्रम चल रहे हैं और यह 22 फरवरी तक चलते रहेंगे। हिंदू सम्मेलनों में संत शक्ति के रूप में ठाकुर संजीव कृष्ण महाराज, सत्यमित्रानंद महाराज, छमानंद महाराज, अनिरुद्ध आचार्य महाराज, कृष्णानंद जी महाराज, सत्यम महाराज, रसिया बाबा महाराज, आदित्य आनंद महाराज, अनमोल महाराज, साध्वी हेमलता शास्त्री जी, साध्वी ध्यानमूर्ति, साध्वी बहन निधि देवी जी आदि अनेक संत एवं साध्वी अपने प्रवचनों के माध्यम से सनातन एकता का संदेश दे रहे हैं। मातृशक्ति के रूप में श्रीमती मालती मिश्रा, श्रीमती ललिता गुप्ता, श्रीमती कीर्ति शर्मा, श्रीमती विद्योतमा, डॉ भारती, डॉ नीता सिंह सहित अनेक मातृशक्ति अपने उद्बोधन के द्वारा नारी शक्ति को जगाने के कार्य में लगी है। सम्मेलन में वक्ताओं के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद, हिंदू जागरण मंच के वरिष्ठ अधिकारियों सहित हिंदू समाज के अनेकानेक संगठनों के प्रखर वक्ता अपने उद्बोधन के माध्यम से समाज जागरण के साथ-साथ समाज संगठन से ही भारत पुनःविश्व गुरु के स्थान पर आसीन हो सकता है, यह संदेश देने में लगे हैं।

कार्यक्रम का समापन भारत माता की आरती के बाद प्रसाद के साथ हो रहा है। इन हिंदू सम्मेलनों में हजारों की संख्या में माता बहन सहित महिला पुरुषों ने सहभागिता की है।

# चांदी लेकर फरार पिता-पुत्र कारोबारी पर मुकदमा दर्ज

**मथुरा।** चार दर्जन से अधिक सराफा व्यापारियों की करोड़ों रुपये की चांदी लेकर फरार हुए दूसरे कारोबारी व उसके बेटे के खिलाफ भी गोविंद नगर थाने में मुकदमा दर्ज हो गया है। पुलिस ने रिश्तेदारों से पूछताछ करके आरोपियों की जानकारी जुटाने में लग गई है। चांदी लेकर फरार मामले में अब तक दो मुकदमों में तीन नामजद कारोबारियों के खिलाफ एफआइआर दर्ज हुई है। इस संबंध में तीन दिन पूर्व व्यापारियों के एक प्रतिनिधि मंडल ने एसएसपी से मुलाकात की थी।

गौरतलब हो कि दिसंबर में चार दर्जन सराफा व्यापारियों की 2500 किलो चांदी लेकर 10 कारोबारी फरार हो गए हैं। इससे सराफा जगत में तूफान मच गया। इनमें एक 37 लाख रुपये के जेवर खरीदने पर फर्जी चेक देने के मामले में गोविंद नगर के वेदांश अग्रवाल ने आरोपित दिनेश निवासी वृंदावन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। इसके बाद शुक्रवार को व्यापारियों के प्रतिनिधि मंडल ने एसएसपी श्लोक कुमार से मुलाकात करके अन्य आरोपित के खिलाफ भी कार्रवाई की मांग की थी। तीन दिन पूर्व एसएसपी के आदेश पर राधा आर्चिड सरस्वती कुंड निवासी विष्णु खंडेलवाल के प्रार्थना-पत्र पर गोविंद नगर पुलिस ने फरार चल रहे कारोबारी राजीव उर्फ बनवारी अग्रवाल निवासी सेक्टर-सी पोतरा कुंड के पास थाना गोविंद नगर और उसके बेटे कुशाग्र अग्रवाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। व्यापारी विष्णु खंडेलवाल ने बताया कि आठ दिसंबर को राजीव अग्रवाल अपने पुत्र कुशाग्र अग्रवाल के साथ दुकान पर आया और चांदी के आभूषण दिखाने के लिए देने को कहा। विश्वास के आधार पर उसने पसंद के अनुसार 48 किलो 680 ग्राम चांदी के आभूषण उसे दिए। आरोप है कि राजीव ने शाम तक जानकारी देने और पसंद आने पर बिल फाइनल कराने की बात कही। व्यापारी ने अपने नियमों के अनुसार उसी दिन माल का चालान भी काट दिया। शाम तक जब आरोपित की ओर से कोई संपर्क नहीं हुआ तो व्यापारी ने फोन किया। लेकिन दोनों मोबाइल नंबर बंद मिले। बाद में जानकारी करने पर पता चला कि आरोपित इसी तरह अन्य दुकानदारों से भी माल लेकर फरार हो चुका है। पीड़ित ने बताया कि गोपेश खंडेलवाल और प्रदीप खंडेलवाल के साथ भी आरोपित ने इसी प्रकार की धोखाधड़ी की है। काफी तलाश के बाद भी जब राजीव अग्रवाल और उसका बेटा नहीं मिले।

**● 2500 केजी सिल्वर लेकर भागे हैं 10 व्यापारी**

# सीएम सामूहिक विवाह समारोह में 97 जोड़ों का विवाह संपन्न




**फिरोजाबाद।** उ0प्र0 की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह योजनान्तर्गत मंगलवार को जसराना ब्लॉक के शारदा रिसोर्ट में एक भव्य सामुहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया, इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह उपस्थित रहें, जबकि इनके अलावा जसराना की ब्लॉक प्रमुख संध्या राजपूत और बीडीओ जितेन्द्र सिंह और समाज कल्याण अधिकारी राजमती भी उपस्थित रहीं, समारोह में कुल 97 जोड़ों ने एक दूसरें का हाथ थाम कर दाम्पत्य जीवन की शुरूआत की, सामाजिक समरसता की मिशाल पेश करते हुए इस आयोजन में विभिन्न वर्गों की भागीदारी रहीं, जिनमें पिछडा वर्ग से 55 जोडे अनुसूचित जाति से 34 जोड़ों अल्पसंख्यक वर्ग से 5 जोड़े और सामान्य वर्ग से 3 जोड़े रहें, कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने नव विवाहित जोड़ों पर फूल वर्षा कर उन्हे सुखी जीवन का उन्हे आशीर्वाद दिया, इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार गरीबों और जरूरतमंदों के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रहीं है, सामुहिक विवाह योजना से समाज में एकजुटता का संदेश मिलता है, आज इन 97 जोड़ों को नई शुरूआत करते देखकर अत्यंत प्रशंसा हो रही है, समारोह में स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों के साथ-साथ भारी संख्या में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि एवं कन्या पक्ष एवं वर पक्ष के परिजन मौजूद रहें, सभी जोडों को सरकार द्वारा निर्धारित सहायता राशि और उपहार भेंट कर विदा किया गया।

## फैक्ट्री में चोरी करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार, सामान बरामद

**फिरोजाबाद।** थाना दक्षिण पुलिस टीम ने बंद फैक्ट्री में चोरी करने वाले एक अभियुक्त को 30,000 रुपए चोरी किया गया माल दो बोरी व एक मोबाइल फोन सहित गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा चोरी की घटनाओं के अनावरण हेतु दिये गये निदेर्शों के अनुपालन में नेतृत्व में मंगलवार को थाना दक्षिण पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर एक अभियुक्त कैलाशचन्द्र उर्फ एण्डी पुत्र नवल सिंह निवासी नगला मोती थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद को 30,000 रुपये व एक मोबाइल फोन व दो सील सर्व मोहर बोरी कट्टे जिनमें 14 सामान 10 की-बोर्ड अलग अलग कम्पनी के एक सीपीयू के पार्ट अज्ञात कम्पनी, एक की-बोर्ड लोजोटेक कम्पनी 3 झालर चाइनीज, 1 मोटर का स्टार्टर 1 यूपीएस एचपी कम्पनी का 05 ग्राण्डर आधा इन्च, 22 ग्राण्डर एक इन्च, 01 ग्राण्डर एक इन्च टूटा हुआ, 01 मोटर का पीस, 01 एक्जोस्टर फैन, 08 मीटर केबिल इंटरनेट, 12 मीटर 03 फेज केबिल, 50 अड्डे की बैल्ट व अन्य 27 सामान 1 सीपीयू एलजी कम्पनी, 02 एलईडी, 01 सीपीयू काम्पटेक्ट कम्पनी, 01 सीपीयू एचसीएल कम्पनी, 01 सन्दूक जिसमें 24 पंखुडी छत वाले पंखे की, 07 छत वाले पंखे की मोटर ऊषा कम्पनी, 01 मोटर छंत वाले पंखा की कम्पनी क्रोमटन, 01 किट डीलक्स कूल कम्पनी मोटर कम्पनी की, 03 किट अज्ञात कम्पनी की, 05 पीस कटिंग इंस्ट्रूमेंट के, 02 काक शीट, 05 शान, 3 मोटर 05 हास पावर, 02 मोटर क्रोमटन कम्पनी 03 हास पावर, 01 पुली देगसार, 01 कम्प्रेसर लोहा बोडी छोटा जिस पर हैड लगी है बिना मोटर के, 02 पेडिस्टल कटिंग साफ्टिंग के, 13 कटिंग अड्डा सैट, 01 जनरेटर आयशर कम्पनी 15 हास पावर, डवल बील 04 सिलेण्डर डाइनामा के पार्ट व 01 ई रिक्सा लोडर सहित गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की है ।

**संक्षेप**

## कांग्रेस ने लगाया मतदाता सूची में धांधली बरतने का आरोप




**मथुरा।** महानगर कांग्रेस कमेटी की ओर से मंगलवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में भाजपा पर मतदाता सूची में अनियमितताओं के गंभीर आरोप लगाए गए। पूर्व विधायक प्रदीप माथुर और महानगर कांग्रेस अध्यक्ष मुकदम ने कहा कि (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) के नाम पर सुनियोजित तरीके से वोट कटवाने का काम किया जा रहा है। कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि इस प्रक्रिया में खास तौर पर मुस्लिम मतदाताओं और विपक्षी दलों से जुड़े मतदाताओं को निशाना बनाया जा रहा है। उनके नाम मतदाता सूची से हटाए जा रहे हैं, जिससे लोकतांत्रिक प्रक्रिया कमजोर हो रही है। महानगर अध्यक्ष मुकदम ने कहा कि बूथ लेवल ऑफिसर्स (बीएलओ) पर दबाव बनाकर यह काम कराया जा रहा है, जो पूरी तरह गलत और नियमों के खिलाफ है। पूर्व विधायक प्रदीप माथुर ने कहा कि मतदाता सूची लोकतंत्र की रीढ़ है और इसमें इस तरह की छेड़छाड़ असंवैधानिक है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार सत्ता का दुरुपयोग कर लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर कर रही है। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि मतदाता सूची में की जा रही कथित गड़बड़ियों को तुरंत नहीं रोका गया, तो कांग्रेस सड़कों पर आंदोलन करेगी और इसकी शिकायत चुनाव आयोग और न्यायालय तक करेगी। पत्रकार वार्ता में उपस्थित कार्यकताओं ने भी भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और निष्पक्ष, पारदर्शी चुनाव की मांग की। कांग्रेस नेताओं ने आम जनता से अपील की कि वे अपने नाम मतदाता सूची में जांचें और किसी भी गड़बड़ी की सूचना तुरंत संबंधित अधिकारियों और कांग्रेस कार्यालय को दें।

# कंपनी परमिशन की आड़ में चल रहा मिट्टी का अवैध खनन,शिकायत

**टूंडला।** एक देश एक कानून एक संविधान न्यायिक संगठन ने मुख्यमंत्री के नाम शिकायती पत्र भेजकर टूंडला क्षेत्र में चल रहे मिट्टी के अवैध खनन की शिकायत की है। साथ ही जांच कर दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण एनएचएआई ओवर ब्रिज के निर्माण कार्य की आड़ लेकर क्षेत्र में सक्रिय खनन माफिया एनएचएआई कार्य के नाम पर खेतों से मिट्टी



निकालकर निजी कॉलोनियों को बेच रहा है। दिन-रात ट्रैक्टर-ट्रॉलियों डंपरों के जरिए मिट्टी का परिवहन किया जा रहा है, जिससे सरकारी राजस्व को भारी चपत लग रही है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि ओवरलोड डंफर तेज रफ्तार से गुजरते हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है और सड़कें भी क्षतिग्रस्त हो रही हैं। वहीं एक देश एक कानून एक संविधान न्यायिक संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत चंदन दास बाबा ने मुख्यमंत्री को भेजे शिकायती पत्र में बताया कि पूर्व में एसडीएम अंकित वर्मा और खनन अधिकारी मफत लाल से खनन की शिकायत की थी, बावजूद इसके खनन माफियाओं के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने बताया कि दोनों अधिकारियों से पूछने पर कहा कि जिलाधिकारी ने कंपनी को परमिशन दी है। जिससे सुबह शाम खनन माफियाओं के हौंसले बुलंद हैं। संगठन ने मुख्यमंत्री से खनन माफियाओं के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है। मांग करने वालों में चंद्रमोहन, कप्तान सिंह, रोहित, कृष्ण गोपाल, राम नरेश, मुकेश कुमार, राजबहादुर, शंकर लाल, बृजमोहन, रामप्रकाश, अनिल कुमार, लवकुश आदि हैं।

# सपा के पीडीए प्रहरियों ने पकड़ी जालसाजी, डीएम से की शिकायत

**मथुरा।** जनपद में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी होने के बाद बड़ा फजीर्वाड़ा सामने आया है। आरोप है कि भारतीय जनता पार्टी से जुड़े कुछ पदाधिकारी एक विशेष समुदाय के मतदाताओं के नाम कटवाने के उद्देश्य से फर्जी तरीके से फार्म संख्या-7 भरवा रहे हैं। पिछले दो दिनों में विभिन्न विधानसभाओं के अलग अलग बूथों पर अल्पसंख्यक समुदाय के मतदाताओं के नाम कटवाने के लिए सैकड़ों फार्म 7 जमा कराए गए। आरोप है कि इन फार्मों को भरवाने वाले व्यक्ति केवल दो.तीन ही हैंए जिन्होंने भारी संख्या में गलत और भ्रामक तरीके से आवेदन जमा किए। बलदेव विधानसभा के बूथ संख्या 178, 180, 181, 400, 401 व 402 तथा मांट विधानसभा के बूथ संख्या 93, 110, 111 व 112 पर कुल 400 से अधिक फार्म 7 जमा किए गए। जब बीएलओ ने गलत नाम काटने से इंकार



किया तो उन पर मुकदमा दर्ज कराने का दबाव बनाने का भी प्रयास किया गया।

समाजवादी पार्टी के बूथों पर तैनात बीएलए एवं पीडीए प्रहरियों ने इस साजिश को समय रहते पकड़ लिया और पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों को अवगत कराया। इसके बाद समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र यादव एवं वरिष्ठ नेता प्रदीप चैधरी ने जिलाधिकारी से भेंट कर सभी फार्म-7 की प्रतियां सौंपते हुए पूरे मामले की शिकायत की। जिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जांच के निर्देश दिए और स्पष्ट किया कि किसी भी राजनीतिक दल द्वारा फर्जी तरीके से फार्म-7 का दुरुपयोग कर किसी भी समुदाय के मतदाताओं के नाम नहीं काटने दिए जाएंगे। समाजवादी पार्टी द्वारा पूरे प्रकरण की विस्तृत रिपोर्ट राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव एवं प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल को सौंप दी गई है ताकि मुख्य निर्वाचन आयोग के समक्ष प्रदेशभर में हो रही फार्म-7 की जालसाजी का पदार्फाश कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई कराई जा सके।

## अयोध्या के लिए चलेगी विशेष ट्रेन, तीर्थयात्रियों में खुशी

**टूंडला।** रेल प्रशासन ने अयोध्या जाने वाले तीर्थयात्रियों को एक खुशखबरी दी है। रेलवे ने रेलयात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए उधना से अयोध्या के बीच नई ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन प्रत्येक मंगलवार को उधना से चलेगी। साथ ही बुधवार को अयोध्या से चलेगी। प्रयागराज के जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि ट्रेन नंबर 09097/98 उधना-अयोध्या कैंट विशेष ट्रेन 10 फरवरी से उधना रेलवे स्टेशन से सुबह 6:45 बजे चलेगी। जो सूरत भरूच वड़ोदरा गोधरा, रतलाम, नागदा, भवानी मंडी रामगंजमंडी कोटा सवाईं माधेपुर गंगापुर सिटी, बयाना, ईदगाह होकर अगले दिन रात्रि 1:30 बजे टूंडला जंक्शन पहुंचेगी। जो पांच मिनट के ठहराव के बाद कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, बाराबंकी होकर बुधवार सुबह 11:30 बजे अयोध्या कैंट पहुंचेगी। वहीं, ट्रेन नंबर 09098 अयोध्या कैंट-उधना विशेष ट्रेन बुधवार को दोपहर 1:30 बजे अयोध्या कैंट से चलेगी। जो इसी क्रम होकर रात्रि 9:30 बजे टूंडला जंक्शन पहुंचेगी। जो पांच मिनट के ठहराव के बाद उधना के लिए रवाना हो जाएगी। इस ट्रेन में एसी तृतीय दो, स्लीपर 18, सामान्?य दो, एसएलआर/डी दो कोच सहित 24 कोच होंगे। यह ट्रेन दोनों ओर से सात-सात फेरे लेगी।

# संस्कृति विवि में छात्रों व युवा उद्यमियों को नवोन्मेष के लिए किया जागरूक




**मथुरा** संस्कृति विश्वविद्याल ने अपने संस्कृति टेक्नोलॉजी इनक्यूबेशन फाउंडेशन और इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) के माध्यम से नेशनल स्मॉल इंडस्ट्रीज कॉर्पोरेशन के सहयोग से एक दिवसीय एंटरप्रेन्योरशिप जागरूकता कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों और युवा उद्यमियों के बीच उद्यमिता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और इनोवेशन-आधारित सोच को बढ़ावा देना था।

कार्यक्रम में विशेषज्ञ वक्ता एनएसआईसी के डिप्टी मैनेजर देवेंद्र कुमार गौतम ने इच्छुक उद्यमियों के लिए उपलब्ध सरकारी सहायता प्रणालियों, योजनाओं और अवसरों के बारे में बहुमूल्य जानकारी दी। उन्होंने स्टार्टअप को बढ़ावा देने और छोटे पैमाने के उद्योगों को मजबूत करने में नेशनल स्माल स्केल इंडस्ट्रीज कार्पोरेशन (एनएसआईसी) की भूमिका पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने सफल उद्यमों को बनाने और बनाए रखने में अपनी इंडस्ट्री की विशेषज्ञता, पॉलिसी की जानकारी और व्यावहारिक अनुभव साझा किए।

आगरा बिजनेस इनोवेशन एसोसिएशन की निदेशक सुश्री रुचि द्विवेदी ने इनोवेशन-आधारित उद्यमिता पर अपने विचार साझा किए, जिसमें स्थायी उद्यम बनाने में बिजनेस इनक्यूबेशन, नेटवर्किंग और मेंटरशिप के महत्व पर जोर दिया गया। अलीगढ़ बिजनेस इनोवेशन एसोसिएशन के निदेशक मुकेश ने प्रतिभागियों को उद्यमिता के व्यावहारिक पहलुओं पर संबोधित किया, छात्रों को स्थानीय व्यावसायिक अवसरों का पता लगाने और स्केलेबल, समाधान-उन्मुख उद्यम विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया।

सभा को संबोधित करते हुए, डीन-एसओएमसी डॉ. गंगाधर हुग्गर ने इनोवेशन, आत्मनिर्भरता और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में उद्यमिता की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने छात्रों को वास्तविक दुनिया की चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना करने और राष्ट्रीय विकास में योगदान देने के लिए एक उद्यमी मानसिकता विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया।

इंटरैक्टिव सत्रों के माध्यम से, प्रतिभागियों को स्टार्टअप और इनोवेशन इकोसिस्टम, सरकारी योजनाओं और संस्थागत सहायता, उद्योग सहयोग के अवसरों और उद्यमी चुनौतियों से निपटने और उद्यमों को स्थायी रूप से बढ़ाने की रणनीतियों के बारे में बहुमूल्य जानकारी मिली। इस अवसर पर, 100 से अधिक छात्रों को नेशनल स्माल स्केल इंडस्ट्रीज कापोर्रेशन (एनएसआईसी) से प्रमाण पत्र प्राप्त हुए, जो कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण परिणाम था। कार्यक्रम का समापन संस्कृति यूनिवर्सिटी के संस्कृति इंक्युबेशन सेंटर के सीईओ डॉ. गजेंद्र सिंह द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। जिन्होंने छात्रों से अपने उद्यमी यात्रा के बारे में शुरुआती चरण में ही सक्रिय रूप से सोचना शुरू करने और विचारों को प्रभावशाली उद्यमों में बदलने के लिए संस्थागत सहायता प्रणालियों का लाभ उठाने का आग्रह किया।

## नगला किला स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण, नदारद मिले डॉक्टर और कर्मचारी का वेतन काटने के निर्देश



**फिरोजाबाद।** स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी हकीकत परखने के लिए उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.मो.फारूक अहमद ने नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नगला किला का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान केंद्र पर अव्यवस्था और अनुशासनहीनता पाए जाने पर उन्होंने सख्त रुख अपनाया। निरीक्षण के दौरान चिकित्सा अधिकारी डॉ. संकल्प गुप्ता और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सर्वेश कुमार अपने कर्तव्य से अनुपस्थित पाए गए। डिप्टी सीएमओ ने इसे घोर लापरवाही मानते हुए तत्काल प्रभाव से दोनों की अनुपस्थित अवधि का वेतन कटौती करने के निर्देश जारी किए हैं। डॉ.मोहम्मद फारूक अहमद ने उपस्थित स्टाफ को कड़े निर्देश दिए कि क्षेत्र के सभी पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड अनिवार्य रूप से बनाए जाएं। साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि स्वास्थ्य कर्मी क्षेत्र में भ्रमण कर समस्त गर्भवती महिलाओं और 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों का शत प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करें। आगामी 10 फरवरी को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के सफल क्रियान्वयन हेतु डिप्टी सीएमओ ने अग्रिम आदेश जारी किए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यक्रम से पूर्व अपनी अपनी आशा कार्यकताओं के माध्यम से 1 वर्ष से 19 वर्ष तक के बच्चों की ड्यू लिस्ट तत्काल तैयार करवा लें ताकि कोई भी बच्चा दवा सेवन से वंचित न रहे।


## चोरों ने कारखाने में रखे जनरेटर, बैटरी सहित लाखों का सामान किया चोरी

**फिरोजाबाद।** शिकोहाबाद एटा रोड पर चोरों ने एक गोदाम में नकबजनी कर उसमें रखे जनरेटर से लाखों रुपए का कॉपर, बैटरी सहित कई आवश्यक सामान चोरी कर ले गए। जब मंगलवार को गोदाम स्वामी अपने गोदाम पहुंचा तब घटना की जानकारी हुई। पीड़ित की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच की। गनीमत रही कि चोरों ने बैंक को नुकसान नहीं पहुंचाया अन्यथा बड़ी चोरी की वारदात हो सकती थी। आशीष जैन पुत्र प्रवीण जैन निवासी जैन स्ट्रीट बड़ा बाजार का एटा रोड पर घी की टीन बनाने का कारखाना है। उनके परिसर में ही एचडीएफसी बैंक का संचालन होता है। कारखाने से ही प्रतिदिन पेयजल की आपूर्ति भी की जाती है। कारखाने में काफी दिनों से काम बंद चल रहा है। लेकिन वह बैक को पानी देने के लिए समय समय पर अपने कारखाने के लिए आते जाते रहते थे। शनिवार तक कारखाने में कोई घटना नहीं हुई थी। जब पीड़ित आज अपने कारखाने के लिए पहुंचा तो दीवार में नकबजनी देखकर हैरत में पड़ गया। चोरों ने कारखाने में रखे एक बड़े जनरेटर से लाखों के कॉपर, बैटरी सहित कई सामान चोरी कर ले गए। बैंक के पास चोरी की घटना से क्षेत्र में अफरा तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच की। गनीमत रही कि चोरों ने बैंक में कोई घटना को अंजाम नहीं दिया चोर केवल कारखाने में रखे जनरेटर के सामान के साथ अन्य सामान चोरी किया अन्यथा चोर बैंक को भी निशाना बना सकते थे। इस बारे में आशीष जैन ने बताया कि एचडीएफसी बैंक उनके कारखाने परिसर में है। ऐसे में पानी कारखाने से दिया जाता है। चोर परिसर से एक लाख से अधिक का तार, बैटरी सहित अन्य सामान चोरी किया है। बैंक की चारदीवारी सुरक्षित है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस बारे में प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# पर्वों को लेकर डीएम-एसएसपी ने की बैठक

**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने कलेक्ट्रेट सभागार में महाशिवरात्रि एवं होली के पर्वों के संबंध में बैठक ली। जिलाधिकारी ने नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत तथा जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिए कि जनपद में अभियान चलाकर साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि महाशिवरात्रि दिनांक 15 फरवरी 2026 तथा होली दिनांक 4 मार्च 2026 के संबंध में सभी विभाग अपनी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें।

बरसाना में दिनांक 24 फरवरी को लड्डू होली तथा 25 फरवरी को लट्ठमार होली होगी। दिनांक 26 फरवरी को नांदगांव में लट्ठमार होली होगी। दिनांक 27 फरवरी को श्री कृष्ण जन्मस्थान मंदिर एवं श्री बांके बिहारी जी मंदिर में होली होगी। दिनांक 28 फरवरी को गोकुल में छड़ीमार होली, दिनांक 3/4



मार्च को ग्राम फालैन में जलती हुई होली से पंडा का निकलना तथा दिनांक 5 मार्च को दाऊजी जी का हुरंगा होगा।

डीएम ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए समस्त ट्रांसफार्मर एवं विद्युत के खंभों की प्लास्टिक रैपिंग करें तथा लटके हुए तारों को एकत्रित करे। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि पर्वों के दृष्टिगत समस्त महत्वपूर्ण मार्गों पर एम्बुलेंस की सुविधा करे तथा आपातकालीन स्थिति हेतु हॉस्पिटल चिन्हित करें। एसएसपी ने सुदृढ़ यातायात व्यवस्था हेतु एस0पी0 यातायात को निर्देश दिए कि पर्वों से पूर्व रूट डाइवर्जन की व्यवस्था सुनिश्चित करें। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने सभी क्षेत्राधिकारियों को निर्देश दिए है ससमय अपने-अपने क्षेत्रों में पीस कमिटी की बैठक करें। त्यौहार रजिस्टर का अवलोकन करते हुए सभी तैयारियों को दुरुस्त करें। 15 फरवरी 2026 को महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत शिव मंदिरों पर भीड़ नियंत्रण के संबंध के समस्त उप जिलाधिकारी को जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि पर्व से पूर्व मंदिरों का निरीक्षण करें। उन्होंने नगर निगम और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को गड्ढामुक्त सड़क हेतु निर्देशित किया। प्रकाश व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, सुगम यातायात, सुरक्षा व्यवस्था आदि हेतु जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं, पर्यटकों एवं दर्शनार्थियों की सुविधा हेतु बसों / सार्वजनिक वाहनों की उपलब्धता सुनिश्चित करें। डीएम ने समस्त पार्किंगों में पेयजल, शौचालय, रैंप, लाइटिंग, दिशा सूचक चिन्ह, आदि लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यमुना जी के घाटों पर बैरिकेडिंग व्यवस्था करे। आवारा जानवरों को पकड़े। निराश्रित गौवंशों को गौशालाओं में पहुंचाए। शरारती / आसामाजिक तत्वों पर पैनी नजर बनाए रखे।

## विधायक ने तेज किया मतदाता जोड़ो अभियान

**मथुरा।** विशेष मतदाता जोड़ो अभियान के अंतर्गत जयसिंहपुरा क्षेत्र के श्रीचंद विद्या आश्रम स्थित बूथ पर विधायक श्रीकांत शर्मा ने पहुँचकर अभियान को गति प्रदान की। इस दौरान उन्होंने नवमतदाताओं के वोट बनवाए और उपस्थित युवाओं को मताधिकार के महत्व के प्रति जागरूक किया। बूथ पर पहुँचने पर पार्षद राकेश भाटिया ने विधायक श्रीकांत शर्मा का दुपट्टा ओढ़ाकर स्वागत किया। श्रीकांत शर्मा ने लगभग आधे घंटे तक बूथ पर रुककर कार्यकताओं एवं आम नागरिकों से संवाद किया और अधिक से अधिक पात्र युवाओं को मतदाता सूची में जोड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए प्रत्येक बूथ पर नए मतदाताओं को जोड़ना आवश्यक है। इसके लिए पार्षदों एवं भाजपा कार्यकताओं को संगठित होकर अभियान को सफल बनाना होगा।

संक्षेप

## स्कोडा काइलाक ने 50000 बिक्री का आंकड़ा किया पार

मुंबई। 2025 में अब तक का सबसे सफल बिक्री वर्ष दर्ज करने और नई काइलाक लॉन्च करने के बाद, स्कोडा ऑटो इंडिया अपने बढ़ते प्रोडक्ट पोर्टफोलियो के साथ तेजी से आगे बढ़ रही है। ब्रांड ने अपनी बेस्ट-सेलिंग कार काइलाक के वेरिएंट्स बढ़ाकर भारतीय सड़कों पर यूरोपीय तकनीक को और अधिक सुलभ बनाने की अपनी रणनीति को आगे बढ़ाया है, जिससे ग्राहकों को ज्यादा विकल्प और बेहतर वैल्यू मिलती है। काइलाक भारत में स्कोडा ऑटो की ग्रोथ स्टोरी का एक मजबूत स्तंभ बनकर उभरी है। लॉन्च के बाद से 50,000 से अधिक यूनिट्स की बिक्री के साथ, काइलाक ने ब्रांड के भारत में 25वें वर्ष में स्कोडा ऑटो इंडिया के अब तक के सर्वश्रेष्ठ बिक्री प्रदर्शन में अहम योगदान दिया है।

## बैटरी स्मार्ट ने की हैकस्मार्ट टेक हैकाथॉन की घोषणा

नई दिल्ली। बैटरी स्मार्ट ने आज अमेजन वेब सर्विसेज के सहयोग से आयोजित अपने पहले तकनीकी हैकाथॉन हैकस्मार्ट के सफल समापन की घोषणा की। बैटरी इंटेलिजेंस, ईवी संचालन और क्लाउड-स्केल इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी वास्तविक स्वच्छ मोबिलिटी चुनौतियों के समाधान के उद्देश्य से डिजाइन किए गए इस हैकाथॉन को देशभर से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली। इसमें 1,000 से अधिक पंजीकरण प्राप्त हुए, जिनमें से 200 से अधिक प्रतिभागियों को शॉर्टलिस्ट किया गया। ये प्रतिभागी आईआईटी, बीआईटीएस, एनआईटी सहित देश के प्रमुख इंजीनियरिंग संस्थानों और शीर्ष विश्वविद्यालयों से थे।

## एशियन पेंट्स व्हेयर द हार्ट इज के 9वें सीजन के साथ कर रहा है वापसी

नयी दिल्ली। एशियन पेंट्स अपने लोकप्रिय होम डेकॉर और स्टोरीटेलिंग सीरीज, 'एशियन पेंट्स व्हेयर द हार्ट इज' के 9वें सीजन के साथ वापसी कर रही है। हालांकि हर घर स्टाइल, बनावट और पर्सनैलिटी में अलग होता है, लेकिन हर घर में प्यार, सच्चाई और भावनात्मक लगाव जरूर देखने को मिलता है। दर्शक ऐसी जगहों में प्रवेश करते हैं जो ऊर्जा और अपनेपन से भरपूर है, जहां उनमें रहने वाले लोगों के जीवन की झलक मिलती है। अर्चना और परमीत दर्शकों को मढ़ में स्थित अपने एंग्लो-स्पेनिश स्टाइल से इंस्पायर्ड घर में आमंत्रित करते हैं। यह घर समय के साथ-साथ परिवार के अपनेपन, भावनाओं और यादों के साथ धीरे-धीरे विकसित हुआ है। कीर्ति और एंटनी का ऊर्जा से भरपूर कोच्चि अपार्टमेंट रंगों और भावनाओं के साथ उनके नैचुरल लगाव को दर्शाता है।

## दीवाने इंडिया का दीवाना हमसफर कैंपेन लॉन्च

गुरुग्राम। आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड 2026 के लिए उत्साह लगातार बढ़ रहा है। इसी क्रम में ह्यूंडई मोटर कंपनी की आईसीसी के साथ मल्टी-ईयर प्रीमियर पार्टनरशिप के तहत ह्यूंडई मोटर इंडिया लिमिटेड ने दीवाने इंडिया का दीवाना हमसफर ब्रांड कैंपेन लॉन्च किया है। यह एक व्यापक, हाई-इम्पैक्ट राष्ट्रव्यापी ब्रांड कैंपेन है। भारत में क्रिकेट के प्रति गहरे जुनून का जश्न मनाने और साथ ही फैंस एवं ग्राहकों के साथ ह्यूंडई के भावनात्मक जुड़ाव को मजबूत करने के लिए डिजाइन किया गया यह इंटीग्रेटेड कैंपेन ऑन-ग्राउंड अनुभवों, यादगार पलों, डीलरशिप एक्टिवेशन और मास-मीडिया आउटरीच तक फैला है। इसमें खेल, मोबिलिटी और फैनडम को अभूतपूर्व तरीके से साथ लाया गया है। भारत में क्रिकेट निरंतरता, विश्वास और आकांक्षा का प्रतिनिधित्व करता है। ये ऐसे मूल्य हैं जो ह्यूंडई में हमारे साथ गहराई से जुड़े हैं।

## रियल एस्टेट सेक्टर में हो रहा लगातार विकास

नोएडा। उत्तर प्रदेश के रियल एस्टेट सेक्टर में लगातार विकास हो रहा है, जिससे बड़े पैमाने पर इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट, बेहतर कनेक्टिविटी और पूरे राज्य में शहरी विकास के तेजी से विस्तार से सपोर्ट मिला है। एक्सप्रेसवे, एयरपोर्ट, इंडस्ट्रियल कॉरिडोर और हाउसिंग प्रोजेक्ट्स में बड़े निवेश के साथ, उत्तर प्रदेश अपनी शहरी विकास यात्रा और भविष्य की प्राथमिकताओं को पेश करने की तैयारी कर रहा है, और नारेडको उत्तर प्रदेश नेशनल अर्बन एंड रियल एस्टेट डेवलपमेंट कॉन्क्लेव 2026 में राज्य की भागीदारी को लीड कर रहा है। 13-14 फरवरी 2026 को यशोभूमि, नई दिल्ली में होने वाला यह कॉन्क्लेव राज्यों को अपने विकास के अनुभव और भविष्य के रोडमैप शेयर करने के लिए एक प्लेटफॉर्म देगा।

# सेंसेक्स ने लगायी 2073 अंकों की छलांग



मुंबई। भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते पर सहमति बनने की घोषणा से उत्साहित घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को जबर्दस्त उछाल दर्ज हुई। मानक सूचकांक सेंसेक्स 2,073 अंक उछल गया, जबकि निफ्टी ने 639 अंक की छलांग लगाई। व्यापार समझौते के तहत अमेरिका भारतीय उत्पादों पर लगाए गए 25 प्रतिशत जवाबी शुल्क को घटाकर 18 प्रतिशत करने पर सहमत हो गया है। इसके अलावा रूसी तेल खरीद जारी रखने पर अमेरिका ने 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क भी लगाया था।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स कारोबारी सत्र की शुरुआत के बाद 4,205.27 अंक यानी 5.14 प्रतिशत उछलकर 85,871.73 अंक के उच्चतम स्तर तक पहुंच गया। हालांकि, बाद में मुनाफावसूली होने से यह 2,072.67 अंक यानी 2.54 प्रतिशत की बढ़त के साथ 83,739.13 अंक पर बंद हुआ। एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 639.15 अंक यानी 2.55 प्रतिशत चढ़कर 25,727.55 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह।,252.80 अंक यानी 4.99 प्रतिशत की तेजी के साथ 26,341.20 अंक तक पहुंच गया था। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार रात को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से फोन पर बातचीत के बाद कहा था कि भारतीय वस्तुओं पर जवाबी शुल्क को 25 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत किया जाएगा। हालांकि, अभी समझौते का विवरण सामने नहीं आया है। सेंसेक्स की कंपनियों में अदाणी पोर्ट्स में सर्वाधिक 9.12 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। बजाज फाइनेंस, इंटरग्लोब एविएशन, पावर ग्रिड, सन फार्मा, बजाज फिनसर्व और रिलायंस इंडस्ट्रीज भी प्रमुख लाभ में रहीं। हालांकि, तेजी के इस दौर में टेक महिंद्रा और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए।

### निवेशकों की संपत्ति एक ही दिन में 12.10 लाख करोड़ रुपये बढ़ी

नयी दिल्ली। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की घोषणा से उत्साहित घरेलू शेयर बाजार ने मंगलवार को बड़ी छलांग लगाई जिससे निवेशकों की पूंजी एक ही कारोबारी सत्र में 12.10 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई। बीएसई का मानक सूचकांक सेंसेक्स समझौते की घोषणा के बाद 4,205.27 अंक यानी 5.14 प्रतिशत तक चढ़कर 85,871.73 अंक पर पहुंच गया था।

# रुपया 117 पैसे की छलांग के साथ 90.32 प्रति डॉलर पर



मुंबई। भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते पर सहमति बनने के बाद भारतीय रुपया मंगलवार को सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाली एशियाई मुद्रा के रूप में उभरा, जिसने एक कारोबारी सत्र में 117 पैसे या 1.32 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की। अंत में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.32 (अस्थायी) पर बंद हुआ।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते होने के बाद भारतीय रुपया ढाई सप्ताह के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया और इसमें लगभग 1.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। घरेलू शेयर बाजार में भी लगभग 2.75 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इसके अलावा, कच्चे तेल की कीमतों में कमजोरी और अपेक्षित विदेशी प्रवाह ने भी निवेशकों की धारणा को बढ़ावा दिया। भारत और अमेरिका एक व्यापार समझौते पर सहमत हुए हैं। इसके तहत अमेरिका भारतीय वस्तुओं पर जवाबी शुल्क को घटाकर 18 प्रतिशत कर देगा, जो चीन, बांग्लादेश और वियतनाम जैसे देशों की तुलना में कम है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 90.30 पर खुला। कारोबार के दौरान यह 90.05 (उच्चतम) और 90.52 (न्यूनतम) के दायरे में घूमने के बाद अंत में 90.32 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। सोमवार को रुपया 44 पैसे बढ़कर 91.49 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। मंगलवार के कारोबार सत्र के अंत में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.32 (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद के मुकाबले 117 पैसे की बढ़त है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौता एक बड़ा निर्णय है जिससे देश में सभी को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार हमेशा राष्ट्र के पक्ष में काम करती है। भारत-अमेरिका व्यापार समझौता विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की भागीदारी के रास्ते को फिर से खोल देगा और अगर 2026 कैलेंडर वर्ष में पूंजी प्रवाह लौटा, तो यह रुपये पर कुछ दबाव कम करेगा। भारत के अमेरिकी निर्यात पर जवाबी शुल्क अब घटा दिए जाने के बाद, हम अनुमान लगाते हैं कि चालू खाते का घाटा कैलेंडर साल 2026 में जीडीपी का लगभग 0.25 प्रतिशत कम होकर 0.8 प्रतिशत रह जायेगा।

## भारत-अमेरिका व्यापार समझौता श्रम प्रधान क्षेत्रों के लिए बड़ी राहत : निर्यातक

नयी दिल्ली। भारत और अमेरिका के बीच घोषित व्यापार समझौते से श्रम-प्रधान और एमएसएमई क्षेत्रों को बड़ा बढ़ावा मिलेगा। निर्यातकों ने यह उम्मीद जताते हुए कहा कि अब बेहतर मूल्य समानता, शुल्क निश्चितता और भारतीय आपूर्तिकर्ताओं में खरीदारों के मजबूत भरोसे के साथ, ये क्षेत्र निर्यात में मजबूत वृद्धि के लिए तैयार हैं।

दोनों देशों के बीच हुए समझौते के तहत अमेरिका ने भारत से आने वाली वस्तुओं पर जवाबी शुल्क को 25 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया है। परिधान निर्यात संवर्धन परिषद (एईपीसी) के चेयरमैन ए शक्तिवेल ने कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता में यह सफलता ऐसे वक्त में मिली है, जब भारतीय उद्योग उच्च अमेरिकी शुल्क के कारण तनाव में थे। अमेरिका हमारा सबसे बड़ा एकल निर्यात बाजार है और बेहतर व्यापारिक शर्तें अमेरिकी बाजार में भारतीय परिधान उत्पादों की प्रतिस्पर्धात्मकता को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाएंगी। अमेरिका का फैसला दोनों पक्षों के रणनीतिक इरादों को उजागर करता है। उन्होंने कहा कि यह कदम भारत के निर्यात-प्रतिस्पर्धी रुख को पुख्ता करता है और ऐसे समय में आया है जब अमेरिका अपनी आपूर्ति श्रृंखला को चीन से दूर ले जा रहा है। इस फैसले का तत्काल लाभ शुल्क संवेदनशील और श्रम-प्रधान क्षेत्रों को मिलेगा।

# चांदी और सोने में जोरदार उछाल



नयी दिल्ली। घरेलू बाजारों में तीन दिन की गिरावट के बाद निवेशकों की लिवाली बढ़ने के कारण मंगलवार को वायदा कारोबार में चांदी और सोने की कीमतों में जोरदार उछाल आया।

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) में, मार्च डिलिवरी वाली चांदी की कीमत 29,372 रुपये, या 12.43 प्रतिशत बढ़कर 2,65,633 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। चांदी 2,70,398 रुपये प्रति किलोग्राम के उच्च स्तर पर पहुंच गई थी, जिसमें 34,137 रुपये, या 14.4 प्रतिशत की बढ़त हुई। सोमवार को यह 2,36,261 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। यह उछाल एक बड़ी बिकवाली के बाद आया, जिसमें शुक्रवार से सोमवार तक चांदी में 41 प्रतिशत की गिरावट आई, जिससे।,63,632 रुपये प्रति किलोग्राम की कमी आई और निवेशकों की काफी संपत्ति खत्म हो गई। यह गिरावट 29 जनवरी को चांदी के 4,20,048 रुपये प्रति किलोग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने के बाद आई। पिछले तीन सत्रों में भारी गिरावट के बाद सोने की कीमतों में भी जोरदार सुधार देखा गया। सोने के अप्रैल अनुबंध की कीमत मंगलवार को 7,923 रुपये, या 5.5 प्रतिशत बढ़कर।,51,914 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गयी। पिछले तीन सत्रों में, सोना 29 जनवरी के।,83,962 रुपये प्रति किलोग्राम के बंद स्तर से लगभग 40,000 रुपये, या 22 प्रतिशत गिर गया था। सोने और चांदी में मंगलवार को जोरदार सुधार लौटा, जिससे हफ्ते की शुरुआत में अत्यधिक अस्थिरता के बाद कई दिन के नुकसान की भरपाई हुई। मजबूत सुरक्षित निवेशक मांग और पहले की मुनाफावसूली के बाद सटोरिया लिवाली से सोना लगभग पांच प्रतिशत बढ़ा, जबकि चांदी 10 प्रतिशत से अधिक चढ़ गई। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय बाजार में चांदी और सोने के वायदा भाव में भी तेज़ी से मजबूती आई। न्यूयॉर्क में कॉमेक्स में चांदी का मार्च अनुबंध 9.59 डॉलर, यानी 12.45 प्रतिशत बढ़कर 86.6 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया।

## अमेरिकी शुल्क कटौती श्रम-प्रधान क्षेत्रों के लिए सकारात्मक : मूडीज

नयी दिल्ली। मूडीज रेटिंग्स ने मंगलवार को कहा कि अधिकांश भारतीय वस्तुओं पर अमेरिकी शुल्क में कटौती से रत्न एवं आभूषण, कपड़ा और परिधान जैसे श्रम प्रधान क्षेत्रों की ऋण चुकाने की क्षमता बेहतर होगी।

इन क्षेत्रों का देश के निर्यात में महत्वपूर्ण योगदान है। भारत और अमेरिका एक व्यापार समझौते पर सहमत हुए हैं, जिसके तहत अमेरिका भारतीय वस्तुओं पर जवाबी शुल्क को मौजूदा के 25 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर देगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से फोन पर बातचीत के बाद यह जानकारी दी। मूडीज ने बयान में कहा कि यह व्यापार समझौता अमेरिका को भारत के वस्तु निर्यात में नई जान फूंकेगा। अमेरिका, भारत का सबसे बड़ा वस्तु निर्यात बाजार बना हुआ है, जो 2025 के पहले 11 महीनों में भारत के कुल वस्तु निर्यात का लगभग 21 प्रतिशत हिस्सा रहा। कम शुल्क दर रत्न एवं आभूषण, कपड़ा और परिधान जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों के लिए भी ज ण चुकाने की क्षमता के लिहाज से सकारात्मक होगी, जो शीर्ष निर्यात क्षेत्रों में शामिल हैं। हालांकि, दवाइयों और उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स को अमेरिका द्वारा लगाए गए 50 प्रतिशत के उच्च शुल्क से छूट मिली हुई थी, इसलिए शुल्क में कटौती का इन पर असर पड़ने की संभावना नहीं है।

# निजी पीएफ ट्रस्ट के लिए आयकर प्रणाली को युक्तिसंगत बनायेगा बजट प्रस्ताव: ईपीएफओ




नयी दिल्ली। सेवानिवृत्ति कोष निकाय ईपीएफओ ने भविष्य निधि ट्रस्ट के लिए आयकर प्रणाली को युक्तिसंगत बनाने के लिए केंद्रीय बजट 2026-27 में रखे गए प्रस्ताव का मंगलवार को स्वागत करते हुए कहा कि विभिन्न नियमों को एक-दूसरे के अनुरूप बनाने और तालमेल बिठाने से हितधारकों के हितों को मजबूती मिलेगी।

श्रम मंत्रालय ने बयान में कहा कि बजट 2026-27 में मान्यता-प्राप्त भविष्य निधि (पीएफ) से जुड़े आयकर ढांचे को कर्मचारी भविष्य निधि एवं विविध प्रावधान अधिनियम, 1952 और कर्मचारी भविष्य निधि योजना, 1952 के वैधानिक और प्रशासनिक प्रावधानों के अनुरूप कर दिया गया है। बयान के मुताबिक, फिलहाल निजी पीएफ ट्रस्ट को आयकर अधिनियम और ईपीएफ अधिनियम की धारा 17 के तहत छूट की पात्रता में अंतर है। इसके अलावा, आयकर प्रावधानों और ईपीएफओ के तहत अधिसूचित निवेश के तरीके भी अलग हैं, जबकि नियोक्ता के अंशदान की सीमा दोनों कानूनों में समान नहीं है। इन भिन्नताओं से भ्रम की स्थिति पैदा होती है और अनावश्यक मुकदमेबाजी बढ़ती है। मान्यता-प्राप्त भविष्य निधि ट्रस्ट का नियमन आयकर अधिनियम, 2025 की अनुसूची-11 के तहत होता है। नए प्रावधानों के तहत आयकर अधिनियम, 2025 के अंतर्गत पीएफ की मान्यता केवल उन्हीं ट्रस्ट को मिलेगी जिन्हें ईपीएफ अधिनियम, 1952 की धारा 17 के तहत छूट मिली हुई है। धारा 17 के तहत नियोक्ता अपने कर्मचारियों के पीएफ खातों के प्रबंधन और मासिक ईपीएफ रिटर्न दाखिल करने से छूट के लिए आवेदन कर सकते हैं।

# भारत-अमेरिका व्यापार समझौते से रत्न और आभूषण निर्यात में बढ़ावा मिलेगा

मुंबई। रत्न और आभूषण उद्योग ने मंगलवार को ऐतिहासिक भारत-अमेरिका व्यापार समझौते और अमेरिकी शुल्क घटाकर 18 प्रतिशत किये जाने का स्वागत किया। उद्योग की दलील है कि इससे व्यापार बढ़ेगा, विश्वास फिर से बनेगा, और पूरे क्षेत्र को एक मजबूत बढ़ावा मिलेगा।

भारत और अमेरिका के बीच एक व्यापार समझौते पर सहमति बनी है जिसके तहत अमेरिका भारतीय सामान पर जवाबी शुल्क को घटाकर 18 प्रतिशत कर देगा। यह सफलता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच टेलीफोन पर बातचीत के बाद मिली है। रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) के अध्यक्ष, किरिट भंसाली ने कहा, शुल्क को घटाकर 18 प्रतिशत करने से अमेरिकी आयातकों के लिए लागत कम होगी, हीरे के आभूषण निर्माताओं को बहुत राहत मिलेगी, भारतीय हीरे के आभूषणों की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ेगी, मांग फिर से बढ़ेगी और परिचालन स्थिर होगा। जीजेईपीसी को उम्मीद है कि भारत द्वारा व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद, देश से बिना तराशे हीरे और रंगीन रत्नों को अमेरिका में शून्य शुल्क आयात का लाभ मिलेगा, जो अमेरिकी जवाबी शुल्क सूची का हिस्सा है, जो हीरे के निर्यात के लिए बहुत जरूरी समर्थन प्रदान करेगा।

## मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने असम को एआई-संचालित अस्पतालों की ओर ले जाने में लॉड्र्स मार्क इंडस्ट्रीज को रणनीतिक भागीदार बनाया

बंगलुरु। लॉड्र्स मार्क इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने आज गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल में दुनिया के पहले एआई -आधारित, कॉन्टैक्टलेस रिमोट पेशेंट मॉनिटरिंग सिस्टम की सफल इंस्टॉलेशन की घोषणा की। यह एडवांस्ड सिस्टम नए उद्घाटन किए गए मेडिकल कॉलेज कॉम्प्लेक्स के हिस्से के रूप में एक स्टेप-डाउन आईसीयू वार्ड में लगाया गया है। इस सुविधा का औपचारिक उद्घाटन असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने किया, जो राज्य की हेल्थकेयर यात्रा में एक महत्वपूर्ण क्षण है और असम को भारत में एआई -सक्षम क्लिनिकल केयर में सबसे आगे रखता है। यह पहल मुख्यमंत्री के सक्रिय नेतृत्व को दर्शाती है, जिन्होंने असम के पब्लिक हेल्थकेयर इंफ्रास्ट्रक्चर को विश्व स्तरीय मानकों तक पहुंचाने के लिए एक स्पष्ट और सोच-समझकर कदम उठाया है।

## एल्यूडेकोर ने एसीपी सेक्टर के लिए शुरू की देश की सबसे बड़ी मुफ्त टेस्टिंग ड्राइव



लखनऊ। एल्यूडेकोर ने एल्यूमिनियम कंपोजिट पैनल (एसीपी) उद्योग के लिए एक अभूतपूर्व कदम उठाया है। कंपनी ने सभी एसीपी ब्रांड्स के लिए निःशुल्क, स्वैच्छिक और ओपन-टू-ऑल मैटेरियल टेस्टिंग पहल की शुरूआत की है, जो बी2बी क्षेत्र में अपनी तरह की सबसे बड़ी पहल मानी जा रही है। एल्यूडेकोर लैमिनेशन प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर (सेल्स) सौरव ने कहा एसीपी वैल्यू चेन में फैब्रिकेटर्स की भूमिका बेहद अहम होती है और उन्हें भरोसेमंद व पारदर्शी टेस्टिंग व्यवस्था का समर्थन मिलना जरूरी है। किसी भी प्रोडक्ट के फेल होने की स्थिति में सबसे पहले सवाल फैब्रिकेटर्स पर ही उठते हैं।

## पेज एक का शेष

### भारत-अमेरिका

योगी आदित्यनाथ ने फार्मा कॉन्क्लेव में कहा कि 2014 से पहले जिस भारत को गंभीरता से नहीं लिया जाता था, आज वही भारत अपनी नीतियों पर दृढ़ रहते हुए वैश्विक शक्तियों को भी संवाद और सहयोग के लिए विवश कर रहा है। भारत अब अपनी शर्तों पर आगे बढ़ रहा है। अमेरिकी टैरिफ में की गई यह कटौती इसी बदले हुए वैश्विक दृष्टिकोण का प्रमाण मानी जा रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि अब भारतीय निर्यातकों पर लगने वाला अतिरिक्त ह्यपेनल्टी टैरिफह्व हट चुका है और केवल रेसिप्रोकल टैक्स स्ट्रक्चर लागू है, जिससे भारतीय उत्पाद अमेरिकी बाजार में पहले से कहीं अधिक प्रतिस्पर्धी बन गए हैं। अमेरिका के भारतीय उत्पादों पर लगाए जाने वाले आयात शुल्क में की गई कटौती का व्यापक और प्रत्यक्ष असर उत्तर प्रदेश के एमएसएमई और ओडीओपी सेक्टर पर पड़ने वाला है। भदोही के हस्तनिर्मित कालीन, मुरादाबाद के पीतल व धातु उत्पाद, आगरा का चमड़ा उद्योग, वाराणसी की रेशमी साड़ियां और कन्नौज का पारंपरिक इत्र अब अमेरिकी बाजार में पहले की तुलना में कम लागत और बेहतर लाभांश के साथ पहुंच सकेगा। अब तक ऊंचे टैरिफ के कारण ये उत्पाद कीमत के मामले में चीन, वियतनाम और बांग्लादेश जैसे देशों से पिछड़ जाते थे, लेकिन शुल्क में कमी के बाद उत्तर प्रदेश के पारंपरिक उद्योग वैश्विक प्रतिस्पर्धा में मजबूती से खड़े हो सकेंगे। आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि इससे न केवल निर्यात ऑर्डर बढ़ेंगे, बल्कि सीधे निर्यात को भी प्रोत्साहन मिलेगा, जिससे बिचौलियों पर निर्भरता घटेगी और कारीगरों को उनकी मेहनत का सही मूल्य मिलेगा। इसका सकारात्मक असर रोजगार पर भी दिखाई देगा। उत्पादन बढ़ने से बुनकरों, शिल्पकारों, कारीगरों और छोटे उद्योगों में काम करने वाले लाखों लोगों को नियमित रोजगार मिलेगा, वहीं नई यूनिट्स की स्थापना से स्थानीय स्तर पर आर्थिक गतिविधियां तेज होंगी। इसका प्रभाव अब रणनीतिक क्षेत्रों तक भी महसूस किया जा रहा है। इसी क्रम में भारत-अमेरिका के बीच बढ़ते सहयोग का सकारात्मक असर उत्तर प्रदेश के डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर पर भी दिख सकता है। झांसी, कानपुर, लखनऊ, अलीगढ़ और आगरा जैसे रणनीतिक नोड्स अब केवल असेंबली यूनिट्स तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि यहां टेक्नोलॉजी ट्रांसफर, संयुक्त उपक्रमों और उच्चस्तरीय अनुसंधान के माध्यम से उन्नत रक्षा उपकरणों के निर्माण की संभावनाएं आकार ले रही हैं। जानकारों के अनुसार, अमेरिकी रक्षा कंपनियों के साथ संभावित सहयोग से ड्रोन सिस्टम, रक्षा इलेक्ट्रॉनिक्स, संचार एवं राडार सिस्टम तथा अत्याधुनिक कंपोनेंट्स का निर्माण प्रदेश में ही संभव हो सकता है। टैरिफ में कटौती से बने अनुकूल निवेश माहौल और भारत की नीतिगत स्थिरता ने विदेशी कंपनियों का भरोसा बढ़ाया है, जिसका लाभ रक्षा क्षेत्र को भी मिलने की संभावना जताई जा रही है। इससे न केवल आयात पर निर्भरता घटेगी, बल्कि रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश की भूमिका राष्ट्रीय स्तर पर और अधिक सशक्त होगी। इस बदलाव का सबसे बड़ा लाभ प्रदेश के युवाओं को मिलने वाला है। उन्नत मैन्युफैक्चरिंग और रक्षा तकनीक से जुड़े प्रोजेक्ट्स के कारण इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स और एयरोस्पेस जैसे क्षेत्रों में उच्च कौशल आधारित रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। साथ ही एमएसएमई सेक्टर को भी रक्षा आपूर्ति श्रृंखला से जुड़ने का अवसर मिलेगा, जिससे स्थानीय उद्योगों को दीर्घकालिक मजबूती मिलेगी। इसका विस्तार उच्च तकनीक और डिजिटल अर्थव्यवस्था तक भी देखा जा रहा है। नोएडा और लखनऊ में विकसित हो रहा एआई, आईटी और डेटा सेंटर इकोसिस्टम अब अमेरिकी और अन्य वैश्विक टेक कंपनियों के लिए अधिक आकर्षक बनता जा रहा है।

### भारत-अमेरिका

समझौते का श्रेय प्रधानमंत्री मोदी को जाता है। यह उनके दृढ़ संकल्प की वजह से हुआ है। व्यापार समझौते से छोटे कारोबारियों को फायदा होगा। शिवसेना नेता श्रीकांत शिंदे ने कहा, बैठक में राजग नेताओं ने प्रधानमंत्री मोदीजी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच हुई कारगर बातचीत के बाद मिली बड़ी सफलता का स्वागत किया, जिसके परिणामस्वरूप भारत में निर्मित उत्पादों पर शुल्क घटाने की घोषणा की गई है। मोदी ने एक्स पर लिखा, राजग संसदीय दल की बैठक में हिस्सा लिया, जहां हमने अनेक मुद्दों पर चर्चा की। बैठक में सदस्यों ने भाजपा के नए अध्यक्ष नितिन नवीन का स्वागत किया और उन्हें बधाई दी। रीजीजू के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी ने राजग के घटक दलों के सांसदों से कहा कि उन्हें स्थानीय निकाय समेत विभिन्न चुनावों में अपनी जीत से संतुष्ट होकर बैठ नहीं जाना चाहिए, बल्कि अच्छा काम करते रहना चाहिए। रीजीजू ने कहा कि प्रधानमंत्री ने लोकसभा और राज्यसभा सदस्यों को अपने संसदीय कार्यों और कल्याणकारी कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए व्यापक दिशानिर्देश दिए। केंद्रीय मंत्री ने कहा प्रधानमंत्री ने कहा कि राजग अपने अच्छे काम की वजह से एक के बाद एक चुनाव जीत रहा है। उन्होंने कहा कि चुनाव जमीन पर उतरे बिना नहीं जीते जा सकते। हमें जमीन पर रहना होगा और लोगों की भलाई के लिए अच्छे काम करते रहना होगा। जनता दल(एस) नेता और केंद्रीय मंत्री एच डी कुमारस्वामी ने कहा कि राजग की बैठक में भारत की आर्थिक साझेदारियों को मजबूत करने और विकसित भारत के सपने की ओर बढ़ने की सामूहिक प्रतिबद्धता व्यक्त की गई।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा), जनता दल-यूनाइटेड (जदयू), लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास), शिवसेना, जनता दल (सेक्युलर) और राजग के अन्य दलों के सदस्य भी बैठक में शामिल हुए। बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा, अपना दल की नेता और केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल, राकांपा नेता प्रफुल्ल पटेल, शिवसेना नेता श्रीकांत शिंदे, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के नेता उपेंद्र कुशवाहा और अन्य नेता शामिल हुए।

### भारत की

और चेयरमैन सुनील भारती मित्तल ने कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौता दोनों देशों के लिए बहुप्रतीक्षित और महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो निवेश और वृद्धि के लिए अपार अवसर खोलता है। कम शुल्क से इन दो महान देशों के बीच रणनीतिक और आर्थिक संबंधों को मजबूत करने में मदद मिलेगी और निवेश तथा सहयोग के अतिरिक्त अवसर मिलेंगे।

### निवेशकों के

और नागरिकों के मन में विश्वास पैदा करना था। सरकार ने जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई। हमने स्पष्ट कहा कि कानून सभी पर समान रूप से लागू होगा, चाहे कोई कितना ही प्रभावशाली क्यों न हो। आज इसका परिणाम सबके सामने है। बड़े पर्व-त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो रहे हैं। कहीं दंगे नहीं, कहीं फिरौती नहीं, कहीं गुंडा टैक्स नहीं। उत्तर प्रदेश में शांति, सुरक्षा और स्थिरता का वातावरण है और यही निवेश की सबसे मजबूत नींव है। सीएम ने कहा कि उत्तर प्रदेश आज डी-रेगुलेशन रैंकिंग में देश में नंबर वन है और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में टॉप अचीवर बन चुका है। डी-क्रिमिनलाइजेशन के तहत 13 राज्य अधिनियमों में मौजूद आपराधिक प्रावधानों को समाप्त किया गया, ताकि उद्योग बिना भय और बाधा के कार्य कर सकें। एमएसएमई सेक्टर में निवेश करने वाले उद्यमियों को 1000 दिनों तक निरीक्षण से छूट दी गई है। कई अन्य सेक्टरों में भी प्रक्रियाओं को सरल किया गया है। सरकार का उद्देश्य उद्योगों को डराना नहीं, बल्कि उन्हें सुविधा देना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में लगभग 14,000 कारखाने कार्यरत थे, जो आज बढ़कर 30,000 से अधिक हो चुके हैं। यह इस बात का प्रमाण है कि डबल इंजन सरकार डबल स्पीड से काम कर रही है। प्रदेश में अब तक 50 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश को फार्मास्यूटिकल मैन्युफैक्चरिंग और इनोवेशन का अग्रणी केंद्र बनाने के लिए ठोस नीति और स्पष्ट विजन के साथ कार्य किया जा रहा है। ललितपुर में विकसित किया जा रहा बल्क ड्रग फार्मा पार्क केवल एक औद्योगिक इकाई नहीं होगा, बल्कि इसे हब एंड स्पोक मॉडल पर विकसित किया जा रहा है, जहां अत्याधुनिक आर एंड डी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। वहीं गौतम बुद्ध नगर में मेडिकल डिवाइस पार्क, यूएस-एफडीए टेस्टिंग लैब और वर्ल्ड-क्लास लॉजिस्टिक्स हब विकसित किए जा रहे हैं। फरवरी के दूसरे सप्ताह में बजट सत्र के माध्यम से लखनऊ में एक वर्ल्ड-क्लास फार्मा इंस्टीट्यूट के निर्माण की दिशा में भी कदम बढ़ाया जाएगा। बरेली सहित अन्य जनपदों में भी नए फार्मा पार्क विकसित किए जाएंगे।

### भारत किसी

ने कहा कि यह विकसित भारत और बढ़ते भारत की यात्रा का प्रमाण है, जहां भारत एक जिम्मेदार और भरोसेमंद वैश्विक साझेदार के रूप में अपनी भूमिका निभा रहा है। मुख्यमंत्री ने आगाह भी किया कि भारत की इस बढ़ती ताकत से कुछ लोग सशंकित भी हैं, इसलिए देश को विश्वसनीय सहयोगियों के साथ आगे बढ़ते हुए सतर्कता और विवेक के साथ कार्य करना होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2014 से पहले जिस भारत को गंभीरता से नहीं लिया जाता था, आज वही भारत अपनी नीतियों पर दृढ़ रहते हुए वैश्विक शक्तियों को भी संवाद और सहयोग के लिए विवश कर रहा है। भारत अब अपनी शर्तों पर आगे बढ़ रहा है और स्वयं अपना नियंता बन रहा है, जो यह स्पष्ट करता है कि आज देश वैश्विक चुनौतियों और दबावों के बीच आत्मविश्वास, नीति-स्थिरता और निर्णायक नेतृत्व के साथ अपने राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देते हुए आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2017 में जब हम लोग सत्ता में आए थे, उत्तर प्रदेश के अंदर कहीं जमीन ढूंढते हुए नहीं बनती थी। कोई लैंड नहीं मिल पाती थी, क्योंकि उस पर लैंड माफिया ने कब्जा कर रखा था। हमने भू-माफिया टास्क फोर्स गठित की और मैंने कहा, 24 घंटे का समय दे रहा हूं। उत्तर प्रदेश के अंदर जिस भी सरकारी भूमि पर जिस भू माफिया ने कब्जा किया है, उसको तत्काल छोड़ दे। 24 घंटे के बाद जब हम कारवाई करेंगे तो उसको जमीन तो छोड़नी ही पड़ेगी, लेकिन साथ-साथ उसने जो कमाई की होगी, उसकी ब्याज सहित वसूली करेंगे। आप आश्चर्य करेंगे कि हमारी 65000 एकड़ लैंड खाली हुई थी।

### फार्मा में वैश्विक

फार्मा निवेश का पसंदीदा गंतव्य बन रहा है। केंद्र की नीतिगत दृष्टि और उत्तर प्रदेश सरकार के जमीनी प्रयास प्रदेश को फार्मा और बायोफार्मा मैन्युफैक्चरिंग का वैश्विक केंद्र बनाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ा रहे हैं।

### उत्तराखंड में

की जाए। इसके लिए विभागों में जिम्मेदार अधिकारियों को स्पष्ट उत्तरदायित्व सौंपने पर बल दिया गया। उन्होंने यह भी कहा कि जिन क्षेत्रों में नीतिगत सुधार, प्रक्रिया सरलीकरण या नियमों में संशोधन आवश्यक हों, वहां त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रस्ताव शासन स्तर पर प्रस्तुत किए जाएं। उन्होंने परियोजनाओं के लिए निर्धारित समयसीमा, स्पष्ट लक्ष्य और लंबित मामलों के न्यूनतम स्तर पर काम करने के निर्देश दिए। निवेश माहौल को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की कानून-व्यवस्था, डिजिटल सेवाओं, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और उद्योग-अनुकूल पहलों की जानकारी निवेशकों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाई जाए। उन्होंने बेहतर प्रदर्शन करने वाले विभागों की सराहना करते हुए सभी विभागों से समान प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने का आह्वान किया।




# दिल्ली ने गुजरात को हराया

## डब्ल्यूपीएल : गुजरात को 7 विकेट से हराया, रोड्रिग्ज ने 41 रन बनाये, आरसीबी से मैच

एजेंसी



वडोदरा। दिल्ली कैपिटल्स ने विमेंस प्रीमियर लीग के फाइनल में जगह बना ली है। टीम ने मंगलवार को खेले गए एलिमिनेटर मैच में गुजरात जायंट्स को 7 विकेट से हरा दिया। वडोदरा के कोटाम्बी स्टेडियम में दिल्ली ने 169 रन का टारगेट 15.4 ओवर में 3 विकेट पर चेज कर दिया। लौरा वोलवार्ट ने नाबाद 32 रन बनाए। जबकि कप्तान जेमिमा रोड्रिग्ज ने 41 रन की पारी खेली। ओपनर लिजेल ली (43 रन) और शेफाली वर्मा (31 रन) फिफ्टी पार्टनरशिप करके रन चेज को मजबूत शुरूआत दिलाई। टॉस हारकर बल्लेबाजी करते हुए, गुजरात ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 168 रन बनाए थे। बेथ मूनी (51 बॉल पर 62 रन) ने फिफ्टी लगाई। जॉर्जिया वेयरहम 35 रन बनाकर आउट हुईं। दिल्ली से शिनेल हेनरी ने 3 विकेट झटके। नंदनी शर्मा को 2 विकेट मिले। वडोदरा के कोटाम्बी स्टेडियम में दिल्ली ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया है। गुजरात ने 18 ओवर में 6 विकेट पर 137 रन बना लिए हैं। बेथ मूनी और काशवी गौतम क्रीज पर हैं। मूनी हाफ सेंचुरी पूरी कर चुकी हैं। भारती फूलमाली (जीरो) को शिनेल हेनरी ने अपनी ही बॉल पर कैच किया। उन्हें तीसरा विकेट मिला है। हेनरी ने जॉर्जिया वेयरहम (35 रन) और सोफी डिवाइन (6 रन) को पवेलियन भेजा। मिन्नू मणि ने कनिका आहूजा (6 रन) को स्टंप कराया। पावरप्ले के आखिरी ओवर में नंदनी शर्मा ने अनुष्का शर्मा (16 रन) और एश्ले गार्डनर (जीरो) को लगातार दो बॉल पर आउट किया। हालांकि, वे हैट्रिक नहीं ले सकीं। 19वें ओवर में बेथ मूनी ने हाफ सेंचुरी पूरी की।

उन्होंने इस सीजन में दूसरी फिफ्टी लगाई है। मूनी ने शिनेल हेनरी के ओवर की पहली बॉल पर चौका लगाकर 47 बॉल पर हाफ सेंचुरी पूरी की। इसी ओवर में गुजरात ने 150 रन का आंकड़ा पार कर लिया। 17वें ओवर में गुजरात ने दो विकेट गंवाए। भारती फूलमाली (जीरो) को शिनेल हेनरी ने अपनी ही बॉल पर कैच किया। उन्हें तीसरा विकेट मिला है। हेनरी ने जॉर्जिया वेयरहम (35 रन) और सोफी डिवाइन (6 रन) को पवेलियन भेजा। 9वें ओवर की चौथी बॉल पर गुजरात ने चौथा विकेट गंवाया। यहां पर मिन्नू मणि ने कनिका आहूजा (6 रन) को विकेटकीपर लिजेल ली के हाथों स्टंप कराया। 7वें ओवर में गुजरात ने 50 रन का आंकड़ा पार कर लिया। कनिका अहूजा ने मिन्नू मणि की दूसरी बॉल पर सिंगल लेकर टीम का 50वां रन बनाया। पावरप्ले के आखिरी ओवर में दिल्ली की गेंदबाज नंदनी शर्मा ने अनुष्का शर्मा (16 रन) और एश्ले गार्डनर (जीरो) को लगातार दो बॉल पर आउट किया। हालांकि, वे हैट्रिक नहीं ले सकीं। दूसरे ओवर की आखिरी बॉल पर गुजरात ने पहला विकेट गंवाया। यहां सोफी डिवाइन 6 रन बनाकर आउट हुईं। उन्हें शिनेल हेनरी ने विकेटकीपर लिजेल ली के हाथों कैच कराया। लिजेल ने एक हाथ से छलांग लगाकर कैच पकड़ा। दिल्ली की कप्तान जेमिमा रोड्रिग्ज ने मारिजान कैप नई बॉल थमाई। कैप के ओवर से महज 6 आए।

इनमें एक चौका भी शामिल था। दिल्ली ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया है। कप्तान जेमिमा रोड्रिग्ज ने पिछले मैच की प्लेइंग-11 में कोई बदलाव नहीं किया है। गुजरात में भी चेंज नहीं हुआ है। गुजरात और दिल्ली के बीच हढछ में अब तक 8 मुकाबले खेले गए। 4-4 में दोनों को जीत मिली। इस सीजन दोनों मैच गुजरात के नाम रहे। टीम ने नवी मुंबई में 4 रन और वडोदरा में 3 रन से करीबी मुकाबला जीता। दिल्ली कैपिटल्स ने इस बार जेमिमा रोड्रिग्ज की कप्तानी में प्लेऑफ में जगह बनाई। टीम 8 पॉइंट्स

### एमसीसी ने क्रिकेट नियमों में किए 73 बदलाव

लंदन। मेरिलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) ने क्रिकेट के नियमों में कुल 73 बदलावों की घोषणा की है जिसमें बहु-दिवसीय मैचों में अगर अंतिम ओवर के दौरान विकेट गिरता है तो पूरा ओवर खेलना अनिवार्य करना भी शामिल है। नये नियम इस साल अक्टूबर से लागू होंगे। एमसीसी ने कहा कि 2022 के बाद पहली बार जारी की गई लॉज ऑफ क्रिकेट की नयी प्रति का मकसद नियमों को समय के अनुरूप और आधुनिक खेल के लिए अधिक समावेशी बनाना है। एमसीसी ने अपनी वेबसाइट पर बताया कि बहु-दिवसीय मैचों में दिन का अंतिम ओवर अब हर हाल में पूरा कराया जाएगा। एमसीसी के अनुसार, ऐसा न होने से खेल का रोमांच कम हो जाता है। एमसीसी ने कहा यह अनुचित माना गया कि अगर दिन के अंतिम ओवर में गेंदबाजी कर रही टीम विकेट ले ले, तो बल्लेबाजी टीम को नया बल्लेबाज भेजने की जरूरत नहीं पड़ती। उन्होंने कहा कि इससे समय की बचत भी नहीं होती, क्योंकि बची हुई गेंदें अगले दिन पूरी करनी ही पड़ती हैं। साथ ही इससे खेल का रोमांच कम हो जाता है। नया बल्लेबाज मुश्किल परिस्थितियों से बच जाता है क्योंकि आमतौर पर उस समय गेंदबाजों के लिए हालात अनुकूल होते हैं। एमसीसी ने स्पष्ट किया, नये नियम के तहत अगर परिस्थितियां अनुकूल रहीं, तो अंतिम पूरा किया जाएगा, भले ही उस दौरान विकेट गिर जाए। एमसीसी ने मौजूदा और पूर्व महिला खिलाड़ियों के साथ मिलकर जूनियर और महिला क्रिकेट में इस्तेमाल होने वाली गेंदों के लिए नए मानक और नाम भी तय किए हैं। एमसीसी के अनुसार अब गेंदों को साइज-1, साइज-2 और साइज-3 के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

# अंडर-19 विश्व कप : सेमीफाइनल में अफगानिस्तान से भिड़ेगा भारत



हरारे। अब तक खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करने के कारण आत्मविश्वास से भरी भारतीय टीम बुधवार को यहां आईसीसी अंडर-19 विश्व कप के सेमीफाइनल में अफगानिस्तान के खिलाफ जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी। इस प्रतियोगिता के इतिहास में भारत सबसे सफल टीम है। उसने पांच बार (2000, 2008, 2012, 2018, 2022) खिताब जीते हैं। उसके बाद ऑस्ट्रेलिया का नंबर आता है जिसने चार बार ट्रॉफी जीती है। इस तरह से भारत रिकॉर्ड छठी बार खिताब जीतने की दिशा में बुधवार को एक कदम और आगे बढ़ाने की कोशिश करेगा। भारत ने अब तक टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया है।

उसने अपने सभी पांच मैच आसानी से जीते हैं, जिसमें सुपर सिक्स चरण में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान पर 58 रन की जीत भी शामिल है। भारतीय टीम हालांकि अफगानिस्तान को कम करके आंकने की गलती नहीं करेगी। अफगानिस्तान का भी टूर्नामेंट में प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है। उसने अपने पांच मैचों में से चार जीते हैं। उसे एकमात्र हार श्रीलंका से मिली थी। लेकिन खिलाड़ियों की फॉर्म और खेल के हर क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन करने के कारण अफगानिस्तान के खिलाफ भारत का पलड़ा भारी नजर आता है। विकेटकीपर बल्लेबाज अभिज्ञान कुंडू ने बल्लेबाजी में शानदार प्रदर्शन किया है। इस बाएं हाथ के बल्लेबाज ने अब तक पांच मैचों में दो अर्धशतकों की मदद से 199 रन बनाए हैं। बड़े-बड़े शॉट खेलने में माहिर सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी (पांच मैचों में दो अर्धशतकों सहित 196 रन) भी अच्छी फॉर्म में हैं, लेकिन टीम प्रबंधन चाहेगा कि वह अपने अर्धशतकों को शतकों में तब्दील करें। ऑलराउंडर विहान मल्होत्रा (पांच मैचों में 172 रन) एक और भारतीय बल्लेबाज हैं जिन पर सभी की नजर रहेगी। उन्होंने ग्रुप चरण में जिम्बाब्वे के खिलाफ शतक (109 नाबाद) लगाया था। कप्तान आयुष म्हात्रे ने गेंदबाज़ी में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने पांच मैचों में अपनी ऑफ-ब्रेक गेंदबाजी से छह विकेट लिए हैं, लेकिन उनकी बल्लेबाजी में सुधार की गुंजाइश है। उन्होंने पांच मैचों में सिर्फ 99 रन बनाए हैं जिसमें उनका उच्चतम स्कोर 53 रन है। सलामी बल्लेबाज आरोन जॉर्ज की फॉर्म भी भारत के लिए चिंता का विषय है क्योंकि दाएं हाथ का यह बल्लेबाज तीन पारियों में केवल 46 रन ही बना सका है। भारतीय गेंदबाजी की कमान दाएं हाथ के तेज गेंदबाज हेनिल पटेल और आरएस अंबरीश के हाथ में है। इन दोनों तेज गेंदबाजों को स्पिनर खिलन पटेल का भी अच्छा सहयोग मिला है, जिन्होंने पांच मैचों में आठ विकेट लिए हैं। म्हात्रे और मल्होत्रा गेंदबाजी में भी अपनी भूमिका निभाएंगे। मल्होत्रा ने अभी तक टूर्नामेंट में अपनी ऑफ-ब्रेक गेंदबाजी से पांच विकेट लेने के अलावा भारत की तरफ से एकमात्र शतक भी लगाया है। मैच दोपहर 1:00 बजे भारतीय समयानुसार शुरू होगा।

## संक्षेप

### वर्ल्ड कप के वॉर्मअप मैचों का शेड्यूल जारी

**नयी दिल्ली**। टी-20 वर्ल्ड कप के वॉर्मअप मैचों का शेड्यूल जारी हो गया है। ये मुकाबले 2 से 6 फरवरी के बीच खेले जाएंगे। वॉर्मअप मैच 7 अलग-अलग मैदानों पर खेले जाएंगे। इंग्लैंड की टीम वॉर्मअप मैचों में हिस्सा नहीं लेगी। जबकि, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, साउथ अफ्रीका और वेस्टइंडीज जैसी बड़ी टीमें एक-एक मैच ही खेलेंगी। भारतीय टीम भी एक वॉर्मअप मैच खेलेगी। जोकि साउथ अफ्रीका के खिलाफ 4 फरवरी को मुंबई के ऊ पाटील स्टेडियम में खेला जाएगा। शेष 2 वॉर्मअप मैच में इंडिया ए की टीम उतरेगी। तिलक वर्मा को खेलना होगा एक वॉर्मअप मैच इउउक ने वॉर्मअप मैच के लिए इंडिया ए टीम का ऐलान भी कर दिया है। इसकी कप्तानी आयुष बडोनी करेंगे। तिलक वर्मा भी इस टीम का हिस्सा हैं। वे कम से कम एक मैच खेलकर अपनी फिटनेस साबित करेंगे। तिलक वर्मा विजय हजारे ट्रॉफी के दौरान इंजर्ड हो गए थे।

### श्रीलंका के वर्ल्ड कप स्क्वॉड में कामिंडु मेंडिस की वापसी

श्रीलंका । श्रीलंका ने टी-20 वर्ल्ड कप के लिए फाइनल स्क्वॉड रिलीज कर दिया है। इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 खेलने वाले धनंजय डी सिल्वा को बाहर कर कामिंडु मेंडिस की वापसी हो गई। इंजर्ड पेसर ईशान मलिंगा भी टीम का हिस्सा हैं। ऑलराउंडर दासुन शनाका टीम की कप्तानी करेंगे। टूनामेंट 7 फरवरी से भारत और श्रीलंका में खेला जाएगा। आउट ऑफ फॉर्म हैं कामिंडु कामिंडु मेंडिस इंग्लैंड और पाकिस्तान के खिलाफ पिछली टी-20 सीरीज का हिस्सा नहीं थे। वे 2025 में 19.87 के औसत से 159 रन ही बना सके। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट भी 130.32 का ही रहा। वे 12 मुकाबलों में महज 6 ओवर ही बॉलिंग भी कर सके। कामिंडु की खासियत यह है कि वे दोनों हाथों से स्पिन गेंदबाजी कर लेते हैं। प्लेइंग-11 में आ सकते हैं वेल्लालागे धनंजय डी सिल्वा को बाहर करने के बाद टीम अब 23 साल के लेफ्ट आर्म स्पिन ऑलराउंडर दुनिथ वेल्लालागे को भी प्लेइंग-11 में शामिल कर सकती है। हालांकि, वे श्रीलंका के लिए 6 ही टी-20 खेल सके हैं। वे वनडे टीम में जरूर रेगुलर रहते हैं, लेकिन टी-20 में अपनी जगह फिक्स नहीं कर पाए। वेल्लालागे को फ्रेंचाइजी लीग में जरूर टी-20 खेलने का अनुभव है। उन्होंने एमर्जिंग एशिया कप में श्रीलंका-ए की कप्तानी भी की थी।

# योनेक्स-सनराइज यू.पी. स्टेट मास्टर्स बैडमिंटन चैंपियनशिप



लखनऊ। उत्तर प्रदेश बैडमिंटन संघ के तत्वावधान में जनपद लखनऊ के सचिव एवं प्रदेश के ख्याति प्राप्त बैडमिंटन खिलाड़ी स्वर्गीय अनिल कुमार ध्यानी जी की स्मृति में योनेक्सझसनराइज यू.पी. स्टेट मास्टर्स (वेटरन) बैडमिंटन चैंपियनशिप 2026 का आयोजन किया जा रहा है। यह राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 05 फरवरी से 08 फरवरी 2026 तक लखनऊ में संपन्न होगी। प्रतियोगिता का आयोजन बी.बी.डी. यू.पी. बैडमिंटन एकेडमी, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ स्थित अत्याधुनिक बैडमिंटन हॉल में किया जाएगा। इस प्रतिष्ठित चैंपियनशिप में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से 35 वर्ष आयु वर्ग से लेकर 80 वर्ष आयु वर्ग तक के लगभग 250 वेटरन खिलाड़ी भाग लेंगे। इसके साथ ही प्रतियोगिता के सफल संचालन हेतु करीब 15 ऑफिशियल्स की भी भागीदारी रहेगी। आयोजकों के अनुसार यह प्रतियोगिता न केवल वेटरन खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करेगी, बल्कि खेलों के प्रति निरंतर सक्रियता और स्वस्थ जीवनशैली को भी प्रोत्साहित करेगी। प्रतियोगिता के प्रदर्शन के आधार पर राष्ट्रीय मास्टर्स बैडमिंटन चैंपियनशिप में भाग लेने वाली उत्तर प्रदेश टीम का चयन किया जाएगा। यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता 18 मार्च से 25 मार्च 2026 तक गोवा में आयोजित होगी।

> 05 फरवरी से 08 फरवरी 2026 तक

इस चैंपियनशिप का मुख्य उद्देश्य वेटरन खिलाड़ियों को एक प्रतिस्पर्धात्मक मंच उपलब्ध कराना, खेल भावना को सुदृढ़ करना तथा बैडमिंटन खेल के विकास में स्वर्गीय अनिल कुमार ध्यानी जी के अमूल्य योगदान को श्रद्धापूर्वक स्मरण करना है। स्वर्गीय ध्यानी जी ने अपने संपूर्ण जीवन में बैडमिंटन खेल के प्रचार-प्रसार और खिलाड़ियों के मार्गदर्शन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसे बैडमिंटन जगत सदैव स्मरण करता रहेगा।

# गुकेश खेलेंगे मई नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट

एजेंसी

ओस्लो। मौजूदा विश्व चैंपियन भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश मई में यहां नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे जिसमें दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी और गत चैंपियन मैग्नस कार्लसन सहित कई स्टार खिलाड़ी शिरकत करेंगे। गुकेश ने 25 मई से पांच जून तक होने वाले इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेने की पुष्टि कर दी है।

यह दुनिया के सबसे कड़े शतरंज टूर्नामेंट में से एक होगा। यह प्रतियोगिता अपने पारंपरिक स्थल स्टेवेंगर से ओस्लो में स्थानांतरित होने वाली है। पिछले साल ओपन वर्ग में तीसरे स्थान पर रहे भारतीय स्टार गुकेश खेल के इतिहास में सबसे कम उम्र के विश्व



चैंपियन के रूप में ओस्लो आएंगे। गुकेश ने एक विज्ञप्ति में कहा, मैं नॉर्वे शतरंज में फिर से हिस्सा लेकर बहुत खुश हूं। हमेशा की तरह बहुत मजबूत खिलाड़ियों के खिलाफ मुकाबला करूंगा और सभी रोमांचक बाजियों का इंतजार कर रहा हूं। गुकेश ने 2024 में कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीता और फिर तत्कालीन विश्व चैंपियन डिंग लिरेन को हराकर सिर्फ 18 साल की उम्र में विश्व खिताब हासिल किया। गुकेश ने अपनी प्रगति के दौरान कई उपलब्धियां हासिल की जिसमें 2750 रेटिंग अंक पार करने वाला अब तक का सबसे कम उम्र का खिलाड़ी बनना और 12 साल की उम्र में ग्रैंडमास्टर का खिताब हासिल करना शामिल है। वह शतरंज के इतिहास में तीसरे सबसे कम उम्र के ग्रैंडमास्टर हैं।

नॉर्वे शतरंज में 2025 में गुकेश ने कार्लसन पर अपनी पहली क्लासिकल जीत भी हासिल की थी। कार्लसन ने पिछले महीने टूर्नामेंट में हिस्सा लेने की पुष्टि की थी। सभी प्रारूप में 20 बार के विश्व चैंपियन ने पिछले 13 वर्षों में हमेशा अपने घरेलू टूर्नामेंट में हिस्सा लिया है। हालांकि उन्होंने धीरे-धीरे क्लासिकल शतरंज से दूर होने की इच्छा जताई थी।

### 3 करोड़ प्रशंसकों का सपना जिएंगे नेपाल के 15 क्रिकेटर

नयी दिल्ली। भारतीय क्रिकेटर प्रियांक पंचाल ने पिछले साल काठमांडू में एक महीना बिताया था और वह ऐसी याद लेकर लौटे हैं जो उनके मन में हमेशा के लिए घर कर गई है।

यह खचाखच भरे स्टेडियम में खेलने का रोमांच नहीं था, बल्कि क्रिकेट के दीवाने देश की सहज गर्मजोशी थी। हिमालय की गोद में बसे इस देश का दिल क्रिकेट के लिए धड़कता है, लेकिन उपमहाद्वीप में क्रिकेट प्रेमियों की पहचान बन चुके जुनून के बजाय यहां की पहचान मुस्कान है। भारत ए के पूर्व कप्तान पंचाल को नेपाल प्रीमियर लीग की टीम करनाली याक्स फ्रेंचाइजी के साथ अपने अनुभव के बारे में बताया मैं जिन भी खिलाड़ियों से मिला, जिन भी अधिकारियों से मेरी मुलाकात हुई और जितने भी प्रशंसकों से मिला सभी ने मेरा बड़े प्यार और मुस्कान के साथ स्वागत किया। क्रिकेट के प्रति उनका जुनून और अपने क्रिकेट खिलाड़ियों के लिए प्यार बहुत सच्चा है।

# सबालेंका शीर्ष पर बरकरार जोकोविच तीसरे स्थान पर

एजेंसी

मेलबर्न। कार्लोस अल्काराज़ से ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में हारने वाले 24 बार के ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन नोवाक जोकोविच नवीनतम विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। अल्काराज़ ने दूसरे नंबर के खिलाड़ी यानिक सिनर से आगे रहते हुए एटीपी टूर पर अपनी नंबर एक रैंकिंग बरकरार रखी है।

ऑस्ट्रेलियाई ओपन के सेमीफाइनल में सिनर को हराने वाले जोकोविच एक पायदान ऊपर तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। 38 वर्षीय जोकोविच अगस्त 2024 के बाद पहली बार शीर्ष तीन में शामिल हुए हैं। डब्ल्यूटीए टूर पर एरीना सबालेंका ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में एलिना रयबाकिना से हारने के बावजूद अपनी शीर्ष रैंकिंग बरकरार रखी है। रयबाकिना रैंकिंग में दो स्थान ऊपर तीसरे स्थान पर पहुंच गईं, जबकि इगा स्वियातेक दूसरे स्थान पर हैं। डब्ल्यूटीए रैंकिंग में चौथे से छठे स्थान पर तीन अमेरिकी खिलाड़ी अमांडा अनिसिमोवा, कोको गॉफ और जेसिका पेगुला हैं। सेमीफाइनल में हारने वाली एलिना स्वितोलिना दो पायदान चढ़कर 10वें स्थान पर पहुंच गईं हैं।

# एशियाई ओलंपिक की मेजबानी करेगा भारत



एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत अगले साल दिल्ली में एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप (राइफलपिस्टल) की मेजबानी करेगा, जिसमें 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए आठ कोटा स्थान दांव पर लगे होंगे। यह भारतीय निशानेबाजी के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि होगी क्योंकि वह पहले ही एक अन्य ओलंपिक क्वालीफायर की मेजबानी हासिल कर चुका है। एशियाई प्रतियोगिता में ओलंपिक के लिए आठ स्थान अगले वर्ष 21 से 30 अप्रैल तक दिल्ली में होने वाले विश्व कप (राइफलपिस्टलशॉटगन) में उपलब्ध 12 कोटा स्थानों के अतिरिक्त होंगे। एशियाई निशानेबाजी परिसंघ ने भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के अध्यक्ष कलिकेश सिंह देव को लिखे पत्र में इसकी पुष्टि की। एनआरएआई ने बताया कि इस प्रतियोगिता का आयोजन दिल्ली में होगा और इसकी तिथियों को जल्द ही अंतिम रूप दिया जाएगा।

एशियाई निशानेबाजी परिसंघ ने पत्र में कहा हम भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ को एशियाई राइफलपिस्टल चैंपियनशिप 2027 की मेजबानी हासिल करने पर बधाई देते हैं, जहां लॉस एंजिल्स में 2028 में होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए आठ कोटा स्थान वितरित किए जाएंगे। पीटीआई के पास मौजूद पत्र में कहा गया है, हमें पूरा विश्वास है कि आपके (एनआरएआई) नेतृत्व में चैंपियनशिप का आयोजन उच्चतम मानकों के अनुरूप होगा और यह एक सफल प्रतियोगिता साबित होगी। एनआरएआई के महासचिव पवनकुमार ने पीटीआई से कहा, यह ऐतिहासिक अवसर होगा जबकि भारत दो ओलंपिक कोटा प्रतियोगिताओं की मेजबानी करेगा और हमें इस पर बहुत गर्व है। हम नयी दिल्ली में करणी सिंह रेंज में आईएसएसएफ विश्व कप राइफलपिस्टलशॉटगन (21-30 अप्रैल) और राइफल एवं पिस्टल में एशियाई चैंपियनशिप की मेजबानी करेंगे। उन्होंने कहा एशियाई चैंपियनशिप की तिथियों की घोषणा बाद में की जाएगी, लेकिन हमें बहुत खुशी है कि अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) ने प्रमुख प्रतियोगिताओं की सफल मेजबानी करने की हमारी क्षमताओं पर भरोसा दिखाया है। इससे निशानेबाजी में भारत के बढ़ते प्रभाव और आईएसएसएफ का हम पर भरोसे का पता चलता है।

### ईएफआई ने अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में बिना ट्रायल के राइडर्स को एनओसी जारी की

नयी दिल्ली। भारतीय घुड़सवारी महासंघ (ईएफआई) अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए चार घुड़सवारों को बिना किसी चयन ट्रायल्स के अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) जारी करने के कारण जांच के दायरे में आ गया है और इससे हितों के टकराव से जुड़ी चिंताएं पैदा हो गई हैं। पीटीआई के पास कुछ दस्तावेज हैं जिनसे पता चलता है कि ईएफआई ने दो जनवरी 2026 को एनओसी जारी की थी, जिसमें 61 कैवलरी के चार अधिकारियों को सक्रिय घुड़सवारी खिलाड़ी के रूप में प्रमाणित किया गया है और उन्हें एफईआई की तरफ से यूरोप में अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने की अनुमति दी गई है। जिन राइडर्स को विदेश में होने वाली प्रतियोगिताओं में भाग लेने की अनुमति दी गई है उनमें लेफ्टिनेंट कर्नल डी अपूर्वा, मेजर अनंत राज पुरोहित, मेजर यशदीप अहलावत और कैप्टन अनंत कुमार शामिल हैं। ईएफआई के उपाध्यक्ष और कार्यवाहक अध्यक्ष कर्नल जगत सिंह ने इस एनओसी पर हस्ताक्षर किए हैं जिसमें कहा गया है कि महासंघ को यूरोप में अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में किसी भारतीय खिलाड़ी या भारतीय टीमों का प्रतिनिधित्व करने वाले अधिकारियों पर कोई आपत्ति नहीं है।

# फॉर्म में चल रहे भारत को हराना बेहद मुश्किल

एजेंसी




वडोदरा। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर और अब कोच माइकल क्लिंगर ने कहा है कि न्यूजीलैंड के खिलाफ हालिया श्रृंखला में भारत के प्रदर्शन से पता चलता है कि सात फरवरी से शुरू होने वाले टी20 विश्व कप में आखिर क्यों गत चैंपियन को हराना बहुत मुश्किल होगा। डब्ल्यूपीएल फ्रेंचाइजी गुजरात जाइंट्स के मुख्य कोच क्लिंगर के अनुसार भारत का आक्रामक शीर्ष क्रम उन्हें आईसीसी टूर्नामेंट में सबसे मजबूत टीम बनाता है। क्लिंगर से बातचीत में कहा जिस फॉर्म में वे हैं और मैंने हाल ही में न्यूजीलैंड के खिलाफ जो देखा उससे भारत को हराना बहुत मुश्किल होगा। उन्हें हराने के लिए किसी टीम को शायद फाइनल में उनके खराब दिन का फायदा उठाना होगा।

क्लिंगर ने कहा कि अभिषेक शर्मा का उभरना शीर्ष क्रम में भारत के आक्रामक रवैये की खास बात रही है। ऑस्ट्रेलिया के लिए तीन टी20 के अलावा 182 प्रथम श्रेणी मैच खेलने वाले क्लिंगर ने कहा, अभिषेक शर्मा शायद मेरे नए पसंदीदा खिलाड़ी हैं। मैं उन्हें पिछले कुछ समय से देख रहा हूं। आईपीएल में ट्रेविस हेड के साथ पारी का आगाज करना और अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऐसा करना, वह निडर हैं और उन्हें देखना शानदार है। भारत का निडर रवैया अभिषेक और इशान किशन ने दिखाया, जिन्होंने लगातार न्यूजीलैंड के गेंदबाजों पर दबाव बनाया। क्लिंगर ने कहा, इशान किशन ने फिर शानदार फॉर्म हासिल कर ली है और निश्चित रूप से विश्व कप की एकादश में जगह बनाने के लिए दावेदारी पेश कर रहे हैं। हालांकि क्लिंगर ने चेतावनी दी कि भारत को अपने पारंपरिक प्रतिद्वंद्वियों से कड़ी टक्कर मिलेगी। उन्होंने कहा, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका मजबूत टीम हैं। हाल में बहुत अधिक टी20 क्रिकेट खेलने वाला दक्षिण अफ्रीका भी खतरनाक होगा। वहीं दूसरी ओर फुटबॉल के दीवाने इटली में क्रिकेट की शुरुआत 18वीं शताब्दी में हो गई थी लेकिन यह खेल हमेशा वहां हाशिये पर ही रहा लेकिन दो सदियों के बाद अब लगता है कि इस देश में क्रिकेट गुमनामी से बाहर निकल आएगा।

# अपार अवसर प्रदान करेगा भारत-अमेरिका व्यापार समझौता

## दोनों देशों को नयी ऊंचाइयों पर ले जायेगा, इससे व्यापारिक संबंध मजबूत होंगे, परस्पर विकास को बढ़ावा मिलेगा: शाह

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को ऐतिहासिक करार देते हुए मंगलवार को कहा कि यह दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को नयी ऊंचाइयों पर ले जाएगा और इससे व्यापारिक संबंध मजबूत होंगे तथा परस्पर विकास को बढ़ावा मिलेगा।

शाह ने एक्स पर कहा कि यह समझौता हमारे युवाओं और उद्यमियों के लिए अपार अवसरों के मार्ग खोलेगा। उन्होंने कहा कि भारत-अमेरिका संबंधों के लिए यह एक बड़ा दिन है, क्योंकि 18 प्रतिशत की काफी कम की गई शुल्क (टैरिफ) दर के साथ व्यापार समझौता तय हुआ है, जो मजबूत व्यापारिक रिश्तों और आपसी विकास का रास्ता खोलेगा। इस ऐतिहासिक समझौते के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को बधाई देते हुए शाह ने कहा, यह सौदा हमारी रणनीतिक साझेदारी को और ऊंचाइयों पर ले जाएगा तथा दोनों देशों एवं उनके लोगों को भारी लाभ पहुंचाएगा। भारत और अमेरिका के बीच व्यापार और अधिक फलेगा-फूलेगा। भारत और अमेरिका के बीच हुए इस व्यापार समझौते के तहत वाशिंगटन भारतीय वस्तुओं पर लगाए जाने वाले पारस्परिक शुल्क को मौजूदा 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करेगा। शाह ने कहा कि व्यापार समझौता भारत के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) को नई ताकत देगा और छोटे उद्योगों की वैश्विक प्रतिस्पर्धा क्षमता को बढ़ावा देगा। शाह ने कहा,



देश के छोटे उद्यमियों को सीधा फायदा पहुंचाने वाली इस पहल के लिए मोदीजी का आभार। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा सोमवार को समझौते की घोषणा के बाद, प्रधानमंत्री ने कहा था कि उन्हें यह बताते हुए खुशी है कि मेड इन इंडिया उत्पाद पर अब 18 प्रतिशत शुल्क लगेगा। मोदी ने एक्स पर कहा था, आज मेरे प्रिय दोस्त राष्ट्रपति ट्रंप से बात करके बहुत अच्छा लगा। खुशी है कि मेड इन इंडिया उत्पाद पर अब 18 प्रतिशत घटा हुआ टैरिफ लगेगा। इस शानदार घोषणा के लिए भारत के 1.4 अरब लोगों की ओर से राष्ट्रपति ट्रंप को बहुत-बहुत धन्यवाद। उन्होंने कहा था कि जब दो बड़ी अर्थव्यवस्थाएं और दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र एक साथ काम करते हैं, तो इससे लोगों को फायदा होता है और परस्पर लाभ वाले सहयोग के लिए अपार अवसर खुलते हैं। मोदी ने कहा था, वैश्विक शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए राष्ट्रपति ट्रंप का नेतृत्व बहुत जरूरी है। भारत शांति के लिए उनके प्रयासों का पूरी तरह से समर्थन करता है। मोदी ने कहा कि वह द्विपक्षीय साझेदारी को अभूतपूर्व ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए ट्रंप के साथ मिलकर काम करने को लेकर उत्सुक हैं, हालांकि उन्होंने ट्रंप की सोशल मीडिया पोस्ट में उल्लेखित कई अन्य मुद्दों का जिक्र नहीं किया। ट्रंप ने कहा था कि भारत, अमेरिका के खिलाफ टैरिफ और गैर-टैरिफ बाधाओं को शून्य करने की दिशा में आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि नई दिल्ली 500 अरब डॉलर से ज्यादा के अमेरिकी सामान खरीदेगा, जिसमें ऊर्जा भी शामिल है। प्रधानमंत्री मोदी के प्रति दोस्ती और सम्मान के कारण, और उनके अनुरोध के अनुसार, तुरंत प्रभाव से, हमने अमेरिका और भारत के बीच एक व्यापार समझौते पर सहमति व्यक्त की है, जिसके तहत अमेरिका एक घटा हुआ पारस्परिक टैरिफ लगाएगा।

# भारत-अमेरिका व्यापार समझौते में कृषक हितों से कोई समझौता नहीं : पीयूष गोयल

नयी दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल मंगलवार को संसद में भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर बयान दे सकते हैं। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि मंत्री इस बयान के लिए मुंबई से दिल्ली लौट रहे हैं। सूत्रों ने कहा, वाणिज्य मंत्री के संसद में बयान देने की संभावना है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ फोन पर हुई बातचीत के बाद कहा था कि भारत और अमेरिका एक व्यापार समझौते पर सहमत हुए हैं, जिसके तहत वाशिंगटन भारतीय सामानों पर जवाबी शुल्क को मौजूदा 25 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत पर लाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उन्हें इस बात की खुशी है कि मेड इन इंडिया उत्पादों पर अब 18 प्रतिशत का कम शुल्क लगेगा। वाणिज्य मंत्री पीयूष



गोयल ने मंगलवार को कहा कि भारत ने अमेरिका के साथ एक अच्छे व्यापार करार पर सहमति बनी है और इसमें कृषि और दुग्ध क्षेत्रों के हितों के साथ कोई समझौता नहीं किया गया है। गोयल ने अमेरिका के साथ हुए समझौते का विवरण दिए बिना कहा कि व्यापार समझौता अंतिम चरण में है और समझौते की रूपरेखा को स्पष्ट करते हुए जल्द ही भारत-अमेरिका का एक संयुक्त बयान जारी किया जाएगा। उन्होंने कांग्रेस पार्टी और उसके सहयोगी दलों पर समझौते को लेकर देश को गुमराह करने की कोशिश करने का आरोप लगाते हुए उन पर निशाना साधा। उन्होंने विशेष रूप से, कांग्रेस नेता राहुल गांधी को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि उनकी सोच नकारात्मक है और वह भारत की प्रगति के विरोधी हैं। गोयल ने कहा कि वह संसद में इस समझौते के बारे में बोलना चाहते थे, लेकिन कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के हंगामे के कारण ऐसा नहीं कर सके। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिका के साथ बहुप्रतीक्षित व्यापार समझौता पूरा कर लिया है और देश उन्हें बधाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के व्यक्तिगत संबंधों के कारण भारत को अमेरिका के साथ एक अच्छा समझौता हासिल हुआ है। भारत-अमेरिका व्यापार समझौता देश के गरीबों, मछुआरों, किसानों और युवाओं के लिए काफी अवसर खोलेगा।

## संक्षेप

### छेड़छाड़ में पुलिस को कार्रवाई का आदेश

नयी दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने 2020 में हुए दंगों के मामले में छह आरोपियों को यह कहते हुए बरी कर दिया कि अभियोजन पक्ष आरोपों को साबित करने में बुरी तरह विफल रहा। अदालत ने पुलिस पर रिकॉर्ड में हेरफेर करने और मनगढ़ंत आरोप-पत्र दाखिल करने का आरोप लगाया। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश परवीन सिंह ने प्रेम प्रकाश उर्फ काके, इशू गुप्ता, राजकुमार उर्फ शिवान्या, अमित उर्फ अन्नू, राहुल उर्फ गोलू और हरिओम शर्मा को बरी करने का आदेश दिया। अदालत, दंगों के दौरान इन सभी के हिंसक भीड़ का हिस्सा होने के आरोप से संबंधित मामले की सुनवाई कर रही थी। न्यायाधीश ने 31 जनवरी को दिये आदेश में कहा, अदालत ने पाया कि अभियोजन पक्ष आरोपियों के खिलाफ अपना मामला साबित करने में बुरी तरह विफल रहा और सभी आरोपियों को उनके खिलाफ लगाए गए सभी आरोपों से बरी किया जाता है। दिल्ली में 25 फरवरी, 2020 को हुए दंगों के दौरान सुदामापुरी स्थित अजीजिया मस्जिद के पास आगजनी, तोड़फोड़ और लूटपाट की घटनाओं से संबंधित एक मामले में सभी छह आरोपियों पर आरोप लगाए गए थे। आरोपियों पर तत्कालीन भारतीय दंड संहिता की कई धाराओं के तहत आरोप लगाए गए थे, जिनमें दंगा, आगजनी, हत्या का प्रयास, चोरी और साजिश शामिल हैं।

# कारों को किराये पर लेने की आड़ में धोखाधड़ी, 38 गाड़ियां जब्त

इंदौर। मध्यप्रदेश के इंदौर में पुलिस ने कारों को किराये पर लेने की आड़ में इनके मालिकों के साथ धोखाधड़ी होने का खुलासा करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है और उसकी निशानदेही पर पांच करोड़ रुपये से ज्यादा मूल्य की 38 कारें जब्त की हैं। पुलिस के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) शिवेंदु जोशी ने संवाददाताओं को बताया कि 40 कार मालिकों की शिकायत पर गिरफ्तार आरोपी की पहचान संजय करिरा उर्फ कालरा के रूप में हुई है। जोशी ने बताया कि करिरा कार मालिकों को ऊंचा किराया देने के झांसे के साथ उनका वाहन 11 महीने के अनुबंध के आधार पर लेता था और इन गाड़ियों को दूसरे व्यक्तियों के यहां गिरवी रख देता था। करिरा कारों में लगे जीपीएस को हटा देता था ताकि मालिकों को इन गाड़ियों की लोकेशन के बारे में पता न चल सके। किराये की वक्त पर अदायगी न होने पर जब कार मालिक अपना वाहन वापस मांगते थे, तो करिरा यह दावा करते हुए उन्हें कानूनी मामलों में फंसाने की धमकी देता था कि गाड़ियों का अवैध कामों में इस्तेमाल हुआ है।

# शुल्क कटौती से अमेरिका को भारतीय निर्यात में तेजी आयेगी: सीतारमण

नयी दिल्ली। भारतीय वस्तुओं पर लगाए गए उच्च अमेरिकी शुल्क में कटौती की घोषणा के बाद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि इससे अमेरिका को होने वाले भारतीय निर्यात को और प्रोत्साहन मिलेगा। सीतारमण ने कहा कि अमेरिकी बाजार में भारतीय निर्यात पर 18 प्रतिशत का घटा हुआ शुल्क लागू होना भारत के लिए एक शुभ संकेत है। भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बनी सहमति के तहत अमेरिका ने भारतीय वस्तुओं पर लगाए गए 25 प्रतिशत



जवाबी शुल्क को घटाकर 18 प्रतिशत करने की घोषणा की है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार रात को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से टेलीफोन पर हुई बातचीत के बाद इस समझौते की घोषणा की थी। हालांकि, समझौते के विस्तृत प्रावधानों का अभी इंतजार है। वित्त मंत्री ने कहा कि नए बाजारों तक पहुंच और इस शुल्क कटौती को मिलाकर देखा जाए तो आने वाले समय में भारत का निर्यात बढ़ेगा। इन दोनों को एक साथ रखकर देखें तो अब निर्यात में तेजी आएगी। अमेरिका ने अगस्त में भारतीय उत्पादों के आयात पर शुल्क को बढ़ाकर 25 प्रतिशत करने के अलावा रूस से तेल खरीद जारी रखने पर 25 प्रतिशत का अतिरिक्त शुल्क भी लगा दिया था। इस तरह भारतीय उत्पादों पर अमेरिका में कुल 50 प्रतिशत शुल्क लग रहा था।

# ईडी की याचिका पर सुनवाई 10 फरवरी तक स्थगित

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई 10 फरवरी तक के लिए स्थगित कर दी, जिसमें आरोप लगाया गया है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी समेत पश्चिम बंगाल सरकार ने कथित कोयला चोरी घोटाले के संबंध में आई-पैक कार्यालय और उसके निदेशक प्रतीक जैन के परिसर में उसके तलाशी अभियान में बाधा डाली।

न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने मामले को स्थगित कर दिया। इससे पहले ईडी की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बताया कि राज्य सरकार ने इस मामले में हलफनामे दाखिल किए हैं और समय मांगा है। उच्चतम न्यायालय ने 15 जनवरी को कहा था कि पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री द्वारा ईडी की जांच में कथित बाधा डालना बहुत गंभीर विषय है और इस बात की जांच करने पर सहमति जताई कि क्या किसी राज्य की कानून प्रवर्तन एजेंसियां किसी गंभीर अपराध में केंद्रीय एजेंसी की जांच में हस्तक्षेप कर सकती हैं।

# बिहार सरकार ने पेश किया 3.47 लाख करोड़ रुपये का बजट

पटना। बिहार में नीतीश कुमार सरकार ने मंगलवार को वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 3.47 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किया और दावा किया कि राज्य तेजी से प्रगति कर रहा है तथा चालू वित्त वर्ष में वृद्धि दर 14.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है। विधानसभा में बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने केंद्र की ओर से बिहार को मिलीं उदार सहायता के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के दूरदर्शी नेतृत्व की सराहना की, जो समावेशी विकास हासिल करने पर केंद्रित है।

मंत्री ने सदन को बताया, वर्ष 2026-27 के लिए बजट का आकार 3,47,589.78 करोड़ रुपये है, जो 2025-26 के 3,16,895.02 करोड़ रुपये की तुलना में 30,694.74 करोड़ रुपये अधिक है। राजकोषीय घाटा लगभग 39,400 करोड़ रुपये रहने का अनुमान



है, जो राज्य के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 2.99 प्रतिशत है। यादव ने कहा, इस सदन की ओर से मैं प्रधानमंत्री मोदी का धन्यवाद करना चाहता हूं, जिनके नेतृत्व में देश निरंतर प्रगति कर रहा है। पिछले वर्ष के केंद्रीय बजट में बिहार को कई सौगातें मिलीं, जिनमें नए हवाई अड्डे, मखाना बोर्ड और अन्य खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां शामिल हैं। राज्य सबसे तेज़ी से विकसित होने वाले राज्यों में रहा है और 2024-25 में इसकी वृद्धि दर लगभग 14.9 प्रतिशत रहने की उम्मीद है। हमें आशा है कि शीघ्र ही हम देश के शीर्ष राज्यों में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की ओर संकेत करते हुए जनता दल यूनाइटेड (जदयू) नेता ने पार्टी अध्यक्ष को ईमान, ज्ञान, विज्ञान, अरमान और सम्मानइन पांच तत्वोंका प्रतीक बताया, जो विकसित बिहार की दिशा में समावेशी प्रगति और न्याय के साथ विकासै सुनिश्चित कर रहे हैं। मंत्री ने महिला सशक्तीकरण पर मुख्यमंत्री के विशेष जोर की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि हाल में शुरू की गई मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना इसका ताजा उदाहरण है, जिसे पिछले नवंबर में हुए विधानसभा चुनावों से पहले लागू किया गया था। कुल 1.56 करोड़ महिलाओं को 10,000-10,000 रुपये दिए गए हैं और जिन्होंने इस राशि का उपयोग व्यवसाय शुरू करने में किया है।

# प्रधानमंत्री भयंकर दबाव में हैं, इसलिए अमेरिका के साथ किया व्यापार समझौता: राहुल गांधी

नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भयंकर दबाव में हैं, इसलिए उन्होंने अमेरिका के साथ व्यापार समझौता किया है। उन्होंने संसद परिसर में संवाददाताओं से बातचीत में यह दावा भी किया कि प्रधानमंत्री ने इस समझौते के माध्यम से किसानों और देश को बेच दिया है तथा इस बात से डरे हुए हैं कि उनकी छवि का गुब्बारा कहीं फूट न जाए। भारत और अमेरिका एक व्यापार समझौते पर सहमत हुए हैं जिसके तहत वाशिंगटन भारतीय उत्पादों पर शुल्क को कुल 50 प्रतिशत से कम करके 18 प्रतिशत करेगा।

राहुल गांधी ने कहा कि नरेन्द्र मोदी घबराए हुए हैं। जो व्यापार समझौता चार महीने से रुका हुआ था, उसमें कुछ बदला नहीं और कल शाम उस पर हस्ताक्षर कर दिया गया। इसके पीछे क्या कराण है, वो मैं जानता हूं और नरेन्द्र मोदी जानते हैं। उन्होंने दावा किया, मोदी जी पर भयंकर दबाव है। उनकी छवि का जो गुब्बारा है, जिसे हजारों करोड़ रुपए खर्च कर बनाया गया था, वो फूट सकता है। असल में समस्या (पूर्व सेना प्रमुख एम एम) नरवणे जी का बयान नहीं है, ये तो साइड शो है। बड़ी बात यह है कि भारत के प्रधानमंत्री कंप्रोमाइज्ड हो चुके हैं। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया, हिंदुस्तान के किसानों को यह समझना चाहिए कि इस समझौते में आपकी मेहनत और खून-पसीने को नरेन्द्र मोदी जी ने बेच दिया है क्योंकि वह कंप्रोमाइज्ड हैं। उन्होंने सिर्फ आपको नहीं, देश को बेच दिया है। प्रधानमंत्री मोदी डरे हुए हैं, क्योंकि जिन लोगों ने उनकी छवि बनाई है, वही लोग उनकी छवि (का गुब्बारा) फोड़ने में लगे हैं।

## इंटरटेनमेंट...

# रोहित शेट्टी की 'गोलमाल 5' में अक्षय की एंट्री

मुंबई। बॉलीवुड की चर्चित कॉमेडी फ्रैंचाइजी 'गोलमाल' अब अपनी पांचवीं कड़ी के साथ दर्शकों के सामने आने वाली है और इस बार फिल्म में एक बड़ा ट्विस्ट देखने को मिलने वाला है। खबर आ रही है कि अक्षय कुमार ने 'गोलमाल 5' में मुख्य विलेन के रूप में एंट्री की है, जो अजय देवगन और उनकी टीम के खिलाफ स्क्रीन पर दो-दो हाथ करेंगे। मुख्य कलाकारों में अजय देवगन फिर से इस फ्रैंचाइजी के मुख्य किरदार के रूप में नजर आएंगे, साथ ही अरशद वारसी, तुषार कपूर, कुणाल खेमू और श्रेयस तलपड़े

**विलेन के किरदार में नजर आयेंगे एक्टर, अजय देवगन से होगी जबरदस्त टक्कर**

की वापसी भी तय है। इसके अलावा जॉनी लीवर, संजय मिश्रा, मुकेश तिवारी और अश्विनी कलसेकर जैसे अनुभवी कलाकार भी इस लिस्ट में शामिल हैं। शरमन जोशी के वापस लौटने की संभावना है, जबकि करीना कपूर खान की मौजूदगी पर अभी अंतिम फैसला नहीं हुआ है। 'गोलमाल 5' में अक्षय कुमार का विलेन के रूप में अभिनय इस फ्रैंचाइजी के लिए एक बड़ा बदलाव माना जा रहा है, क्योंकि पहले इस सीरीज में मुख्य रूप से हल्के-फुल्के कॉमेडी ग्राफ पर ही फोकस रहा है। वैरायटी इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक



फिल्म में पारंपरिक ह्यूमर के साथ-साथ कुछ फैंटेसी एलिमेंट्स भी शामिल किए जाएंगे, जिससे इसे पहले से और भी बड़ा बनाया जा सके। फिल्म की शूटिंग फरवरी के अंत में मुंबई के फिल्म सिटी में शुरू होने की उम्मीद है।

# कल्कि के सीक्वल से दीपिका पादुकोण के बाहर होने की चर्चा

**मुंबई।** फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' की बड़ी सफलता के बाद इसके सीक्वल को लेकर बॉलीवुड और टॉलीवुड में एक बार फिर चर्चा जोरों पर है। मूल फिल्म में दीपिका पादुकोण ने स्वट-80 (सुमति) के रूप में अहम भूमिका निभाई थी और फिल्म ने दुनिया भर में शानदार कमाई की थी। हिंदुस्तान टाइम्स की खबर के मुताबिक दीपिका पादुकोण अब सीक्वल का हिस्सा नहीं होंगी, और उनकी जगह दक्षिण भारतीय सिनेमा की लोकप्रिय अभिनेत्री साई पल्लवी को इस रोल के लिए विचार किया जा रहा है। हालांकि, यह अभी तक आधिकारिक रूप से पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन मेकर्स के प्रतिनिधि ने संकेत दिया है कि साई पल्लवी पर टीम की



नजर है। अभी तक सार्वजनिक बयान में कहीं यह नहीं कहा गया कि साई पल्लवी ने भूमिका स्वीकार कर ली है, लेकिन सूत्र बताते हैं कि दीपिका के सीक्वल से हटने के बाद निमार्ता इस भूमिका में साई पल्लवी को बेस्ट चॉइस मान रहे हैं। मेकर्स ने कहा है कि कुछ भी फाइनल नहीं हुआ है।

### रोहित शेट्टी फायरिंग केस, 4 गिरफ्तार


मुंबई। मुंबई में फिल्म निर्देशक रोहित शेट्टी के घर के बाहर शनिवार देर रात चार राउंड फायरिंग हुई। पुलिस ने रविवार को इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया, जिनकी पहचान हो चुकी है। गिरफ्तार आरोपी पुणे के रहने वाले हैं। इनके नाम आदित्य ज्ञानेश्वर गायकवाड़ (19 साल), सिद्धार्थ दीपक येनपुरे (20 साल), समर्थ शिवशरण पोमाजी (18 साल) और स्वप्निल बंडू सकट (23 साल) हैं। सभी आरोपियों के खिलाफ धारा 109 और 61(2) के साथ शस्त्र अधिनियम की धारा 3 और 25 और भारतीय न्याय संहिता की धारा 37(1), 37(2) और 135 के तहत मामला दर्ज कर उन्हें 5 फरवरी तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है।

# फिल्म 'धुरंधर 2' का टीजर रिलीज

**मुंबई।** रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर 2 का टीजर रिलीज हो चुका है। 1 मिनट 12 सेकेंड के इस टीजर में रणवीर सिंह एक बार फिर अपने दमदार और खतरनाक अवतार में नजर आ रहे हैं। टीजर की शुरूआत रणवीर सिंह के नए लुक से होती है। हाथ में बंदूक, छोटे बाल और आंखों में झलकती लड़ाई की आग उनके किरदार को और भी ज्यादा खौफनाक

**हाथ में बंदूक, बदला और जुनून के साथ दिखा रणवीर सिंह का नया अवतार**

बना देता है। जैसे-जैसे टीजर आगे बढ़ता है रणवीर सिंह एक बार फिर हमजा अली मजारी के किरदार में नजर आते हैं। टीजर देखने से लगता है कि धुरंधर 2 में हमजा की कहानी पर ध्यान दिया जाएगा। दिखाया जाएगा कि कैसे जसकीरत सिंह रंगी हमजा में बदलता है। साथ ही उसके और उसके परिवार के साथ क्या-क्या होता है। टीजर में रणवीर सिंह के अलावा अर्जुन रामपाल, संजय दत्त और आर.




माधवन की भी झलक देखने को मिलती है। अर्जुन रामपाल का किरदार मेजर इकबाल है और वे फिल्म में मुख्य विलेन (करक एजेंट) की भूमिका निभा रहे हैं। संजय दत्त एसपी चौधरी असलम के किरदार में हैं, जबकि आर. माधवन एक बार फिर अजय सान्याल की भूमिका में नजर आएंगे। हालांकि, टीजर में अक्षय खन्ना नजर नहीं आए। पहले पार्ट में उनके किरदार की मौत हो चुकी है, इसलिए इस बार फिल्म में उन्हें केवल फ्लैशबैक सीन के जरिए दिखाया जा सकता है। धुरंधर 2 के टीजर को दर्शक काफी पसंद कर रहे हैं। रिलीज के एक घंटे में इसे करीब 8 लाख 33 हजार 27 व्यूज मिले थे और अब तक इसे 16.7 लाख से ज्यादा लोग देख चुके हैं।

टीजर से पहले मेकर्स ने धुरंधर 2 का पोस्टर पहला पोस्टर भी जारी किया था। फिल्म का नाम धुरंधरः द रिवेंज होगा। यह फिल्म 19 मार्च 2026 को हिंदी, तेलुगु, तमिल, कन्नड़ और मलयालम भाषाओं में थिएटर्स में रिलीज की जाएगी। फिल्म एक हाई-एक्शन स्पाई थ्रिलर है, जिसे आदित्य धर ने लिखा, निर्देशित और प्रोड्यूस किया है। निमार्ता ज्योति देशपांडे और लोकेश धर हैं। इस बार धुरंधर 2 बॉक्स ऑफिस पर यश की फिल्म टॉक्सिकः ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स से क्लैश करेगी।






Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com